RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 76
लखनऊ, मंगलवार, 5 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अनुष्का को है गर्भावस्था से जुड़ी जानकारियों में रुचि
विविध-12

# केंद्र और किसानों में फिर नहीं बनी बात

## कृषि कानूनों को लेकर सातवें दौर की बैठक बेनतीजा, आठ जनवरी को फिर होगी वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● किसान संगठन कानून निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे और सरकार गिनाती रही इनके फायदे

**सरकार** और किसान संगठनों के बीच तीन नए कृषि कानूनों को लेकर पिछले एक महीने से ज्यादा समय से चला आ रहा गतिरोध सोमवार को सातवें दौर की वार्ता के बाद भी समाप्त नहीं हो सका। किसान संगठनों के प्रतिनिधि इन कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे जबकि सरकार उन्हें इनके फायदे गिनाती रही। अलबत्ता, कोई बात नहीं बन सकी। अब आठ जनवरी को फिर से वार्ता होगी। लगभग चार घंटे चली बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा, 'आज की बैठक में कोई निर्णय नहीं हो पाया। सरकार और किसान संगठनों के बीच आठ जून को फिर से वार्ता होगी।' तोमर, रेलवे, वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य राज्य मंत्री एवं पंजाब से सांसद सोम प्रकाश ने विज्ञान भवन में 40 किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। तोमर ने कहा कि किसान संगठनों के कानून निरस्त करने की मांग पर अड़े रहने के कारण कोई रास्ता नहीं निकल पाया जबकि सरकार तीनों कानूनों पर बिंदुवार चर्चा चाहती थी। उन्होंने यह कहते हुए कि 'तालियां दोनों हाथों से बजती है', उम्मीद जताई कि अगली बैठक में इस मुद्दे का कुछ हल निकलेगा। हालांकि किसान संगठनों ने आरोप लगाया कि मामले के समाधान में सरकार के 'अहम की समस्या' आड़े आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे तीनों कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी रूप देने की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे। यह पूछे जाने पर कि किसान संगठनों को सरकार पर भरोसा नहीं है, तोमर ने कहा कि सरकार और किसान संगठनों की रजामंदी के कारण ही आठ जनवरी की बैठक तय हुई है और इससे जाहिर है कि किसानों को सरकार पर भरोसा है। उन्होंने कहा, 'सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। कुल मिलाकर किसानों की मान्यता यह है कि सरकार इसका रास्ता ढूंढे और हमें आंदोलन समाप्त करने का अवसर दे।' सातवें दौर की बैठक के बाद भी



नई दिल्ली में पत्रकारों को किसानों से हुई वार्ता की जानकारी देते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

समाधान ना निकल पाने संबंधी एक सवाल के जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि समस्या के कानूनी पहलुओं के साथ देश का भी ध्यान रखना होता है। उन्होंने कहा, 'देश में करोड़ों किसान हैं। उनकी अपनी-अपनी भावनाएं हैं। सरकार देशभर के किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है। सरकार सारे देश को ध्यान में रखकर निर्णय करेगी।' एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है जल्दी समाधान होगा। रास्ता निकालने के लिए तालियां दोनों हाथों से बजती है।' किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा, 'तीनों कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के अलावा किसानों को कुछ भी मंजूर नहीं। हम केवल एमएसपी मुद्दे और कानूनों को निरस्त किए जाने पर ही चर्चा करेंगे, मुद्दे को सुलझाने की राह में सरकार का अहंकार आड़े आ रहा है।' बहरहाल, वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने करीब एक घंटे की बातचीत के बाद लम्बा भोजनावकाश लिया। किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने 'लंगर' से आया भोजन किया। हालांकि 30 दिसंबर की तरह आज केंद्रीय नेता लंगर में शामिल नहीं हुए और भोजनावकाश के दौरान अलग से चर्चा करते रहे जो करीब दो घंटे तक चली। दोनों पक्षों ने दोबारा सवा पांच बजे फिर से चर्चा शुरू की, लेकिन किसानों के कानूनों को निरस्त करने की मांग पर अड़े होने के कारण इसमें कोई प्रगति नहीं हो सकी । किसान संगठनों के नेताओं ने कहा कि सरकार को आंतरिक रूप से और विचार विमर्श करने की जरूरत है और इसके बाद वे (सरकार) किसान संघों के पास आयेंगे। किसान नेताओं ने कहा कि वे आगे के कदम के बारे में चर्चा के लिये मंगलवार को अपनी बैठक करेंगे।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच अनाज खरीद से जुड़ी न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली को कानूनी गारंटी देने की किसानों की महत्वपूर्ण मांग के बारे में चर्चा नहीं हुई। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान कृषि संबंधी तीन कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर पिछले एक महीने से अधिक समय से दिल्ली की सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास प्रदर्शन स्थल पर भारी बारिश और जलजमाव एवं जबर्दस्त ठंड के बावजूद किसान डटे हुए हैं । गौरतलब है कि ये कानून सितंबर 2020 में लागू हुए और सरकार ने इसे महत्वपूर्ण कृषि सुधार के रूप में पेश किया और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला बताया। किसान संगठन इन कानूनों को वापस लेने पर जोर देते रहे ताकि नये कानून के बारे में उन आशंकाओं को दूर किया जा सके कि इससे एमएसपी और मंडी प्रणाली ( शेष पेज 9 )

# टीके की लागत सरकार को करीब 300 रुपए बैठेगी

**कोविड-19**

● निजी क्षेत्र के लिए कीमत प्रति खुराक करीब 600 रुपए तक होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एस्ट्राजेनेका** और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कोरोना वायरस टीके की लागत सरकार को प्रति खुराक 3-4 डालर (219 से 292 रुपये) बैठेगी। इस वैक्सीन की भारतीय विनिर्माता सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन विनिर्माता एसआईआई के पास कोविड-19 वैक्सीन की खुराक के उत्पादन का लाइसेंस है और अबतक वह पांच करोड़ खुराक का उत्पादन भी कर चुकी है। एसआईआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने कहा कि कंपनी पहले चरण में भारत सरकार और जीएवीआई (वैक्सीन और टीकाकरण के वैश्विक गठजोड़) देशों को कोविशील्ड की बिक्री शुरू करेगी। उसके बाद वैक्सीन की बिक्री निजी बाजार को की जाएगी। भारतीय औषधि नियामक ने रविवार को कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी है। पूनावाला ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सभी को उचित कीमत पर यह वैक्सीन उपलब्ध हो। भारत सरकार को यह टीका काफी कम कीमत 3-4 डॉलर में मिलेगा। वे बड़ी मात्रा में टीका खरीदेंगे।' महामारी की शुरुआत होने पर पूनावाला ने कोविड-19 वैक्सीन की उम्मीद के बीच बड़ा जोखिम लेते हुए यूरोप और अमेरिका को भेजे जाने वाले उत्पादों को 'बंद' कर सीरम की असेंबली लाइन को नए सिरे से तैयार किया। पूनावाला ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर यह वैक्सीन भारत और जीएवीआई देशों को दी जाएगी। उन्होंने कहा ( शेष पेज 9 )

### अब तक 38 लोग मिले नए स्ट्रेन से संक्रमित

**नई दिल्ली।** देश में ब्रिटेन के नए कोरोना स्ट्रेन से पॉजिटिव लोगों की संख्या बढ़कर अब तक 38 हो गई है। बीते शुक्रवार को यह संख्या 29 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सभी पीड़ितों को तयशुदा अस्पतालों के एक कमरे वाले आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है और उनके संपर्क में आए लोगों को भी क्वॉरंटीन किया गया है। कुल 38 मरीजों में यूके के नए कोरोना स्ट्रेन का पता देष की विभिन्न प्रयोगशालाओं में जांच के बाद चला है। इनमें नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल, नई दिल्ली में आठ मरीजों के सैंपल पॉजिटिव आए। इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स ( शेष पेज 9 )

# भारत में शुरू होगा सबसे बड़ा टीकाकरण: मोदी

● कहा, हर देशवासी अपने वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों का कृतज्ञ है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने औषधि नियामक द्वारा दो टीकों के सीमित आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद सोमवार को कहा कि देश में कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। उन्होंने भारत में निर्मित टीकों के लिए वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश को उन पर गर्व है। मोदी ने कहा, भारत में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए देश को अपने वैज्ञानिकों के योगदान पर बहुत गर्व है। हर देशवासी सभी वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों का कृतज्ञ है। मोदी ने राष्ट्रीय माप पद्धति सम्मेलन में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में निर्मित उत्पादों की न केवल वैश्विक मांग हो, बल्कि उनकी वैश्विक स्वीकार्यता भी हो। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा, किसी उत्पाद की गुणवत्ता उसकी मात्रा जितनी ही महत्वपूर्ण है। हमें दुनिया को केवल भारतीय उत्पादों से भरना नहीं है, बल्कि भारतीय उत्पादों को खरीदने वाले हर एक कस्टमर का दिल भी जीतना है। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाने के साथ-साथ हमारे मानक भी ऊंचे होने चाहिए। उन्होंने कहा, मेड इन इंडिया की न केवल वैश्विक मांग हो बल्कि उसकी वैश्विक स्वीकार्यता भी सुनिश्चित करना ( शेष पेज 9 )

# केंद्र के दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा वैक्सीनेशन: योगी

● आज पूरे प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के संबन्ध में होगा ड्राई रन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य केन्द्र सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप संचालित किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में प्रथम चरण सहित आगामी चरणों में कोरोना वैक्सीनेशन की कार्यवाही सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल 5 जनवरी को पूरे प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के सम्बन्ध में ड्राई रन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता से ड्राई रन की कार्रवाई किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे वैक्सीनेशन कार्य को सुगमतापूर्वक संचालित करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद स्तर पर कोरोना वैक्सीनेशन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नवचयनित 1065 आयुर्वेद-होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा 142 हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटरों का शुभारंभ किया (समाचार पेज 2)

के सम्बन्ध में कार्य प्रगति पर है। जिला स्तर पर इस सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कोरोना वैक्सीन की सुरक्षित स्टोरेज, प्रभावी कोल्ड चेन व्यवस्था तथा सुगम ट्रांसपोर्टेशन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कोविड19 के टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में प्रतिदिन 1.5 लाख सैम्पल की जांच हो। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को निरन्तर प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद स्तर पर इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पूरी सक्रियता से कार्यशील रहें। समस्त जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में समीक्षा बैठक की जाए। योगी ने कोविड 19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड 19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर सावधानी बरती जाए। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। इसके दृष्टिगत लोगों को विभिन्न प्रचार माध्यमों तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा कोविड.19 से बचाव ( शेष पेज 9 )

# कोवैक्सीन पर सवालों में घिरी भारत बायोटेक का कड़ा प्रतिकार

● कहा-वैक्सीन बनाने में वह किसी से पीछे नहीं चैनलों पर बैठ कीचड़ उछालना उचित नहीं

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**तीसरे ट्रायल** के प्रभावकारिता डेटा आने से पहले ही मंजूरी मिल जाने से विवादों में घिरी को-वैक्सीन की निर्माता कंपनी ने कड़ा प्रतिकार किया है। को-वैक्सीन विकसित करने वाली भारतीय कंपनी भारत बायोटेक ने सोमवार को कहा कि वह वैक्सीन बनाने में अमेरिकी कंपनी फाइजर से किसी भी मामले में कमतर नहीं है। कंपनी ने पहले भी बहुत सी वैक्सीन बनाई हैं। विषेशज्ञों ने सरकार की हरी झंडी दिए जाने पर सवाल खड़े किए थे और इस कदम को खतरनाक बताया था। भारत बायोटेक के प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्णा इल्ला ने कहा कि देशभर में को-वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल अगले दो-तीन दिनों में पूरा हो जाएगा और इसके नतीजे यानी प्रभावकारिता डेटा फरवरी या मार्च तक उपलब्ध हो जाएगा। वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग के दौरान डॉ. इल्ला ने दावा किया कि भारत बायोटेक इकलौती ऐसी कंपनी कंपनी है जिसके कोविड-19 वैक्सीन प्रक्रिया पर पांच लेख प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की वैक्सीन कोविषील्ड पर भी यह कहकर सवाल उठाए कि सीरम की वैक्सीन के भी तीसरे चरण के नतीजे सामने नहीं आए हैं, लेकिन सरकार ने उसे भी मंजूरी दी है। एसआईआई का नाम लिए बिना डॉ. इल्ला ने कहा कि उनके पास कोई इम्युनोजेनेसिटी डेटा नहीं है फिर उन्हें लाइसेंस क्यों दिया गया? उन्हें ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,177 | ↑ 308 |
| निफ्टी | 14,133 | ↑ 114 |
| सोना | 50,619 | ↑ 877 /10g |
| चांदी | 69,454 | ↑ 2012 /kg |

### क्विक न्यूज

**सेन्ट्रल विस्टा परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय केन्द्र की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। इस परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी दिए जाने और इसके लिए भूमि उपयोग में बदलाव सहित अनेक बिन्दुओं पर सवाल उठाए गए है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ इन याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी। इस पीठ ने पिछले साल पांच नवंबर को इन याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि इन पर फैसला बाद में सुनाया जाएगा। हालांकि, इसी दौरान, न्यायालय ने सात दिसंबर को केन्द्र सरकार को सेंट्रल विस्टा परियोजना के आयोजन की अनुमति दे दी थी।

# लापता हैं चीनी अरबपति जैक मा सरकार के खिलाफ दिया था बयान

● दो माह से किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं देखे गए अलीबाबा के मालिक

● चीन में अरबपतियों का गायब होना कोई नई बात नहीं

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली



**चीन के** अरबपति कारोबारी जैक मा के बारे में संदेह जताया जा रहा है कि वे गायब हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने चीन की सरकारी एजेंसियों के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाए थे। अलीबाबा के जरिए चीन में ऑनलाइन शॉपिंग में राज करने वाले जैक मा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विवाद के बाद नहीं देखे गए हैं। जैक मा ने देश के 'ब्याजखोर' वित्तीय नियामकों और सरकारी बैंकों की पिछले साल अक्टू बर में शंघाई में दिए भाषण में कड़ी आलोचना की थी। एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, जैक मा करीब दो महीने से किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं देखे गए हैं। खुद के बनाए उनके टीवी शो 'अफ्रीका के बिजनेस हीरो' में भी जैक मा की जगह पर किसी और भेज दिया गया ( शेष पेज 9 )

# श्मशान घाट की छत गिरने के मामले में तीन अधिकारी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** पुलिस ने यहां एक श्मशान घाट की छत ढहने के मामले में तीन नगर निकाय अधिकारियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया, वहीं इलाके में तनाव बढ़ने के बीच हादसे में मारे गए लोगों के परिजन ने अधिक मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर दो शव रखकर दिल्ली-मेरठ राजमार्ग जाम कर दिया। इस हादसे में 24 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि अधिकारियों ने 10 लाख रुपए का मुआवजा और प्रत्एक पीड़ित के परिवार को सरकारी नौकरी देने की सहमति दी। इसके बाद लोगों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया और शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हो गए। राजा ने बताया कि मुरादनगर नगरपालिका की कार्यकारी अधिकारी निहारिका सिंह, कनिष्ठ अभियंता चंद्र पाल और सुपरवाइजर आशीष को सोमवार सुबह गिरफ्तार किया गया



श्मसान हादसे को लेकर दिल्ली-मेरठ हाईवे पर लोगों ने लगाया जाम

क्योंकि वे रविवार को ढह गई इमारत के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया में शामिल थे। राजा ने बताया कि पुलिस की टीम ठेकेदार अजय त्यागी को गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापे मार रही है। मुरादनगर में रविवार को एक श्मशान घाट की छत ढह जाने से 24 लोगों की मौत हो गई थी और 17 अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। पीड़ितों में से अधिकतर लोग एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट आए थे। अधिकारियों ने बताया कि श्मशान घाट में जिस गलियारे की छत ढही है, उसका निर्माण कार्य दो महीने पहले शुरू हुआ था। इस गलियारे को बनाने में करीब 55 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। इसे 15 दिन पहले ही आम लोगों के लिए खोला गया था। इससे पहले पीड़ितों के परिजन ने मुरादनगर थाने के निकट दिल्ली-मेरठ राजमार्ग जाम कर दिया। इसके कारण सुबह व्यस्त समय में अहम मार्ग पर सैकड़ों वाहन फंस गए।प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि उनसे बातचीत के लिए जिलाधिकारी को बुलाया जाए, ताकि वे हर शोकसंतप्त परिवार को 20 लाख रुपए मुआवजा और हर पीड़ित परिवार के एक सदस्य के लिए सरकारी नौकरी की मांग उनके सामने रख सकें। अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी बाद में प्रदर्शनस्थल पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बात की। जिलाधिकारी ने बताया कि शहरी विकास मंत्री और गाजियाबाद के जिला प्रभारी सुरेश खन्ना ने भी यहां का दौरा किया और पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रत्एक परिवार को दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी देने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है और प्रशासन हादसे में मारे गए लोगों के बच्चों के लिए उनके वयस्क होने तक निशुल्क शिक्षा की भी व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि 24 शवों में से 11 का अंतिम संस्कार उखलारसी गांव के श्मशान घाट पर किया गया और बाकी का उनके पैतृक स्थलों पर किया गया। उनके परिवार के सदस्य शव ले गए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री सख्त, कड़ी कार्रवाई के संकेत

**लखनऊ।** गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मशान घाट की छत गिरने से 25 लोगों की मौत की घटना से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अफसरों से बेहद नाराज हैं। मुख्यमंत्री ने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। कमिश्नरऔर गाजियाबाद के डीएम समेत कई बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगने के निर्देश दिए हैं। ( विस्तृत पेज 2 )

# योग, आयुर्वेद और नैचुरोपैथी में शोध को गति दें: योगी

● प्रदेश में 142 योग वेलनेस सेंटरों का भी हुआ उद्घाटन

## नवचयनित 1065 आयुर्वेद-होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए नियुक्ति पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मौजूदा समय में दुनिया आयुर्वेद, योग और नेचुरोपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। कोविड काल के अनुभवों ने पूरी दुनिया को प्राचीन भारतीय ऋषि परंपरा की देन इन चिकित्सा विधियों को वैश्विक स्वीकार्यता दी है। इस लिहाज से प्रदेश को दुनिया के लिए नए हेल्थ टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नवचयनित 1065 आयुर्वेद-होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा 142 हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटरों का शुभारंभ कर रहे थे। नवचयनित चिकित्सकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ऋषियों ने नास्ति मूलं अनौषधं का सूत्र दिया है। इसका आशय है कि कोई भी मूल कोई भी वनस्पति ऐसी नहीं जिसमें औषधीय गुण न हों। हमें अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति को विस्तार देते हुए वनस्पतियों के औषधीय गुणों के सम्बंध में नए शोध करने चहिए। उन्होंने कहा कि जिन दादी के नुस्खों को पुरातन मान कर उपेक्षा की जाती थी, आज कोविड काल में वही काढ़ा, हींग, हल्दी, अदरक, कालीमिर्च, तुलसी और गिलोय आदि हमारे लिए जीवनदायिनी सिद्ध हुए। हमें इसका महत्व समझना होगा और इसी के अनुसार भविष्य की राह बनानी होगी।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित 142 योग और वेलनेस सेंटरों का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेंटर हेल्थ टूरिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभी भले ही यह योग प्रशिक्षण दे रहे हों किन्तु निकट भविष्य में यहां षट्कर्म जैसी विधियों का प्रशिक्षण भी दिया जाना चहिए। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक स्वीकार्यता मिली। उन्होंने आयुष मंत्रालय का गठन किया और आयुष विश्वविद्यालय भी स्थापित किया। उनके प्रयासों को गति देना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने इन केंद्रों पर तैनात योग प्रशिक्षकों और सहायकों के कार्यों की सतत समीक्षा के निर्देश भी दिए।

सीएम योगी के मिशन रोजगार के क्रम में सोमवार को प्रदेश में 1065 नए आयुष-होम्योपैथिक चिकित्सकों की तैनाती हुई। वर्चुअल माध्यम से संवाद करते हुए सीएम योगी ने सभी को बधाई दी। नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी नेचुरोपैथी चिकित्सा विधियों में अभी बहुत संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना महज सरकारी डॉक्टर के पद पर चयनित होने तक सीमित नहीं है, इसे मिशन रूप में लेना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शुचिता और पारदर्शिता पूर्ण प्रक्रिया के जरिये अपनी मेरिट के बल पर चयनित हुए यह चिकित्सक निश्चित ही चिकित्सक के मूल धर्म का पालन करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर हुए कार्यक्रम में रायबरेली में तैनाती पाने वाली डॉ. श्रेया पांडेय व डॉ. वसीम, कुशीनगर के डॉ. ऋषभ कुमार, बाराबंकी की डॉ. पारुल वर्मा, सीतापुर के डॉ. रत्नेश कुमार, उन्नाव की डॉ. निहारिका गुप्ता, गोंडा की डॉ. तान्या वार्ष्णेय, सुल्तानपुर के डॉ. आशीष गोयल और लखनऊ में तैनाती पाने वाली डॉ. बबिता कैन व डॉ.अदिति सोनकर को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जबकि वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े शेष नव चयनित चिकित्सकों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयुष टेलीमेडिसिन सेवा की शुरुआत भी की। इस नई सेवा से प्रदेशवासियों को अब घर बैठे आयुष विशेषज्ञों से परामर्श लेने की सुविधा मिल सकेगी। आयुष टेलीमेडिसिन की राज्यव्यापी सेवा शुरू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

प्रथम चरण में गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ सहित प्रदेश के 16 जनपदों की 384 डिस्पेंसरियां इस व्यवस्था से जुड़ी हैं। कोई भी जरूरतमंद वेबसाइट के अलावा आयुष कवच-कोविड एप के माध्यम से अपना पंजीकरण कर इस आयुष टेलीमेडिसिन सेवा का लाभ ले सकता है।

# मुरादनगर की घटना को लेकर सीएम सख्त

● मामले के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत

**लखनऊ।** गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मसान घाट की छत गिरने से 25 लोगों की मौत की घटना से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अफसरों से बेहद नाराज हैं। मुख्यमंत्री ने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। कमिश्नर और गाजियाबाद के डीएम समेत कई बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगने के निर्देश दिए हैं। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुरादनगर की घटना से व्यथित और नाराज मुख्यमंत्री सोमवार को अधिकारियों पर जम कर बरसे। घटना को अफसरों की गंभीर लापरवाही करार देते हुए सीएम ने कहा कि इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है। ऐसे अपराध करने वाले अफसरों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि मंडलीय समीक्षा बैठक में सीएम ने जिलों में 50 लाख से ऊपर के होने वाले कार्यो के लिये टास्क फोर्स बनाकर निगरानी के निर्देश दे रखे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जहां भी निर्माण कार्य हो रहे हैं या हो चुके हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच कर अधिकारी रिपोर्ट भेजें। एक भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी मिली तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिले के आला अधिकारियों की होगी लेकिन गाजियाबाद में इन निर्देशों की अनदेखी हुई। मुरादनगर की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों को सख्त लहजे में दो टूक संदेश दे दिया है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी के लहजे में कहा है कि इस तरह की घटनाओं के लिए जिम्मेदार अफसरों के लिए शासन में कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री ने घटना को लेकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी और मेरठ की मंडलायुक्त समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच के संकेत भी दिए हैं।

# किसानों को समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिले: योगी

● कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा प्रतिदिन धान खरीद की समीक्षा की जाए और प्रत्येक क्रय एजेंसी की कार्यवाही की गहन मानिटरिंग हो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धान खरीद को पूरी तेजी से संचालित करते हुए किसानों को एमएसपी का लाभ दिया जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त काटों की व्यवस्था करते हुए अधिक से अधिक खरीद की जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा प्रतिदिन धान खरीद की समीक्षा की जाए। समीक्षा में प्रत्येक क्रय एजेंसी की धान खरीद कार्यवाही की गहन मानिटरिंग की जाए। उन्होंने मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को प्रत्येक जनपद में एक टीम गठित कर धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) संचालित किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत सोलर पम्पों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने पीएम कुसुम योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में संचालित विकास परियोजनाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक जनपद में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगारों तथा श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग गठित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावी प्रयास करते हुए जीएसटी राजस्व संग्रह में वृद्धि की जाए। जीएसटी के अन्तर्गत अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए जाएं। उन्होंने राजस्व संग्रह के कार्य में तकनीक का व्यापक उपयोग किए जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा,अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पशुपलान भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के शासनकाल में हुए निर्माण कार्य हों या नए कृषि कानून सभी जानलेवा: चौधरी

**लखनऊ। नेता** प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हुए निर्माण कार्य हो या तीनों नए कृषि कानून सभी जानलेवा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में हुए सभी निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच हो और तीनों नए कृषि कानून तत्काल वापस हों। गाजियाबाद में घटिया निर्माण से हुई असामयिक मौतों की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री स्वयं ग्रहण करें और यूपी के कश्मीरा सिंह समेत 50 किसानों की शहादत की जिम्मेदारी स्वयं ग्रहण करें प्रधानमंत्री और भारत सरकार के कृषिमंत्री । सोमवार को गाजियाबाद में नवनिर्मित छत की भेंट चढ़ गए चौबीस लोगों के निधन पर हार्दिक शोक प्रकट करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल जुमले बाजी और नफरत की आग को हवा देना जानते हैं।

# उद्योगों की समस्याओं के निस्तारण से जुड़े निर्णय समय से लागू करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने निर्देश दिए कि नए साल में समस्याओं के निवारण से संबंधित बैठकों में निस्तारित प्रकरणों पर लिए गए अंतिम निर्णयों को समयबद्ध रूप से लागू किया जाए। सम्बंधित विभागों के अधिकारी बैठकों में पूरी तैयारी से आएं एवं सुनिश्चित करें कि उद्योगों के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से विलम्बित नहीं किया जाए।

मुख्य सचिव ने सोमवार को उद्यमियों की समस्याओं के सम्बंध में इन्वेस्ट यूपी की उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा में 50 एकड़ से बड़े भूखण्डों के रख-रखाव शुल्क को युक्तिसंगत बनाने के लिए नई नीति जारी करने के लिए आवश्यक कार्यवाही इसी माह में पूरी कर ली जाए। यह निर्देश मैसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड गोरखपुर के प्रकरण के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा को दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप गीडा में क्रियाशील अनेक इकाइयों को लाभ होगा। मैसर्स जेआरजी फू ड्स के मण्डी शुल्क में छूट से सम्बंधित प्रकरण में बताया गया कि भविष्य में मण्डी शुल्क में छूट के प्रकरणों में कर की दर में कमी किये जाने के प्राविधान को समाप्त कर दिया गया है। उप्र औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत समस्त पात्र इकाइयों को मण्डी शुल्क में 5 वर्ष तक पूर्ण छूट मिलेगी। मेसर्स सदाहारी शक्ति प्राइवेट लिमिटेड फतेहपुर के पूर्व इकाई के लम्बित विद्युत बिल के प्रकरण में निर्णय किया गया कि नियमों के अन्तर्गत अथवा जिलाधिकारी द्वारा उद्योग विभाग, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों अथवा निजी स्रोतों से प्राप्त भूमि पर स्थापित डिफॉल्टर इकाई की नीलामी करने पर पूर्व इकाई के देयों के लम्बित होने की दशा में नीलामी में क्रय की गई इकाई पर बकाया विद्युत देयों की वसूली क्रेता इकाई से न कर, पूर्व इकाई तथा सम्बन्धित वित्तीय संस्थाओं से की जानी चाहिए। इस सम्बंध में मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि पुरानी इकाई के विक्रय या स्थानांतरण से पूर्व क्रेता के समस्त देयों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किए जाने के लिए शासनादेश निर्गत किया जाए। एसीएस ऊर्जा अरविंद कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के बकाएदारों की सूची आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई। अत: नीलामी अथवा विक्रय करने वाली संस्थाएं नीलामी करने से पूर्व ही पुरानी इकाई पर लम्बित देयों की सूचना प्राप्त कर सकती हैं।

## जनता की समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण: केशव मौर्य

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करें। श्री मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। ताकि किसी फरियादी को बार बार किसी कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उपमुख्यमंत्री आज लखनऊ स्थित अपने आवास पर प्रदेश के दूरदराज जिलों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। तत्पश्चात संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने जनता से सीधे रूबरू होते हुये उनकी समस्याएं न केवल सुनीं बल्कि उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। दूर दूर से आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समस्या के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी।

# सरकार बताए गरीबों तक वैक्सीन कब पहुंचेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार से प्रश्न किया कि गरीबों तक वैक्सीन कब पहुंचेगी। इस मामले में सरकार का क्या प्लान है सरकार सामने आए और बताए। अखिलेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इवेंट मैनेजमेंट करती है और दिखावटी, काम करती है। उन्होंने कहा कि मैंने कोरोना वैक्सीन को लेकर एक्सपर्ट और वैज्ञानिकों पर कोई सवाल नहीं उठाए थे। सवाल भारतीय जनता पार्टी के फैसलों पर है। भाजपा सरकार ने अभी तक जो भी फैसले किए हैं, उससे जनता को नुकसान हुए हैं। जनता को भाजपा सरकार पर भरोसा नहीं है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह बात सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। अखिलेश ने कहा कि सरकार से हमारा सवाल है कि गरीबों को वैक्सीन कब मिलेगी। एक साल में मिलेगी, 2 साल में मिलेगी या 3 साल में। वैक्सीन गरीबों को मुफ्त मिलेगी कि नहीं। यूपी में मेट्रो ट्रेन और नौजवानों को रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस मेट्रो की बात कर रहे हैं वह सपा सरकार में ही उत्तर प्रदेश में आ चुकी थी।

अखिलेश ने कहा कि हमें देखना है कि गोरखपुर में मेट्रो कब आती है। सपा प्रदेश मुख्यालय पर समाजवादी व्यापार सभा की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि लॉकडाउन लाक डाउन में व्यापारियों का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। सरकार ने व्यापापरियों की कोई मदद नहीं की। बैंकों ने भी सहयोग नहीं किया। कारखाने और प्रतिष्ठान बंद रहे फिर भी उन्हें बिजली का बिल देना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा लूट, हत्या की घटनाएं व्यापारियों के साथ हुई। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा सरकार बनने पर व्यापारियों का डाटा बनाएंगे, उन्हें डायल हंड्रेड से जोड़ा जाएगा और व्यापारियों की सुरक्षा दी जाएगी।

### हादसे के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

गाजियाबाद के मुरादनगर में शमशान घाट पर छत गिरने से हुई मौतों पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शमशान घाट की बात बहुत करती थी लेकिन उसने श्मशान घाट में भी भ्रष्टाचार कर दिया। लूट लिया गया , वहां हुई मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सरकार ने पूरी छत बालू की बनवाई थी। 25 लोगों की मौतों के लिए भाजपा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि 2 लाख की मदद क्या होती है सरकार को 50 लाख रुपए मृतक आश्रितों को देनी चाहिए।

## मुरादनगर घटना के लिए सरकार जिम्मेदार: लल्लू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मुरादनगर श्मशान घाट की दो माह पूर्व निर्मित बारादरी की छत ढहने से 25 लोगों की दुखद मौत के लिए प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह सरकार के संगठित भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण है। योगी सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स का दावा खोखला साबित हुआ है। मुरादनगर की घटना से भाजपा के जीरो टॉलरेन्स के दावों की पोल खुल चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किस तरह प्रदेश में हो रहे निर्माण कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके जनता के धन की बंदरबांट की जा रही है, मुरादनगर की घटना से उजागर हो गया है। लल्लू ने योगी सरकार पर आरोप जड़ते हुए कहा कि मोटे कमीशन के लिए सरकार, अधिकारियों व ठेकेदारों के कॉकस जनता के जीवन से लगातार खिलवाड़ कर रहा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र जनपद वाराणसी में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर गिरने से लगभग दर्जन भर लोगों की दुखद मौतें हुईं।

**जनता को कोविड वैक्सीन के उपयोग का स्वतंत्र अधिकार होना चाहिए: मेंहदी**

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य विधान परिषद के पूर्व सदस्य सिराज मेंहदी ने कहा है कि जनता को कोविड वैक्सीन के उपयोग का स्वतंत्र अधिकार होना चाहिए। टीकाकरण अभियान के नाम पर जोर जबर्दस्ती नहीं होनी चाहिए इससे माहौल बिगड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि योग गुरु रामदेव ने योग करने वालों को कोविड वैक्सीन न लगवाने का ऐलान कर लोगों को बरगलाने का काम किया है।

## मुरादनगर श्मशान हादसे के दोषियों को सख्त सजा दिलाए सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मशान घाट की छत गिरने से मौतों के मामले में दोषियों को सख्य सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी का न बचाया जाए। मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबादए मुरादनगर में स्थित श्मशान घाट की छत गिरने से लगभग चौबीस लोगों की हुई मौत, अति दर्दनाक व कष्टदायक है। पीड़ित परिवार के प्रति अति संवेदना व कुदरत इन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उन्होंने कहा कि इसके साथ हीए उत्तर प्रदेश सरकार इस घटना की सही व समय से जांच कराके इसके दोषियों को सख्त सजा जरूर दिलाए अर्थात् किसी को भी ना बचाए तथा पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मदद भी जरूर करे, बसपा की यह मांग है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, सुदामापुरी, सीतापुर अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी तथा विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी 'क' श्रेणी लाइसेन्स धारक निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड /देखे जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। 1-अल्पकालीन निविदा संख्या 146/विविमंसी/2020-21 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय सीतापुर में नवनिर्मित वी0वी0 पैट स्टोर खैराबाद को विद्युत संयोजन देने का कार्य, मोहल्ला कोर्ट कजियारा नलकूप संख्या-3 में 20 एच0पी0 कनेक्शन देने का कार्य एवं मो0 कजियारा नलकूप संख्या-2 में 20 एच0पी0 का विद्युत संयोजन देने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 3,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि:-20.01.2021 तक निविदा खुलने की तिथि:-21.01.2021। 2-अल्पकालीन निविदा संख्या 147/विविमंसी/2020-21 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत आवासीय प्लाट ग्राम कनवाखेडा ब्लाक खैराबाद, सीतापुर के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन को भूमिगत करने का कार्य एवं श्री आशीष कुमार मिश्रा, ग्राम कारीपाकर पो0-कचूरा महोली जिला सीतापुर को 125 के0वी0ए0 कनेक्शन निर्गत करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 3,000.00 मात्र निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि:-20.01.2021 तक निविदा खुलने की तिथि:-21.01.2021। 3-अल्पकालीन निविदा संख्या 148/विविमंसी/2020-21 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत मो0 ग्वालमण्डी नलकूप संख्या-2 में 20 एच0पी0 का विद्युत संयोजन निर्गत करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 7,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि:-20.01.2021 तक निविदा खुलने की तिथि:-21.01.2021। 4-अल्पकालीन निविदा संख्या 149/विविमंसी/2020-21 विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत मो०एफ०सी०आई० गोदाम सिटी स्टेशन, सीतापुर में 10 एच०पी० का विद्युत संयोजन देने, टाउन हाल जलकल परिसर में 60 कि०वा० का विद्युत संयोजन देने, मो0 चौधरी टोला सीतापुर में 10 एच०पी० का विद्युत संयोजन एवं मो0 ग्याल मण्डी में पेयजल नलकूप संख्या-1 को विद्युत संयोजन निर्गत करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2.000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि:-20.01.2021 तक निविदा खुलने की तिथि: 21.01.2021। 5-अल्पकालीन निविदा संख्या 150/विविमंसी/2020-21 विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद के कार्यक्षेत्र में उपखण्डीय/खण्डीय कार्यालय में लगे प्रिन्टरों की कार्टेज रिफिलिंग एवं प्रिन्टर मेन्टीनेन्स का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु0 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथि:-20.01.2021 तक निविदा खुलने की तिथि:-21.01.2021। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 सीतापुर** पत्रांक 2622 दिनांक 04.01.2021 राष्ट्रहित में बिजली बचायें

# सरकार के खजाने की सेहत में सुधार का सिलसिला जारी

● सबसे अधिक शराब की बिक्री से मिला दिसम्बर में कुल 3149.04 करोड़ रुपए का राजस्व

● वित्तीय वर्ष 2020-21 के दिसम्बर में कुल 12530.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लाकडाउन** के दौरान निचले स्तर पर जा पहुंचे राजकीय राजस्व में सुधार होने का सिलसिला दिसंबर में भी जारी रहा। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले बीते दिसंबर में सरकार के खजाने में 2522.50 करोड़ रुपये अधिक पहुंचे। इस महीने के लिए तय लक्ष्य के सापेक्ष 86.2 फीसदी कर व करेत्तर राजस्व सरकार को मिला है। वित्तीय वर्ष के बाकी बचे तीन महीने में भी राज्य की आर्थिक गतिविधियों में तेजी से सुधार का क्रम जारी रहेगा।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि जुलाई से नवम्बर की अवधि में आर्थिक गतिविधियों के बेहतर होने का सिलसिला दिसम्बर में भी जारी है। कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दिसम्बर में कुल 12530.70 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2019-20 के दिसम्बर में 10008.20 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार दिसम्बर में कर करेत्तर राजस्व के महत्ववूर्ण मदों में 2522.50 करोड़ रूपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। जीएसटी के मद में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दिसम्बर में कुल 4255-96 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2019-20 के दिसम्बर में 3679.08 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वैट के अन्तर्गत दिसम्बर की प्राप्ति 2270.97 करोड़ रूपये है। दिसम्बर 2019 में वैट मद की प्राप्ति 2072.13 करोड़ रूपये थी। वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के मद में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दिसम्बर में कुल 3149.04 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2019-20 के दिसम्बर में 2106.14 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस मद में वित्तीय वर्ष में 2020.21 के दिसम्बर में निर्धारित लक्ष्य 3090 करोड़ रूपये के सापेक्ष 101.9 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत दिसम्बर की प्राप्ति 1822.04 करोड़ रूपये है। दिसम्बर 2019 में इस मद में प्राप्ति 1422.92 करोड़ रूपये थी। परिवहन के मद के अन्तर्गत दिसम्बर 2020 की प्राप्ति 734.44 करोड़ रूपये है। दिसम्बर की प्राप्ति इस माह के लक्ष्य 648.75 करोड़ रूपये के सापेक्ष 113.2 प्रतिशत है। दिसम्बर 2019 में इस मद में प्राप्ति 551.39 करोड़ रूपये थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व एवं खनिकर्म में दिसम्बर में 298.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रमुख कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2020-21 में अप्रैल से दिसम्बर तक 80006.34 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है। इसमें जी,एसटी, वैट के अन्तर्गत 43166.46 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिसम्बर तक आबकारी मद के अन्तर्गत 20078-12 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार इस वर्ष दिसम्बर तक स्टाम्प एवं निबन्धन के मद में 10767.82 करोड़ रूपये व परिवहन मद में 3991.90 करोड़ रूपये प्राप्त हुये है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पूर्व प्रधान के बेटे ने खुद को मार ली गोली, मौत

## .कार में बैठकर लाइसेंसी रिवाल्वर से दिया वारदात को अंजाम, चिनहट इलाके की है घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चिनहट** थाना क्षेत्र के देवा रोड पर गोयला खंदक गांव निवासी पूर्व प्रधान किसान यूनियन के अध्यक्ष हरनाम सिंह यादव के 40 वर्षीय बेटे शिवराज यादव ने सोमवार सुबह अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उनका इलाज चल रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित गोयला खंदक गांव निवासी पूर्व प्रधान व किसान यूनियन के अध्यक्ष हरनाम सिंह यादव अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में बेटे शिवराज, हंसराज यादव के अलावा बहू-बेटियां हैं।

शिवराज ईंट भट्टा चलाते थे। घरवालों के मुताबिक कई दिनों से वह मानसिक रूप से परेशान थे और एक डॉक्टर से उनका इलाज चल रहा था। बताया गया कि रोज की तरह सोमवार सुबह करीब नौ बजे अपने चालक सर्वेश के साथ कार में सवार होकर जाने के लिए तैयार हुए कि इसी बीच गाड़ी के भीतर ही अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर कनपटी पर सटाकर खुद को गोली मार ली। बताया गया कि बगल में बैठा चालक सर्वेश यह माजरा देख सन्न रह गया और शोर मचाते हुए घरवालों को जानकारी दी। यह सुनते ही परिवार के लोग कार के पास पहुंचे तो देखा कि शिवराज खून से लथपथ होकर सीट पर पड़े थे।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अपट्रान सुरेन्द्र सिंह के मुताबिक शिवराज काफी दिनों से बीमार चल रहे थे, जिसे लेकर वह अवसाद में रहते थे। बगल में रिवाल्वर पड़ी थी और शिवराज की कनपटी पर गोली लगी थी। वहीं मामले की जानकारी पाकर इंस्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडे पहुंचे और छानबीन शुरू की। इंस्पेक्टर के मुताबिक जांच पड़ताल में डिप्रेशन की बात सामने आ रही है, लेकिन इसके अलावा भी कई बिन्दुओं पर छानबीन की जा रही है।

बताया गया कि शिवराज के माता-पिता, भाई हंसराज यादव व शिवराज की पत्नी सुनीता यादव, दो बेटे 17 वर्षीय युवराज, 10 वर्षीय रुद्राज व बेटी शिविलिका हैं। जिसमें से भाई हंसराज यादव मटियारी गांव स्थित हिम सिटी कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। वहीं शिवराज की मौत होने की खबर मिलते ही परिवार एवं करीबियों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गोरखपुर- मैलानी ट्रेन कल से चलेगी

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए कोरोना काल से बंद पड़ी गोरखपुर मैलानी वाया लखनऊ, लखीमपुर की ट्रेन को रेलवे ने बहाल कर दिया है। ये ट्रेन 6 जनवरी से 31 जनवरी के बीच प्रतिदिन गोरखपुर से चलकर मैलानी तक जाएगी। लखनऊ में इस ट्रेन का ठहराव लखनऊ जंक्शन, सिटी स्टेशन, ऐशबाग, बादशाहनगर व गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर होगा। इस गाड़ी में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। ट्रेन में सीटों का आरक्षण शुरू हो गया है ट्रेन 05009 गोरखपुर से रात 10.20 बजे चलकर मानीराम, पीपीगंज, कैम्पियरगंज, आनन्दनगर, उस्का बाजार होते हुए दूसरे दिन सिद्धार्थनगर के रास्ते शोहरतगढ़, बढ़नी, पचपेड़वा, तुलसीपुर, झारखण्डी, बलरामपुर, गोंडा, बाराबंकी होते हुए गोमतीनगर सुबह 6.07 बजे, बादशाहनगर 6.20 बजे, लखनऊ जंक्शन 07.25 बजे, ऐशबाग 7.38 बजे, लखनऊ सिटी 7.49 बजे ठहराव करते हुए सिधौली, सीतापुर, हरगांव, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ के रास्ते मैलानी दोपहर 12.15 बजे पहुंचेगी।



सोमवार को कलेक्ट्रेट के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चलाए गए अभियान में सराहनीय योगदान के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वेयसेवी संस्थाओं के सदस्यों को सम्मानित करते जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश

# चारे के लिए जिला प्रशासन ने जारी किए एक करोड़ तीस लाख

खबर का असर

## पंचायतों में गोवंश आश्रय केन्द्रों का संचालन करने में मुश्किलें झेल रहे प्रशासक और सचिवों को बड़ी राहत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज। सवा दो करोड़ की बकाएदारी से मोहनलालगंज तहसील के निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में गोवंश के लिए चारे और गोपालकों के लिए मानदेय संकट का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन ने मोहनलालगंज समेत जिले भर के ब्लाक को सवा करोड़ से अधिक धनराशि जारी कर दी है। अधिकारियों का दावा है कि सप्ताह भर के अन्दर ही एक करोड़ रुपए और जारी किया जाएगा। जिसके बाद पंचायतों में गोवंश आश्रय केन्द्रों का संचालन करने में मुश्किलें झेल रहे प्रशासक और सचिवों ने राहत की सांस ली है।

मोहनलालगंज तहसील के दोनों ब्लाक में 32 निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों का संचालन कर उनमें तकरीबन 5300 गोवंश को रखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक इन आश्रय केन्द्रों को तीन माह से चारे के लिए धनराशि नहीं मिल पाने से तकरीबन सवा दो करोड़ की बकाएदारी हो गई है। जिससे गोवंश का पेट भरने और उनकी देखरेख कर रहे गोपालकों को मानदेय देने में सचिवों और प्रशासन को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। पायनियर में इसे लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर पशुपालन विभाग ने मोहनलालगंज ब्लाक को सर्वाधिक लगभग चालीस लाख रुपये समेत जिले भर के ब्लाक को कुल एक करोड़ तीस लाख रुपये की धनराशि भेज दी। सीवीओ डॉ तेज सिंह ने बताया सप्ताह भर में ही एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि जारी कर बकाएदारी की समस्या का काफी हद तक समाधान कर दिया जाएगा।

# संक्रमण का स्तर घटकर छह माह पूर्व की स्थिति पर पहुंचा

## प्रदेश में मिले कोरोना के 714 नए मरीज, सक्रिय मामलों की संख्या घटकर अब 12505 हुई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना के 714 नए मामले सामने आए हैं। इसी दौरान 1,054 लोग स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किए गए। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या घटकर अब 12,505 हो गई है। इस तरह कोरोना संक्रमण का स्तर घटकर छह माह पूर्व के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं वर्तमान में कोरोना की रिकवरी दर 96.45 प्रतिशत है।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,19,624 सैम्पल की जांच की गयी। वहीं अब तक कुल 2,44,68,207 सैम्पल की जांच की गयी है, जिसमें एक करोड़ से अधिक की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5,67,964 लोग संक्रमण के बाद स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं संक्रमण से अब तक कुल 8,413 लोगों की मौत हुई है। इस समय केस फैटलिटी रेट 1.42 प्रतिशत चल रही है। उन्होंने बताया कि कुल सक्रिय मामले में सें 5,012 लोग होम आइसोलेशन में हैं। वहीं निजी चिकित्सालयों में 1,339 लोग इलाज करा रहे हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,80,711 क्षेत्रों में 5,02,019 टीम दिवस के माध्यम से 3,10,69,029 घरों के 15,10,92,904 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर लखनऊ के छह स्थानों पर ड्राई रन चलाया गया। इसके बाद पूरे प्रदेश में कल मंगलवार को से ड्राई रन चलाया जायेगा। यह अभियान प्रत्येक जनपद के छह स्थानों पर जिनमें तीन शहरी क्षेत्र तथा तीन ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जायेगा।उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही है, जिसके अन्तर्गत कोविड चेन का विस्तार, स्टोरेज की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वैक्सीन रखने वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को चरणबद्ध तरीके से लगाने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि 9 दिसम्बर के बाद से यूनाइटेड किंगडम से आने वाले लोगों का कोविड.19 टेस्ट कराया जा रहा है। अब तक 2,500 से अधिक सैम्पल लेकर टेस्ट किया जा चुका है।



## बलिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की कोरोना से मृत्यु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/बलिया


**बलिया** के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर जितेन्द्र पाल की सोमवार को राजधानी के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में कोरोना वायरस संक्रमण से मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डा जितेन्द्र पाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है। एसजीपीजीआई द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि पाल (59) को 29 दिसंबर की सुबह संस्थान के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पाल मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और दिल की बीमारी से ग्रस्त थे। बयान के मुताबिक, हालत गंभीर होने पर उन्हें दो जनवरी को वेंटीलेटर पर रखा गया लेकिन सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। डॉ पाल 26 दिसंबर को कोरोना संक्रमित पाए गए थे। बलिया के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिनन्दन ने बताया, डॉक्टर पाल को 29 दिसंबर को गम्भीर स्थिति में लखनऊले जाया गया था।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

## कम्बल की आस में एसडीएम की चौखट पर घण्टों डटी रहीं महिलाएं

**मोहनलालगंज।** कड़ाके की ठण्ड में कम्बल पाने के लिए सोमवार को आधा दर्जन से अधिक महिलाएं एसडीएम की चौखट तक पहुंच गईं। वहीं कुछ महिलाएं तहसीलदार आवास के सामने अधिकारियों के आवागमन के रास्ते में कम्बल की उम्मीद लिए डटी रहीं। सुबह से शाम हो गई लेकिन तहसील कर्मियों का दिल नहीं पसीजा लिहाजा दिनभर इंतजार के बाद आखिरकर महिलाओं को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ गया। मोहनलालगंज तहसील में गांव-गांव जरुरतमंद परिवारों को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरण में बरती जा रही उदासीनता से जरुरतमंद अब फरियाद लेकर अधिकारियों की चौखट पर पहुंचने लगे हैं। सोमवार को कम्बल पाने के लिए आधा दर्जन महिलाएं एसडीएम दफ्तर की चौखट पर घण्टो फर्श पर बैठकर अधिकारियों के बाहर निकलने का इंतजार करती रहीं। वहीं कुछ महिलाएं तहसीलदार आवास के सामने तहसील की ओर आने वाले मार्ग किनारे कम्बल पाने के लिए आवागमन कर रहे अधिकारियों कर्मचारियों से मनुहार करती रहीं। गरीब महिलाओं की गुहार भी तहसील कर्मियों की संवेदना नहीं जगा सकी। लिहाजा सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद थकहार कर महिलाएं बिना कम्बल के ही वापस लौट गईं।

# किराए की बकाएदारी को लेकर 15 दुकानों पर हुई कड़ी कार्रवाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निगम द्वारा अभियान चलाकर त्रिलोक नाथ रोड पर 15 दुकानों पर किराए की वसूली व सीलिंग की कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त के आदेश पर 6 दुकानों को सील किया गया। बचे दुकानदारों द्वारा मौके पर चेक से अवशेष किराए का भुगतान कर दिया गया। वहीं अभियान में 11,29,534 रुपए जमा कराया गया।

सोमवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर 15 दुकानों पर किराए की वसूली व सीलिंग की कार्रवाई की गई। सील की गई 6 दुकानों में से 3 दुकानदारों ने सीलिंग के बाद चेक से अवशेष किराए का भुगतान किया गया। भुगतान के बाद दुकानों को सीलिंग से मुक्त कर दिया गया। शेष 3 दुकाने

### अभियान के तहत जमा कराए गए 11,29,534 रुपए

जो सीलिंग में हैं, उनमें से 1 दुकान का किराया जमा है। लेकिन बिना नगर निगम की अनुमति के दुकान के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है। अभियान में कुल 11,29,534 रुपए जमा कराए गए। अभियान की कार्रवाई महातम यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में महेन्द कुमार कर निर्धारण अधिकारी, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, स्वदेश यादव कर अधीक्षक, हर्ष शुक्ला, कृष्ण मगन सिंह, निरीक्षक, प्रदीप कुमार सेठ, प्रथम श्रेणी लिपिक एवम् प्रवर्तन दल के कर्नल सत्येन्द्र सिंह द्वारा संपादित की गई। वहीं ठाकुरगंज में गृहकर के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध वसूली अभियान चलाया गया, अभियान के तहत वार्ड बालागंज में कुल 14 भवन, प्रतिष्ठानों पर गृहकर बकाया होने और मौके पर भुगतान न होने के कारण सील कर दिया गया। कुल 4 भवनों से आंशिक भुगतान के रूप में 95,350 रुपए प्राप्त हुआ।

## महिला सैन्य पुलिस के लिए खुली भर्ती रैली 18 से 30 जनवरी तक

**लखनऊ।** भारतीय सेना में सैनिक श्रेणी में महिला सैन्य पुलिस के दूसरे बैच की भर्ती रैली की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के अभ्यर्थियों के लिए भारतीय सेना में महिला सैन्य पुलिस (सैनिक जनरल ड्यूटी) के नामांकन के लिए एएमसी सेंटर एंड कॉलेज लखनऊ में 18 जनवरी से 30 जनवरी 2021 तक मुख्यालय भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों की 5898 महिला उम्मीदवारों के इस भर्ती रैली प्रक्रिया में शामिल होने की संभावना है। भर्ती रैली के लिये पात्रता मानदंड-योग्यता और परीक्षण की श्रृंखला के बारे में विस्तृत जानकारी 27 जुलाई 2020 की अधिसूचना में दी गई है, जो पहले ही वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गयी है कि वे दलालों-धोखेबाज व्यक्तियों से सावधान रहें और दवाओं के सेवन से बचें।

## हत्या के फिराक में आए दो शूटरों समेत साजिशकर्ता गिरफ्तार

**लखनऊ।** तालकटोरा पुलिस ने हत्या करने आये भाड़े के दो शूटरों समेत तीन को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी रंजीत यादव की हत्या में नाकाम हो चुके थे। इस बार सुपारी लेकर आए आरोपियों के साथ ही पुलिस ने साजिश रचने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि कुछ समय पूर्व पंकज सिंह और रंजीत यादव में आपसी वाद विवाद में मारपीट हो गई थी जिसके बाद पंकज को सर में चोट लग गई थी लेकिन इस संबंध में पंकज सिंह ने मुकदमा दर्ज करा कर बदला लेने की ठान ली थी उसके बाद जेल से छूटने से पहले ही जेल में ही भाड़े के शूटरों को रंजीत यादव की हत्या के लिए सुपारी दे दी थी। बीते 15 दिसंबर को इसी संबंध में रंजीत पर जानलेवा हमला हुआ था जिसमें रंजीत बाल बाल बच गए थे। इस बार पुलिस की सक्रियता से रंजीत की हत्या करने की फिराक में आए शूटर स्थानीय निवासी अमन सिंह थापा, अभिषेक सिंह और साजिशकर्ता पंकज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# हुमा के कथक व शिप्रा के लोकगीतों ने किया मंत्रमुग्ध

## यूपी महोत्सव की 12वीं सांस्कृतिक संध्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में चल रहे यूपी महोत्सव 2020 की 12वीं सांस्कृतिक संध्या में हुमा साहू के कथक और शिप्रा चन्द्रा के अवधी लाकगीतों ने मंत्रमुग्ध किया। यूपी महोत्सव की 12वीं सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पवन पाल, प्रिया पाल सांस्कृतिक अध्यक्ष, हेमा खत्री, अतिन गर्ग और हीरेन्द्र सिंह उपस्थित थे। यूपी महोत्सव में सोमवार की सांस्कृतिक संध्या का आरम्भ प्रवीन ने गणेश वंदना गजानन पधारो आसन सम्भालों से कर लोगों को भगवान गणेश की भक्ति के सागर में आकण्ठ डुबोया। भक्ति भावना में पगी इस प्रस्तुति के उपरान्त हुमा साहू के नृत्य निर्देशन में कथक की सुरभि से यूपी महोत्सव सुरभित हो उठा। सुभद्रा नृत्य निकेतन की प्रस्तुति के तहत खुशी सिंह, सृष्टि , महिमा चौधरी, श्रेय और हर्षिता सिंह ने हुमा साहू के निर्देशन में पगी शिव स्तुति जय शिवशंकर पर भावपूर्ण नृत्य कर दर्शकों को भगवान शिव के साक्षात दर्शन करवाये। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए नृत्यांगनाओं ने देवी स्तुति पर भावाभिनय द्वारा भगवती देवी दुर्गा के नवों रूपों के दर्शन करवाए। सरगम के उपरान्त कथक नृत्यांगनाओं खुशी सिंह, सृष्टि ,महिमा श्रेय और हर्षिता सिंह और हुमा साहू ने तीन ताल में निबद्ध तराने से अपनी प्रस्तुति को विराम दिया।मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त लोकेश पाण्डेय ने है जिन्दगी कितनी, जितनी दिया सरकार, ए सजनी रे और प्रवीन ने कजरारे, हमरा के मार गीत को सुनाकर श्रोताओं का दिल जीता।

संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में सुर सागर संस्थान की शिप्रा चन्द्रा ने अवधी लोक गीतों व नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। शिप्रा ने अपनी आवाज में छोटे से नन्हें से हमका लोकगीत से अपने कार्यक्रम की शुरुआत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में शिप्रा चन्द्रा ने अपनी खनकती हुई आवाज में रात सइयां बुलाय लिए अटरिया, बलमा हमार मुंदरी के नगीना, झुलनिया झोंकेदार सइयां हमके गढाइदा और कौने देश का गजरा महके सारी रतिया लोकगीत को सुनाकर श्रोताओं की असंख्य तालियां अर्जित कीं।

## फिर शुरू होगा लोक मंगल दिवस, महापौर ने दिए आदेश

**लखनऊ।** जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए नव वर्ष के प्रथम मंगलवार को महापौर द्वारा लोक मंगल दिवस दोबारा शुरू किया जाएगा। सफाई, अतिक्रमण, मार्गप्रकाश, पेयजल, सीवर और आवारा पशुओं जैसी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण होगा। हजरतगंज और ऐशबाग कार्यालय की जनता की समस्याओं का निस्तारण होगा। वर्ष के प्रथम माह जनवरी के प्रथम मंगलवार को इसकी दोबारा शुरुआत महापौर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त अजय द्विवेदी द्वारा हजरतगंज स्थित नगर निगम मुख्यालय से सुबह 10 बजे जोन 1 की जनता की समस्याओं के निस्तारण के साथ शुरू होगी। लोक मंगल दिवस पर जनता के सफाई, अतिक्रमण, मार्गप्रकाश, पेयजल, सीवर और आवारा पशुओं जैसी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण जोनल कार्यालयों पर किया जाएगा।

# एमएलसी चुनाव के संभावित नामों पर हुआ मंथन

## ● भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुई प्रदेश चुनाव समिति की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**नए** साल में अब विधान परिषद की रिक्त होने वाली दस सीटों पर चुनाव में चेहरे तथा पंचायत चुनाव की रणनीति पर चर्चा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीजेपी दफ्तर पहुंचे जहां पर प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई।

प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में आगामी विधान परिषद चुनाव के लिए संभावित नामों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रत्याशियों के संभावित नामों की सूची को स्वीकृति के लिए केन्द्रीय चुनाव समिति के पास भेजने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को अधिकृत किया गया। इसके साथ ही पंचायत चुनाव की व्यूह रचना तैयार की गई। आगामी 7 से 17 जनवरी तक प्रवास के कार्यक्रम तय हुए। प्रवास कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएगी। विधान परिषद चुनाव में संगठन से कुछ नाम लगभग तय हैं जो इस बार उच्च सदन जाएंगे। इसमें एक आयोग के चेयरमैन का नाम भी है और पंचायत चुनाव में प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे एक पदाधिकारी भी हैं। इसके अतिरिक्त जातीय समीकरण को देखते हुए एक क्षेत्रीय अध्यक्ष का भी नाम चल रहा है। डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह का उच्च सदन में जाना तय है। खरमास के बाद पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल, केबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम ,राज्यमंत्री नीलिमा कटियार उपस्थित रहे।

# कार्य करने की प्रवृत्ति विकसित करें: स्वामी प्रसाद मौर्य

## ● अधिकारियों की विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी: श्रम मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**श्रम** एवं सेवायोजन व समन्वय मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि अधिकारियों की विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों को गरीबों तक पहुंचाने में जवाबदेही के प्रति अकर्मण्यता ठीक नहीं है। कार्य करने की प्रवृत्ति विकसित करें तथा विभागीय कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं से जुड़ी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए सहायक श्रम आयुक्त के पद से रिक्त जनपदों ने पास के जनपद से सहायक श्रम आयुक्त को संबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों के प्रति जवाबदेही में शिथिलता पर संबंधित सहायक श्रम आयुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपर मुख्य सचिव एवं श्रम आयुक्त को उप श्रम आयुक्त सूचित करें।

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य सोमवार को तिलक हाल में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोविड.19 महामारी की परेशानियों के दौर से प्रदेश निकल रहा है। अधिकारियों को भी गरीबों, श्रमिकों के हितार्थ फील्ड में निकलना होगा। समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक योजनाओं को ले जाना होगा। लेबर चैराहों पर विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए। श्रमिकों-गरीबों के बीच जाने में किसी भी प्रकार की शर्मिंदगी नहीं होनी चाहिए। गरीबों के बीच ही भगवान होते हैं। इनके आशीर्वाद से न जाने किसकी किस्मत बदल जाए। उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर गरीबी, बदहाली व जलालत में जिंदगी जी रहा है। हर प्रकार के मौसम में कार्य करता है। इनके जीवन स्तर को उठाने के लिए श्रम विभाग कार्य करता है। योजनाएं चला रहा है। फिर भी इनको लाभ ना देने की शिकायतें आ रही हैं। कार्यों में टालमटोल किया जा रहा है। काम के प्रति किसी की भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्रम मंत्री ने निर्देशित किया है कि पंजीकृत कारखानों, खतरनाक व अति खतरनाक कारखानों का समय से निरीक्षण किया जाए। ऐसे कारखानों में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण कराने के लिए भी प्रस्ताव बनाया जाए। इसके लिए निदेशक कारखाना एवं निदेशक ब्वायलर जिम्मेदार होंगे। थर्ड पार्टी निरीक्षण की रिपोर्ट पर संतुष्ट न होने पर श्रम आयुक्त से अनुमति लेकर ऐसे कारखानों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने बीओसीबोर्ड की समस्याओं का समाधान करने तथा कार्मिकों का न्यूनतम वेतनमान निर्धारण की दरे सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विचार विमर्श कर प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए।

उन्होंने श्रमिकों को हितलाभ योजना से लाभान्वित करने, श्रमिकों का पंजीकरण व नवीनीकरण करने, लंबित वादों के निस्तारण में कमी वाले जनपदों के अधिकारियों को अपनी कार्य संस्कृति बदलकर सरकार की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा, श्रम आयुक्त मो. मुश्ताक, सचित बीओसी बोर्ड अजय कुमार चौहान के साथ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, साथी घायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**ठाकुरगंज** थाना क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोषी चालक गाड़ी समेत भागने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ठाकुरगंज के मुताबिक ग्राम खुर्दा मदारपुर मधैगंज हरदोई निवासी पप्पू अपने साथी ग्राम तेरवा दहिगवां कासिमपुर निवासी मुन्ने मियां 36 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से बुद्धेश्वर अपने भाई के घर जा रहे थे। इसी दौरान लखनऊ सेवा अस्पताल के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक पर टक्कर मार दी। हादसे में मुन्ने ट्रक के पहिये की चपेट में आ गया जबकि पप्पू छिटककर दूर जा गिरा। हादसा देख मौके पर स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगने लगा। यह देख दोषी चालक गाड़ी समेत भाग निकला। लोगों की सूचना पर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची लेकिन तब तक घायल की सांसें थम चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अविवाहित था। वहीं घायल पप्पू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र लापता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आशियाना** थाना क्षेत्र से स्कूल से लिए निकला छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करायी है। आशियाना इंस्पेक्टर केशव तिवारी के मुताबिक 15 वर्षीय 9 वीं का छात्र आशुतोष चौबे उर्फ नितिन पुत्र प्रेम चन्द्र चौबे निवासी पीजीआई स्कूल के लिए निकला था। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करायी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम आस.पास के लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई। प्राप्त फुटेज में तीन स्थानों पर छात्र अकेले पैदल जाते हुए दिखाई दिया है। इसके बाद एक टैक्सी में बैठते हुए आशुतोष दिखाई दिया है। आशुतोष सुबह करीब नौ बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन वह थोड़ी ही देर में बिना टेस्ट दिए हुए निकल गया। उसका मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस टीम छात्र की तलाश में जुटी है।

# हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन दिन पहले घायल हुए बाइक सवार बुजुर्ग की सोमवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि आशियाना के न्यू गुड़ौरा में रहकर सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में खरादी का काम करने वाले मोहम्मद फैय्याज शनिवार सुबह बाइक से नादरगंज जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे।

उन्हें सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी थी। गंभीर हालत में मोहम्मद फैय्याज को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान मोहम्मद फैय्याज ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## घरेलू कलह में युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक पारा में हंस खेड़ा का रहने वाला अमित कुमार 28 वर्ष अपनी पत्नी ज्योति व एक साल की बेटी के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। रविवार रात घरेलू कलह के चलते उसने कमरे में रस्सी व पंखे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात बगल के कमरे में लेटी उसकी पत्नी उसे देखने गई तो गश खाकर गिर पड़ी। उसकी चीख सुनकर परिवार वाले आए तो देखकर होश उड़ गए। उन्होंने घटना के पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है।

# ओवरटेक के चक्कर में सपा नेता की गाड़ी भिड़ी, हंगामा

**लखनऊ।** राजधानी में फन मॉल के पास सोमवार सुबह ओवरटेक के चक्कर में सपा नेता मनोज सिंह की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि मनोज सिंह की कार की टक्कर भाइयों संग जा रही युवती की कार से हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। आरोप है कि युवती और उसके भाइयों से सपा नेता के गनर और समर्थकों ने मारपीट भी की। इससे नाराज दूसरे पक्ष ने सपा नेता की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिससे उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। हंगामा बढ़ता देख मौके पर बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर धीरज कुमार सिंह के मुताबिक, पुलिस के पहुंचने पर सपा नेता क्षतिग्रस्त गाड़ी मौके पर छोड़कर अपने समर्थकों के साथ जा चुके थे। सपा नेता की गाड़ी में चालक भी नहीं था, जिसके बाद उस वाहन को पुलिस थाने लेकर आई। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांश आनंद ने जीता गोल्ड मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-6 के मेधावी छात्र दिव्यांश आनंद ने राज्य स्तरीय एबाकस प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मेधावी छात्र ने एबाकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन गोल्ड मैडल अर्जित किया। आयोजकों ने दिव्यांश की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## सीएचसी चिनहट में मलेरिया दक्षता सुधार प्रशिक्षण का आयोजन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट में मलेरिया संवेदीकरण एवं दक्षता सुधार प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया दक्षता सुधार के साथ साथ डेंगू एवं फाइलेरिया के बारे में भी आशा बहुओं, आशा संगिनियो, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुरुष एवं अर्चना विश्वकर्मा बीसीपीएम तथा जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय से मंजू देवी पांडे, मलेरिया निरीक्षक एवं अनीता तिवारी सम्मिलित हुई। प्रशिक्षण सत्र में वेक्टर जनित रोगों के संबंध में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट डॉ सुरेश पांडे एवं राधेश्याम तिवारी, प्रभारी वेक्टर वार्न डीज़ीज़ द्वारा विस्तृत रूप से उपरोक्त कर्मियों को दक्षता सुधार हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया रक्त पट्टिका बनाने का प्रशिक्षण भी राजेश अवस्थी लैब टेक्नीशियन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट द्वारा दिया गया।

## मृतकों को 50 लाख व घायलों को दस लाख मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मशान घाट की छत ढहने से 24 लोगों की मौत और 17 लोगों के घायल होने पर अपनी संवेदनायें व्यक्त करते हुए तहरीक तहरीक फिक्र-ए मिल्लत फाउण्डेशन उप्र के महासचिव मोहम्मद हनीफखान ने अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि महीने भर पहले बनी छत का थोड़ी सी बारिश में ढह जाना सीधे तौर पर ठेकेदार और निर्माण की जांच करने वाले अधिकारियों की मिली भगत का नतीजा है। सरकार बदलते ही सत्ताधारी दलो को चंदा देकर व होर्डिंग-बैनर लगाकर अपने निजी हित साधने वाले लोग भ्रष्टाचार की नीव पर ठेका पट्टा हासिल करते हैं जिसका खामियाजा देश के आम लोगो को अपनी जान से हाथ धोकर चुकाना पड़ता है। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक घटना में मरने वाले को 50 लाख मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएं साथ ही घायलों को 10 लाख के मुआवजे के साथ उच्च स्तरीय मुफ्त इलाज देने की मांग की।

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर फोटोग्राफर का कैमरा लूटा

**लखनऊ।** जानकीपुरम के शुक्ला चौराहे के बाद बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर फोटोग्राफर का कैमरा लूट कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। काकोरी के शाहपुर गगौली गांव निवासी अंकित राठौर मांगलिक कार्यक्रमों में फोटोग्राफी का काम करते हैं। अंकित के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपने सहयोगी आदित्य राजपूत के साथ गुड़म्बा के बेहटा में फोटोग्राफी कर घर लौट रहा था। तभी उसका पीछा कर रहे दो बाइक से छह बदमाशों ने जानकीपुरम के शुक्ला चौराहे के पास उसकी बाइक को लात मारकर गिरा दिया। उसके गिरने के बाद बदमाशों ने उनके सहयोगी आदित्य राजपूत की कनपटी पर तमंचा लगा दिया। विरोध करने पर बदमाश उसकी लात घूसों से पिटाई कर कैमरा छीन कर भाग गए। पीड़ित ने यूपी.112 पर लूट की सूचना देने के बाद जानकीपुरम थाने में तहरीर दे दी है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## प्रशिक्षण दिए बगैर की तैनाती, घण्टों अंधेरे में डूबे रहे कई गांव

**मोहनलालगंज।** संविदा पर भर्ती किए गए कुछ कर्मियों को जरुरी प्रशिक्षण दिए बिना ही उन्हें पूरनपुर सबस्टेशन की जिम्मेदारी सौंप दी गई। लिहाजा सोमवार की शाम फाल्ट आने पर हजारों उपभोक्ताओं को घण्टो बिजली संकट झेलना पड़ गया। आखिरकार मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मोहनलालगंज पुराने सबस्टेशन से कर्मचारियों को बुलवाया तब जाकर लाइन मरम्मत का कार्य शुरु हो सका। मोहनलालगंज में पूरनपुर सबस्टेशन के लिए भर्ती किए गए कुछ संविदाकर्मियों को जरुरी प्रशिक्षण दिए बिना एसएसओ से लेकर लाइन तक की जिम्मेदारी दे दी गई। सोमवार की शाम अचानक कालेबीरन खेड़ा फीडर की बीसीबी ऑफहो गई लेकिन एसएसओ उसे दोबारा ऑन नहीं कर सका। उपभोक्ताओं की शिकायत पर अधिकारी मौके पर पहुंचे तब जाकर बीसीबी ऑन की जा सकी। फिर लाइन में फाल्ट आ गया लेकिन सबस्टेशन में मौजूद लाइन स्टाफमें कोई भी पोल पर चढ़ने के लिए तैयार नहीं हुआ लिहाजा कई गांव के उपभोक्ताओं को घण्टों बिजली संकट झेलना पड़ गया। थकहार कर अधिकारियों ने मोहनलालगंज पुराने सबस्टेशन से कर्मचारियों को बुलवाकर लाइन पेट्रोलिंग शुरु कराई। अधिकारियों ने फाल्ट आने की बात तो स्वीकारी लेकिन संविदाकर्मियों को प्रशिक्षण नहीं दिए जाने के सवाल पर कुछ भी बोलने से कतराते रहे।

# एसडीआरएफ में तकनीकी एवं मेडिकल स्टाफ की तैनाती में तेजी लाएं

## ● राज्य आपदा मोचक बल की सक्रियता को प्रभावी बनाने के लिए हुई उच्चस्तरीय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गृह** विभाग स्थित सभा कक्ष में हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्य आपदा मोचक बल में नवसृजित कम्पनियों के लिए तकनीकी एवं मेडिकल स्टाफ की पूर्ति व मूल भूत संसाधन उपलब्ध कराए जाने की दिशा मे विस्तार से विचार विमर्श किया गया। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में जानकारी दी गयी कि इस बल के उपकरणों के खरीद के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिसके सापेक्ष 7 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अलावा कार्यालय की साज सज्जा के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 11 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही एसडीआरएफ के लिए आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में अब तक हुई प्रगति की भी समीक्षा की गयी। अवस्थी ने राज्य आपदा मोचक बल के लिए तकनीकी एवं मेडिकल स्टाफकी पूर्ति हेतु लोक निर्माण, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा एवं पशुपालन विभाग से शीघ्रातिशीघ्र सेवा स्थानान्तरण के आधार पर तैनाती किए जाने के कार्यो में तेजी लाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफके गठन का उद्देश्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं यथा रेल व मेट्रो दुर्घटना, पुल और इमारतों का ढहना, भू.स्खलन, भूकम्प, चक्रवात तथा रासायनिक, जैविकीय रेडियोलॉजिकल एवं नाभिकीय आपदाओं में राहत एवं बचाव कार्य है। जिसमें टीम-कम्पनी के सहयोगी तकनीकी पदों की प्रभावी भूमिका है। बैठक में सचिव, गृह तरूण गाबा, अपर पुलिस महानिदेशक, पीएचक्यू बीपी जोगदण्ड, अपर पुलिस महानिदेशक, एसडीआरएफ विनोद कुमार सिंह, विशेष सचिव गृह, डॉ अनिल कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 30/2020
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :
क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : इज्जतनगर मण्डल में ऑटो क्लोरीनेटर्स के रख-रखाव एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति, अनुमानित लागत : रु. 35,30,371.17, बयाना राशि : रु. 70,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. 3,000/-, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 33 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 29.01.2021 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-205 इज्जतनगर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0पी0एच0, कानपुर अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 1. ई0 निविदा सं0 47/सी/काना0/2020-21 विवरण नगरीय विद्युत वितरण खण्ड-जाजमऊ, केस्को कानपुर के अन्तर्गत चकेरी एयरपोर्ट कानपुर नगर के नये टर्मिनल चयन तथा एयर क्राफ्ट टैक्सी रूट के बगल से निकल रही चार सर्किट लाइनों को आर0सी0सी0 ट्रेच का निर्माण कर भूमिगत किये जाने का कार्य। धरोहर धनराशि 2,35,700/- (NEFT/RTGS/BG/FDR) के रूप में। निविदा धनराशि 5000/- (NEFT/RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय 18.01.2021 समय 12:00 बजे तक ई0 निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय 18.01.2021 समय 03:00 बजे से उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in/ के माध्यम से की जायेगी, एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होगी। ई-निविदा में निर्धारित ई-निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0 628805018266 आई0एफ0सी0एस0सी0-ICIC0006288 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित है।
अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक-12 दिनांक-04.01.2021
"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं"

# मील का पत्थर साबित हुईं नगर निगम की कई उपलब्धियां

शैलैश भट्ट। लखनऊ

**नगर** निगम के विगत वर्ष के रिपोर्ट कार्ड की कई उपलब्धियां मील का पत्थर साबित हुई हैं। वर्ष 2020 में कोरोना से बचाव के लिए समुचित मात्रा में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। इसके लिए 110, छोटी हैंड हैंडलिंग सैनिटाइजेशन मशीन के साथए 35 बड़े टैंकरो से लखनऊ के प्रत्येक कोने को सैनिटाइज किया गया। नगर निगम की कार्यकारिणी समिति और सदन के सभी दलों के पार्षदों और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के समन्वय से समग्र विकास की दिशा तय की गयी। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने 200 करोड़ के बांड जारी किए। ऐतिहासिक कार्य करते हुए नगर निगम राज्य का पहला बांड जारी करने वाला नगर निगम बना। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत लगभग 2 हज़ार करोड़ रुपये की 48 परियोजनाओं में से 17 पूर्ण की जा चुकी हैं इसके अतिरिक्त 31 अन्य परियोजनायें प्रगतिशील हैं।

नगर निगम द्वारा 2019-20 वर्ष में वैश्विक महामारी कोविड-19 लखनऊ वासियों को कोरोना से बचाव के लिए समुचित मात्रा में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। इसके लिए 110, छोटी हैंड हैंडलिंग सैनिटाइजेशन मशीन के साथ, 35 बड़े टैंकरो से लखनऊ के प्रत्येक कोने को सैनिटाइज किया गया। इसके अतिरिक्त कोविड.19 महामारी के समय 10 कम्युनिटी किचन प्रारंभ कर लगभग 80 हज़ार लोगों को प्रतिदिन व कुल 35 लाख भोजन पैकेट जनता तक पहुँचाया गया। स्मार्ट सिटी द्वारा हेलो डॉक्टर सुविधा प्रारम्भ कर घर बैठे ही जनता को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। सेवा बस्तियों में महिलाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण किया गया। पेड़ो को नया जीवन प्रदान करने के लिए ग्रीन एम्बुलेंस चलाई गई। लॉकडाउन के दौरान दैनिक भोगी गरीबों के लिए डीबीटी के माध्यम से लगभग 72 हज़ार गरीब जनों के खातों में एक हजार रुपये प्रति व्यक्ति अनुदान दिलाया गया। लॉकडाउन के दौरान नगर निगम परिवार द्वारा सेवा भाव से जिम्मेदारी से निभाई गई । नगर निगम की अन्य उपलब्धियों में समस्त रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में देश में 12 वां स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बना। साथ ही जनता के सहयोग से लखनऊ ने फास्टेस्ट मूविंग स्टेट कैपिटल का अवार्ड भी जीता।

**400 नए वाहन खरीद कर वार्डों में लगाया:** वर्तमान समय में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए लगभग 400 नए वाहनों को क्रय कर वार्डों में लगाया गया हैं। वार्डों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और निगरानी हेतु समस्त वार्डों में चैंपियन की नियुक्ति की गई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई कूड़े का परिवहन और उसके निस्तारण पर लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे सम्पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। स्वच्छता दूतों के लिए बीमा और निरंतर हेल्थ चेकअप पर कार्य किया जा रहा है ताकि लखनऊ को स्वच्छ रखने वालों को स्वस्थ रखा जा सके।

### लेखा-जोखा




**63 कॉम्पैक्टर से कूड़े का हुआ निस्तारण:** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृण करने के उद्देश्य से कई खुले कुडाघरों को बंद कर उसके स्थान पर सुंदर फुलवारी विकसित की जा रही है। कुड़ाघरो के स्थान पर लगभग 63 कॉम्पैक्टर को लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किया जा चुका हैं। समय समय पर विशेष अभियान चलाकर गोमती नदी के बाहरी व अंदर के तटों पर एकत्रित कूड़े की सफाई करायी गयी एवं हेरिटेज स्थलों के आस पास नियमित सफाई व्यवस्था की जा रही हैं।

**जीआईएस सर्वे से बढ़गी आय:** नगर निगम की आय को बढ़ाए जाने के लिए आमनागरिकों पर बिना अतिरिक्त बोझ डाले स्वकर निर्धारण की ऑनलाइन व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। सभी संपत्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए गोमती नगर और इंदिरा नगर जीआईएस सर्वे किया जा रहा है। कर निर्धारण की प्रक्रिया और उसकी वसूली की प्रक्रिया को पारदर्शी और सर्वसुलभ बनाने का अथक प्रयास किया जा रहा है।

**6 वर्षों की बैलेंस शीट तैयार:** लखनऊ नगर निगम ने बॉण्ड जारी करने वाले उत्तर भारत के प्रथम शहर बनने का गौरव प्राप्त किया है। आर्थिक सुचिता एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखकर निगम की विगत 6 वर्षों की बैलेंस शीट तैयार कराई गई है। नगर निगम की वित्तीय रेटिंग डबल ए रही है। डबल एंट्री सिस्टम की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया, साथ ही कैशबुक को ऑनलाइन कर ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था लागू कराई गई।

**लखनऊ वन ऐप को लागू किया:** लेखा विभाग में पारदर्शिता और सुचिता के लिए समस्त कार्यों का संपादन सॉफ्टवेयर पर किया जायेगा। एक क्लिक से जानकारी सभी के समक्ष उपलब्ध होगी। जनता की स्वच्छता सहित नगर निगम के समस्त समस्याओं के निस्तारण के लिए लखनऊ वन ऐप को लागू किया गया है। जहां एक ही स्थान पर समस्याओ का शत प्रतिशत समाधान हो। इस लिए शिकायतकर्ता के फीडबैक को ही आधार माना गया है।

**एक लाख गाय के गोबर के दिये बनाए:** लखनऊ की सड़कों पर आवारा घूमने वाले कुल लगभग 9 हज़ार गोवंशीय पशुओं के साथ 2 ऊँट का भी भरण पोषण हो रहा है। गौवंशो की बेहतर चिकित्सा के लिए वेटनरी डॉक्टर्स की उत्तम व्यवस्था की गयी है। गौ उत्पादकों में आत्मनिर्भरता गौ मूत्र से फिनाइल, धूपबत्ती, गो काष्ठ, खाद एवं अन्य सामग्रियों का निर्माण भी स्वयं नगर निगम द्वारा कर इसका बाजार मे विक्रय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के अयोध्या में देव दीपावली मानने के कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के साथ मिलकर 1 लाख गाय के गोबर के दियों को गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में प्रज्वलित कर देव दीपावली का उत्सव मनाकर एक नई परंपरा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही गाय के गोबर के दियों के विभिन्न मॉल और बाजारों में स्टॉल लगाकर उनका विक्रय भी किया गया।

# दिनदहाड़े दो सगे भाइयों की हत्या

**डबल मर्डर से दहला जिला**

- मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- गम्भीर हालत में आजमगढ़ किये गये थे रेफर, चालक उमेश यादव भी घायल

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस



घर पर परिजनों से जानकारी लेते थानाध्यक्ष

**राजेसुल्तानपुर** थाना क्षेत्र के मजगवा गाँव में प्रधानी चुनाव और जमीनी विवाद को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल मिश्र और सुरेंद्र मिश्र तहसील से वापस लौट रहे थे कि गाँव से पहले ब्रह्म बाबा स्थान के पहले बाइक सवार बदमाशो ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया। दोनो भाइयों को गोली लगी और दोनो को घायल अवस्था मे इलाज के लिए आजमगढ़ जनपद ले जाया गया। जहाँ चिकित्सको ने दोनो को मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी मौके पर पहुँच गए।

राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ब्रहम बाबा के निकट बाइक सवार बदमाशों ने मल्लूपुर मजगवां के निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अनिल मिश्रा व उनके भाई सुरेन्द्र मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली लगने से चालक उमेश यादव भी घायल हो गया है। गोली मारने के बाद बदमाश भागने में सफल रहे घायल अनिल व सुरेन्द्र को गम्भीर हालत में आजमगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल से तीन मोटर साइकिलें भी बरामद की हैं। घटना के पीछे प्रधान पद के चुनाव की रंजिश बताई जा रही है। परिजन घटना के लिए बनकठा बुजुर्ग गांव निवासी अमित सिंह और जगदम्बा सिंह पर आरोप लगा रहे हैं। गौरतलब है कि अनिल मिश्रा की पत्नी नीलम मल्लूपुर मजगवां की ग्राम प्रधान थीं। पिछले चुनाव में अनिल ने जगदम्बा सिंह के एक समर्थक को प्रधान पद के चुनाव में हरा दिया था। मतदान के दौरान भी दोनों पक्षों में गोली चली थी। जगदम्बा सिंह के लड़के ने मल्लूपुर मजगवां में मकान बना रखा है जिसके कारण वह वहां का मतदाता बनना चाहता है। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए जगदम्बा पक्ष ने सम्बन्धित फार्म भी भरा था लेकिन सोमवार को आपत्ति प्राप्त करने के अंतिम दिन निवर्तमान प्रधान नीलम की तरफ से उस पर आपत्ति लगा दी गई। सोमवार को दोनों पक्ष आलापुर तहसील में जमा थे। आपत्ति लगाने के बाद जब अनिल मिश्रा अपने भाई के साथ कार से घर जाने लगे तो गांव से लगभग तीन किलोमीटर पहले ब्रहम बाबा के निकट मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें घेर कर गोली मार दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत है।

## सीएम ने दिया चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से वर्चुअल कार्यक्रम में गोरखपुर मण्डलायुक्त सभागार से जुड़े जिले के नवचयनित 26 आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा जिले में तीन वेलनेस सेंटरों का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 1065 आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र के साथ पदस्थापना मिली। सीएम ने 142 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का उद्घाटन भी किया।

### सीएम ने डा. पशुपति से की बात

गोरखपुर से नवनियुक्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. पशुपति नाथ तिवारी से सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियमित रूप से सेवाएं देंगे ना...। नौकरी मिलने के बाद लगता है कि घर की जॉब है? सीएम ने कहा कि अपनी सेवाएं पूरी ईमानदारी के साथ दें। आयुर्वेदिक औषधियों का प्रचार-प्रसार करें। कोरोना संक्रमण के दौर में 25 साल बाद यह पहला मौका है कि इतनी संख्या में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। नव चयनित चिकित्सकों से संवाद के क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संतकबीरनगर मेंहदावल के ग्राम अवरही के मूल निवासी डॉ. पशुपति नाथ त्रिपाठी से संवाद किया। 1997 में बीएएमएस करने वाले डॉ. पशुपति नाथ त्रिपाठी फिलहाल राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय फरदहनी में तैनात हैं। यहां चार बेड की सुविधा है। गोरखपुर के 15 होम्योपैथिक चिकित्सालयों में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों की सोमवार को तैनाती की गई।

## क्विक न्यूज

### वैक्सीनेशन ड्राई रन का पूर्वाभ्यास आज

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया है कि 5 जनवरी को कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राई रन (पूर्वाभ्यास) पूर्वान्ह 10 बजे से आहूत है। इसके लिए तैयारियां पूर्ण है और यह कार्यक्रम जनपद में 6 जगहों पर आयोजित किया जायेगा जिसमें 3 शहरी एवं 3 ग्रामीण क्षेत्र है। उक्त जानकारी मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला टास्क फोर्स कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राई रन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के खोराबार, कैम्पियरगंज एवं भटहट तथा शहरी क्षेत्र में बीआरडी मेडिकल कालेज, जिला महिला अस्पताल तथा शाहपुर में आयोजित होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुधाकर पाण्डेय ने बताया कि ड्राई रन वैक्सीनेशन की तैयारी पूर्ण है, वैक्सीनेटर का विवरण अपलोड हो चुका है और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि टीका लगने के बाद आधा घंटा एक कक्ष में 6 फीट की दूरी पर बैठकर वैक्सीनेटर को इंतेजार करना होगा। इसके अतिरिक्त एक कक्ष में वैक्सीनेशन कक्ष और दूसरा वैक्सीनेटर कक्ष होगा।

### छात्र-छात्राओं को अंतिम मौका आज

**गोरखपुर।** शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत छात्रहित में पूर्व में तीन बार तिथियों में वृद्धि करने के बाद भी कतिपय अवशेष रह गये। छात्र/छात्राओं हेतु पुनः चौथी बार तिथियों में वृद्धि करते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा वर्ष 2021 के कक्षा 10 एवं 12 के संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से विलम्ब शुल्क प्राप्त कर आवेदन पत्र आनलाइन भरने की तिथि 5 जनवरी एवं शैक्षिक सत्र 2020-21 के कक्षा 9/11 के संस्थागत अभ्यर्थियों के विद्यालयों में प्रवेश/पंजीकरण शुल्क प्राप्त करने/आनलाइन पंजीकरण कराने की तिथि को 10 जनवरी तक बढ़ाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित नवीन संशोधित तिथियों के अनुरूप सत्र 2020-21 में कक्षा 9/11 के अग्रिम पंजीकरण एवं परीक्षा वर्ष 2021 के कक्षा 10 एवं 12 के संस्थागत/व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र आनलाइन अपलोड कराये जाने संबंधी कार्यवाही प्रभावी रूप से सुनिश्चित करायें।

### दिव्यांग 7 को शिविर में हों उपस्थित

**गोरखपुर।** भारत सरकार की एडिप योजना (विशेष) के अन्तर्गत जनपद में 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग जनों को जिलाधिकारी के सहयोग से 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल निःशुल्क प्रदान किया जाना है। इस हेतु जिलाधिकारी द्वारा 7 जनवरी को स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कालेज नार्मल कैम्पस में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षण शिविर में उन्ही दिव्यांग जनों को उपस्थित होना है जिनका चिन्हांकन पूर्व में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल हेतु 17 मार्च 2020 को डीडीआरसी कैम्पस सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में आयोजित चिन्हांकन कैम्प के द्वारा किया गया है। परीक्षण कैम्प में दिव्यांग जन को अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (80 प्रतिशत या उससे अधिक) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, आय प्रमाण पत्र (प्रतिमाह 15000 या उससे कम) तहसील/ग्राम प्रधान द्वारा जारी, आवासीय प्रमाण पत्र (आधार कार्ड या वोटर कार्ड, राशन/बीपीएल कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि) तथा दिव्यांगता प्रमाणित करता हुआ एक नवीन रंगीन फोटो लाना होगा।

### शासन की गाइड लाइन के अनुसार हो समाधान दिवस

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है तथा उस मंगलवार को अवकाश की स्थिति में उसका आयोजन अगले कार्यदिवस को किया जाता है। वर्तमान में जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/अपर जिलाधिकारी द्वारा चक्रानुक्रम के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जाती है। इस हेतु 5 जनवरी से 15 जून तक के लिए रोस्टर जारी किया गया है। रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी के मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में उस सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जायेगी तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के साथ उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया है कि शासनादेश के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस ऐसी खुली जगह पर कोविड-19 के नियमों के अनुसार आयोजित किया जाये। अनावश्यक भीड़ एकत्रित होने से रोकने हेतु टोकन सिस्टम के आधार पर एक समय में अधिकतम 15-20 फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कराया जाये। सुनवाई के समय 5 से अधिक फरियादी टेबल के पास एकत्र न हो।

### पत्नी के घर न आने पर पति ने की आत्महत्या

**गोरखपुर।** जनपद के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के नुरुद्दीनचक गांव में 35 वर्षीय मनोज चौहान पुत्र रामअचल ने रविवार की रात खुदकुशी कर ली। परिवारीजनों के सोने के बाद उसने छत के कुंडे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। परिवारीजनों ने बताया कि मनोज का पत्नी से अक्सर विवाद होता था। इससे परेशान होकर करीब 5 माह पहले उसकी पत्नी अपने मायके महराजगंज जनपद के पुरन्दरपुर थाने के मझार गांव चली गई। बच्चों ने बताया कि मम्मी को घर लौटने के लिए पापा ने फोन किया था। उन्होंने कहा था कि तुम घर नहीं आओगी तो हम जान दे देंगे। मम्मी के न आने से पापा ने फांसी लगा ली। मनोज तीन बच्चों का पिता था। बड़ी बेटी ममता 9 वर्ष,प्रशांत 7 वर्ष,अखिलेश 5 वर्ष के हैं। सुबह देर से उठने पर घरवालों को खुदकुशी की जानकारी हुई। उन्होंने देखा कि मनोज की लाश फंदे से लटक रही थी। पास पड़ोस के लोग जुट गए। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पाकर मायके से अपने घर पहुंची पत्नी ने थाने में तहरीर देकर घरवालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद महाकाल के दरबार में पहुंचा श्रद्धालुओं का दल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए वर्ष 2018 में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजन.अर्चन करने वाला श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या में मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद एक बार फिर उज्जैन में महाकाल के दरबार में पहुंचा। श्रद्धालुओं का जत्था इसके पहले श्री राम मंदिर निर्माण की बाधा मुक्ति के लिए गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर भी पूजन.अर्चन करने के लिए गया था। इस बार उज्जैन के महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं ने घंटों जय श्रीराम के नारे लगाए। श्रद्धालुओं के जत्थे की अगुवाई कर रहे श्री राम दर्शन यात्रा समिति के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बलराम तिवारी ने बताया कि वर्ष 2018 में हम लोग अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण में आने वाली बाधा की मुक्ति के लिए श्री महाकालेश्वर भगवान से प्रार्थना करने आए थे। उनका पूजन.अर्चन किया था। आज जब अयोध्या धाम में भगवान श्री राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है तो हम सभी एक बार पुनः भगवान महाकाल के दरबार में उन्हें धन्यवाद देने आए हैं। श्रद्धालुओं के जत्थे ने मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक करके जन कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं के जत्थे में मुख्य रूप से श्री राम दर्शन यात्रा समिति के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बलराम तिवारी, अजय यादव, आरडी तिवारी, विष्णु शंकर गुप्ता, विजय अरोड़ा, रेखा अरोड़ा, मनप्रीत अरोड़ा, विवेक अरोड़ा, राकेश यादव व राजकुमार आदि रहे।

## पूरी तरह से विदा हो जायेगा कोरोनाः केशव मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**जनपद के** चौरी चौरा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बीजेपी विधायक संगीता यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोमवार को भव्य स्वागत किया। देवरिया में एक कार्यक्रम में जाने से पूर्व अपने संबोधन में यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2021 में कोरोना पूरी तरह से विदा हो जायेगा। उपमुख्यमंत्री को गणेश भगवान की प्रतिमा, अंग वस्त्र भी भेंट किए गए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चौरी चौरा विकास की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार इसके विकास के लिए कटिबद्ध है। उक्त अवसर पर राजकुमार गुप्ता, ज्योति प्रकाश गुप्ता, आलोक पटवा, धर्मेन्द्र जयसवाल, जितेंद्र यादव, सोनू चौरसिया, परशुराम गुप्ता, संदीप विश्वकर्मा, राम दुलारे चौधरी, सुग्रीव तिवारी, राहुल जायसवाल, दीपक सिंह, संदीप मौर्य, समर जीत पासवान, रमेश सिंह, ओमप्रकाश धर दुबे, चंद्रमौली उपाध्याय, मन्नू दुबे, विष्णु मौर्या, सुशील मौर्य, राज मौर्य, संदीप मौर्य, विनोद शर्मा, योगेन्द्र जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण के लिए चलेगा निधि समर्पण अभियानः राजेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**सोमवार को** पक्की बाग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान को लेकर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी (मकर संक्रान्ति) से 27 फरवरी (माघी पूर्णिमा) तक श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण निधि समर्पण अभियान चलेगा। अयोध्या में बनने वाले भव्य दिव्य श्रीराम मन्दिर के लिए देश भर के प्रत्येक श्रीराम भक्तों का सहयोग लिया जाएगा। यह धन संग्रह नहीं, समर्पण निधि है। यह देवत्व समर्पण निधि है। इसके लिए घर-घर जाने की योजना है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम समाज भी उत्साह से सहयोग करता है तो उसका स्वागत करेंगे। जो भी राम को अपना और अपना राम की भावना रखता है, ऐसे सभी लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान होगा। यह जनता का मंदिर होगा, जो जनता के सहयोग से बनेगा। राम मंदिर की योजना वृहद है, इसलिए समाज का वृहद सहयोग चाहिए।

### 11 करोड़ परिवारों से होगा संपर्क

उन्होंने कहा कि आगामी 15 जनवरी (मकर संक्रान्ति) से 27 फरवरी (माघी पूर्णिमा) तक चलने वाले इस सघन अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विचार परिवार के कार्यकर्ता देश के 04 लाख गाँवों के 11 करोड़ परिवारों से सम्पर्क कर श्रीराम जन्मभूमि से सीधे जोड़कर रामत्व का प्रसार करेंगे। देश की हर जाति, मत, पंथ, संप्रदाय, क्षेत्र, भाषा के लोगों के सहयोग के साथ श्रीराम मन्दिर वास्तव में एक राष्ट्र मन्दिर का रूप लेगा। असंख्य श्रीराम भक्तों के संघर्ष व बलिदान को नमन् करते हुए उन्होंने प्रत्येक राम भक्त से इस राम काज के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें सिर्फनिधि-दानी ही नहीं अपितु, समय-दानी भी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि को पुनः प्राप्त कर देश के सम्मान की रक्षा के लिए हिन्दू समाज ने 477 साल तक संघर्ष किया। इस दौरान साढ़े तीन लाख हिंदू समाज के लोगों ने बलिदान दिए। अन्ततः समाज की भावनाओं तथा मन्दिर से जुड़ी इतिहास की सच्चाइयों को सर्वोच्च अदालत ने स्वीकार कर भारत सरकार को एक न्यास बनाने का निर्देश दिया। सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम से न्यास की घोषणा की। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने 05 अगस्त 2020 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पूजन करके मन्दिर के निर्माण की प्रक्रिया को गति प्रदान की। अब मन्दिर के निर्माण की तैयारी चल रही है।

### इस तरह होगा मंदिर का आकार

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंजिल की ऊँचाई 20 फीट, लंबाई 360 फीट तथा चैड़ाई 235 फीट है। मन्दिर भूतल से 16.5 मीटर ऊंचाई पर रहेगा। उन्होंने बताया 70 एकड़ के परिसर में तीन तल के राम मंदिर के साथ रामकुंड, वृहद यज्ञशाला, सामूहिक अनुष्ठान मंडप, वैदिक अनुष्ठान मंडप, हनुमानगढ़ी, राम लला के पूरा कालिक मंडप का भी निर्माण होना है। उत्खनन के दौरान जो अवशेष मिले हैं, उसको रखने के लिए संग्रहालय का निर्माण होगा। इसके अलावा सत्संग भवन, गुरु वशिष्ठ पीठ, ध्यान और मनन केंद्र, मुक्ता काशी का मंच, भरत प्रसाद मंडप, सीता रसोई का निर्माण किया जाना है। इसी तरह आधुनिक सुविधा युक्त दीप स्तंभ, प्रशासनिक भवन, तीर्थ यात्रियों के लिए आवासीय भवन, नक्षत्र वाटिका और रामायण कालीन औषधीय पौधों को नर्सरी की व्यवस्था बनेगी।

**होगी पारदर्शिताः** उन्होंने बताया कि आर्थिक विषय में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए न्यास ने 10 रुपये, 100 रुपये, 1000 रुपये या इससे अधिक देने वाली के लिए रसीद छापी है। समाज जैसा देगा उसी के अनुरूप कार्यकर्ता कूपन या रसीद देंगे।

**तैयारी की समीक्षाः** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय मंत्री ने इस अभियान से जुड़े लोगों के साथ बैठक करके तैयारी की समीक्षा भी की। प्रांत प्रचारक सुभाष की उपस्थिति में हुई इस बैठक में गोरक्ष प्रांत के मंत्री प्रदीप पांडेय, प्रांत सह संगठन मंत्री परमेश्वर, विश्व हिंदू परिषद प्रांत अभियान प्रमुख पूर्णेन्दु शाही, प्रांत सह अभियान प्रमुख जगदंबा मल्ल, प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपेंद्र प्रसाद द्विवेदी, भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी भाजपा बच्चा पांडेय नवीन, भाग अभियान प्रमुख दुर्गेश त्रिपाठी, पुनीत पांडेय, मनोज गौड़, डॉ. डीके सिंह, अमरजीत, सौरभ अग्निहोत्री आदि मौजूद रहें।

## कुलपति ने क्षय रोगियों में पोषक आहार का वितरण कर शुरू की अनोखी पहल

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या



**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा प्रदेश की कुलाधिपति एवं राज्यपाल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र मिल्कीपुर अयोध्या में कैंप लगाकर टीबी रोग के मरीजों को रोग से संबंधित जानकारी, उपचार एवं रोगियों को पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाने का एक अनोखी पहल की शुरुआत किया। डॉ सिंह के निर्देश के क्रम में सोमवार को सामुदायिक चिकित्सा केंद्र मिल्कीपुर अयोध्या में विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य विज्ञान व पोषण विभाग तथा परिसर में स्थित चिकित्सालय द्वारा कैंप लगाकर क्षय रोग की जानकारी, बचाव एवं पोषक आहार का वितरण किए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बिजेंद्र सिंह कुलपति आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने रोगियों को पोषक आहार वितरित किया एवं उन्होंने कहा कि छय रोग की तेजी से पैर पसारने की मुख्य वजह गरीबी व जागरूकता की कमी है। गरीबी की वजह से लोग पोषक तत्वों से युक्त भोजन नहीं कर पाते इससे प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती हैंए इसके अलावा नशे का आदी हो जाने के कारण प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है और क्षयरोग के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में छय रोग के मरीजों को पोषक तत्वों के सेवन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम को भविष्य में निरंतर विश्वविद्यालय के सहयोग से करते रहेंगे साथ ही कुलपति ने कोविड.19 महामारी के दौरान जिला चिकित्सालय द्वारा किए गए सहयोग का भी प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ नमिता जोशी, खाद्य विभाग व पोषण विभाग की अध्यक्ष डॉ साधना सिंह, डॉ स्वाति शुक्ला ने रोगियों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी, संतुलित आहार के साथ-साथ भोजन में ऊर्जा व प्रोटीन युक्त पदार्थों को अधिक मात्रा में सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस रोग में अधिकांशतरू भूख समाप्त हो जाती है। उन्हें हर 2 घंटे के अंतराल पर खाद्य पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए। क्षय रोगियों को घर का बना पौष्टिक आहार जैसे पनीर, अंडा, मिश्रित दलिया, दालें, मूंगफली की बर्फी, लड्डू, बेसन के लशड्डू, चिक्की, केला आंवला, पपीता, सहजन, आम, हरी व मौसमी सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक मात्रा में करना चाहिए। इश्क अवसर पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एमएससी की छात्राओं पुजा, अंजलि, पारुल व अन्य छात्राओं द्वारा तैयार किए गए खाद्य सामग्री पपीते के लड्डूए बेसन मूंगफली की बर्फी, सहजन, बेसन युक्त नमक पारा, पोहा, मूंगफली युक्त बिना तेल की नमकीन, आंवले से तैयार किया गया मुरब्बा आदि 15 दिनों हेतु गांवो के क्षयरोगी सर्वश्री भारती ग्राम कोटवा, हरिकेश ग्राम प्रकाश का पुरवा, रब्बुल ग्राम मंझनपुर, शांति पांडे ग्राम पांडे का पुरवा, लक्ष्मी ग्राम मवई कला, इसरत जहां ग्राम पारा पहाड़पुर, मोनू ग्राम बारेहनपुर, राम प्रसाद ग्राम कुचेरा, राजेंद्र कुमार ग्राम कोरेगांव आदि रोगियों में पोषक आहार का वितरित किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ डी नियोगी एडॉ जसवंत सिंहएजिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ अजय मोहन, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ एस एन किदवई, डॉ डीके श्रीवास्तव, डॉ पंकज श्रीवास्तव, श्री अमित कुमार, अवधेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## परिवाद निस्तारण में पू.रे. प्रथम

**गोरखपुर।** भारतीय रेल अपने उपभोक्ताओं को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। यात्रा के दौरान यदि रेल उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो उसके निस्तारण के लिए रेल प्रशासन चौबीस घंटे तैयार रहता है। 'रेल मदद' एप, 'हेल्प लाइन नम्बर-139' सुरक्षा हेल्प लाइन-182,एस.एम.एस एवं वेब के माध्यम से प्राप्त परिवादों का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। 01 से 04 जनवरी, तक पूर्वोत्तर रेलवे पर प्राप्त परिवादों का बेहद तीव्रता से निस्तारण किया गया और पूर्वोत्तर रेलवे परिवाद निस्तारण में सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम स्थान पर रहा। उक्त जानकारी देते हुए सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि 01 से 04 जनवरी, तक पूर्वोत्तर रेलवे पर कुल 110 परिवाद प्राप्त हुये और 02 पहले से पेंडिंग थे।

## मंगलवार को जिले के छह केन्द्रों पर होगा कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन

- जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में लिया तैयारियों का जायजा



एमसीएच विंग में तैयारी का जायजा लेते जिलाधिकारी व सीएमओ

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने ज्योतिबा फूले संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंच कर जनपद के 11635 स्वास्थ्य कर्मियों को लगने वाले कोविड-19 वैक्सीन हेतु जिला चिकित्सालय में स्थित सेंटर का जायजा लिया। जनपद के स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु जनपद में 6 ड्राई रन सेंटर बनकर तैयार है। इन सेंटरों में सर्वप्रथम स्वास्थ्य कर्मियों की ड्राई रन (रिहर्सल )प्रक्रिया की जाएगी। उसके उपरांत कोविड- 19 वैक्सीन आने के बाद इसे स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा। जनपद में संचालित 6 ड्राई रन सेंटर में से तीन शहरी एवं तीन ग्रामीण क्षेत्र में संचालित किया गया है। शहरी क्षेत्रों में अकबरपुर संयुक्त जिला चिकित्सालय, जलालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टांडा में सीएचसी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बसखारी सीएचसी, भीटी सीएचसी, महामाया राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय को ड्राई रन सेंटर के रूप में चयनित किया गया है। इन सेंटरों पर दो-दो बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथों पर 25-25 कर्मचारियों का कोविड-19 वैक्सीनेशन का रिहर्सल कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन कक्ष, सीसीटीवी कक्ष आदि का जायजा लिया ।व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन एवं ड्राई रन में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक सेंटरों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए ।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा संबंधित डॉक्टर की टीम मौके पर उपस्थित रही।

## 21 आयुष चिकित्सकों को प्रदान किये गये नियुक्ति पत्र

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र
- कहा, मानव कल्याण की बेहतरी के लिए नियुक्त किये गये हैं आयुष चिकित्सक



चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करतीं विधायक अनीता कमल

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री द्वारा आयुष मिशन योजना अंतर्गत प्रदेश के कुल 1100 चयनित आयुष चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया जिसमें से पांच चिकित्सा अधिकारियों को स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में ही वितरित किया गया। आयुष मिशन योजनांतर्गत जनपद में 12 क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी नियुक्त किए गए है। वहीं जनपद में 9 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष मिशन योजना अंतर्गत आयुर्वेदिक एवं यूनानी, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को मानव कल्याण के बेहतरी के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने औषधियों के गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद और होम्योपैथ के क्षेत्र में विस्तार के लिए सरकार निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विस्तार से निश्चय ही मानव का कल्याण होगा ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि औषधियों का प्रयोग मानव सदियों से करता आ रहा है। अब सरकार इसके बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है ।उन्होंने व्यायाम ,योग पर बल देते हुए कहा कि जगह-जगह सरकार निरंतर योग वैलनेस सेंटर स्थापित कर जनकल्याण के बेहतरी के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवा एवं समस्त लोग आयुष औषधियों का प्रयोग कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने चयनित नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों से उनके बेहतरीन प्रदर्शन की अपेक्षा किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में आलापुर विधायक अनीता कमल, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे ।

## चक मार्ग व तालाब की जमीन पर कब्जा कर रहा दबंग



- लेखपाल के मना करने के बाद भी जारी है कब्जा

**अम्बेडकरनगर।** तालाबों वा चक मार्ग की जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर लेखपाल द्वारा मना किए जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी रहा जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी से कर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की है ।जलालपुर थाना क्षेत्र के नगपुर के भूला पुर मोहल्ले में गाटा संख्या 970 चक मार्ग वा 963 तालाब की जमीन है जिस जमीन पर रिजवान हैदर पुत्र चिराग अली द्वारा मिट्टी पाटकर कब्जा किया जा रहा है। जिसके कब्जा होने से लोगों का आना जाना भी बंद हो जाएगा ।साथ ही तालाब की जमीन पर भी कब्जा किए जाने से समस्या होगी। इसके संबंध में हल्का लेखपाल द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने के लिए मना किया गया था परंतु उस जमीन पर दबंग रिजवान द्वारा जबरिया निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से किया गया है और उक्त चक मार्ग और तालाब की जमीन को खाली कराने के लिए तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। उप जिलाधिकारी से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार, राजेंद्र प्रसाद ,राम नयन मौर्य, सूरज कुमार, लालजी मौर्य समेत तमाम लोगों ने आपत्ति जताते हुए कार्यवाही करने की अपील की है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 5 जनवरी, 2021



# वैक्सीन लगाने की तैयारी

## अफवाहों से बचना जरूरी

**भारत** में कोरोनावायरस का मुकाबला करने वाली विभिन्न वैक्सीनों का वितरण एक अभूतपूर्व चुनौती होगी। एक सौ तीस करोड़ भारतीयों को टीका लगाना आसान नहीं है। इसीलिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों से फ्रंटलाइन व स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों की पहचान कर 'ड्राई रन' या परीक्षण तैयारी के लिए कहा है ताकि टीकाकरण के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं का पता लगाया जा सके। ये समस्यायें वैक्सीन के भंडारण या वितरण या लाखों लोगों को तेजी से वैक्सीन लगाने के दौरान सामने आ सकती हैं। शनिवार को पूरे देश में व्यापक परीक्षण किया गया। भारत में 116 जिलों के 259 स्थलों पर परीक्षण हुआ जिसमें 96,000 प्रशिक्षित वैक्सीनेटरों ने भाग लिया। हालांकि, यह समझना व्यावहारिक होगा कि इस समय सभी समस्याओं का पता नहीं चल सकता है और कुछ समस्यायें बाद में सामने आ सकती हैं जिनमें वैक्सीन के कारण लोगों में हानिकारक प्रतिक्रिया भी शामिल है। इसी कारण स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को संबोधित कर भारतीयों को चेतावनी दी कि वे टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में दुष्प्रचार का शिकार न बनें। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने देश को आश्वस्त किया है कि सरकार वैक्सीन को मंजूरी देने में किसी प्रोटोकाल का उल्लंघन नहीं करेगी। उन्होंने लोगों से टीके की सुरक्षा और प्रभावशीलता के बारे में किसी अफवाह से भ्रमित न होने की अपील की है। अतीत में हमने देखा है कि किस प्रकार खासकर एक समुदाय में पोलियो ड्राप्स के बारे में दुष्प्रचार हुआ था जो भारतवर्ष में पोलियो उन्मूलन में विलंब का कारण बना था। इसके साथ ही हमें 2000 के दशक में पोलियो अभियान की सफलता पर गर्व करना चाहिए।



हालांकि, इस बार हम जनसंख्या के केवल थोड़े से हिस्से के टीकाकरण से संतुष्ट नहीं हो सकते हैं जैसा पोलियो टीककारण के दौरान हुआ था। यदि शुरुआत में केवल फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिस कर्मियों व नगरपालिका कर्मियों तथा सशस्त्र बलों का ही टीकाकरण किया जाए तो भी केवल भारत के नगरीय व महानगरीय क्षेत्रों में लाखों टीकों की जरूरत होगी।

आने वाले समय में ऐसे अनेक लोग हो सकते हैं जिनको उपयुक्त कागजी प्रमाणों के अभाव में टीकाकरण से वंचित होना पड़े। इसके साथ ही प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की शिकायतों के साथ लोगों के अविश्वसनीय व्यवहार की खबरें भी आ सकती हैं तथा टीकों की विपरीत प्रतिक्रिया के कारण लोगों की मौतों तक की अफवाहें फैल सकती हैं। इनमें से कुछ अफवाहों से टीकाकरण कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है तथा कुछ लोग वैक्सीन को ही निरर्थक बता सकते हैं। इनमें से कुछ प्रकरणों पर इसलिए गौर करना होगा ताकि हम इन पर नजर रख सकें तथा कुछ दुष्ट तत्वों के दावों के प्रति अपनी आंखें, कान और दिमाग खुला रख सकें। हम सालों से फर्जी खबरों के प्रचार से प्रभावित हैं और यह अवधारणा लोकतंत्र को प्रभावित कर रही है। लेकिन स्वास्थ्यरक्षा के क्षेत्र में फर्जी खबरें और दुष्प्रचार घातक हो सकते हैं। ऐसे दुष्प्रचार पर लगाम लगाने के लिए न केवल फेसबुक व गूगल जैसी बड़ी कंपनियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, बल्कि मीडिया कंपनियों को भी अत्यधिक संयम बरतना होगा जैसा कि युद्धकाल में बरता जाता है। इसके अलावा सरकार को भी सूचना के प्रवाह पर भी नजर रखनी होगी। इसे मीडिया पर हमला नहीं माना जाना चाहिए, भले ही कुछ लोग ऐसा समझते हों। सफल टीकाकरण कार्यक्रम तथा जीवन में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए यह आवश्यक है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, वैक्सीनों का निर्माण करने वाली विभिन्न दवा कंपनियां तथा वैक्सीनों का वितरण करने वाली राज्य सरकारें परीक्षण के दौरान सफल होंगी। हमें उम्मीद है और हमारी प्रार्थना है कि कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आएगी तथा सभी बाधाओं से फौरन निपट लिया जाएगा। हम सबको यह समझने की आवश्यकता है कि ड्राई रन की सफलता से लाखों भारतीयों का टीकाकरण यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र शुरू हो सकता है।

# बैंकिंग एजेंटों की महत्वपूर्ण भूमिका

बिजनेस करेस्पांडेंट माडल ने दिखा दिया है कि तकनीक प्रयोग में सक्षम बैंकिंग एजेंटों का संजाल ग्रामीण गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की मदद कर सकता है।



**मोईन काज़ी**
(लेखक सुपरिचित विकास पेशेवर हैं)



फाइनेंस एक ऐसा क्षेत्र है जिसने पिछले दशकों में अनेक प्रकार से समाज परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण खोज बिजनेस करेस्पांडेंट माडल है। इससे बैंकों के रिटेल एजेंट ऐसे स्थानों पर सेवायें प्रदान कर सकते हैं जहां बैंक की कोई शाखा या एटीएम न हो। इसका मुख्य कारण यह है कि अधिकांश लेनदेन नकद होते हैं। इमारतों के भीतर नकद-आधारित सेवायें स्थापित करना कठिन और खर्चीला होता है। इस कारण राज्य स्वामित्व वाले बैंक भी भारत के ग्रामीण व गरीब इलाकों में जाने से बचते हैं। हालांकि, हालिया वर्षों में डिजिटल बैंकिंग में भारी बढ़ोत्तरी हुई है, पर नकदी अब भी अधिकांश लोगों के जीवन का आधार है। परंपरागत माडलों का प्रयोग करने के कारण कम आय वर्ग वाले ग्राहकों की बहुत कम जमा व कर्ज बैंकों के लिए लाभदायक नहीं होते हैं। सुदूर क्षेत्रों में शाखायें खोलने व एटीएम लगाने का खर्च बहुत है। अनेक ग्रामीण बैंक शाखाओं से इतनी दूर रहते हैं कि उनके लिए बैंक खाता व्यावहारिक नहीं रह जाता है। ग्रामीण ग्राहक आमतौर से बहुत कम जमा और कर्ज लेते हैं जो बिजनेस के दृष्टिकोण से आकर्षक नहीं है। भारतीय बैंकों व वित्तीय संस्थानों ने सुदूर क्षेत्रों के गरीबों की सेवा करने व मुनाफा कमाने के माडल नहीं ईजाद किए हैं। भारतीय बैंकिंग व्यवस्था के सामने अब वैकल्पिक वितरण दृष्टिकोण सामने आ रहे हैं। डिजिटल भुगतानों में वैश्विक क्रान्ति ने ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए सस्ती, सुविधाजनक व विश्वसनीय वित्तीय उपकरणों का रास्ता खोला है।

बिजनेस करेस्पांडेंट या एजेंट माडल ने तकनीक का सक्षम प्रयोग करने वाले बैंकिंग एजेंटों का नेटवर्क बनाने में सहायता की है जो विभिन्न समुदायों तक सेवाओं का विस्तार कर सकते हैं। एजेंट नेटवर्क फ्रेंचाइज़ी माडल के आधार पर व्यक्तिगत उद्यमी तैयार करता है जो प्रभावी तरीके से बैंकिंग सेवायें देते हैं। इसमें भुगतान कार्ड या मोबाइल फोन के आधार पर ग्राहकों की पहचान कर उनका लेनदेन एलेक्ट्रानिक रूप से दर्ज किया जाता है। यह पूरा ढांचा तकनीक सक्षम रिमोट बैंकिंग पर आधारित है जिसके लिए इमारतों की जरूरत नहीं होती है। यह वित्तीय परिस्थितिकी में महत्वपूर्ण तत्व है तथा कम खर्च पर बैंकों को अपना नाटकीय विस्तार करने की अनुमति देता है। यह नेटवर्क सर्विस हैंडहेल्ड उपकरणों, मोबाइल फोनों, बायोमीट्रिक स्कैनरों तथा माइक्रो एटीएम का प्रयोग करता है। इनका इस्तेमाल आधार-सक्षम भुगतान सेवाओं-एईपीएस या डेबिट कार्ड से हो सकता है। माइक्रो एटीएम का प्रयोग नकद जमा, कर्ज की अदायगी, हस्तांतरण व पैसे निकालने में क्रान्तिकारी भूमिका अदा कर सकता है।

बिजनेस करेस्पांडेंट या जमीनी उद्यमी प्रायोजक बैंक के अनुबंधित प्रतिनिधि होते हैं और उनकी ओर से खास बिजनेस करते हैं। उनको प्रायोजक बैंक से कमीशन या फीस के माध्यम से भुगतान मिलता है तथा उनको प्रशिक्षण दिया जाता है। ये एजेंट बैंकों को ग्राहक बनाने और उनकी सेवा करने में सहायता करते हैं। बैंक एजेंटों को भी बिजनेस में पूंजी निवेश करनी होती है और वे समुदाय में अपने व्यक्तिगत संबंधों व विश्वसनीयता का लाभ उठाते हैं। एजेंट द्वारा स्टार्ट अप की अधिकतम लागत उठाने के साथ ही बाद में आने वाला खर्च कमीशन आधारित होता है। एजेंट माडल कुछ गैर-वित्तीय लाभ भी प्रदान करता है। एजेंट ग्राहकों को कुछ ऐसी सुविधायें भी दे सकते हैं जो अधिकांश एटीएम द्वारा संभव नहीं हैं। यह कम तकनीकी साक्षरता वाले समुदायों के लिए खासतौर से महत्वपूर्ण है। इसकी शुरुआत 2006 में भारतीय रिजर्व बैंक ने की थी तथा उसने बैंकों को स्थानीय लोगों को गैर-बैंक एजेंट के रूप में नियुक्त करने का अधिकार दिया था जो स्थानीय समुदायों के घर-घर जाकर बैंकिंग सेवायें देते थे। एजेंट माडल किराना दूकानों, टेल्को, खानपान की दूकानों, पेट्रोल पंपों, लाटरी दूकानों, सार्वजनिक सुविधाओं व ग्रामीण नेटवर्क वाली कंपनियों के लिए लाभदायक है।

वित्तीय सेवा फर्मों को अपने बिजनेस माडलों में स्थानीय संदर्भ शामिल करने की आवश्यकता हो सकती है ताकि वे समुदायों की सफलतापूर्वक सेवा कर सकें। ये माडल समुदायों के सामने आने वाली बड़ी चुनौतियों को समझने तथा उनका सामना करने में भी सहायक हो सकते हैं। भारत जैसे विशाल एवं विविधतापूर्ण देश में बाजार की गहरी समझदारी तभी पैदा होती है जब वितरण नेटवर्क व्यापक हो तथा स्थानीय लोगों की भर्ती की जाए। ग्राहकों की बेहतर सेवा के लिए वित्तीय सेवाओं को स्थानीय बाजारों में प्रवेश करना तथा ऐसे कर्मचारी रखने होंगे जो समुदाय की आर्थिक व सांस्कृतिक बुनावट से परिचित हों। एजेंट नेटवर्क ने वर्तमान महामारी में जनता की सहायता करने वाली अग्रिम पंक्ति की तरह काम किया है। केन्द्र द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी लाकडाउन के दौरान 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' के अंतर्गत 260 बिलियन डालर का पैकेज दिया गया जो सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का लगभग 10 प्रतिशत था। एजेंटों ने इसके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की क्योंकि सरकारी सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खाते में जानी थी।

इस रास्ते से गरीब लोगों के लिए सस्ती, पहुंच वाली, सुविधाजनक व टिकाऊ वित्तीय सेवाओं की व्यवस्था व्यापक रूप से स्थापित की जा सकती है। इसमें बैंक शाखाओं से वंचित सुदूर क्षेत्रों में छोटे उद्यमी काम करते हैं, हालांकि इन क्षेत्रों में मौजूद पोस्टआफिस लक्षित ग्राहकों तक पहुंचने के प्रयास कर रहे हैं। इनके माध्यम से एजेंट खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सस्ती वित्तीय सेवायें प्रदान कर सकते हैं। कुछ ग्राहकों में इससे वित्तीय सेवाओं के प्रति ज्यादा विश्वास पैदा हो सकता है। लेकिन इस माडल के सामने कम मुनाफे की समस्या है तथा अनाकर्षक भुगतान के कारण ज्यादा एजेंट भी नहीं बनते हैं। एजेंटों को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए काफी वित्तीय जोखिम उठाना पड़ता है। मोबाइल मनी बिजनेस शुरू करने के लिए तकनीकी उपकरणों, लाइसेंसिंग व सुरक्षा धनराशि पर काफी खर्च होता है।

हालांकि, घनी जनसंख्या वाले क्षेत्रों में एजेंट नेटवर्क का विस्तार हो सकता है। सफलता के लिए यह जरूरी नहीं है कि एजेंट शहरी क्षेत्र में काम करता है या ग्रामीण क्षेत्र में। सभी बाजारों में कुछ अतिरिक्त आयाम नेटवर्क का विकास प्रभावित कर सकते हैं। इनमें रिबैलैसिंग के लिए बैंकिंग ढांचा तथा नियामक आवश्यकतायें शामिल हैं जिससे एजेंटों की भर्ती में समय लगता है। इसके साथ ही एजेंटों के साथ बेहतर संपर्क के लिए विश्वसनीय संचार नेटवर्क, पावर ग्रिड, ठीकठाक सड़कों तथा भौतिक ढांचागत संरचना की जरूरत होती है।

देश को ऐसे शिक्षित व अभिप्रेरित एजेंटों की बड़ी संख्या में जरूरत है जो प्रभावी रूप से सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले संकटग्रस्त समुदायों तक पहुंचने में दिलचस्पी लेते हों। लेकिन ऐसे ग्राहकों तक बैंकिंग सेवायें पहुंचाने तथा उनको डिजिटल सेवाओं का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु एजेंटों का कमीशन बहुत कम है। इस कारण एजेंट घनी बस्तियों तथा तुलनात्मक रूप से अच्छे पैसे वाले व पहले से संतृप्त बाजारों में काम करना पसंद करते हैं। एजेंटों के अधिक काम को देखते हुए घर-घर बैंकिंग का स्थान अब कियोस्क-आधारित बैंकिंग ने ले लिया है। भारत में सार्थक वित्तीय समावेशन के लिए बैंकिंग एजेंटों द्वारा पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवायें देना तथा देश के गरीब लोगों को गरिमा प्रदान करना जरूरी है। लेकिन एजेंटों को बैंकों के बाहर छूटे लोगों के वित्तीय समावेशन के लिए वित्तीय स्थायित्व की आवश्यकता है।

# पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना अनिवार्य

"वर्ष 2021 में, केवल उम्मीद ही की जा सकती है कि सरकार पर्यावरण क्षरण एवं जलवाय परिवर्तन से लड़ने में अपनी पूरी ताकत लगाएगी।"

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



अब क्योंकि हम 2021 में प्रवेश कर चुके हैं, कोविड-19 महामारी द्वारा पीछे छोड़ी गई मौतों व तबाही की कहानियों को मुड़कर देखने में हम कोई मदद नहीं कर सकते। वर्ष 2020 किसी भयावह स्वप्न से कम नहीं था क्योंकि दुनियाभर में सरकारें वायरस से जूझती रहीं और वैश्विक अर्थव्यवस्था रसातल में पहुंच गई और लाखों-करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए।

भारत में कोविड-19 से संघर्ष के दौरान पर्यावरण सरोकार एवं प्राथमिकताएं पीछे चली गईं क्योंकि सरकार ने अपना सारा दम घातक वायरस तथा देश पर पड़ने वाले इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से लड़ने में लगा दिया। हालिया गणना के अनुसार, भारत में कोविड संक्रमण के कुल 10,224,797 मामले थे और 1,48,190 लोगों की मौत हो वुकी थी। जबकि विश्व भर में मामलों की संख्या 81,767,026 थी और 1,784,026 लोग संक्रमण के चलते मौत के शिकार हो चुके थे।

संक्रमण की बार-बार आने वाली लहरों व कोविड-19 के कारण लगे लाकडाउन के चलते भारत की अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। बेरोजगारी के आंकड़े तेजी से बढ़कर मार्च में 6.7 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 26 प्रतिशत पर पहुंच गए, जिससे अल्पकाल के भीतर ही 140 मिलियन लोग अपनी नौकरी गंवा बैठे। उसी अवधि के दौरान, बिजनेस की गतिविधियां तेजी से गिरकर 82 प्रतिशत से 44 प्रतिशत पर आ गईं, जिसके बाद वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद में शून्य से 24 प्रतिशत नीचे तक गिरावट आ गई। असलियत में, भारतीय अर्थव्यवस्था को लाकडाउन के पहले 21 दिनों के दौरान 7-8 ट्रिलियन रुपयों का नुकसान हुआ। दुनियाभर में स्थिति अच्छी नहीं रही। एशियाई विकास बैंक द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक महामारी के कारण हुए नुकसान के लगभग 8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 9 प्रतिशत है।

महामारी के बुरे प्रभावों में कार्यबल में गिरने वाली महिलाओं की संख्या पर चर्चा बहुत कम हुई है। बहुत सी महिलाएं, जिनकी नौकरियां चली गईं अथवा भारत तथा विश्व स्तर पर महामारी के दौरान नौकरी से अवकाश पर रहीं, अब उन्हें उपयुक्त रोजगार मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, घरेलू नौकरों की अनुपलब्धता, घरेलू कामों का बोझ, देखभाल के काम एवं बच्चों की आनलाइन शिक्षा समेत बहुत से कारकों ने उन्हें महामारी के दौरान घरों पर रहने के लिए बाध्य कर दिया। अन्य कारकों ने भी अर्थव्यवस्था को अप्रत्याशित आघात पहुंचाया है जो अचानक अपने 30 प्रतिशत प्रतिबद्ध कार्यबल से वंचित हो गई है। इससे न केवल परिवारों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है बल्कि लैंगिक समानता को भी धक्का लगा है। भारत में विद्यमान निराशाजनक लैंगिक समता परिदृश्य में महिलाओं के लिए वर्तमान माहौल में नौकरी पाना कठिन हो गया है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन असाधारण परिस्थितियों ने सरकारी विभागों को हलाकान कर दिया है और अतिशय बोझ से लदी प्रशासनिक मशीनरी अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान में देने में असमर्थ है जो महामारी से पहले ही नाजुक हालत में थे।

बढ़ते ग्रीनहाउस उत्सर्जनों के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन से पैदा पर्यावरण क्षरण एक विवादास्पद मुद्दा रहा है, जिसको लेकर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वाद विवाद चलते रहते हैं। हालांकि, कोरोनावायरस ने इन सब पर रोक लगा दी है। जीर्ण-शीर्ष पर्यावरण के लिए यह अत्यंत घातक स्थिति है। महामारी का हमला होने से पहले, पर्यावरण की बिगड़ती हालत एवं जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डाल रहा था। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कि 1998-2018 के बीच की अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था को जलवायु परिवर्तन के कारण दो दशकों में 79.5 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। यह तथ्य पर्यावरण की दयनीय दशा को रेखांकित करता है और इसका खामियाजा अर्थव्यवस्था को भुगतना पड़ रहा है।

महामारी ने हमें बहुत वे कष्टदायक एवं महंगे सबक सिखाए हैं साथ ही साथ हमारे देश की निर्बलताओं एवं ताकत को भी उजाकर किया है। इस मुसीबत के बीच, एक आशावादी भारत को चमकीली रेखा खोजनी होगी ओर पर्यावरण के हित को ध्यान में रखकर भावी रास्ता निर्धारित करना होगा। महामारी की ग्रभीरता ने हमें ऐसा श्रेष्ठ प्रतिक्रियात्मक कार्यतंत्र विकसित करने के लिए बाध्य किया है जो कुछ हद तक संक्रमण के प्रसार को रोकने में सक्षम हो, जिसने हमें वैक्सीन विकसित करने का समय दिया है। अब वही दृढ़संकल्प जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन, पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ विकास के प्रति भी दर्शाए जाने की आवश्यकता है।

जहां तक संभव हो, कोविड-19 महामारी से निबटने के लिए अपनाई गई रणनीतियों को पर्यावरण क्षरण की समस्या से निबटने में भी अपनाया जाना चाहिए। रोगाणु से लड़ने में पहली अवस्था है समस्या को स्वीकार करना। जैसे ही महामारी का हमला हुआ, प्रभावित देशों, खासकर भारत, ने तेजी से समस्या को पहचाना और उसका निवारण करने के लिए तैयार हो गया। अब वही रणनीति पर्यावरण क्षरण एवं अंधाधुध दोहन से निबटने में भी अपनाई जानी चाहिए। हमें प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन द्वारा पेश की गई समस्या की गहराई को सक्रिय होकर समझने व स्वीकार करने की आवश्यकता है।

दूसरे, कोविड-19 के प्रसार में सरकार तथा आमजन के बीच संप्रेषण का स्तर बढ़ा दिया है। इसके कारण महामारी को लेकर जन जागरूकता बढ़ी है और यह सुनिश्चित करने में मदद मिली है कि समुदाय के प्रत्येक सदस्य को संक्रमण तथा सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया जा सके। यह भारत में अब तक संचालित सबसे विशाल जागरूकता कार्यक्रमों में से एक है। मगर सरकार द्वारा ऐसा ही जन जागरूकता कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रारम्भ किया जाना होगा।

## आप की बात

### एक देश, एक चुनाव

**एकसाथ** चुनाव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार संभवत: ज्यादा समग्र है। भाजपा के चुनाव घोषणापत्र 'संकल्प पत्र 2019' में संसद, राज्य विधानसभाओं तथा स्थानीय संस्थाओं के एकसाथ चुनाव करने की बात कही गई है ताकि 'खर्च घटे, सरकारी संसाधनों व सुरक्षा बलों का सक्षम प्रयोग हो तथा प्रभावी नीति नियोजन हो'। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले चुनाव एकसाथ 1952 में हुए थे। यह व्यवहार 1957, 1962 व 1967 तक जारी रहा। लेकिन कुछ राज्य विधानसभाओं के 1968 व 1969 में समय पूर्व भंग होने से यह स्थिति बदली। इसके बाद छठी, सातवीं, नवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं व तेरहवीं लोकसभायें समय से पहले भंग हो गईं। अब यदि पुन: एक साथ चुनाव कराने की ओर कदम उठाया जाता है तो हर तरह से देशहित में ही होगा। भारी भरकम खर्च बचेगा जिसका इस्तेमाल गरीबों हेतु कल्याणकारी कार्यक्रमों में किया जा सकता है। वर्तमान समय में 'एक देश एक चुनाव' भी प्रतिबद्धता के बजाय केवल बहस का मुद्दा है। सत्तारूढ़ पार्टी भी जानती है कि यदि चार या पांच राज्यों की त्रिशंकु विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ कराने हों तो स्थिति से निपटना कठिन होगा।

– **विमल चंद्रा**, लखनऊ

### कोरोना योद्धाओं को सलाम

**मोर्चे** पर डाक्टरों और स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों का डटे रहना प्रेरणादायक है। कोविड-19 के दुनिया पर हमले से नए विजेता सामने आए और हालीवुड के करिश्माई विजेताओं का जादू समाप्त कर दिया। भस्मासुर की तरह उभरे कोरोनावायरस के खिलाफ संघर्ष युद्ध से कम नहीं था। डाक्टरों, नर्सों व स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों ने असंख्य जीवन इस तथ्य के बावजूद बचाए कि उनको इस प्रकृति के वैश्विक युद्ध से लड़ने का प्रशिक्षण नहीं प्राप्त था। उन्होंने स्वयं को प्रतिबद्ध व निस्वार्थ पेशेवरों की तरह पेश किया और वे निश्चित रूप से इस वर्ष अथक रूप से अज्ञात शत्रु के विरुद्ध लड़ने वाले योद्धा सिद्ध हुए, उन्होंने मोर्चे पर जान गंवाई और युद्ध लड़ने के लिए फिर उठ खड़े हुए। लेकिन इसके बावजूद डाक्टरों के साथ पूरा न्याय नहीं हुआ है। उनके लगातार काम करने के बारे में बात नहीं हुई है जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अपनी थकान भुला दी है तथा वायरस के रूप बदलने और उसकी नई लहरें आने से उनकी लड़ाई अभी जारी है। डाक्टरों ने कई सप्ताह लगातार काम किया, कुछ ने महीनों तक परिवार के दर्शन नहीं किए, जबकि अनेक स्वयं अन्य बीमारियों से पीड़ित होते हुए भी गंभीर संक्रमितों का इलाज करते रहे।

– **जावेद अहमद**, कानपुर


### सकारात्मक संकेत

**कश्मीर** में लोकतंत्र की विजय हुई है। स्थानीय निकाय चुनावों में फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले गुपकार गठबंधन के बेहतर प्रदर्शन से स्पष्ट है कि परंपरागत नेता अब भी जनता की पसंद हैं। भाजपा 74 सीटें जीत कर अकेली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और उसे जम्मू में हिंदू मतदाताओं का भारी समर्थन मिला है। लेकिन घाटी में उसका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा है जहां उसने श्रीनगर, बांदीपुर व पुलवामा में विजय पाई है। उसका दावा है कि यह कश्मीर को मुख्यधारा में शामिल करने की उसकी साहसी रणनीति का परिणाम है जिसका समर्थन बड़ी सीमा तक जनता ने किया है। जिन सीटों पर भाजपा को विजय मिली है उनसे स्पष्ट है कि वह विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हुई है। यह कश्मीर के बदले दर्जे की बढ़ती स्वीकार्यता का भी प्रतीक है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से भाजपा प्रवक्ताओं ने घाटी में 'कमल खिलने' का दावा किया है। यह एक सकारातमक रुझान है जो आगे फलदायी होगा।

– **संजीता शर्मा**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**राज्य,** व्यवस्था और संसाधन पहले जैसे ही हैं, केवल सरकार बदली और अब सकारात्मकता दिख रही है क्योंकि सरकार विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**धारणा** व्याप्त है कि बंगाल चुनावों में रक्तपात होता है। लोगों को भय है कि आगामी चुनावों में हिंसा बोलबाला हो सकता है।

–**जगदीप धनखड़**
पश्चिम बंगाल के राज्यपाल



**राज्यपाल** हर दिन टिप्पणी करने के लिए स्वयं को बाध्य महसूस करते हैं। वो भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता की तरह बोलते हैं।

– **पार्थ चटर्जी**
शिक्षा मंत्री पश्चिम बंगाल

# राज्यपाल आनंदीबेन ने टीबी रोग से लड़ाई में उद्यमियों की भूमिका को उकेरा

● राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लेने की बात कही



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**तीन दिवसीय** वाराणसी दौरे के दूसरे दिन प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सर्किट हाउस सभागार में नगर के साड़ी इंडस्ट्री व माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) उद्यमियों संग बैठक किया। इस दौरान उन्होंने टीबी रोग ग्रसित बच्चों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेकर उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामाजिक स्ंसाथाओं को दायित्व का बोध कराया। राज्यपाल ने एमएसएमई उद्यमियों से टीवी रोग से ग्रस्त बच्चों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेकर समाज का सहयोग की अपील किया है। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना कॉल में लोगो का सहयोग करने के लिए किसी को निमंत्रण नहीं दिया गया था, किंतु संस्कृति के अनुरूप लोग स्वयं ही सहयोग के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। कुपोषित बच्चों से विकसित देश कैसे बनेगा? सरकार लोगों के जीवन स्तर को सुधारने एवं सामाजिक कार्यों को कर रही है। लेकिन इस कार्य में समाज के उद्यमियों एवं प्रबुद्ध जनों को भी आगे आगर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा। 2030 तक दुनिया को टीवी से मुक्त करने की घोषणा की गई है लेकिन पीएम मोदी ने इस लक्ष्य को वर्ष 2025 तक पाने का संकल्प लिया है।

जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा कहा कि टीवी रोग से ग्रस्त बच्चों को समय से दवा व पौष्टिक आहार मिले तो वे 6 माह में रोग मुक्त हो जाते हैं। टीवी के मरीजों को घर-घर जाकर चयनित करने का उत्तर प्रदेश सरकार ने अभियान चलाया है। राज्यपाल ने उद्यमियों से आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेकर वहां पर बच्चों को बैठने के टेबुल, बेंच, किताबें एवं खिलौना आदि उपलब्ध कराने की बात कही। प्रदेश के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। बनारसी साड़ी निर्माता सर्वेश श्रीवास्तव ने आय का 10 फीसद धनराशि टीवी रोग से ग्रस्त बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के सहायतार्थ उपलब्ध कराने की बात कही।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीएचयू स्थित विज्ञान संस्थान में जिला प्रशासन एवं विद्या भारती के सहयोग से आयोजित आगनवाड़ी के तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मंत्री स्वाति सिंह ने राज्यपाल स्वागत किया। अपने संबोधन में मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि विद्या भारती के साथ आगनवाड़ी का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्यपाल महोदया की प्रेरणा से हो रहा है। सेवापूरी ब्लॉक में आंगनवाड़ी का कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय हो रहा है। उन्होंने कहां की यह प्रशिक्षण उपयोगी होगा और नई शिक्षा नीति लागू करने में काशी प्रथम होगी। उन्होंने आगनवाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा भी की वह जैसे अपने बच्चों के साथ रहती हैं, उसी भावना के साथ आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ उन्हें संस्कारित, अच्छे भाव व शिक्षा दें। इस अवसर पर शिक्षा भारती के पदाधिकारी गण व विभागीय अधिकारी गण तथा लगभग 350 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चाइनीज मंझा बहिष्कार की छात्राओं ने ली शपथ



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मकर संक्रांति** पतंगों का पर्व को देखते हुए विगत कई वर्षों से लोगों के जान के साथ-साथ पशु पक्षियों के घायल एवं मौत का कारण बन गए जानलेवा चाइनीज मंझे के रोक पर कड़ाई से पालन करने की मांग को लेकर भैरवनाथ स्थित वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शपथ लिया। सामाजिक संस्था सुबह ए बनारस क्लब के बैनर तले आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर मुक्ता पाण्डेय के नेतृत्व में छात्राओं ने हाथ में पतंग लेकर चाइनीज मंझा बहिष्कार की शपथ ली। इस मौके पर छात्राओं ने भईया मेरे याद रखना चाइनीज मंझे का बहिष्कार करना के नारे लगाए। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डा मुक्ता पांण्डेय ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व पतंग उड़ाया जाता है जो परिंदो ओर राहगिरों के लिए जान पर बन आती है। गौरतलब है कि पूर्व में कई लोगों को घायल एवं कई लोगों का जान लेने वाला कातिल मंझा विगत तीन-चार महीने पहले एक मासूम बच्ची की जान ले चुका है। कातिल चाइनीज मंझे से प्रायः दुर्घटना की खबरें आती हैं। छात्राओं ने प्रशासन से इसकी बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश जायसवाल, क्लब के संरक्षक समाजसेवी विजय कपूर, नंद कुमार टोपी वाले, अनिल केसरी सहित सैकड़ों छात्राएं शामिल रहीं।

## क्विक न्यूज

### कोरोना वायरस लड़ाई में मास्क पहनने का प्रोत्साहन अभियान

**वाराणसी।** कोविड 19 महामारी के दौरान सेहत और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के नंबर वन डिटर्जेंट पाउडर घ्षडी के निर्माता एवं विपणनकर्ता आरण् एस पी एल ग्रुप ने अपना नया अभियान बचाव में ही समझदारी है शुरू किया। घड़ी अपनी पैकेजिंग के माध्यम से ऐसी जागरूकता पैदा करने वाली भारत की पहली कंपनी है। पैकेजिंग के माध्यम से देश की अपनी तरह की पहली जागरूकता पहल का लक्ष्य 10 करोड़ भारतीय घरों तक पहुंचना है। उन्हें हमेशा फेस मास्क पहनने का याद दिलाई जाएगी ताकि वे अधिक जिम्मेदार बनें और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध रहें।

### अविरल गंगा-निर्मल गंगा का लिया संकल्प

**वाराणसी।** सोमवार को गंगा घाटों पर स्वच्छता के गगनभेदी उद्घोष सुनाई पड़े ? । मौका था नमामि गंगे द्वारा आयोजित स्वच्छता पदयात्रा का । भारत माता की जय संग हाथों में तिरंगा और स्वच्छता का संदेश देती तख्तियां नव वर्ष का है संकल्प अविरल गंगा निर्मल जल, सबका साथ हो गंगा साफहो । हम सबने ये ठाना है गंगा स्वच्छ बनाना है गंदगी है तो बीमारी है सफाई है तो स्वास्थ्य है के नारों से राजेंद्र प्रसाद घाट से दरभंगा घाट तक का क्षेत्र गूंज उठा । संयोजक राजेश शुक्ला की अगुवाई में सभी ने घाटों और गंगा किनारे की स्वच्छता का संकल्प लिया । राजेश शुक्ला ने कहा कि भगवान शिव जगत हित में गंगा को अपनी जटाओं में समाहित करके पृथ्वी पर लाएं है । गंगा सदियों से भारत के हित में कार्य कर रही हैं । गंगा किनारे ही हम भारतवासियों के चेतना के पल जागृत हुए हैं । गंगा हमारी आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों हैं । गंगा और घाटों की स्वच्छता बनाए रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है । आयोजन में प्रमुख रूप से शिवदत्त द्विवेदीए शिवम अग्रहरीए रामप्रकाश जायसवालए सीमा चौधरीए प्रीति जायसवाल एसारिका गुप्ताए सीमा साहू आदि उपस्थित रहे

### चोरों ने शटर का ताला तोड़ पार कर दी नगदी

**मौरावां उन्नाव।** रविवार रात थानाक्षेत्र के गांव हिलौली मे परचून की दुकान के शटर का ताला तोडकर अज्ञात चोरो ने 85 हजार नकद पार कर दिये।पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। हिलौली के मोहल्ला अभईसागर निवासी दीपक कुमार गुप्ता पुत्र नंदकिशोर की ब्लाक चौराहे के निकट परचून की दुकान है।रविवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। रात मे अज्ञात चोरें ने शटर का ताला तोडकर अंदर गल्ले मे रखे 85 हजार की नकदी उठा ले गए। सुबह दुकान खोलने गए दीपक ने शटर का ताला टूटा देखा तब घटना की जानकारी हुई।पीडित ने अज्ञात चोरो के विरुद्ध पुलिस को तहरीर सौपी है।

### तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में आज बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। उन्नाव बार अध्यक्ष राम शंकर यादव ने सभी पदाधिकारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के बीते चुनाव में अध्यक्ष विष्णुकांत मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्रा, महामंत्री छोटेलाल, कोषाध्यक्ष रवि कनौजिया,कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, संयुक्त मंत्री सुरेंद्र बाबू व प्रभात मिश्रा व अरविंद कुमार तथा गवर्निंग काउंसिल सदस्य शिव कुमार, गिरीश कुमार अग्निहोत्री, अजीत शुक्ला व शैलेंद्र कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। आज उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशंकर यादव ने तहसील सभागार में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला,उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार,मंत्री जितेन्द्र सिंह, तहसीलदार रश्मि सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा मंच पर मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के दौरान आफताब हैदर, कृष्णकांत कनौजिया,मुजम्मिल, मनोज सेंगर ,मनोज गौतम,कमल कांत तिवारी, प्रतीक कटियार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। समारोह का संचालन पूर्व मंत्री सुभाष चंद्र शुक्ला ने किया।

### माइनर कटने से सैकड़ों बीघे फसल हुई जलमग्न



**चकलवंशी उन्नाव।** सफीपुर तहसील क्षेत्र के जोधाखेडा माइनर कटने से करीब सैकडों बीघा फसल जल मग्न हो गई। ग्रामीणों ने तहसील प्रसाशन को सूचना दी। तहसील क्षेत्र के हरदोई ब्रांच शारदा नहर से गोपालपुर- पुरवा माइनर गया है। मेथीटीकुर के पास माइनर में खांदी कट गई। मेथीटीकुर के रामसेवक, पिंटू, नीतू पाठक, सुरेश यादव, सूघर, कल्लू यादव, मनोज तिवारी, बालकृष्ण शुक्ला आदि किसानों ने बताया कि माइनर की सही सफाई नहीं कराई जाती है प्रति वर्ष खांदी कटजाती है जिससे फसल का नुकसान होता है। सोमवार की बीती रात खांदी कटी अभी तक नहर विभाग का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। वहीं लकड़ी ठेके दार ताहिर, शमीम व रवि ने यूकेलिप्टस के पेड़ कटवाया था। शमीम ने कहा कि पानी में पूरी लकड़ी डूब गई मजदूरों से पानी से ट्रक पर लोड कराया जा रहा है।

### दिव्यांग महिला का अंत्योदय राशन कार्ड किया खारिज

**बांगरमऊ उन्नाव।** ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर गांव की एक आंख से दिव्यांग महिला का अंत्योदय राशन कार्ड खारिज कर ऐसे परिवार की महिला के नाम जारी कर दिया। जिसके पास 15 बीघा खेतिहर भूमि और पक्का मकान है। दिव्यांग महिला ने जिलाधिकारी से जांच कर अंत्योदय राशन कार्ड खारिज करने वाले कर्मचारी के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार निवासी दिव्यांग महिला मूला देवी पत्नी स्वर्गीय मूलचंद्र द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायती पत्र के अनुसार वह दोनों आंखों से अंधी है। उसके परिवार के नाम मात्र दो बीघा गंगा बाढ़ क्षेत्र में भूमि है। उसके पास भरण पोषण का अन्य कोई जरिया नहीं है। इसीलिए सरकार द्वारा कई वर्ष पूर्व उसके नाम अंत्योदय कार्ड जारी किया गया था। लेकिन अभी कुछ माह पूर्व ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से उसका अंत्योदय राशन कार्ड खारिज कर दिया गया और यह राशन कार्ड गांव की ही सावित्री देवी के नाम जारी कर दिया गया। जबकि सावित्री देवी के परिवार के नाम करीब 15 बीघा खेतिहर भूमि है। उसका पक्का मकान भी बना हुआ है और मोटरसाइकिल धारक भी है। राशन कार्ड खारिज हो जाने के चलते दिव्यांग महिला भुखमरी की कगार पर जा पहुंची है। दिव्यांग महिला ने जिलाधिकारी से खारिज राशन कार्ड पुनः बहाल किए जाने की मांग उठाई है।

# कांग्रेस के पार्षद ने कड़ाके की ठंड में गरीबों को बांटे कम्बल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सरैयां में** पार्षद हाजी ओकास अंसारी के प्रयास से अमरपुर बतलोहिया, जलालीपुरा,पुरानपुला क्षेत्र में सोमवार को 100 गरीब और जरूरत मंद लोगो को इस कड़ाके की ठंड में कम्बल वितरण बुनकर बिरादराना तंजीम चौदहों के सरदार हाजी मक़बूल हसन साहब के हाथों किया गया । इस मौके पर सरदार मक़बूल हसन साहब ने कहा कि आज हम लोगो ने एक छोटा सा प्रयास किया है कि इस कड़ाके के ठंड में हम सब गरीब और जरूरत मंदो की मदद कर सके जो प्रयास हम सब पहले भी किये है और इंशाहअल्लाह आजभी करेंगे मैं हाजी ओकास अंसारी को मुबारक बाद देता हूं कि इनके प्रयास से और लोगो की मदद आज 100 जरूरत मंदो को इस कड़ाके की ठंड में कम्बल वितरण किया गया कम्बल पाने जे जो खुसी लोगो के चेहरे पर मिलती है वो अनमोल है । आज इस मौके पर प्रमुख रूप से मौजूद हाजी सैय्यद हसन, इकवाल बाऊ, अब्दुल रब, यासीन, जावेद वारसी, समीम अंसारी, फारूक भाई आदि लोग मौजूद थे ।

# अखाड़ा परिषद रचनात्मक कार्यों पर दे ध्यानः स्वामी लक्ष्मी नारायण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने दी सलाह

●कहा, उप देवता हैं किन्नर, किसी के मान्यता की जरूरत नही



**अखिल** भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि के बयान के बाद से किन्नर अखाड़ा के संन्यासियों में आक्रोश है। किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने महंत नरेंद्र गिरि की गलत बयानबाजी पर जवाब देते हुए कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि विवादित व्यक्ति हैं। वह सदैव विवादों में रहते हैं। कभी अपने बयान से तो कभी अपने काम से। आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष

को रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगने की सलाह दी है। कहा है कि किन्नर उप देवता की श्रेणी में आते हैं उनको किसी के मान्यता की जरूरत नही है। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाड़ा और जूना अखाड़ा का आपसी समझौता है। प्रयागराज में वर्ष 2019 में कुंभ मेला में किन्नर अखाड़ा ने शाही स्नान किया था। क्योंकि कुंभ मेले में शाही स्नान की अनुमति सभी को नहीं मिलती है। कुंभ के पूर्व मान्यता देने पर विवाद भी उठा था लेकिन बाद में सब कुछ सामान्य हो गया और शाही स्नान की अनुमति किन्नरों को मिल गई। प्रयागराज में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की शुक्रवार को हुई बैठक में किन्नर अखाड़ा की मान्यता को लेकर प्रश्न उठाए गए थे। बैठक में 13 अखाड़ों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि के बयान से विवाद उत्पन्न हो गया है। किन्नर अखाड़ा के अध्यक्ष आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान के बाद से किन्नर अखाड़ा के संन्यासियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ में किन्नर समाज को मान्यता दी गई थी। इसके बावजूद कुछ पदाधिकारी अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा किन्नर अखाड़ा किसी का मोहताज नहीं है। हरिद्वार कुंभ में उत्तराखंड सरकार समुचित सुविधाएं किन्नर अखाड़ा को देगी और वहां शिविर जरूर लगेगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष सनातन धर्म को मजबूत करने और धर्म परिवर्तन को रोकने एवं गरीबों की मदद के लिये आगे आएं और विवादित बयान न देकर विवादों से बचें। एक संत महात्मा को विवादों से बचना चाहिए। वहीं दूसरी ओर अखाड़ा परिषद के महामंत्री जूना अखाड़ा के संरक्षक महंत हरि गिरि महराज हैं। वह सनातन धर्म को मजबूत कर रहे हैं वह किसी भी विवाद में नही पड़ते हैं।

# माफिया अतीक के एक और करीबी असलम मंत्री के आलीशान मकान पर चला बुल्डोजर

● अहमदाबाद जेल में बंद है पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद का करीबी असलम उर्फ मंत्री

**प्रयागराज।** धूमनगंज के कसारी मसारी रोड पर रहने वाला असलम उर्फ मंत्री के घर पर आज बुल्डोजर चला। माफिया अतीक अहमद के करीबी असलम के मकान पर पीडीए अफसरों की अगुवाई में कार्यवाही हुई। पीडीए अधिकारियों के मुताबिक आलीशान मकान को अवैध तरीके से बनाया गया था। मकान का नक्शा पीडीए से नहीं पास कराया गया है। प्रदेश सरकार के माफिया के खिलाफसख्त रुख के बाद से ही प्रयागराज में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक दर्जनों माफिया के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा चुका है। इसी क्रम में सोमवार को माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबी असलम उर्फ मंत्री के मकान पर कार्यवाही हुई। दोपहर में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी असलम मंत्री के धूमनगंज में कसारी मसारी रोड स्थित आलीशन मकान पर पहुंची । लेकिन मामले की कोर्ट में सुनवाई के चलते कार्रवाई के लिए इंतजार किया गया। लेकिन शाम चार से जेसीबी से मकान ढहाई की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रही। पीडीए से बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कराया गया। अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद का करीबी असलम उर्फमंत्री धूमनगंज में कसारी मसारी रोड का रहने वाला है। पीडीए अफसरों के मुताबिक आलीशान मकान को अवैध तरीके से बनाया गया है। मकान का नक्शा प्रयागराज विकास प्राधिकरण से नहीं पास कराया गया है। इसके चलते सोमवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ असलम उर्फ मंत्री के धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी मसारी रोड स्थित मकान को गिराने पीडीए की टीम पहुंची। लेकिन मामले में कोर्ट में सुनवाई होने के कारण कार्रवाई के लिए इंतजार किया गया। शाम लगभग चार बजे से पीडीए की जेसीबी असलम के मकान को ढहाने में जुट गई।

# हिंदुस्तानी एकेडमी ने विभिन्न पुरस्कारों के लिए मांगे आवेदन

**प्रयागराज।** हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किए जाने वाले शिखर सम्मान गुरु गोरक्षनाथ सम्मान गोस्वामी तुलसीदास सम्मान संत कबीर दास सम्मान तथा प्रादेशिक स्तर पर वर्ष 2020 में प्रकाशित पुस्तकों पर दिए जाने वाले सम्मान यथा भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्मान महादेवी वर्मा सम्मान फिराक गोरखपुरी सम्मान भिखारी ठाकुर भोजपुरी सम्मान बनादास अवधि सम्मान कुंभन दास ब्रजभाषा सम्मान ईसुरी बुंदेली सम्मान के साथ ही चार विधाओं कविता कथासाहित्य निबंध एवं नाटक के लिए हिंदुस्तानी एकेडमी युवा लेखन सम्मान हेतु साहित्यकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए हिंदुस्तानी एकेडमी के सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त सम्मानों हेतु संस्तुतियां एवं आवेदन निर्धारित प्रारूप पर पुरस्कार संबंधी शीर्षक से सचिव हिंदुस्तानी एकेडमी बारह डी कमला नेहरू मार्ग प्रयागराज के पते पर अंतिम तिथि 25 जनवरी 2020 पहुंच जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों से संबंधित समस्त जानकारी हिंदुस्तानी एकेडमी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ज्ञातव्य हो कि वित्त एवं लेखा संवर्ग के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी के साथ ही हिंदुस्तानी एकेडमी के सचिव का पदभार भी कुशलता से निर्वहन कर रहे हैं।

# जिला पंचायतराज अधिकारी कर रहे भ्रष्टाचारियों का बचाव

● डीएम और सीडीओ की कार्यवाही के आदेश को दबाने पर आक्रोष

**प्रयागराज।** कौंधियारा विकास खण्ड के ग्राम चकघनश्यामदास में विकास कार्यों में की गयी घोर अनियमितता की शिकायत के बावजूद आज तक मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। जबकि जांच रिपोर्ट में प्रधानपति और सचिव को दोषी बताया गया है। डीएम और सीडीओ ने दोषियों के खिलाफकार्यवाही का आदेश डीपीआरओ को दिया है लेकिन आरोप है कि डीपीआरओ फाइल को दबाकर दोषियों को बचाने में लगे हुए हैं। इसकी शिकायत श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग के मंत्री से की गई थी। जिस पर मंत्री द्वारा संदर्भित ग्राम पंचायत की जांच हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को नामित किया गया था। आरोप है कि जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में सचिव अरूण पौडवाल एवं प्रधान पति मो अख्तर को दोषी पाया है।जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी को सम्बन्धित के विरुद्ध तीन दिवस के अंदर विधिक एवं अन्य कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कहा जा रहा है कि जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। आरोप है कि दोषियों से मिलीभगत कर मामले को रफा दफा किया जा रहा है। शिकायत कर्ता सगीर अहमद पुत्र रज्जन अली निवासी चकघनश्यामदास द्वारा अनियमितता की सूची भी सौंपी है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय मरे हुए व्यक्तियों को आवंटित करना तथा नवीनीकरण के नाम कई कार्य दर्शा कर फर्जी भुगतान हो गया है। इससे गांव वालों में आक्रोश व्याप्त है।

# जीएम एनसीआर विनय कुमार त्रिपाठी ने की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**महाप्रबंधक** उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर ट्रेन संचालन में सुरक्षा आधारभूत संरचना विकास मानव संसाधन विकास और व्यय नियंत्रण उपायों की समीक्षा की। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सूबेदारगंज में महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी की पहली समीक्षा बैठक में एनसीआर के प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रयागराज झांसी और आगरा मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक शामिल हुए। जबकि अन्य अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। 27 अक्टूबर से महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के पद पर कार्यरत वी के त्रिपाठी ने एक जनवरी को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद का अतिरिक्त भार संभाला। श्री त्रिपाठी को रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और विभिन्न जोनल रेलवे और रेलवे बोर्ड में महत्वपूर्ण सामान्य प्रशासन के पदों पर कार्य करने का तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। वर्ष 2014.2016 मध्य विनय कुमार त्रिपाठी ने मण्डल रेल प्रबंधक इलाहाबाद के महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया है। श्री त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के लिए ट्रेन परिचालन में सुरक्षा पहली और प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे के रखरखाव और संचालन के लिए मानक प्रणालियाँ उपलब्ध हैं और संरक्षित रेल संचालन के लिए बिना किसी अपवाद के सभी स्तरों पर इनका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने सुरक्षित और कुशल ट्रेन परिचालन के लिए पर्यवेक्षकों और अधिकारियों के लिए फील्ड में और तकनीकी निरीक्षणों की गुणवत्ता पर जोर दिया।

श्री त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे के ऊपर नई दिल्ली हावड़ा और नई दिल्ली मुंबई ट्रंक मार्गों पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने ट्रैफिक ब्लॉक की योजना बनाने में व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। जिससे महत्वपूर्ण कार्य के निष्पादन के दौरान ट्रेन परिचालन पर न्यूनतम प्रभाव के साथ इस कार्य को समय पर सम्पन्न किया जा सके। उन्होंने ट्रेनों की गतिशीलता में सुधार स्टेशनों और ट्रेनों में दि०?यांगजन के लिए जरूरी सुविधाओं लोडिंग में वृद्धि और यात्री सुविधाओं में सुधार संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की भी समीक्षा की।

# कोतवाली की बाउंड्री तोड़ अंदर पहुंचा ट्रक

**नवाबगंज उन्नाव।** अगर आप दिन रात किसी भी समय कोतवाली सूचना या प्रार्थना पत्र देने गये है तो थोड़ा सतर्क होकर जाये। हाइवे पर स्थित इस कोतवाली में कभी भी कोई वाहन बाउंड्री तोड़कर आपको निशाना बना सकता हैं। जानकारी के मुताबिक कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर बीती रात अचानक अजगैन मोहान मार्ग पर मुड़े ट्रक को बचाने के चलते फलों से लोड दूसरा ट्रक अनियंत्रित होकर अजगैन कोतवाली परिसर की बाउंड्री तोड़ कर अंदर पहुंच गया। गलीमत रही कि इस दौरान कोई चपेट में नहीं आया। जानकारी के अनुसार नासिक से फल लादकर लखनऊ के लिए निकला ट्रक बीती देर रात राजमार्ग से मोहान जाने वाले मार्ग पर अचानक मुड़े दूसरे ट्रक को बचाने के चलते अजगैन कोतवाली परिसर की बाउंड्री वॉल में घुस गया। एकदम से आवाज सुनकर पुलिस के सिपाही मौके पर पहुंचे जहां जेसीबी से ट्रक को बाहर निकलवाया गया। बताया जाता है कि पूर्व में भी कई हादसें इस तरह के हो चुके है। अजगैन कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि वाहन स्वामित्व को सूचना दी गई हैं उनके आने के बाद आगे की कार्यवाही की तय की जायेगी।

# दशकों से कल्याणी नदी के अस्तित्व पर मड़रा रहा खतरा



**फतेहपुर 84 उन्नाव।** उन्नाव जिले की नदियों में गंगा के बाद कल्याणी नदी का नाम आता है। सदियों पूर्व कल्याणी नदी का हरदोई से उन्नाव के मध्य कटरी के इलाका में उद्गम हुआ था तो कृषकों में मानो खुशहाली बरसी थी। कल्याणी नदी अन्नदाता कृषकों में फसल उत्पादन के लिए सींच का सुगम त्रोत रही है। लेकिन प्रकृति के हो रहे दोहन ने कल्याणी नदी के स्वरूप को ही बिगाड़ रखा है। वर्षा ऋतु में नदी के जल के उफान से जहां ग्रामीणों को बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रीष्म ऋतु में यह नदी लगभग पूरी तरह सूख जाती है। पिछले कई दशकों से जो स्थिति है उससे कल्याणी नदी के अस्तित्व को लेकर ही खतरा बढ़ता जा रहा है। नदी में जल प्रवाह का स्थान जंगली घासफूस के साथ लोगों नें अपने खेतों से कल्याणी नदी की भूमि में बढ़ाकर उसका धीरे धीरे अस्तित्व ही समाप्त कर दिया है।

हरदोई जिले से निकली यह नदी तहसील बांगरमऊ के ब्लाक गंजमुरादाबाद के ग्राम लोनारी से प्रवेश करती है। यहां से यह बांगरमऊ के मदार नगर, कमलापुर आदि ग्रामों से होते हुए उन्नाव तहसील के ग्राम देवीपुरवा मरौंदा बिठूर के पास गंगा नदी में मिल जाती है। लगभग 40 किमी की इस परिधि में बांगरमऊ तहसील के गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, फतेहपुर चौरासी, सफीपुर ब्लाक के एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों के लोग बाढ़ के समय में इससे प्रभावित होते हैं। वर्षा के दिनों में यदि गंगा नदी में बाढ़ आ गई तो कल्याणी इस क्षेत्र के लोगों में कल्याणी न होकर चंडी बन कर बहने लगती है। क्षेत्र के हफीजाबाद, दौलतपुर, शाहपुर खुर्द, गोरीमऊ, फतेहपुर चौरासी, जमुरुद्दीनपुर, सूसूमऊ, ददलहा, कंसाखेड़ा, करीमाबाद, शेरपुर, सेवापुरवा, रूपपुर, जमुनिहा, पाल्हेपुर आदि ग्रामों में इसका प्रकोप रहता है। लेकिन जब बाढ़ नहीं होती और गर्मी के दिन होते हैं तो पूर्व में कभी इसकी धार के पानी से निकटवर्ती ग्रामों के किसानों को खेत सींचने का लाभ भी नहीं मिलता है। इसके साथ ही कल्याणी नदी के क्षेत्र के किनारे किसान कल्याणी नदी की जमीन को अपने खेतों में मिलाकर कल्याणी नदी का अस्तित्व समाप्त करनें में लगे हैं।

# गरीबों और बेसहारों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्यः कटियार

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम दसगवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने करीब चार सैकड़ा गरीब वृद्धों और विधवाओं को भीषण ठंड से निजात हेतु कंबल वितरित किए। जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक श्री कटियार ने कहा कि समाज के गरीबों, वृद्धों, विधवाओं और बेसहारों की सेवा ही सबसे बड़ा पुनीत और पुण्य कार्य है। इसी युक्ति को चरितार्थ करते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने का काम कर रही है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अरविंद सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष, कैलाश शुक्ला चेयरमैन, राम नरेश कुशवाहा प्रधान, कृष्ण पाल, आशीष सिंह, शकील खा, उमाशंकर, राजेश्वर सिंह, राकेश यादव, रामसेवक कश्यप, सतोष वर्मा, नरेश वर्मा, गयालाल, विनोद गुप्ता, भगवान शंकर शर्मा, भोलानाथ व तोता राम आदि लोग उपस्थित रहे।

# जेल में बंद हास्य कलाकार फारूकी के आपत्तिजनक बोलों पर रहस्य गहराया

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**भाजपा** की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने तीन दिन पहले आनन-फानन कार्वाई करते हुए गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी को गिरफ्तार तो कर लिया। लेकिन इस विषय में रहस्य गहरा गया है कि उन्होंने शहर में नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में आखिर ऐसा क्या कह दिया था जिसे लेकर उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को जान-बूझकर ठेस पहुंचाने के आरोप से जुड़े संगीन प्रावधानों में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया। शहर के 56 दुकान क्षेत्र के एक कैफे में एक जनवरी (शुक्रवार) की दोपहर 04:30 बजे के आस-पास शुरू हुए विवादास्पद कार्यक्रम को लेकर फारुकी और इस आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ इसी तारीख की रात 10:40 बजे मामला दर्ज किया गया था। यह मामला भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) और अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया था।

भाजपा विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने यह मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि हास्य कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। चश्मदीदों के मुताबिक एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारुकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बहरहाल, मामले के तूल पकड़ने के बाद अब पुलिस इस सवाल का सीधा जवाब टाल रही है कि हास्य कार्यक्रम में फारुकी ने कौन-सी आपत्तिजनकै बात कही थी जिसके आधार पर उनके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज किया गया है? इस बारे में पूछे जाने पर शहर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) बीपीएस परिहार ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हमने पहली नजर में पुख्ता आरोपों के आधार पर ही मामला दर्ज किया है। हम हास्य कार्यक्रम के वीडियो फुटेज के आधार पर विस्तृत जांच कर रहे हैं कि इसमें किस हास्य कलाकार ने क्या कहा था?

उधर, फारुकी के वकील अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा, युवा हास्य कलाकार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों से यह बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं होता कि फारुकी ने हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री और गोधरा कांड को लेकर आखिर क्या टिप्पणी की थी? श्रीवास्तव ने दावा किया कि युवा हास्य कलाकार के खिलाफ दलीय राजनीति से प्रेरित होकर मामला दर्ज कराया गया है तथा पुलिस ने भाषण तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी की है। गिरफ्तारी के बाद फारुकी और अन्य आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत एक स्थानीय जेल में बंद हैं। शहर की एक अदालत उनकी जमानत अर्जियां खारिज कर चुकी है। इस आदेश को चुनौती देते हुए सत्र न्यायालय में आरोपियों की ओर से सोमवार को नई जमानत याचिका पेश की गई।



पटना में कोरोना वायरस के कारण बंद स्कूल सोमवार को फिर से फिर से खुल गये

# केंद्रीय मंत्री यदि बाहरी है तो बंगाल में भीतरी कौन है: अनुराग ठाकुर

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री** अनुराग ठाकुर ने सोमवार को बाहरी और भीतरी व्यक्ति के मुद्दे पर हो रही बहस को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि यदि केंद्रीय मंत्री को पश्चिम बंगाल में बाहरी कहा जा रहा है तो किस स्थान के लोगों को भीतरी माना जाएगा? ठाकुर ने पश्चिम बंगाल को देश का एक अहम हिस्सा बताते हुए पूछा कि केंद्रीय मंत्री का राज्य के दौरे पर आना क्या अपराध है? यहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, बंगाल आने वाले भारत सरकार के मंत्री को यदि बाहरी कहा जाता है तो मैं पूछना चाहता हूं कि किस स्थान के लोगों को भीतरी माना जाता है? ठाकुर, यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को देखने आए थे।



बंगाल ने देश को कई क्षेत्रों में विलक्षण प्रतिभाएं दी हैं। वहीं भारत के सभी हिस्सों से लोग राज्य में आकर बसे और यहां के विकास में योगदान दिया। उन्होंने उस विमर्श पर सवाल उठाए जिसके चलते देश के अन्य लोगों पर इस तरह का ठप्पा लगाया जाता है। उन्होंने पूछा कि क्या इस तरह की विचारधारा को पनपने देना चाहिए। ममता नीत तृणमूल ने आरोप लगाया था कि राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा बाहरी लोगों को ला रही है। गौरतलब है कि राज्य में अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।

## टीके की मंजूरी पर सवाल उठाने वाले लोग हैं मंदबुद्धि : धर्मेंद्र प्रधान

**सूरत।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारत में निर्मित कोरोना वायरस के टीके को मंजूरी देने पर सवाल उठाने वाले लोगों को सोमवार को मंदबुद्धि बताया। प्रधान का बयान ऐसे वक्त आया है, जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने तीसरे चरण का परीक्षण जारी रहने के बावजूद भारत बायोटेक के टीके को सीमित आपात इस्तेमाल को लेकर मंजूरी देने पर आशंकाएं जाहिर की है। प्रधान ने कहा, जो मंदबुद्धि हैं और जिन्हें वैज्ञानिकों और भारत की शक्ति पर भरोसा नहीं है, वही ऐसे बेतुके बयान दे रहे हैं। प्रधान ने कहा, ये टीके भारतीय कंपनियों और हमारे वैज्ञानिकों की खास उपलब्धियां हैं। प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत किया है। कुछ मंदबुद्धि लोग कभी ठीक नहीं होंगे, खासकर कांग्रेस का नेतृत्व, जिन्हें हर चीज में गड़बड़ी दिखती है। सूरत नगर निगम के प्रवासी प्रकोष्ठ का उद्घाटन करने के लिए यहां आए प्रधान ने केंद्र के नए कृषि कानूनों का भी बचाव किया। इनकी बदौलत कृषि क्षेत्र में निवेश आएगा और किसान बाजार मूल्यों पर अपनी उपज बेच सकेंगे।

# बंगाल के आसनसोल में भाजपा नेता की कार पर चलाई गई गोलियां

**भाषा।** आसनसोल (प. बंगाल)

**भाजपा** की पश्चिम बंगाल राज्य समिति के सदस्य कृष्णेंदु मुखर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने पश्चिम वर्द्धमान जिले के आसनसोल में उनकी कार पर गोलियां चलाईं, लेकिन हमलावर वाहन का दरवाजा खोलने में नाकाम रहे, जिसके कारण उनकी जान बच गई। उधर, राज्य के सत्तारूढ़ दल ने मुखर्जी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि इस घटना का कारण मुखर्जी की पुरानी रंजिशें हो सकती हैं।

मुखर्जी ने कहा, जब मैं रविवार रात को कोलकाता से आसनसोल के हीरापुर स्थित अपने घर लौट रहा था, तभी तीन अज्ञात लोगों ने मेरे घर के निकट मेरी कार रोकी और दरवाजे खोलने की कोशिश की। दरवाजा खोलने में नाकाम रहने पर उन्होंने वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। मुझे आशंका है कि ये लोग तृणमूल कांग्रेस के गुंडे थे। उन्होंने चालक मदद के लिए चिल्लाया और मैंने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचने के लिए बार-बार हॉर्न बजाया, जिसके बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। मुखर्जी ने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे तृणमूल का हाथ है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को घटना की जानकारी दे दी है।

तृणमूल कांग्रेस के आसनसोल दक्षिण के विधायक तापस बनर्जी ने आरोपों को खारिज किया। आरोप लगाया कि मुखर्जी जबरन वसूली, तस्करी और हत्या के मामलों में आरोपी हैं और इस घटना का कारण उनकी कोई पुरानी दुश्मनी हो सकती है। हीरापुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मुखर्जी से एक शिकायत मिली है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है।

## बंगाल में टीएमसीपी और एबीवीपी के सदस्यों के बीच झड़प

**भाषा।** कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** के पूर्व मेदिनीपुर जिले में टीएमसीपी और एबीवीपी से जुड़े छात्रों के बीच सोमवार को झड़प के दौरान कई मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गई और बम फेंके गए। बाजकुल कॉलेज के प्राधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज में झंडे और पोस्टर लगाए जाने को लेकर झड़प हुई। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी की छात्र शाखा तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के कई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के सामने सड़क बाधित कर दी और आरोप लगाया कि झड़प में उसके कई सदस्य घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हालात अब काबू में हैं।

## क्विक न्यूज

### पहले प्राथमिकता वाले समूहों का कोविड-19 टीकाकरण होगा, मेरा नंबर उनके बाद आयेगा : चौहान



**भोपाल।** मप्र के मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्यकर्मियों समेत महामारी से अग्रिम मोर्चे पर जूझ रहे लोगों का पहले चरण में कोविड-19 का टीकाकरण करने के बाद ही वह खुद टीका लगवाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त आयुक्तों, क्लेक्टरों, पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस में कहा कि प्रदेश में समस्त जिलों में कोविड-19 टीकाकरण के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई है। बैठक के बाद चौहान ने ट्वीट किया, मध्यप्रदेश के समस्त जिले कोविड-19 टीकाकरण के लिए तैयार है। सभी प्रकार की व्यवस्था कर ली गई है। मैंने निर्णय लिया है कि मैं अभी टीका नही लगवाऊंगा। पहले हम प्राथमिकता वाले समूहों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगे और बाद में मेरा टीकाकरण होगा। चौहान ने कहा, असंभव कुछ नही है। संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है - असंभव से आगे निकल जाना। प्रदेश को हमें बहुत आगे ले जाना है।

### केरल के दो जिलों में बर्ड फ्लू का प्रकोप

**कोट्टायम।** केरल के कोट्टायम और अलप्पुझा जिलों के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू फैलने की जानकारी सामने आई है, जिसके चलते प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में और उसके आसपास एक किलोमीटर के दायरे में बत्तख, मुर्गियों और अन्य घरेलू पक्षियों को मारने का आदेश देने पर मजबूर होना पड़ा है। कोट्टायम जिला प्रशासन ने कहा कि नीदूर में एक बत्तख पालन केंद्र में बर्ड फ्लू पाया गया है और वहां करीब 1,500 बत्तख मर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, इसी तरह अलप्पुझा जिले के कुट्टानद के कुछ फार्म में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आए है। भोपाल में की गई नमूनों की जांच में बर्ड फ्लू के प्रकोप की पुष्टि हुई है। राज्य पशुपालन मंत्री के राजू ने तिरुवनंतपुरम में कहा कि सरकार उन किसानों को मुआवजे का भुगतान करेगी, जिनके घरेलू पक्षियों को बर्ड फ्लू के चलते मारा जाएगा। एच5एन8 वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए करीब 40,000 पक्षियों को मारना पड़ेगा। हालात काबू में होने के बावजूद प्रशासन ने जिलों में हाई अलर्ट जारी किया है क्योंकि यह वायरस मनुष्य को भी संक्रमित करने की क्षमता रखता है। केरल में वर्ष 2016 में बड़े पैमाने पर बर्ड फ्लू फैला था।

### बलात्कार की शिकायत पर महिला के बहिष्कार मामले में गोरे ने महाराष्ट्र के मंत्रियों को लिखा पत्र

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति नीलम गोरे ने राज्य के मंत्री अनिल देशमुख और हसन मुशरिफ को पत्र लिखकर बीड जिले में बलात्कार की शिकायत करने वाली महिला का तीन ग्राम पंचायतों द्वारा बहिष्कार किए जाने के मामले पर गौर करने को कहा है। राज्य के गृह मंत्री देशमुख एवं ग्रामीण विकास मंत्री मुशरिफ को तीन जनवरी को लिखे पत्र में गोरे ने कहा कि बीड में गेवराई तहसील की एक महिला के चार लोगों के खिलाफ बलात्कार की शिकायत करने के बाद पचेगांव, वसंत नगर तांडा और जयराम नाईक तांडा ग्राम पंचायतों ने उसके खिलाफ कार्वाई की। इन गांवों के लोगों ने स्थानीय पुलिस अधीक्षक के पास जाकर, उसकी शिकायत को नजरअंदाज करने की मांग भी की। पत्र में, गोरे ने इन ग्राम पंचायतों में एक प्रशासक की नियुक्ति करने की और कानूनों का उल्लंघन कर महिला को बहिष्कृत किए जाने वाला एक प्रस्ताव पारित किए जाने वालों के खिलाफ कार्वाई करने में जिले के अधिकारी कैसे विफल रहे, इसकी जांच भी करने की मांग की है।

### बीजापुर में इनामी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले की पुलिस ने एक इनामी नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है। बीजापुर के पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारूड़बाका गांव के करीब पुलिस ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष पूनेम बिदा (48) को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पूनेम पर एक लाख रुपए का इनाम है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला बल के संयुक्त दल को रविवार को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। गश्त के दौरान उन्हें मारूड़बाका गांव के करीब नक्सली गतिविधि की जानकारी मिली थी। बाद में सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर नक्सली पूनेम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ वर्ष 2006 से वर्ष 2018 के दौरान पुलिस दल पर हमला, हत्या, अपहरण, अवैध हथियार रखने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कई अपराधों में शामिल होने का आरोप है।

ओडिशा में वन अधिकारियों ने शिकारी को गिरफ्तार किया, जंगली सुअर का मांस और खाल बरामद

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में एक गांव से वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली सुअर का मांस और खाल बरामद की तथा एक शिकारी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकारी को रविवार को गिरफ्तार किया गया।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एसोएिशन की सदस्य अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करती हुईं

# केरल उच्च न्यायालय ने थाहा फजल को दी गई जमानत रद्द की

**भाषा।** कोच्चि (केरल)

**केरल** उच्च न्यायालय ने एक विशेष एनआईए अदालत के आदेश को आंशिक रूप से दरकिनार करते हुए अवैध गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किए गए छात्र थाहा फजल को मिली जमानत सोमवार को रद्द कर दी। फजल उन दो छात्रों में शामिल है, जिन्हें माओवादियों के साथ कथित संबंध के मामले में यूएपीए के तहत नवंबर 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार किया था।

उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने फजल को दी गई जमानत रद्द कर दी, लेकिन अल्लान शुहैब की कम उम्र को देखते हुए उसकी जमानत मंजूर कर ली। अदालत ने फजल को निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। अदालत ने एनआईए की विशेष अदालत को भी एक साल में सुनवाई पूरी करने का आदेश दिया।

यहां एक विशेष अदालत ने पिछले साल सितंबर में फजल और शुहैब की जमानत मंजूर कर ली थी, जिसे एनआईए ने एक याचिका दायर कर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। एनआईए अदालत ने उनकी जमानत मंजूर करते हुए टिप्पणी की थी कि याचिकाकर्ता किसी प्रभावशाली पृष्ठभूमि से संबंध नहीं रखते और वे मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रहते हैं। उसने कहा था, मुझे नहीं लगता कि याचिकाकर्ताओं की जमानत मंजूर करने से न्याय को किसी प्रकार का खतरा होगा। फजल और शुहैब क्रमश: पत्रकारिता और कानून के छात्र हैं। वे माकपा की शाखा समिति के सदस्य हैं। उन्हें दो नवम्बर, 2019 को कोझीकोड से गिरफ्तार किया गया था। वाम शासित राज्य में उनकी गिरफ्तारी की व्यापक आलोचना हुई थी।

# असम सरकार छात्राओं को स्कूटर वित्तीय प्रोत्साहन देगी: हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य सरकार छात्राओं को स्कूटर और वित्तीय प्रोत्साहन देगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल हों। सरमा ने रविवार को शिवसागर में कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार राज्य बोर्ड से कक्षा 12वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को प्रज्ञान भारती योजना के तहत 22,000 दोपहिया वाहन वितरित कर रही है।

राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए 144.30 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन सभी छात्राओं को स्कूटर मुहैया कराएगी, जो राज्य बोर्ड से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं, भले ही यह संख्या एक लाख के पार हो जाए। उन्होंने कहा कि 2018 और 2019 में प्रथम श्रेणी में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सभी छात्राओं को भी स्कूटर प्रदान किए जाएंगे।

स्कूल से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की सभी छात्राओं को वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाएगा और इस महीने के अंत तक यह योजना शुरू की जाएगी। स्कूली छात्राओं को प्रत्एक दिन के लिए प्रतिदिन 100 रुपए दिए जाएंगे ताकि वे स्कूल जा सकें, जबकि 1,500 रुपए और 2,000 रुपए की राशि क्रमश: स्नातक और स्नातकोत्तर छात्राओं को दी जाएगी।

मंत्री ने आगे कहा कि यह योजना पिछले साल ही शुरू की जानी थी लेकिन कोविड-19 के प्रसार के कारण इसमें देरी हुई। मंत्री स्कूटर वितरित करने के लिए दौरे पर हैं और उन्होंने सोमवार को एक साइकिल रैली में हिस्सा लिया। इस बीच, कोविड-19 के कारण लगभग 10 महीने तक बंद रहने के बाद एक जनवरी को फिर से खुले स्कूलों में पहले दो दिनों की तुलना में सोमवार को स्कूलों में उपस्थिति काफी अधिक रही।

## कोलकाता में पुलिस की अनुमति के बगैर होने वाले भाजपा के रोड शो का नेतृत्व करेंगे सोवन

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के कोलकाता जोन के नए पर्यवेक्षक एवं शहर के पूर्व महापौर सोवन चटर्जी पुलिस की अनुमित नहीं मिलने के बावजूद सोमवार को रोड शो का नेतृत्व करेंगे। भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने यह जानकारी दी। घोष ने कहा कि मध्य कोलकाता के खिदरपुर से होकर भाजपा मुख्यालय तक के निर्धारित मार्ग पर शांतिपूर्ण रैली निकाली जाएगी। घोष ने संवाददताओं से कहा, अतीत की तरह, हमें मालूम था कि भाजपा के कार्यक्रमों के लिए पुलिस अनुमति नहीं देगी। नए पद पर सोवन दा का स्वागत करने के लिए यह शांतिपूर्ण रैली है। उन्होंने कहा, पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के बावजूद हम रैली निकालेंगे। पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि हफ्ते के पहले कार्य दिवस को यातायात जाम होने की आशंका जताते हुए पुलिस ने रैली की अनुमति नहीं दी।

# कोविड-19 के कारण रुका भारत का आर्कटिक मिशन जून में होगा बहाल

**भाषा।** पणजी

**कोविड-19** महामारी के कारण करीब एक साल के अंतराल के बाद आर्कटिक के लिए भारत का वार्षिक अभियान जून के महीने में बहाल होगा। केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इस बारे में बताया। राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केन्द्र (एनसीपीओआर) के निदेशक एम रविचंद्रन ने वास्को शहर में संवाददाताओं को बताया कि आर्कटिक क्षेत्र के लिए वार्षिक अभियान जून से अक्टूबर के दौरान चलेगा।

उन्होंने कहा, पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया था। इस साल हम अभियान बहाल कर रहे हैं। यह जून से अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभियान में भारत के 150-200 कर्मी हिस्सा लेंगे और प्रत्एक बैच में 10 कर्मी होंगे।

भारत ने अगस्त 2007 के पहले सप्ताह में आर्कटिक में वैज्ञानिक अध्ययन की शुरुआत की थी। इसके तहत नार्वे के स्पिट्सबरजेन द्वीप पर अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र के जरिए वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। इसके बाद से भारत हर साल गर्मी और सर्दी में आर्कटिक में हिमनद, हाइड्रोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और पर्यावरण संबंधी अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों की टीमों को भेज रहा है।

रविचंद्रन ने बताया, आर्कटिक में वैज्ञानिकों के लिए एक नियत स्थान होगा जहां सात देशों के वैज्ञानिक एक साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के लिए बैच के हिसाब से वैज्ञानिक वहां जाएंगे क्योंकि आर्कटिक पर भारतीय केंद्र में 10 लोगों के रहने की ही क्षमता है। उन्होंने कहा, 10 लोगों के बैच के वापस आने पर 10 कर्मियों का दूसरा बैच वहां जाएगा।



बंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा केन्द्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा से अस्पताल में हालचाल पूछते हुए

# भारत में कोरोना मामलों में कमी का कारण हर्ड इम्युनिटी व युवा आबादी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** कोविड-19 से संक्रमित लोगों की निश्चित संख्या का शायद कभी पता नहीं चल सके लेकिन वैज्ञानिक समुदाय इस बात से सहमत हैं कि बीमारी के मामलों की संख्या कम होना एक वास्तविकता है और संभवत: इसके लिए स्थानीकृत हर्ड इम्युनिटी यानी सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता और युवा आबादी को श्रेय दिया जा सकता है।वैज्ञानिकों ने भारत में कोविड-19 के मामलों की संख्या में उतार-चढ़ाव को समझने का प्रयास किया। सोमवार को कोविड-19 के 16,504 नए मामले सामने आए जो 16 सितम्बर को सामने आए 97,894 मामलों की तुलना में छह गुना कम हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि उम्मीद की एक किरण है और भारत में कोविड-19 के मामलों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है और टीकाकरण कार्यक्रम महत्वपूर्ण है।अशोका यूनिवर्सिटी के त्रिवेदी स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज के निदेशक शाहिद जमील ने भारत के कोविड ग्राफ को देखते हुए कहा, यह निश्चित संख्या नहीं है, बल्कि उतार-चढ़ाव महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान सही संख्या का पता होना असंभव और अव्यावहारिक लगता है या जब तक सभी की जांच नहीं की होती है इसे बता पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 के मामले सितंबर के मध्य में चरम पर पहुंचने के बाद से लगातार कम हो रहे हैं।राष्ट्रीय रुख के मुताबिक दिल्ली में कोविड-19 के मामलों का ग्राफ भी सोमवार को नीचे आया और 384 नए मामले दर्ज किए गए जो सात महीनों में सबसे कम हैं और इससे उम्मीद जगी है कि हर्ड इम्युनिटी स्थापित हो सकती है। हर्ड इम्युनिटी होने का मतलब है कि लोगों के एक बड़े हिस्से में किसी वायरस से लड़ने की ताकत को पैदा करना। जमील ने कहा, सितंबर के मध्य से जांच या व्यवहार में कुछ भी नहीं बदला है। मामले कम हो रहे हैं। नई दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (एनआईआई) के रोग प्रतिरक्षा विज्ञानी (इम्यूनोलॉजिस्ट) सत्यजीत रथ ने कहा कि हालांकि वास्तविक संख्याओं को अच्छी तरह से आंका जा सकता है, और मामलों की संख्या कम होने की प्रवृत्ति वास्तविक प्रतीत होती है और संक्रमण के प्रसार की दर कम होने की संभावना है।वाशिंगटन में सेंटर फॉर डिसीज डायनेमिक्स, इकनोमिक्स एंड पॉलिसी के संस्थापक और निदेशक लक्ष्मीनारायण ने कहा, भारत युवा आबादी के कारण अधिक सुरक्षित रहा जहां देश का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है और इन आयु वर्गों में संक्रमण की संभावना कम है। लक्ष्मीनारायण ने हालांकि चेताते हुए कहा कि निश्चित रूप से अधिकांश राज्यों में संक्रमण की संख्या में स्वाभाविक रूप से गिरावट देखी जा सकती है लेकिन ऐसा पहले भी कई अन्य देशों में देखा गया है जहां मामलों में वृद्धि हुई है। रथ ने लक्ष्मीनारायणन से सहमति जताते हुए कहा कि वायरस का प्रसार एक समान लहर के रूप में नहीं है, बल्कि बहुत से परिवर्तनशील स्थानीय कारणों से होता है।


सूरत में आयोजित 88वीं के-9 बज्र टैंक के फ्लैग ऑफ समारोह के दौरान पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

## महाराष्ट्रः सरपंच के पद की नीलामी पर राज्य निर्वाचन आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 15 जनवरी को होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव से पहले सरपंच पद के लिए हुई कथित नीलामी पर संज्ञान लेते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से इस बारे में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।सरपंच के पद की नीलामी के बारे में लगातार बढ़ती शिकायतों के बाद आयोग का यह निर्देश आया है। कुछ उम्मीदवारों ने कथित रूप से यह वादा किया है कि अगर सरपंच या ग्राम शासी परिषद के प्रमुख के रूप में वे निर्विरोध निर्वाचित हो जाते हैं तो वह गांवों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अपना धन खर्च करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त यू पी एस मदान ने जिलाधिकारियों से उम्मीदवार की ग्राम प्रधान के रूप में नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा से पहले उस गांव के बारे में तत्काल विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा है जहां मैदान में केवल एक उम्मीदवार हैं।

# वैज्ञानिकों ने अगली महामारी रोकने के तरीके पहचाने

भाषा। नई दिल्ली

**अगली महामारी** को कैसे रोकेंगे? यह बड़ा सवाल है। 2021 में भी जब कोविड-19 का वैश्विक प्रसार जारी है, वैज्ञानिकों ने महामारी के खतरे वाली बीमारी के जोखिम को घटाने के लिए कम से कम तीन उपायों पर ध्यान केंद्रित किया है- पशुओं की जांच, भू-उपयोग बदलाव को घटाना और स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार करना।

कोविड-19 से उबरने के प्रयास और इस उलझन से पार पाने की कोशिश कि अगर कोई दूसरी महामारी आ गई तो क्या होगा? इसे लेकर दुनिया भर में चल रही बहस में उठते सवालों का कोई एक जवाब नहीं हो सकता। वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कई तरीकों पर काम कर रहा है कि अगर कोई दूसरी बीमारी आती है तो उससे निपटने के लिए हम पहले से बेहतर तैयार हों। बीते साल विभिन्न अध्ययनों के बाद वैज्ञानिकों को अब इस बात का पूरा भरोसा है कि महामारी की क्षमता वाले तूफान के लिए भू-उपयोग में बदलाव, उच्च जनसंख्या घनत्व और घरेलू व वन्यजीवों के बीच की दूरी खत्म होने जैसी सामूहिक परिस्थितियों से उपयुक्त माहौल बना। अमेरिका में स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन से संबद्ध उभरती हुई संक्रामक बीमारियों की विशेषज्ञ कृतिका कुप्पल्ली ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे वैश्विक रूप से जुड़े समाज को देखते हुए हम उतने ही मजबूत हैं जितनी हमारी सबसे कमजोर कड़ी। अमेरिका के मोन्टाना स्टेट यूनिवर्सिटी में वन्यजीव पशु चिकित्सक मैनुअल रुइज ने कहा कि अगली महामारी को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है दुनिया भर के पशुओं के नमूनों को संभावित रोगाणुओं की पहचान करने के लिए लिया जाए। रुइज कहते हैं कि महामारी के सामने आने के बाद उसे रोकने के लिए रुपए खर्च करने के बजाए, हम वनीकरण में निवेश कर सकते हैं और वन्यजीवों के साथ संपर्क के तरीकों में बदलाव के प्रयास कर सकते हैं और इसके साथ ही हमारे भू-उपयोग के स्तर को बदल सकते हैं। महामारी में पूर्व में यह स्पष्ट हो चुका है कि अगली महामारी को रोकने के लिए लागू किए जाने वाले वैज्ञानिक प्रयासों पर होने वाला खर्च देशों द्वारा कोविड-19 की रोकथाम में खर्च की गई रकम के मुकाबले काफी कम हो सकता है। जुलाई 2020 में जर्नल साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया कि कोविड-19 की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर 8.1 हजार अरब से 15.8 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का बोझ पड़ सकता है। इसमें कहा गया कि मौजूदा महामारी की रोकथाम में आने वाले खर्च के मुकाबले प्रमुख बीमारियों की रोकथाम 500 गुना सस्ती हो सकती है। रुइज के मुताबिक दुनिया भर के वन्य जीवों में मौजूद हर रोगाणु की पहचान या वर्गीकरण लगभग असंभव है लेकिन मशीन अध्ययन गणना विधियों जैसी नई पद्धति का इस्तेमाल रोगाणुओं की एक सूची तैयार करने के लिए किया जा सकता है जिससे यह पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि पशुओं से अगला प्रकोप कहां हो सकता है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी साझेदारी वाली एक परियोजना जो 2020 में सबकी नजर में आई वह थी यूएसएआईडी की पीआरईडीआईसीट , जिसका उद्देश्य महामारी की क्षमता वाले नए विषाणुओं की पहचान की वैश्विक क्षमता को मजबूत बनाना था। संस्था ने 30 से ज्यादा देशों में।,64,000 से ज्यादा पशुओं और इंसानों की जांच की और इस परियोजना ने दुनिया भर में 100 से ज्यादा नए वायरसों का पता लगाया जिनमें बोम्बाली इबोलावायरस और जानलेवा मारबर्ग वायरस भी शामिल हैं।बेंगलुरु में अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकोलॉजी एंड द एनवायरमेंट (एटीआरईई) से जुड़े रोग परिस्थितिकी विशेषज्ञ एबी टी वानक ने कहा कि पीआरईडीआईसीटी जैसे परियोजनाएं जो नए रोगाणुओं के विस्तार की जांच करती हैं उन समूहों की पहचान कर सकती हैं जिनमें भविष्य में महामारी फैलाने की क्षमता हो। वानक ने को बताया, निगरानी से हम यह पता लगा सकते हैं कि विषाणु मेजबान से अलग होकर कब तक जीवित रह सकता है। कई तो कुछ मिनटों तक ही नहीं बच पाते जबकि कुछ विषाणु कई दिनों तक रह सकते हैं। यह इस बात को प्रभावित करता है कि कैसे अक्सर विषाणु पशुओं से हटकर इंसानों में बीमारी का कारण बन सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### बेनामी संपत्ति मामले में बयान दर्ज करने वाड्रा के कार्यालय पहुंचा आयकर दल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के अधिकारियो का दल बेनामी संपत्ति के खिलाफ कानून के तहत कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा का बयान दर्ज करने के लिए सोमवार को उनके कार्यालय पहुंचा।आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उनका कहना था कि वाद्रा को आयकर विभाग के कार्यालय पहुंचकर जांच मे शामिल होना था लेकिन उन्होंने कोविड-19 से संबंधित दिशानिर्देशों का हवाला दिया। इसके बाद आयकर अधिकारियों का दल सुखदेव विहार स्थित उनके परिसर पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग का दल बेनामी संपत्ति लेनदेन (निषेध) कानून के प्रावधानों के तहत वाद्रा का बयान दर्ज करने पहुंचा। ब्रिटेन मे कथित तौर पर कुछ अघोषित आय रखने के आरोप मे वाद्रा आयकर विभाग की जांच के दायरे मे है। वह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति हैं। प्रवर्तन निदेशालय भी धनशोधन विरोधी कानून के तहत वाद्रा के खिलाफ इन आरोपो की जांच कर रहा है। पेशे से कारोबारी वाद्रा ने अपने खिलाफ लगे आरोपो और कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। कांग्रेस ने कुछ महीने पहले कहा था कि वाद्रा के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई की जा रही है।

### आरएसएस से संबद्ध संगठनों की पांच से सात जनवरी को बैठक

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों की राष्ट्रीय समन्वय बैठक गुजरात के गांधीनगर मे पांच से सात जनवरी के बीच होगी। इस बैठक मे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संघ प्रमुख मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे। संघ के एक पदाधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख अनिल कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान संघ से संबद्ध 25 संगठनों के 150 प्रतिनिधि अपने अनुभव, प्रतिक्रिया एवं सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे।उन्होंने बताया कि यह बैठक गांधीनगर में कर्णावती विश्वविद्यालय परिसर में होगी।कुमार ने कहा कि भागवत और नड्डा के अलावा संघ के सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी के साथ ही अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, एबीवीपी, भारतीय मजदूर संघ, राष्ट्र सेविका समिति, स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य संगठनों के शीर्ष नेता समन्वय बैठक में शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि समन्वय बैठक हर वर्ष दो बार आयोजित की जाती है। आम तौर पर सितंबर की बैठक बड़े स्तर पर होती है जबकि जनवरी मे होने वाली समन्वय बैठक मे कम लोग शामिल होते है।

### वैज्ञानिकों के अत्यधिक प्रयासों से कोविड-19 टीकों को मंजूरी मिलने की दिशा में सफलता मिलीः हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने सोमवार को कहा कि वैज्ञानिकों के अत्यधिक प्रयासो की वजह से अंततः भारत मे दो कोरोना वायरस टीकों का त्वरित गति से विकास हुआ और उनके इस्तेमाल के लिए मंजूरी प्रदान की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय का भी कार्यभार संभाल रहे हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि कोरोना वायरस की नई जांच से मिनटो मे वायरस का पता चल सकता है। उन्होंने कहा, हमे कोविड के खिलाफ एक टीके की जरूरत थी। हमारे वैज्ञानिकों के अत्यधिक प्रयासो से अंततः सफलता मिली। आज दुनिया मे अनेक टीकों का विकास किया जा चुका है जिनमे से दो को भारत मे त्वरित गति से बनाया गया और मंजूरी प्रदान की गई। भारत के औषधि महा नियंत्रक (डीसीजीआई) ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड कोविड-19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश मे विकसित टीके कोवैक्सीन के देश में सीमित आपात इस्तेमाल को रविवार को मंजूरी दे दी, जिससे व्यापक टीकाकरण अभियान का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हर्षवर्धन राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तहत आने वाली एलपीएल देश की सबसे पुरानी प्रयोगशालाओ मे से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर नेशनल एटमिक टाइमस्केल और भारतीय निर्देशक द्रव्य राष्ट्र को समर्पित किया।

### तेजाब हमले के जुर्म में दस साल की कैद

**उधमपुर (जम्मू कश्मीर)।** उधमपुर की एक अदालत ने तेजाब फेंकने के जुर्म मे सोमवार को एक व्यक्ति को दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। हालांकि इस मामले मे दो अन्य आरोपी बरी कर दिए गए। उधमपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस आर गांधी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि तेजाब हमला मानव शरीर पर सबसे गंभीर अपराधो मे एक है और इसका पीड़ित पर व्यापक असर होता है। अदालत ने कहा, पीड़ित सामान्य जीवन नही जी पाता और अपनी कुरूपता की वजह से घर से बाहर भी नही जा पाता... उसे सामाजिक कलंग और दर्द से गुजरना होता है, उसकी अनदेखी नही की जा सकती।

## राजस्थान में बसपा के 6 विधायकों के कांग्रेस में विलय पर न्यायालय सात जनवरी को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय राजस्थान में बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में विलय के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बसपा और भाजपा के विधायक मदन दिलावर की अपीलों पर सात जनवरी को सुनवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने इस आदेश में विधान सभा अध्यक्ष से कहा था कि सत्तारूढ़ कांग्रेस मे बसपा के छह विधायकों के विलय के खिलाफ दायर अयोग्यता की याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय किया जाए।न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति के एम जोसफ की पीठ ने इन अपील को आगे सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सूचीबद्ध किया है।उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त को राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष से कहा था कि बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में विलय के खिलाफ दिलावर की अयोग्यता याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय किया जाए। उच्च न्यायालय ने दिलावर की याचिका आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 22 जुलाई को उनकी अयोग्यता याचिका अस्वीकार करने का अध्यक्ष का पिछले साल मार्च का आदेश निरस्त कर दिया था।उच्च न्यायालय ने इस मामले में बसपा की याचिका खारिज करते हुए उसे अध्यक्ष के यहां अयोग्यता याचिका दायर करने की छूट प्रदान की थी। दिलावर ने बसपा के विधायकों के विलय को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि विधान सभा अध्यक्ष के आदेश के अमल पर रोक लगाई जाए। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने विधान सभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने के लिए दिलावर की याचिका को निरर्थक बताते हुए उसका निस्तारण कर दिया था क्योंकि उच्च न्यायालय ने इसी मुद्दे पर अपना आदेश पारित कर दिया था।राजस्थान विधान सभा के लिए 2018 में हुए चुनाव में ए छह विधायक बसपा के टिकट पर जीते थे लेकिन बाद में सितंबर, 2019 में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। इन विधायकों में संदीप यादव, वाजिब अली, दीपचंद खेरिया, लखन मीना, जोगेन्द्र अवाना और राजेन्द्र गुधा शामिल हैं।


अहमदाबाद के एक सरकारी स्कूल के कमरे में अस्थाई कोविड 19 वैक्सीनेशन सेंटर बनाते स्वास्थ्यकर्मी

## पेज एक का शेष

### केंद्र और किसानों ...

कमजोर होगी और वे (किसान) बड़े कारपोरेट घरानों की दया पर होंगे।सूत्रों ने बताया कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि देने के साथ इस बैठक की शुरुआत हुई। इससे पहले, सरकार और किसान संगठनों के बीच छठे दौर की वार्ता 30 दिसंबर को हुई थी। उस दौरान पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने और बिजली पर रियायत जारी रखने की दो मांगों पर सहमति बनी थी। कई विपक्षी दलों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भी किसानों का समर्थन किया है, वहीं कुछ किसान संगठनों ने पिछले कुछ हफ्तों में कृषि मंत्री से मुलाकात कर तीनों कानूनों को अपना समर्थन दिया।

### भारत में शुरू ...

है। हमें ब्रांड इंडिया को गुणवत्ता और विश्वसनीयता के मजबूत स्तंभों पर और मजबूत बनाना है। उल्लेखनीय है कि भारत के औषधि नियामक ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड कोविड-19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके कोवैक्सीन के सीमित आपात इस्तेमाल को रविवार को मंजूरी दे दी, जिससे व्यापक टीकाकरण अभियान का मार्ग प्रशस्त हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी प्रगतिशील समाज में अनुसंधान अहम एवं प्रभावी होता है और उसका असर वाणिज्यिक एवं सामाजिक होता है। इनसे दृष्टिकोण एवं सोच को व्यापक करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा, अतीत हमें सिखाता है कि कोई देश विज्ञान पर जितना ध्यान केंद्रित करता है, उसकी प्रौद्योगिकी उतनी ही मजबूत होती है। इस प्रौद्योगिकी की मदद से नए उद्योगों में मदद मिलती है और यह अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है। यही चक्र देश को आगे लेकर जाता है। उन्होंने जोर दिया कि देश में सार्वजनिक एवं निजी, दोनों क्षेत्रों में उत्पादों एवं सेवा की गुणवत्ता दुनिया में भारत की ताकत निर्धारित करेगी।प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय परमाणु समयमापक (नेशनल एटॉमिक टाइमस्केल) और भारतीय निर्देशक द्रव्य को भी राष्ट्र को समर्पित किया और राष्ट्रीय पर्यावरण संबंधी मानक प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। नेशनल परमाणु समय मापक, भारतीय मानक समय को दो दशमलव आठ नैनोसेकंड की सटीकता के साथ दर्शाता है जबकि भारतीय निर्देशक द्रव्य का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रयोगशालों को गुणवत्ता आश्वासन उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय पर्यावरण मानक प्रयोगशाला औद्योगिक उत्सर्जन निगरानी उपकरणों के प्रमाणीकरण में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सहायता करेगी।

### टीके की लागत...

कि भारत और जीएवीआई देशों की जरूरतों को पूरा करने के बाद ही निजी बाजार को यह टीका उपलब्ध कराया जाएगा। पूनावाला ने कहा कि निजी बाजार में यह टीका 6-8 डॉलर में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक महीने तक सीरम के बाद इस टीके की 10 करोड़ खुराक होगी। अप्रैल तक संभवत: यह आंकड़ा दोगुना हो जाएगा। सरकार ने संकेत दिया है कि उसे जुलाई, 2021 तक 30 करोड़ खुराक की जरूरत होगी। शुरुआत में यह टीका स्वास्थ्य कर्मियों और बुजुर्गों को लगाया जाएगा।

### अब तक 38 ...

एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी, दिल्ली में 11, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स, कल्याणी (कोलकाता के पास) में एक मरीज सामने आया। पांच मरीज पुणे की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी तथा तीन हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में मिले। इसके अलावा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज हॉस्पिटल, बेंगलुरु में 10 मरीजों का पता लगा। मंत्रालय का कहना है कि जिनोम सिक्वेंसिंग का काम चल रहा है। राज्यों को अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### को-वैक्सीन पर ...

यूके के आंकड़ों के आधार पर लाइसेंस दिए गए हैं, उनका भारतीय डेटा कहां है?

डॉ. इल्ला ने को-वैक्सीन को बैकअप के तौर पर रखे जाने वाले बयान पर एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया को भी आड़े हाथ लिया। डॉ. इल्ला यहीं नहीं रुके, उन्होंने सीधे पूछा कि वह नहीं समझ पा रही कि ये बैकअप क्या होता है। टीवी पर सब एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल सकते हैं, लेकिन बाद में अपना-अपना कोट साफकरने की कोशिश करते दिखते हैं। मानव जाति के लिए कोई बैकअप नहीं है। वायरस के लिए भी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने गेट फाउंडेशन से धन नहीं लिया है। फिर भी, हमने जोखिम उठाया है और 20 मिलियन खुराक तैयार कर ली हैं। हम एक भारतीय कंपनी हैं जो अकेले संघर्ष कर रहे हैं। एक दिन पहले ही डीसीजीआई ने को-वैक्सीन और सीरम इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर पुणे में बनाई जा रही एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की कोविशिल्ड टीके को सार्वजनिक हित में आपातकालीन स्थिति में सीमित उपयोग की मंजूरी दे दी थी।

### केंद्र के दिशा...

के बारे में लगातार जागरूक किया जाए। संक्रमण से बचाव में सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क की उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### लापता हैं चीनी ...

है। हालांकि, अलीबाबा कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि व्यवस्तता के कारण जैक मा टीवी शो में शामिल नहीं हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, जैक मा के गायब होने से यह संकेत मिलता है कि वे मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, चीन में अमीर लोगों के गायब होने की घटनाएं नई नहीं हैं। दुनियाभर में करोड़ों लोगों के आदर्श रहे जैक मा ने सरकार से आह्वान किया था कि ऐसे सिस्ट म में बदलाव किया जाए जो 'बिजनस में नई चीजें शुरू करने के प्रयास को दबाने' का प्रयास करे। उन्हों ने वैश्विक बैंकिंग नियमों को 'बुजुर्गों लोगों का क्ल ब' करार दिया था। जैक मा की आलोचना को कम्युनिस्ट पार्टी पर हमले के रूप में लिया गया। इसके बाद जैक मा के दुर्दिन शुरू हो गए और उनके बिजनस के खिलाफ असाधारण प्रतिबंध लगाया जाना शुरू कर दिया गया। नवंबर महीने में चीनी अधिकारियों ने जैक मा को जोरदार झटका दिया और उनके एंट ग्रुप के 37 अरब डॉलर के आईपीओ को निलंबित कर दिया। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक जैक मा के एंट ग्रुप के आईपीओ को रद्द करने का आदेश सीधा चीनी राष्ट्रतपति शी जिनपिंग की ओर से आया था। इसके बाद जैक मा से क्रिसमस की पूर्व संध्या पर कहा गया कि वह तब तक चीन से बाहर न जाएं जब तक कि उनके अलीबाबा ग्रुप के खिलाफ चल रही जांच को पूरा नहीं कर लिया जाता है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2016 से 2017 के बीच चीन के कई अरबपति गायब हो गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, 2016 से 2017 के बीच गायब हुए कई लोग कभी दोबारा सामने नहीं आए। संदेह जताया गया कि इन अरबपतियों के गायब होने के पीछे इनकी पत्नियों, प्रेमियों, व्यापार प्रतिस्पर्धियों का हाथ था।

## यूपीएससी ने की सिविल सेवाओं के लिए और 89 उम्मीदवारों की सिफारिश

भाषा। नई दिल्ली

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने विभिन्न सिविल सेवाओं के लिए 2019 की सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर तैयार की गई अपनी आरक्षित सूची से 89 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। 2019 की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम चार अगस्त 2020 को घोषित किए गए थे। इसमें आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और अन्य समूह ए और समूह बी की केंद्रीय सेवाओं की 927 रिक्तियों के लिए 829 उम्मीदवारों की सिफारिश मेरिट के आधार पर नियुक्ति के लिए की गई थी।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यूपीएससी नियमों के अनुसार संबंधित श्रेणियों के तहत अंतिम अनुशंसित उम्मीदवार के नीचे योग्यता के क्रम में एक समेकित आरक्षित सूची भी बनाए रखता है। इसमें कहा गया है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा मांग के अनुसार अब आयोग ने 2019 सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर शेष पदों को भरने के लिए 89 उम्मीदवारों- 73 सामान्य, 14 ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), एक ईडब्ल्यूएस और एक एससी (अनुसूचित जाति) की सिफारिश की है। 89 उम्मीदवारों की सूची यूपीएससी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## रीजीजू को राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की उम्मीद

**शिलांग।** केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को उम्मीद जताई कि कोविड-19 महामारी के कारण खेलों का कैलेंडर प्रभावित होने के बावजूद इस साल गोवा और अगले साल मेघालय में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। रीजीजू ने अपने मेघालय से पूरी मदद और समर्थन का आश्वासन दिया। रीजीजू ने स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण खेलों के कैलेंडर के साथ आधारभूत संरचना भी प्रभावित हुई है।

## मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी को हराया

**लंदन।** चेल्सी को कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के कारण कमजोर हुई मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ इंग्लिश प्रीमियर लीग में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा जो पिछले छह मैचों में टीम की चौथी हार है। मैनचेस्टर सिटी की ओर से इकाय गुनडोगन, फिल फोडेन और केविन डि ब्रून ने पहले हाफ में गोल दागे जबकि चेल्सी की ओर से एकमात्र गोल कैलम हडसन ओडोई ने मैच खत्म होने से कुछ सेकेंड पहले इंजरी टाइम में किया।

इस हार के बाद चेल्सी की टीम 17 मैचों में 26 अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। मैनचेस्टर सिटी की टीम 15 मैचों में 29 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। लीवरपूल की टीम 16 मैचों में 33 अंक के साथ शीर्ष पर है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के भी 16 मैचों में 33 अंक हैं लेकिन गोल अंतर के कारण टीम दूसरे स्थान पर है।

## तोक्यो ओलंपिक में अब केवल 200 दिन शेष

**तोक्यो।** कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिए गए तोक्यो ओलंपिक खेलों के शुरू होने में अब केवल 200 दिन शेष रह गए हैं। सोमवार को ही जापानी प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि वह तोक्यो और पड़ोसी क्षेत्रों में कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने के बाद आपातकाल की स्थिति पर विचार कर रहे हैं। जापान ने कोविड-19 के लिए कभी लॉकडाउन नहीं किया। तोक्यो ओलंपिक के आयोजकों, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और जापानी सरकार के विभिन्न विभागों के लिए अब ठोस फैसले करने का समय करीब आ गया है।

## चेन्नइयिन को 4-1 से हराकर हैदराबाद छठे स्थान पर

**बेम्बोलिम (गोवा)।** हालीचरण नारजारे के दो गोल और जोएल चियानीज तथा जोआओ विक्टर के एक-एक गोल के दम पर हैदराबाद एफसी ने सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में दो बार के चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी को 4-1 से बड़े अंतर से हराया। इस जीत के बाद हैदराबाद एफसी की टीम 12 अंकों के साथ सातवें स्थान से अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। नौ मैचों में यह टीम की तीसरी जीत है जो उसे लगातार तीन हार के बाद मिली है। चेन्नइयिन को नौ मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। टीम 10 अंकों के साथ तालिका में आठवें पायदान पर खिसक गई है।

# भारत ने ब्रिस्बेन से टेस्ट हटाने का अनुरोध नहीं किया : सीए

**संवाददाता।** सिडनी



क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने सोमवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि भारतीय टीम पृथकवास के कड़े नियमों के कारण ब्रिस्बेन में चौथा और अंतिम टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहता है।

हॉकले ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) क्वीन्सलैंड के पृथकवास नियमों से अच्छी तरह वाकिफ है और उसका सहयोगी रवैया रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम बीसीसीआई के अधिकारियों से हर दिन बात करते हैं। बीसीसीआई का सहयोगी रवैया रहा है और हमें उसकी तरफ से कोई औपचारिक सुझाव नहीं मिला है। हमने जो कार्यक्रम तैयार किया है दोनों टीमें उसके अनुसार खेलने के लिए तैयार हैं। चार मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा जबकि चौथा मैच 15 जनवरी से ब्रिस्बेन के गाबा में होना है। श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। आस्ट्रेलियाई मीडिया ने दावा किया था कि ब्रिस्बेन टेस्ट मैच खटाई में पड़ सकता है क्योंकि भारतीय टीम पृथकवास के कड़े नियमों के कारण वहां नहीं जाना चाहती जबकि वह आस्ट्रेलिया पहुंचने पर पहले ही 14 दिन तक पृथकवास पर रह चुकी है।

रिपोर्टों में अज्ञात सूत्रों का हवाला देकर दावा किया गया था कि भारतीय टीम चौथा टेस्ट मैच भी सिडनी में ही खेलना चाहती है। क्वीन्सलैंड ने सिडनी और आसपास के क्षेत्रों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण न्यू साउथ वेल्स से यात्रा करने वाले लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद कर रखी हैं। सिडनी न्यू साउथ वेल्स की राजधानी है। भारत और आस्ट्रेलिया दोनों टीमें अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के कोविड-19 के लिए परीक्षण नेगेटिव आने के बाद सोमवार को सिडनी पहुंच गई। हॉकले का यह बयान भारत के पांच खिलाड़ियों उप कप्तान रोहित शर्मा, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, विकेटकीपर ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को कथित जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल के उल्लंघन के लिए अलग थलग रखने के फैसले के दो दिन बाद आया है। खिलाड़ियों का इंडोर रेस्तरां में खाने का एक वीडियो सामने आने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बयान में कहा था कि वह बीसीसीआई के साथ मिलकर इसकी संयुक्त जांच कर रहा है कि इन खिलाड़ियों ने श्रृंखला के लिए तैयार किए गए जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो नहीं किया। एक प्रशंसक ने ट्विटर पर यह वीडियो पोस्ट किया था।

## हमें चौथा टेस्ट मैच ब्रिस्बेन में खेलने का शत प्रतिशत विश्वास : लियोन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आफ स्पिनर नाथन लियोन ने सोमवार को कहा कि उन्हें शत प्रतिशत विश्वास है कि भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की मेजबानी ब्रिस्बेन ही करेगा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि भारतीय टीम पृथकवास के कड़े नियमों के कारण ब्रिस्बेन का दौरा नहीं करना चाहती है। चौथा टेस्ट मैच 15 जनवरी से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा लेकिन लियोन ने कहा कि उनकी टीम अभी सात जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे मैच पर ध्यान दे रही है। लियोन ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारी ब्रिस्बेन जाने और पूर्व कार्यक्रम के अनुसार खेलने की योजना है। हमने ऐसा कुछ नहीं सुना है इसलिए हम आज सिडनी का दौरा करेंगे और उम्मीद के बाद अच्छा परिणाम हासिल करके सीधे ब्रिस्बेन में खेलने के लिए जाएंगे। आस्ट्रेलिया का ब्रिस्बेन में अच्छा रिकार्ड रहा है जबकि भारत ने अब तक गाबा में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है। सभी जानते हैं कि हमने गाबा में खेलना कितना पसंद है और हम जानते हैं कि वहां का रिकार्ड हमारे अनुकूल है। इसलिए गाबा में खेलने की पूरी योजना है। यह पक्का है।

## पैटिनसन चोट के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन पसलियों में चोट के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। यह मैच सात से 11 जनवरी तक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। सीए ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन पसलियों में चोट के कारण आस्ट्रेलिया और भारत के बीच तीसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर हो गए हैं। पैटिनसन घर में गिरने के कारण चोटिल हो गए थे। उनकी जगह पर किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। उनकी जगह पर टीम में किसी को नहीं चुना जाएगा और ब्रिस्बेन टेस्ट मैच से पहले उनकी चोट का आकलन किया जाएगा। तीस वर्षीय पैटिनसन को पहले दो टेस्ट मैचों के लिए अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। आस्ट्रेलिया मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिन्स और नाथन लियोन के साथ मैदान पर उतरा था।

## आस्ट्रेलिया के पास विश्वस्तरीय बल्लेबाज रोहित के लिए उचित रणनीति होगी: लियोन



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के आफ स्पिनर नाथन लियोन ने रोहित शर्मा को विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक करार देते हुए सोमवार को कहा कि उनकी टीम के पास इस भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए उचित रणनीति होगी। रोहित चोट के कारण सीमित ओवरों की श्रृंखला तथा एडीलेड और मेलबर्न में पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। वह आखिरी दो मैचों के लिए टीम से जुड़े हैं और लियोन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह बल्लेबाज अपने कई तरह के शॉट से खतरा बन सकता है। लियोन ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, निश्चित तौर पर रोहित शर्मा अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, इसलिए यह हमारे गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी लेकिन हम इसके लिए तरीका निकालने जा रहे हैं। हमें स्वयं को चुनौती देना पसंद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित को भारतीय टीम में किसके स्थान पर लिया जाता है। लेकिन हमारे पास रोहित के लिए रणनीति होगी और उम्मीद है कि हम शुरू में ही उस पर हावी होने में सफल रहेंगे। रोहित को अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए भारत का उप कप्तान नियुक्त किया गया है। अपने 100वें टेस्ट से दो टेस्ट दूर लियोन ने कहा कि भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे का मजबूत पक्ष यह है कि वह मैदान पर विरोधी टीम के गेंदबाजों के साथ छींटाकशी या बातचीत में शामिल नहीं होते हैं। वह (रहाणे) निश्चित तौर पर विश्वस्तरीय बल्लेबाज है जिसके कि हर चीज में मदद मिलती है। वह क्रीज पर धैर्य दिखाता है और कभी बहुत निराश नहीं होता है। वह मैदान पर किसी तरह की छींटाकशी या बातचीत में शामिल नहीं होता। वह बेहद शांतचित और सधा हुआ बल्लेबाज है। वह अभी भारतीय टीम का कप्तान है और उम्मीद है कि सिडनी टेस्ट में हम उसके लिए उचित रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे। लियोन ने कहा कि वह रहाणे के लिए अलग रणनीति के साथ उतरेंगे जिन्होंने मेलबर्न टेस्ट में 112 रन की मैच विजेता पारी खेली थी।

## सिडनी टेस्ट के लिए केवल 25 प्रतिशत दर्शकों को ही अनुमति

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की कुल क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों को ही स्टेडियम में आने की अनुमति दी जाएगी। सिडनी में कोविड-19 के नए मामलों के सामने आने के बाद न्यू साउथ वेल्स की सरकार की सलाह पर यह फैसला किया गया है। एससीजी की क्षमता लगभग 38 हजार है और इस तरह से अभी 1-1 से बराबरी पर चल रही श्रृंखला के तीसरे मैच में लगभग 9500 दर्शकों को ही स्टेडियम में आने की अनुमति मिल पाएगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने बयान में कहा, सामाजिक दूरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए दर्शकों की संख्या कम रखना महत्वपूर्ण है और हम सभी टिकट धारकों का उनके धैर्य के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं। हमने आज पैसे वापस करने, सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए एससीजी में सीटों की व्यवस्था और फिर उस हिसाब से टिकटों की बिक्री के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मेस्सी ने बार्सिलोना के लिए 750वां मैच खेला, सुआरेज ने एटलेटिको को जीत दिलाई



**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी ने बार्सिलोना की तरफ अपना 750वां और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में 500वां मैच खेलते हुए अपनी टीम को हुएस्का के खिलाफ 1-0 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बार्सिलोना की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के रिकार्ड में मेस्सी केवल ज़ावी हर्नांडेज से पीछे हैं। हर्नांडेज सभी प्रतियोगिताओं में 767 मैच बार्सिलोना की तरफ से खेले थे जिनमें ला लिगा के 505 मैच शामिल हैं। मेस्सी ने कुछ दिन पहले ही बार्सिलोना की तरफ से 644वां गोल करके पेले का किसी एक क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकार्ड तोड़ा था। पेले ने सांतोस की तरफ से यह रिकार्ड बनाया था। मेस्सी ने खेल के 27वें मिनट फ्रेंकी डि जोंग के लिए गोल बनाया था। यह आखिर में निर्णायक गोल साबित हुआ। बार्सिलोना के 16 मैचों में 28 अंक हैं और वह अंकतालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करने वाले एटलेटिको मैड्रिड से 10 अंक पीछे है। एटलेटिको ने लुई सुआरेज के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से अलावेज को 2-1 से हराया। एटलेटिको के 15 मैचों में 38 अंक हो गए हैं और वह रीयाल मैड्रिड से दो अंक आगे हो गया है जिसके 17 मैचों में 36 अंक हैं।

## विलियमसन के शतक से न्यूजीलैंड पहली पारी में बढ़त के करीब

**भाषा।** क्राइस्टचर्च

कप्तान केन विलियमसन के लगातार तीसरे शतक और हेनरी निकोल्स के साथ उनकी 215 रन की अटूट साझेदारी से न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गया। विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 251 रन बनाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 129 रन बनाए थे। वह दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 112 रन पर खेल रहे थे जिससे न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी का स्कोर तीन विकेट पर 286 रन तक पहुंचाया। वह पाकिस्तान के पहली पारी के 297 रन से अब केवल 11 रन दूर है। निकोल्स ने भी अपनी शानदार फार्म जारी रखी है और वह 89 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 174 और पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 56 रन बनाए थे। विलियमसन का यह टेस्ट मैचों में 24वां शतक है और उन्होंने फिर से दबाव की परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी की। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 71 रन था जिसके बाद विलियमसन और निकोल्स ने जिम्मेदारी संभाली।

# भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ का नवीनतम कोविड-19 परीक्षण नेगेटिव रहा : बीसीसीआई

**भाषा।** मेलबर्न

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों का आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे टेस्ट मैच से पहले कराया गया नवीनतम कोविड-19 परीक्षण नेगेटिव आया है। भारतीय टीम सात जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार सिडनी पहुंच गई। बीसीसीआई ने बयान में कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों का तीन जनवरी 2021 को कोविड-19 के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण कराया गया था। सभी परीक्षणों का परिणाम नेगेटिव आया है। भारत के पांच खिलाड़ियों उप कप्तान रोहित शर्मा, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, विकेटकीपर ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को एक इंडोर रेस्तरां में खाना खाने का वीडियो सामने आने के बाद इन सभी को



अलग थलग कर दिया गया था जिसके बाद परीक्षण कराए गए थे। एक प्रशंसक ने ट्विटर पर यह वीडियो पोस्ट किया था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने घोषणा की थी कि बीसीसीआई के साथ मिलकर संयुक्त जांच की जा रही है कि इन खिलाड़ियों ने श्रृंखला के लिए तैयार किए गए जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो नहीं किया। इन पांचों खिलाड़ियों ने हालांकि अभ्यास करने और सिडनी मैच के लिए टीम के साथ यात्रा करने की अनुमति दी गई थी। भारतीय टीम के सूत्रों के अनुसार भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरा टेस्ट मैच खेलने की मंजूरी मिल गई है। बीसीसीआई और क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन को लेकर संयुक्त जांच की घोषणा करने के बावजूद पिछले दो दिन से दोनों बोर्ड की तरफ से इस पर कोई बयान नहीं आया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने जो जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल तैयार किया है उसके अनुसार खिलाड़ियों को बाहर बैठने की अनुमति तो है लेकिन उन्हें रेस्तरां में खाने की अनुमति नहीं है। टीम सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों ने कहा कि वे बारिश से बचने के लिए रेस्तरां में चले गए थे। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम इस विवाद के उठने और क्रिकेट आस्ट्रेलिया के इससे निबटने के तरीकों से खुश नहीं है। इसके बाद आस्ट्रेलियाई मीडिया में खबर आई कि ब्रिस्बेन में चौथा टेस्ट मैच खटाई में पड़ सकता है क्योंकि भारतीय टीम कड़े पृथकवास नियमों के कारण वहां का दौरा नहीं करना चाहती है। लेकिन अभी के अनुसार चौथा टेस्ट मैच 15 जनवरी से गाबा में ही शुरू होगा। चार मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है।

## करुणारत्ने का अर्धशतक पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

कप्तान दिमुथ करुणारत्ने के शानदार अर्धशतक से श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन संकट में होने के बावजूद मैच में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। श्रीलंका ने 145 रन से पिछड़ने के बाद करुणारत्ने (116 गेंद में नाबाद 91, 17 चौके) और लाहिरु तिरिमाने (31) के बीच दूसरे विकेट की 85 रन की साझेदारी की बदौलत दूसरी पारी में चार विकेट पर 150 रन बनाए। श्रीलंका ने पांच रन की बढ़त हासिल की है। दिन का खेल खत्म होने पर विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला 18 रन बनाकर क्रीज पर थे। रूणारत्ने का साथ निभा रहे थे। इससे पहले विश्व फर्नांडो ने 101 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे एक समय एक विकेट पर 218 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में दिख रही दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में चाय के विश्राम से पहले 302 रन पर सिमट गई। श्रीलंका ने पहली पारी में 157 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने कुसाल परेरा (01) का विकेट जल्द गंवा दिया जिन्हें लुंगी एनगिडी (26 रन पर तीन विकेट) ने बोल्ड किया।

## नए स्वरूप, पुनरुद्धार वाला साल होगा 2021: आनंद महिंद्रा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह कोविड-19 संकट से मजबूत बनकर उभरा है और इस प्रतिकूल और बुरे साल 2020 को नए स्वरूप और पुनरुद्धार के वर्ष में बदला जाएगा। यह बात समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कही। समूह के 2.56 लाख कर्मचारियों को नए साल के मौके पर अपने संबोधन में महिंद्रा ने कहा कि पिछले साल महामारी के कारण विभिन्न समस्याओं के बावजूद कुछ अप्रत्याशित रूप से अच्छी चीजें सामने आईं। उन्होंने कोविड-19 टीकों का जिक्र करते हुए कहा कि उद्देश्य से संचालित कारोबार, नए सिरे से शुरुआत (रिबूट) और पुनर्मूल्यांकन के संदर्भ में समूह के लिए, यह एक सीखने वाली बात है। कोविड-19 टीकों के विकास पर शोधकर्ताओं और नियामकों ने तेजी से काम किया और यह 10 महीने में बनकर तैयार हुआ जबकि इसमें औसतन 10 साल तक का समय लग जाता।

## आरबीआई ने दो सहकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने दो सहकारी बैंकों पर सात लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसमें से पांच लाख रुपए का जुर्माना व्यावसायिक सहकारी बैंक मर्यादित पर केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) और अन्य नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है। महाराष्ट्र नागरी सहकारी बैंक मर्यादित, लातुर पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि रायपुर स्थित व्यावसायिक सहकारी बैंक मर्यादित पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बैंक परिसर में एटीएम लगाने (ऑन-साइट एटीएम) और केवाईसी निर्देशों का उल्लंघन करने को लेकर यह जुर्माना लगाया गया है।


## सरकार एयरलाइन परिचालकों के साथ समुद्री विमान सेवा शुरू करने पर कर रही है विचार

**नई दिल्ली।** सरकार एयरलाइन परिचालकों के साथ मिलकर दिल्ली-अयोध्या समेत विभिन्न मार्गों पर समुद्री विमान सेवा (सीप्लेन) शुरू करने की तैयारी में है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को यह कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 31 अक्टूबर, 2020 को गुजरात में केवड़िया से अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट के बीच समुद्री विमान सेवा की शुरुआत के बाद यह बयान आया है। मंत्रालय ने कहा कि समुद्री विमान सेवा से देश भर में यात्रा तीव्र और आसान होगी और यह सेवा पासा पलटने वाली साबित होगी।

## अक्टूबर-दिसंबर में चीनी उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 110.22 लाख टन : इस्मा

**नई दिल्ली।** भारत का चीनी उत्पादन अक्टूबर-दिसंबर के दौरान सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 110.22 लाख टन हो गया। व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसका कारण अधिक गन्ना उत्पादन तथा महाराष्ट्र में चीनी मिलों का जल्दी काम शुरू करना है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि चीनी मिलों ने वर्ष 2020-21 की अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 110.22 लाख टन चीनी का उत्पादन किया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 77.63 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन मामूली वृद्धि के साथ 33.66 लाख टन हो गया जो पिछले साल समान अवधि में 33.16 लाख टन रहा था।

# सेंसेक्स पहली बार 48,000 अंक के पार







## ● वैक्सीन को मंजूरी से बाजार में उत्साह

**भाषा।** मुंबई

भारत ने कोरोना वायरस के दो टीकों को मंजूरी दे दी है। इससे शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार नौवें कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 48,000 अंक के स्तर के पार बंद हुआ। रुपए में मजबूती, सकारात्मक वैश्विक संकेतकों और उत्साहवर्धक वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 307.82 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,176.80 अंक पर पहुंच गया। यह इसका नया रिकॉर्ड है। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स 48,220.47 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 114.40 अंक या 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,132.90 अंक के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 14,147.95 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत चढ़ गया।

टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सनफार्मा और एलएंडटी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड और टाइटन के शेयर 1.43 प्रतिशत तक नीचे आए। विशेषज्ञों ने कहा कि कोविड-19 के दो टीकों मंजूरी मिल गई है। टीकाकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इससे बाजार की धारणा मजबूत हुई। भारतीय औषधि नियामक ने रविवार को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड और देश में विकसित भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, इस माह वैक्सीन के आने की उम्मीद के बीच आईटी, धातु और फार्मा कंपनियों के शेयरों की वजह से बाजार में तेजी आई। पीएमआई आंकड़ों तथा कुछ चुनिंदा वित्तीय शेयरों में लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। दिसंबर में निक्की इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया है।

## रुपया नौ पैसे की तेजी के साथ 73.02 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत निवेश से सोमवार को अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नौ पैसे की तेजी के साथ 73.02 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि देश में कोविड-19 के टीके को मंजूरी मिलने के कारण भी कारोबारी धारणा में सुधार हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 72.93 प्रति डॉलर पर खुला। यह कारोबार के दौरान 72.90 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया तथा 73.03 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक भी आया। अंत में रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 73.02 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह एक सितंबर, 2020 के बाद का रुपए का सबसे मजबूत बंद स्तर है। एक सितंबर को रुपया 72.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## पहली छमाही में बुनियादी ढांचा ऋण मामूली बढ़कर 22.6 लाख करोड़ पर : रिपोर्ट

**मुंबई।** बैंकों और एनबीएफसी-आईएफसी का बुनियादी ढांचा क्षेत्र को ऋण चालू वित्त वर्ष 2020-21 की पहली छमाही में मामूली बढ़कर 22.6 लाख करोड़ रुपए रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इंडिया रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, जहां बुनियादी ढांचा क्षेत्र को ऋण 2019-20 में 31 मार्च, 2020 तक करीब सात प्रतिशत बढ़कर 22.5 लाख करोड़ रुपए रहा, वहीं 30 सितंबर, 2020 तक यह मामूली बढ़त के साथ 22.6 लाख करोड़ रुपए रहा। इंडिया रेटिंग्स के उपाध्यक्ष और प्रमुख (वित्तीय क्षेत्र रेटिंग्स) मनुश्री सग्गर ने कहा कि 2020-21 की पहली छमाही में बुनियादी ऋण में सुस्त वृद्धि की वजह इससे पिछली छमाही की तुलना में बैंकिंग क्षेत्र के ऋण में 10 प्रतिशत की गिरावट है। उन्होंने कहा, हालांकि, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियों (एनबीएफसी-आईएफसी) के ऋण में इस दौरान पिछली छमाही की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सैट ने सेबी के कर्ज वापसी के आदेश के खिलाफ दायर शिविन्दर की अपील खारिज की

**नई दिल्ली।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने बाजार नियामक सेबी के रेलिगेयर एंटरप्राइजेज और रेलिगेयर फिनवेस्ट को कर्ज वापस लेने के आदेश के खिलाफ फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक शिविन्दर मोहन सिंह की अपील खारिज कर दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मार्च, 2019 को दिए अपने अंतरिम आदेश में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज और रेलिगेयर फिनवेस्ट को सिंह और कई अन्य इकाइयों को दिए गए 2,065 करोड़ रुपए के कर्ज को वापस लेने के लिए कदम उठाने को कहा था।

## दिसंबर में जेएसपीएल की बिक्री रिकॉर्ड 25 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** नवीन जिंदल समूह की कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के उत्पादन में दिसंबर 2020 में रिकॉर्ड 30 प्रतिशत और बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसका दिसंबर में कुल उत्पादन दिसंबर 2020 में 7.27 लाख टन (एलटी) रहा, जो दिसंबर 2019 में 5.59 एलटी रहा था। आलोच्य माह के दौरान, कंपनी की बिक्री साल भर पहले के 5.67 एलटी से बढ़कर 7.11 एलटी पर पहुंच गई।

## जीएसटी मुआवजे की 6,000 करोड़ रुपए की दसवीं किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने राज्यों के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में कमी की भरपाई के लिए सोमवार को 6,000 करोड़ रुपए की दसवीं साप्ताहिक किस्त जारी की। इस तरह अब तक राज्यों संघ शासित प्रदेशों को इस माध्यम से 60,000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र ने जीएसटी के क्रियान्वयन की वजह से राज्यों के राजस्व में अनुमानित 1.10 लाख करोड़ रुपए की कमी की भरपाई के लिए अक्टूबर में विशेष ऋण सुविधा शुरू की थी।

## पहले चरण में प्राथमिकता वाले समूहों के टीकाकरण के लिए टीके का पर्याप्त भंडार: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने सोमवार को कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों समेत कोरोना महामारी से अग्रिम मोर्चे पर जूझ रहे लोगों का पहले चरण में टीकाकरण करने के लिए देश में टीके का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पॉल कोविड-19 के टीकाकरण को लेकर बने राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह के चेयरमैन भी हैं। सरकार शीघ्र ही टीके की खरीद व उसके वितरण की अपनी योजना का खुलासा करेगी। पॉल ने एक साक्षात्कार में कहा, हमारे पहले चरण में प्राथमिकता वाले समूह को टीका मिलेगा, जिसमें मृत्यु दर के उच्च जोखिम वाले लोग और हमारे स्वास्थ्य सेवा व अग्रिम पंक्ति के कर्मी शामिल हैं। हमारा मानना है कि हमारे पास उनके लिए पर्याप्त भंडार है। भारत के औषधि नियामक डीसीजीआई ने दो टीकों के सीमित आपात उपयोग को रविवार को मंजूरी दी है। भारत के औषध महानियंत्रक ने जिन दो टीकों के सीमित आपात उपयोग की मंजूरी दी है, उनमें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और एस्ट्राजेनेका के द्वारा सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ मिलकर तैयार कोविशील्ड तथा घरेलू दवा कंपनी भारत बायोटेक के द्वारा विकसित पूर्णतः स्वदेशी कोवैक्सीन शामिल है।

## तेजी से पटरी पर आ रही है अर्थव्यवस्था: रिपोर्ट

**भाषा।** मुंबई



देश की अर्थव्यवस्था तेजी से सामान्य स्तर की ओर बढ़ रही है। जापान की ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने अपने अध्ययन में कहा कि तीन जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था तेजी से सामान्यकरण के रास्ते पर है। नोमुरा इंडिया व्यापार पुनःआरंभ सूचकांक (इंडिया बिजनेस रिजम्पशन इंडेक्स-एनआईबीआरआई) तीन जनवरी को समाप्त सप्ताह में 94.5 रहा जो दिसंबर में औसतन 91.7 था। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी और उसकी रोकथाम के लिए 25 मार्च से लगाए गए लॉकडाउन से आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप हो गई थीं। इससे विश्लेषकों ने आर्थिक प्रदर्शन के अनुमान को कम कर दिया था। हालांकि पुनरुद्धार की गति उम्मीद के विपरीत तेज रही और आरबीआई अब 2020-21 में केवल 7.5 प्रतिशत गिरावट की उम्मीद कर रहा है। ब्रोकरेज कंपनी के अनुसार बिजली मांग में पिछले दो सप्ताह में 2.7 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसमें ताजा आलोच्य सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर 2.7 प्रतिशत का सुधार हुआ है। श्रम भागीदारी दर नरम होकर जनवरी की शुरुआत में 40.3 प्रतिशत रही जो दिसंबर में 40.9 थी। बयान के अनुसार सूचकांक दिसंबर में 91.7 रहा जो नवंबर के 86.3 के मुकाबले अधिक है। वहीं जनवरी में बढ़कर 94.5 पर पहुंच गया।



वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद नैंसी पेलोसी शपथ ग्रहण करती हुईं

# ट्रंप ने बाइडन को हराने के लिए बनाया था दबाव

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक असाधारण कदम उठाते हुए जॉर्जिया के चुनाव प्रमुख को फोन किया था और उन्हें राज्य में तीन नवम्बर को हुए चुनाव में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत का फैसला बदलने और उनकी जीत के लिए वोट तलाश करने की अपील की थी। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई।

वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि ट्रंप ने शनिवार को जॉर्जिया के राज्य सचिव एवं रिपब्लिकन ब्रैड राफेनसपर्गर को फोन किया था और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत का फैसला बदलने और उनकी जीत के लिए वोट तलाश करने की अपील की थी। इस कदम को कानूनविदों ने सत्ता के खुले दुरुपयोग और संभावित आपराधिक कृत्य बताया है।

ट्रंप ने राफेनसपर्गर से कहा, जॉर्जिया के लोग काफी गुस्से में हैं, देश के लोग गुस्से में हैं। और आप जानते हैं कि यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि आपने फिर से गणना की है। उन्होंने कहा, मैं बस यह करना चाहता हूं। मैं बस 11780 वोट चाहता हूं, जो हमें हासिल हुए वोटों से एक अधिक है। क्योंकि हमने राज्य में जीत दर्ज की है। ट्रंप को जॉर्जिया में 11,779 मतों से हार मिली है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार जॉर्जिया के राज्य सचिव एवं रिपब्लिकन ब्रैड राफेनसपर्गर और उनके कार्यालय के स्थाई वकील ने ट्रंप के दावों को खारिज किया। यह समझाने की कोशिश की कि राष्ट्रपति विवादास्पद षड्यंत्रों पर विश्वास कर रहे हैं और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जॉर्जिया में 11,779 मतों से जीत उचित एवं सटीक है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव में हार मिली है, लेकिन वह इसे स्वीकार करने का तैयार नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभालने की पूरी तैयारी कर चुके हैं।

**अमेरिका के 10 पूर्व रक्षा मंत्रियों ने दी चेतावनी**

## चुनाव विवाद में सेना को नहीं घसीटें ट्रंप

**एपी।** वाशिंगटन,

**अमेरिका के** 10 पूर्व रक्षा मंत्रियों ने देश के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सचेत किया है कि वह चुनाव में कथित धोखाधड़ी के अपने दावों को साबित करने के लिए सेना को इसमें नहीं घसीटें।उन्होंने ट्रंप से कहा कि ऐसा करने से देश में खतरनाक, गैरकानूनी एवं असंवैधानिक स्थिति पैदा हो जाएगी।ए 10 पूर्व रक्षा मंत्री डेमोक्रेट और रिपब्लिक पार्टी दोनों से हैं। पूर्व रक्षा मंत्रियों ने वाशिंगटन पोस्ट में रविवार को प्रकाशित एक लेख में अपने विचार साझा किए हैं और राष्ट्रपति पद छोड़ने को लेकर ट्रंप की अनिच्छा पर सवाल खड़े किए हैं। लेख में उन्होंने कहा, अमेरिकी सेना को चुनाव संबंधी विवाद में घसीटने के प्रयास देश को खतरनाक, गैरकानूनी और अंसवैधानिक स्थिति में ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीन नवंबर के चुनाव और कुछ राज्यों में पुन: मतगणना तथा अदालत में असफल चुनौती के बाद नतीजे स्पष्ट हैं।लेख में पूर्व रक्षा मंत्रियों ने ट्रंप को अपने चुनावी दावों के लिए सेना के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी है।ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिली समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि अमेरिकी चुनाव के नतीजों में सेना की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि सेना की निष्ठा किसी पार्टी के एक नेता के प्रति नहीं, बल्कि संविधान के प्रति है।इस लेख पर डिक चेनी, विलियम पेरी, डोनाल्ड रम्सफेल्ड, विलियम कोहेन, रॉबर्ट गेट्स, लियोन पैनेटा, चक हैगेल, ऐश कार्टर, जेम्स मैटिस और मार्क एस्पर ने हस्ताक्षर किए हैं। मैटिस ट्रंप के पहले रक्षा मंत्री थे। उनके 2018 में इस्तीफे के बाद एस्पर को रक्षा मंत्री बनाया गया था, लेकिन तीन नवंबर के चुनाव के कुछ दिन बाद ही उन्हें पद से हटा दिया गया था।

## नेपाल में 1.4 करोड़ नेपाली रुपए अवैध रूप से ले जाने के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी।** काठमांडू

**नेपाल के** काठमांडू जिले में एक भारतीय नागरिक सहित दो व्यक्तियों को 1.4 करोड़ नेपाली रुपए अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी।

काठमांडू मेट्रोपॉलिटन पुलिस क्षेत्र की एक पुलिस टीम ने भारत के उत्तरप्रदेश के गोरखपुर निवासी अमित कुमार गुप्ता (30) और कपिलवस्तु जिला निवासी संगम थारू (22) को गिरफ्तार किया।

पुलिस को एक नियमित सुरक्षा जांच के दौरान दोनों की कार में 1.47 करोड़ नेपाली रुपए मिले और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि नकदी कार में तीन बैग में छुपाकर रखी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नैंसी पेलोसी फिर चुनी गईं अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में डेमोक्रेटिक** पार्टी की दिग्गज सांसद नैंसी पेलोसी फिर से प्रतिनिधि सभा की स्पीकर चुनी गईं। नैंसी पेलोसी (80) को 216 और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी केविन मैक्कार्थी को 209 वोट मिले।सदन के एक अधिकारी ने बताया कि कुल 427 वोट डाले गए। इनमें से सीनेटर टैमी डकवर्थ और सांसद हकीम जेफरीज को एक-एक वोट मिला। पेलोसी ने ट्वीट किया, मैं 117वीं कांग्रेस में बतौर स्पीकर सेवाएं देने के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। आंकड़ों के अनुसार, छह डेमोक्रेटिक सांसदों ने पेलोसी को वोट नहीं दिया, जबकि सभी 209 रिपब्लिकन के वोट केविन के पक्ष में पड़े, जो अब सदन में अल्पमत के नेता हैं। डेमोक्रेट के सदन में 222 सदस्य हैं।अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में उसे 435 सदस्यों को मतदान करने का अधिकार है, जबकि छह ऐसे सदस्य हैं, जिन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं है। पेलोसी को मामूली अंतर से जीत मिली, लेकिन 2014 की तुलना में उन्हें इस बार दो वोट अधिक मिले।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान पेलोसी को बधाई देते हुए कहा, जिल और मैं स्पीकर पेलोसी को आज प्रतिनिधि सभा का स्पीकर दोबारा चुने जाने को लेकर बधाई देते हैं.....मुझे कोई शक नहीं है कि स्पीकर पेलोसी मर्यादापूर्ण तरीके से, सिद्धांतों का पालन करते हुए और देशभक्ति के संकल्प के साथ सदन का नेतृत्व करना जारी रखेंगी। नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, कैलिफोर्निया की मेरी साथी नैंसी पेलोसी को प्रतिनिधि सभा का दोबारा स्पीकर चुने जाने पर बधाई। मैं अपने राष्ट्र को आगे बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए अमेरिकी लोगों की ओर से आपके साथ मिलकर काम करने को उत्साहित हूं। मानवाधिकार मुद्दों की बड़ी समर्थक पेलोसी ने चुने जाने के बाद कहा कि नई संसद की शुरुआत बड़े चुनौतीपूर्ण समय में हो रही है। पेलोसी ने कहा, वैश्विक महामारी और आर्थिक संकट से हर समुदाय बुरी तरह प्रभावित हैं और 3,50,500 लोग मारे गए हैं। हमारे दिलों में हर एक के लिए दर्द है, दो करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं।

## पाक का प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी देश का दर्जा खत्म करने के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 117वें सत्र के शुरुआती दिन एक सांसद ने पाकिस्तान का प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी देश का दर्जा खत्म करने के लिए प्रतिनिधि सभा में एक विधेयक पेश किया है।रिपब्लिकन सांसद एंडी बिग्स ने जो विधेयक पेश किया है उसमें पाकिस्तान का प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी देश का दर्जा समाप्त करने की बात की गई है। इस दर्जे के कारण पाकिस्तान को अमेरिका की अधिक रक्षा आपूर्तियों तक पहुंच और सहयोगात्मक रक्षा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में भागीदारी जैसे विभिन्न लाभ मिलते हैं।विधेयक में यह भी कहा गया है कि अमेरिका का राष्ट्रपति पाकिस्तान को प्रमुख नाटो सहयोगी का तब तक दर्जा नहीं दे सकता, जब तक राष्ट्रपति कार्यालय यह प्रमाणित नहीं करता कि पाकिस्तान अपने देश में हक्कानी नेटवर्क के पनाहगाह और उनकी गतिविधियों को बाधित करने वाले सैन्य अभियान चला रहा है।विधेयक में राष्ट्रपति से इस बात को प्रमाणित करने की भी बात है कि पाकिस्तान हक्कानी नेटवर्क के आतंकवादियों के खिलाफ अभियोग चलाने और उन्हें गिरफ्तार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।पाकिस्तान को 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी देश के तौर पर नामित किया गया था। इस समय 17 देश अमेरिका के प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी हैं।अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2018 में पाकिस्तान को मिलने वाली सभी वित्तीय एवं सुरक्षा सहायता रोक दी थीं और उनके प्रशासन ने पाकिस्तान का प्रमुख गैर नाटो सहयोगी देश का दर्जा समाप्त करने पर विचार भी किया था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका ने भारत को प्रमुख रक्षा साझेदार देश नामित किया था।

# ब्रिटेन की न्यायाधीश ने विकीलीक्स के संस्थापक असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित करने से किया इनकार

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन** की एक न्यायाधीश ने विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित करने की इजाज़त देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि उनकी मानसिक स्थिति को देखते हुए उन्हें अमेरिका के हवाले करना उनके साथ अत्याचार होगा। अमेरिका ने एक दशक पहले खुफिया सैन्य और राजनयिक जानकारियां प्रकाशित करने को लेकर असांजे के खिलाफ जासूसी के 17 आरोप लगाए थे। इन्हीं आरोपों के सिलसिले में लंदन की ओल्ड बेली अदालत में प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई चल रही थी।

जिला न्यायाधीश वैनिसा बराइटसेर ने सोमवार को कहा कि अगर असांजे को अमेरिका भेजा जाता है तो वह खुदकुशी कर सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि हताश व्यक्ति अपने भविष्य को लेकर आशंकित रहता है। अमेरिकी सरकार ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ अपील करेगी और उसके पास अपील दायर करने के लिए 14 दिन हैं। इसका मतलब है कि असांजे को लंदन की बेलमार्श जेल से रिहा नहीं किया जाएगा जहां उन्हें फिलहाल रखा गया है। अमेरिकी अभियोजकों ने असांजे पर जासूसी के 17 आरोप लगाए हैं जबकि एक आरोप कंप्यूटर के दुरुपयोग का भी है। इन आरोपों में अधिकतम सजा 175 साल कैद है। ए इल्ज़ाम एक दशक पहले लीक हुए सेना एवं राजनयिक दस्तावेजों को विकीलीक्स द्वारा प्रकाशित करने के संबंध में हैं।

## नॉर्वे भूस्खलन में लोगों के बचे होने की अब भी उम्मीद

**एपी।** कोपेनहेगन

**नॉर्वे के** अधिकारियों ने सोमवार को उम्मीद जताई कि भूस्खलन में लापता लोगों का बचाव किया जा सकता है। पांच दिनों पहले राजधानी के उत्तर में स्थित एक गांव भूस्खलन के कारण बह गया था, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी और तीन लोग अब भी लापता हैं।

पुलिस प्रवक्ता रोजर पीटरसन ने कहा कि ओस्लो से 25 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित भूस्खलन से प्रभावित आस्क गांव में तलाश और खोज अभियान जारी है और इसे बचाव अभियान कहा जा सकता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में केवल शव मिले हैं। बचाव अभियान में शामिल डॉ. हलवार्ड स्टावे ने कहा कि क्षेत्र में शून्य से कम तापमान हमारे खिलाफ है लेकिन हम (बचावकर्मियों को) स्पष्ट सलाह दे रहे हैं कि लोग जहां लापता हुए थे वहां जब तक कैविटी (खाई) है तब तक उनके बचे रहने की संभावना है।



नार्वे के एक गांव में आए भूस्खलन के बाद हताहत हुए लोगों की खोज करते बचाव कर्मी

# दुनिया में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेने का का पहला कोविड-19 टीका ब्रिटेन में किडनी के मरीज को दिया गया

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन में** सोमवार से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित कोविड-19 टीके का टीकाकरण शुरू हुआ और दुनिया में पहला टीका ऑक्सफोर्ड में जन्मे 82 वर्षीय ब्रायन पिंकर को दिया गया जिनकी किडनी के रोग के चलते डायलिसिस की जा रही है।

ब्रायन पिंकर को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में यह टीका लगाया गया। इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के चरणबद्ध टीकाकरण कार्यक्रम में एक मील का पत्थर बताया जा रहा है। ऑक्सफोर्ड द्वारा विकसित टीका कोरोना वायरस से बचाव के लिए ऐसा दूसरा टीका है जिसे मंजूरी मिली है। इससे पहले फाइजर-बायोएनटेक के टीके को मंजूरी दी गई थी।

ऑक्सफोर्ड में जन्मे पिंकर कई वर्षों से किडनी की बीमारी से ग्रस्त हैं तथा उनकी डायलिसिस की जाती है। उन्होंने कहा कि वायरस से सुरक्षा मिलने पर उन्हें प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है और अब वह बिना चिंता के अपना उपचार जारी रख सकते हैं।

उन्होंने कहा, आज कोविड-19 का टीका लगवाकर मुझे प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है और बहुत गर्व का अहसास हो रहा है क्योंकि यह टीका ऑक्सफोर्ड में ही बनाया गया है। पिंकर के अलावा 88 वर्षीय संगीत शिक्षक ट्रेवोर कॉलेट और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में बालरोग विशेषज्ञ एंड्रयू पोलार्ड को भी टीका लगाया गया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, ऑक्सफोर्ड द्वारा टीका विकसित करना ब्रिटेन के विज्ञान की जीत है और मैं इसके विकास एवं उत्पादन में शामिल सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं जानता हूं कि आने वाले हफ्तों और महीनों में हमारे सामने चुनौतियां बनी हुई हैं लेकिन मुझे भरोसा है कि इस वर्ष हम कोरोना वायरस को हरा देंगे और फिर उठ खड़े होंगे।

> ● ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, ऑक्सफोर्ड द्वारा टीका विकसित करना ब्रिटेन के विज्ञान की जीत है और मैं इसके विकास एवं उत्पादन में शामिल सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

## अमेरिकाः पूर्वी टेक्सास के गिरजाघर में गोलीबारी, पादरी की मौत, दो अन्य घायल

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्वी टेक्सास में रविवार सुबह एक गिरजाघर में हुई गोलीबारी में एक पादरी की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए।स्मिथ काउंटी के शेरिफ लैरी स्मिथ ने एक संवाददाता सम्मेलन में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि स्टारविल मेथोडिस्ट चर्च में पादरी ने जब एक शौचालय का दरवाजा खोला तो देखा कि अंदर एक व्यक्ति छिपा हुआ है। इस पर, पादरी ने अपना हथियार निकाला लेकिन संदिग्ध ने उनसे हथियार छीन कर उन्हें ही गोली मार दी।स्मिथ ने बताया कि अन्य दो घायलों में से एक को गोली लगी है और दोनों का इलाज चल रहा है।अधिकारियों का मानना है कि गोलीबारी की एक अन्य घटना के बाद से संदिग्ध शायद शनिवार रात से ही गिरजाघर में छिपा हुआ था।स्मिथ ने बताया कि पुलिस उस घटना के संबंध में शनिवार से विनोना में इस संदिग्ध की तलाश कर रही थी।उन्होंने बताया कि पादरी को गोली मारने के बाद आरोपी उनका वाहन लेकर फरार हो गया था, लेकिन उसे हैरिसन काउंटी के पास पकड़ लिया गया।

## बाइडन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति के लिए एस्कॉर्ट, डिजिटल परेड का होगा आयोजन

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन 20 जनवरी को यूएस कैपिटोल में एक सादे समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह के बाद व्हाइट हाउस के ईस्ट फ्रंट पर पास इन रिव्यू होगा। व्हाइट हाउस तक राष्ट्रपति के लिए एस्कॉर्ट का आयोजन होगा जबकि पूरे देश में डिजिटल परेड आयोजित किए जाएंगे।यूएस कैपिटोल के वेस्ट फ्रंट पर आधिकारिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति, प्रथम महिला जिल बाइडन, नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति डगलस एम्होफ सेना के सदस्यों के साथ ईस्ट फ्रंट पर पास इन रिव्यू में शामिल होंगे।पास इन रिव्यू एक पुरानी सैन्य परंपरा है जो नए कमांडर इन चीफ को सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को प्रतिबिम्बित करती है। इस दौरान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति सैन्य बलों की तैयारी की समीक्षा करते हैं।उद्घाटन समारोह में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी के नियम का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उद्घाटन समिति (पीआईसी) के सीईओ टोनी एलेन ने रविवार को कहा, यह विविध, समावेशी और एकजुट देश के प्रति नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति हैरिस की प्रतिबद्धता दिखाने के लिए देशभर में अमेरिकियों के साथ काम करने का उत्साहजनक अवसर है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोरोना वायरस संबंधी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।इसके बाद, वाहनों का काफिला राष्ट्रपति को फिफ्टींथ स्ट्रीट से व्हाइट हाउस तक लेकर जाएगा। इस दौरान सेना की हर शाखा को काफिले में शामिल किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी अधिवक्ता को एसोसिएट जज पद के लिए नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी अधिवक्ता विजय शंकर को डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया कोर्ट ऑफ अपील्स का एसोसिएट जज नामित किया है।ट्रंप ने रविवार को सीनेट को भेजे एक संदेश में कहा कि शंकर को 15 साल की अवधि के लिए नामित किया गया है। सीनेट की मुहर लग जाती है तो शंकर सेवानिवृत्त हो चुके जॉन आर फिशर की जगह लेंगे। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया कोर्ट ऑफ अपील्स वाशिंगटन डीसी के लिए सर्वोच्च अदालत है।ट्रंप ने सबसे पहली बार पिछले साल जून में शंकर के नामांकन की घोषणा की थी। फिलहाल वह न्याय विभाग में वरिष्ठ वाद अधिवक्ता है। न्याय विभाग मे 2012 मे कामकाज संभालने से पहले शंकर वाशिंगटन डीसी में निजी प्रैक्टिस कर रहे थे।

### मध्य सीरिया में आतंकवादियों ने बसों पर हमला किया, नौ लोगों की मौत

**दमिश्क।** मध्य सीरिया मे रविवार देर रात को आतंकवादियो ने राजमार्ग से गुजर रही बसो पर धावा बोलकर नौ लोगो की हत्या कर दी। मरने वालो मे 13 साल की एक लड़की भी है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।मध्य हमा प्रांत के गवर्नर मोहम्मद तारेक क्रिशानी के अनुसार आतंकवादियो ने मध्य सीरिया मे राजमार्ग से गुजर रही तीन बसो को निशाना बनाया और नौ लोगो की हत्या कर दी। हमले मे चार लोग घायल हुए।क्रिशानी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तीन बसों मे सवार यात्रियों का यह काफिला देश के पश्चिम से सलामिया शहर जा रहा था। काफिले मे तेल का टैंकर भी शामिल था।गवर्नर ने कहा कि घटनास्थल पर एम्बुलेंस की सात गाड़ियां भेजी गईं। उन्होने बताया कि बाकी यात्री सुरक्षित है।सीरिया के सरकारी चैनल ने स्थानीय अस्पताल के प्रमुख के हवाले से बताया कि मरने वालो 13 साल की एक लड़की भी शामिल है।ब्रिटेन मे सीरियन ऑब्जर्वेट्री फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि हमलावर संभवतः आईएस के आतंकवादी थे। उन्होने बसो को निशाना बनाकर दो आम नागरिकों और सात सैनिकों की हत्या कर दी। हमले मे 16 लोग घायल हो गए। सरकार के नियंत्रण वाले क्षेत्रों मे इस सप्ताह बसो को निशाना बनाने की यह दूसरी घटना है घटना के लिए इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियो को जिम्मेदार बताया जा रहा है।अन्य हमला बुधवार को हुआ था जिसमें 30 लोग मारे गए थे। इनमे अधिकतर सैनिक थे जो छुट्टियो मे अपने-अपने घर लौट रहे थे। इस हमले के पीछे भी इस्लामिक स्टेट का हाथ बताया जा रहा है। इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी दक्षिणी मरुभूमि और मध्य सीरिया मे काफी सक्रिय है।स्थानीय अधिकारियो ने बताया कि रविवार के हमले के पीछे आईएस के आतंकवादियों का हाथ माना जा रहा है। हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नही दी।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए मुंबई गए

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिद्वंद्वी धड़े के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड अपनी बीमार पत्नी के उपचार के लिए मुंबई गए हैं।प्रचंड, उनकी पत्नी सीता दहल और दो बेटियो ने सोमवार सुबह त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से नई दिल्ली होते हुए हुए मुंबई के लिए उड़ान ली।प्रचंड की पत्नी मस्तिष्क की एक दुर्लभ किस्म की बीमारी प्रोग्रेसिव सुप्रान्यूक्लीयर पल्सी से जूझ रही है। इस बीमारी में पार्किंसन जैसे ही लक्षण होते है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुंबई मे न्यूरोजेन ब्रेन एंड स्पाइन इंस्टीट्यूट में उनका इलाज होने की संभावना है।सूत्रों ने बताया कि डॉ. आलोक शर्मा के नेतृत्व में डॉक्टरो की टीम प्रचंड की पत्नी का उपचार करेगी। इससे पहले प्रचंड की पत्नी को उपचार के लिए अमेरिका और सिंगापुर ले जाया गया था। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के बाद पिछले सप्ताह उन्हे काठमांडू मे मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।प्रचंड ऐसे समय में यात्रा पर गए है, जब नेपाल में राजनीतिक संकट गहरा गया है। चीन की तरफ झुकाव रखने वाले प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ सत्ता को लेकर रस्साकशी के बीच 20 दिसंबर को 275 सदस्ईय संसद को भंग करने की सिफारिश कर दी थी।ओली की सिफारिश पर कदम उठाते हुए राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उसी दिन संसद को भंग कर दिया और 30 अप्रैल और 10 मई को देश में आम चुनाव कराने की घोषणा की। इस फैसले का प्रचंड के खेमे समेत कई दलो ने विरोध किया।

### नाइजर में आतंकवादियों ने दो गांवों पर हमला कर कम से कम 100 लोगों की हत्या की

**नियामे।** इस्लामी आतंकवादियो ने माली से लगने वाली नाइजर की सीमा पर स्थित दो गांवों पर हमला करके कम से कम 100 लोगों की हत्या कर दी। नाइजर के प्रधानमंत्री ने रविवार को यह कहा। प्रधानमंत्री ब्रिगी राफिनी ने हमले के एक दिन बाद उन दो गांवो का दौरा किया। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि असुरक्षित तिलाबेरी क्षेत्र मे स्थित गांवो के लोगों दो लड़ाकों को मार दिया था जिसके बाद आतंकवादियों ने वहां धावा बोल दिया। बोको हराम, इस्लामिक स्टेट और अल कायदा जैसे आतंकवादी संगठनो से जुड़े लड़ाके यहां हमले करते रहते है।

ट्रेंड बाजार

## नसीरुद्दीन करेंगे 'राम प्रसाद की तेरहवीं' में भूमिका



**महान** अभिनेता नसीरुद्दीन शाह को आप उनकी आने वाली फिल्म 'राम प्रसाद की तेरहवीं' में शीघ्र ही देख पाएंगे। इस फिल्म के माध्यम से अभिनेत्री सीमा पाहवा निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण कर रही हैं। नसीर ने बताया कि ये फिल्म अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जीवन की वास्तविकता दिखाई गई है।

नसीर ने बताया, 'मेरा विश्वास है कि महत्वपूर्ण फिल्म वो होती है जो अपनी दुनिया, अपने जमाने की सच्ची तस्वीर खींचे और ये फिल्म वैसी ही है।'


आगे बताते हुए उन्होंने कहा, 'सीमा ने अपने जीवन में इन घटनाओं को देखा है और आप इन्हीं घटनाओं का निचोड़ इस फिल्म में देख पाएंगे कि जब परिवार में किसी की मृत्यु होती है तो परिवार के सदस्य जब उस अवसर पर एकत्र होते हैं तो उनके बीच कितने घटिया वार्तालाप होते हैं।'

## अनुष्का को है गर्भावस्था से जुड़ीं जानकारियों में रुचि



अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का कहना है कि 'गर्भावस्था में आप अपने शरीर से अधिक जुड़ाव रखते हैं। ये बदलाव अद्भुत होते हैं। मैं वो व्यक्ति हूं जो इन सब बातों के बारे में काफी अध्ययन और शोध करती हूं। मैंने अपने चिकित्सक का तो मस्तिष्क चाट लिया है। कई बार हमें जानकारी नहीं होती लेकिन चिकित्सकीय अवधारणा महत्वपूर्ण हो जाती है बजाय इसके कि आप अपने विश्वास के आधार पर चीजें करते चले जाएं।'

## अमित साद करेंगे मेजर दीपेंद्र सिंह सेंगर की भूमिका



अभिनेता अमित साद वर्ष 2021 के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो भारतीय सेना के वास्तविक जीवन के एक अनाम नायक मेजर दीपेंद्र सिंह सेंगर का चरित्र कर रहे हैं। वो इस चरित्र को ज़ी5 के वेब शो 'जीत की जिद, के लिए कर रहे हैं।

उन्होने इस चरित्र को करने के लिए अपने भीतर आवश्यक परिवर्तन किये हैं जिनमें बैसाखी के सहारे चलना शामिल है। इसके ऐक्शन में उन्होंने सैन्य यूनीफॉर्म पहनी है।


अमित साद ने कहा, 'ये रोल मेरे लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा है। चूंकि ये वास्वविक घटना है तो इसे निभाने के लिए मुझे अधिक सतर्कता बरतनी थी। ये बहुत ही ज्वलंत कहानी है। यदि कहानी लोगों को सकारात्मक ढंग से प्रभावित करती है तो हम अपने उद्देश्य में सफ्ल कहे जाएंगे।'

## 'ब्लैक लाइव्ज़ मैटर' से प्रेरित है वीकंड का नया एलबम

**गायक** वीकंड का कहना है कि उनका नया एलबम 'ब्लैक लाइव्ज़ मैटर' आंदोलन तथा कोविड-19 महामारी से प्रेरित है। इस सिंगर का 'आटर आवर्स' टूर महामारी के चलते पहले ही स्थगित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस एलबम में लोग उनसे क्या अपेक्षा रख सकते हैं। उन्होंने बताया, 'मैं इस महामारी के दौरान सामान्य परिस्थितियों की तुलना में अधिक प्रेरित रहा हूं। मैं ब्लैक लाइव्ज़ मैटर' आंदोलन तथा कोरोना के साथ ही चुनावों के दौरान के तनावों ने मुझे अपनी उपलब्धियों के लिए लोगों के प्रति निकटता के चलते कृतज्ञता की भावना भर दी है।'



# टीवी अभिनेता-अभिनेत्रियों ने किया 2021 का स्वागत



अधिकतर लोगों के लिए जहां 2020 कठिन वर्ष रहा है लेकिन मेरे लिए ये साल अत्यंत काम का रहा है। इस साल मेरी पहली लघु फिल्म प्रारंभ हुई और दर्शकों, मित्रों तथा परिवार से भी इसे भरपूर स्नेह मिला। मैं पिछले काफी समय से अपनी फिटनेस तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाह रहा था लेकिन समयाभाव के कारण ये भी संभव नहीं हो सका। लेकिन कोरोना महामारी के इस कालखंड में मुझे इस आवश्यक काम के लिए भी समय मिला और मैंने अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान दिया। इसी साल मुझे एक नए शो 'तेरी मेरी इक जिंदड़ी' में भूमिका मिली और मुझे आशा और विश्वास है कि इसे भी दर्शको का आशीर्वाद मिलेगा। मैं तिरुपति बालाजी जाकर उनका आशीर्वाद लेकर एक नया आरंभ करने की मेरी योजना है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन सभी लोगों को इस साल हर व्यक्ति के लि अवसरों तथा खुशियों की भरमार हो जिन्होंने इस दौरान कठिन समय में अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया है।

-- अध्विक महाजन, ज़ी टीवी के 'तेरी मेरी इक जिंदड़ी' शो में जोगिंदर की भूमिका



मेरे लिए नए वर्ष का अर्थ परिवार के साथ समय व्यतीत करना, अच्छा भोजन करना तथा कुछ अद्भुत फिल्में देखना होता है। ये साल हर व्यक्ति के लिए संघर्षों भरा रहा है और मुझे आशा है कि नया साल सभी के जीवन में प्रसन्नता तथा स्वास्थ्य का उपहार लेकर आए। सभी को नव वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं

– मुग्धा चापेकर, ज़ी टीवी के शो 'कुमकुम भाग्य' में प्राची की भूमिका में।



मैं कामना करती हूं कि वर्ष 2021 सभी के जीवन में हर्ष और आनंद लेकर आए। वर्ष 2020 सभी के लिए एक कठिन वर्ष रहा है और ऐसे में मुझे आशा है कि 2021 में मिलने वाली खुशियों के चलते लोग 2020 के दुखों को विस्मृत करने में समर्थ होंगे और एक नया जीवन जीने का उन्हें उत्साह मिलेगा। मैं तो इस साल घर पर ही रहकर अपने प्रिय लोगों के साथ रहकर नया साल मनाऊंगी ताकि नया साल उन लोगों के साथ से प्रारंभ हो जो मेरे लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। सभी को नए वर्ष की मंगल कामनाएं।

-- मदिराक्षी, सोनी इंटरटेन्मेंट टेलीविज़न के शो 'विघ्नहर्ता गणेश' में पार्वती की भूमिका में



इस साल ने हमें बहुत कुछ सिखाया है। मैं सदा से भविष्य के लिए योजना बनाकर जीने का पक्षधर रहा हूं लेकिन पिछले कुछ महीनों ने वर्तमान में जीने और इसका आनंद लेने के महत्व को रेखांकित किया है। यही कारण है कि मैंने आने वाली समस्याओं की चिंता करना बंद कर दिया है और वर्तमान का भरपूर आनंद लेना प्रारंभ कर दिया है। लेकिन इसका ये अर्थ कतई नहीं हो सकता कि आप जो भी अर्जित करते हैं उसे बिना किसी योजना के व्यय कर दें।

इस साल हमनें शूटिंग की बात करें तो अधिक काम नहीं किया लेकिन मानसिक रूप से ये साल अत्यंत थकाऊ रहा है। यही कारण है कि मैं 2021 में मैं अधिक से अधिक भ्रमण करना चाहता हूं ताकि स्वयं को रिचार्ज कर सकूं। पिछले साल ने हमें संकट के सयम में मित्रों तथा परिवार के होने मात्र का महत्व भी समझने पर विवश किया है। अत: इस साल मैं उनसे निरंतर मिलते रहना सुनिश्चित करूंगा। इस साल मैं अपनी फिटनेस पर अधिक ध्यान दूंगा और हर दिन जिम जाने के लिए प्रयत्नशील रहूंगा। मैं पिछले बहुत समय से गिटार बजाना सीखना चाहता था। इस साल मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं गिटार बजाना सीख सकूं।

– पारस अरोड़ा, काटेलाल एंड संस, शो में डॉ. प्रमोद की भूमिका में।



इस साल ने मुझे शांत रहना तथा संकटकाल के लिए धन बचाने का महत्व समझाया है। इस साल मुझे जो बात सर्वाधिक महत्वपूर्ण लगी वो ये कि आपको किसी और चीज या व्यक्ति की तुलना में स्वयं से अधिक प्यार करना चाहिये क्योंकि आपकी प्रसन्नता ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि मैंने अब स्वयं से अधिक प्यार करना प्रारंभ कर दिया है। नए साल के आगमन के साथ ही मैं अब आत्मानुशासन का पालन करने का भी निर्णय कर रही हूं। इसमें प्रात:काल शीघ्र उठना, व्यायाम करना, मस्ती करना तथा काम को अधिक गंभीरता से लेना आदि शामिल हैं। चूंकि में अपने माता-पिता से अलग रहती हूं तो मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अधिक से अधिक अपने परिवार के साथ रहूं क्योंकि यहां मुंबई में मैं उस प्यार और देखभाल को बहुत मिस करती हूं।

मैं 2021 में गोआ में अपने भाई बंधुओं के साथ यात्रा और मस्ती करते हुए प्रवेश करना चाहती हूं। यही कारण है कि मैंने काफी पहले से ही मैडम सर शो से कुछ दिन शूटिंग से अलग रहने के लिए आवेदन किया है। इस कार्यक्रम को लेकर मेरे भीतर बहुत उत्साह है।

– युक्ति कपूर, सोनी सब टीवी के शो 'मैडम सर, में करिश्मा की भूमिका में।

मैं सदा से नए साल को नए ढंग तथा नई आशा के साथ प्रारंभ करने की हामी रही हूं। इसके लिए अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय बचाकर कुछ अपने मन का करना सबसे अच्छा रहता है। मैं अपने गृहनगर पानीपत जाकर परिवार के साथ वहां दो दिन बिताने का कार्यक्रम बना रहा हूं। मेरी मां और मेरा भाई मेरे साथ मुंबई में ही रहते हैं लेकिन लॉकडाउन खुलने के बाद से ही मैं अपने पिता से नहीं मिल सका हूं और न ही अपने चचेरे भाइयों तथा दूसरे संबंधियों से ही मिल सका हूं। उनके साथ बिताया गया हर पर्व मुझे आजतक याद है और परिवार के



साथ एक नया अध्याय प्रारंभ करने से अधिक उत्साहजनक मेरे लिए कोई दूसरी बात नहीं हो सकती। मैं इस यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित हूं और आशा है कि लॉकडाउन के दौरान की गई मस्ती और खुशी को वहां जाकर दोहरा सकूं।

– कणिका मान, ज़ी टीवी के शो 'गुड्डन तुमसे न हो पाएगा' में गुड्डन की भूमिका में।

वर्ष 2020 मेरे लिए मिश्रित भावनाओं का वर्ष रहा है। ये सही है कि इस दौरान महामारी ने सभी को आ घेरा था लेकिन मेरा पहला शो बंद हो गया था। दूसरे लोगों द्वारा इस दौरान किये जा रहे संघर्षों को देखते हुए मैंने



स्वयं को संभाले रखने का निर्णय किया क्योंकि मेरा संघर्ष उतना बड़ा नहीं था और मैं इससे जल्दी ही उबार आऊंगी और ऐसा ही हुआ भी। लेकिन ये भी सच है कि इसी साल मुझे एक अद्भुत शो 'अपना भी टाइम आएगा' में भूमिका मिली। इस शो की चरित्र रानी एक अलग चरित्र है इस भूमिका में मेरे भीतर की एक छोटी सी मासूम लेकिन दृढ़ लड़की ने अभिनय किया है। ये भी सही है कि मुझे भी इस दौरान संघर्षों के माध्यम से अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन यही इस साल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मैं एक नई आशा के साथ नए साल 2021 का स्वागत करना चाहूंगी। मैं वैसे किसी प्रकार के संकल्प आदि लेने में विश्वास नहीं करती हूं लेकिन मैं कठिन परिश्रम द्वारा अपने दर्शकों का मनोरंजन करने का पूरा प्रयास करूंगी। मुझे आशा है कि ये साल पिछले साल की तुलना में सभी के लिए अच्छा साबित हो और हम सब कोविड महामारी से मुक्त का सकें।

– मेघा रे, ज़ीटीवी के शो अपना टाइम भी आएगा, में रानी की भूमिका में।



## रिचा चड्ढा की मैडम चीफ मिनिस्टर 22 जनवरी को जारी होगी

**मुंबई।** राजनीति पर आधारित फिल्म मैडम चीफ मिनिस्टर 22 जनवरी को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। इस फिल्म में रिचा चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं। निर्माताओं ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस फिल्म का निर्देशन जॉली एलएलबी से मशहूर हुए सुभाष कपूर ने किया है। कपूर ने ही इसकी पटकथा लिखी है। मैडम चीफ मिनिस्टर में रिचा के अलावा मानव कौल एवं सौरभ शुक्ला हैं। फिल्म का निर्माण टी सीरीज फिल्म्स एवं कांगड़ा टॉकीज ने किया है। टी- सीरीज ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए ट्वीट किया, आपके लिए पेश है मैडम चीफ मिनिस्टर का पहला पोस्टर। रिचा चड्ढा, मानव कौल एवं सौरभ शुक्ला अभिनीत यह फिल्म 22 जनवरी को सिनेमाघरों में होगी। पोस्टर में रिचा के हाथ में झाड़ू है और उनके साथ मानव एवं सौरभ खड़े हैं।

## अमिताभ बच्चन ने सोनू सूद की फिल्म किसान की घोषणा की

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने सोमवार को अभिनेता सोनू सूद की फिल्म किसान की घोषणा की। फिल्म का निर्देशन ई निवास करेंगे। अयुष्मान खुराना की 2019 में आई कमेडी फिल्म ड्रीम गर्ल से निर्देशन की शुरूआत करने वाले राज शांडिल्य इसका निर्माण कर रहे हैं। बच्चन ने ट्वीट किया, ई निवास निर्देशित एवं सोनू सूद अभिनीत फिल्म किसान को शुभकामनाएं। फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।



## जेम्स बॉन्ड फिल्म में काम करने वाली अभिनेत्री तान्या रॉबर्ट्स का निधन

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स बॉन्ड फिल्म में काम करने वाली अभिनेत्री तान्या रॉबर्ट्स का निधन हो गया है। उन्हें ए वीयू टू ए किल और डेट 70टीज शौ में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। वह 65 वर्ष की थी। रोबर्ट्स के प्रतिनिधि ने ऑनलाइन समाचार पत्र टीएमज़ेड को बताया कि अभिनेत्री क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अपने कुत्ते को टहलाने लेकर गई थी और घर वापस आने पर बेहोश होकर गिर पड़ी थीं।

ऑनलाइन समाचार पत्र ने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन वह कभी ठीक नहीं हुई। उन्होंने बताया कि रॉबर्ट्स बीमार नहीं थीं। रॉबर्ट्स ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और वह टीवी पर विज्ञापन भी करती थी। इसके बाद 1975 में उन्होंने फिल्म "फोर्स एंट्री से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने 1985 में जेम्स बॉन्ड फिल्म ए वीयू टू ए किल में काम किया।

## बिट टोरेंट के जरिए 2020 में सबसे अधिक डाउनलोड किया गया द मंडलोरियन

**लॉस एंजिलिस।** बिट टोरेंट का इस्तेमाल कर 2020 में द मंडलोरियन सबसे अधिक डाउनलोड किया गया, जिसके साथ ही यह साल का सबसे बड़ा पाइरेटिड शो भी बन गया।टोरेंट फ्रीक के एक विशलेषण में यह दावा किया गया है। पाइरेटिड शो से तात्पर्य यहां शो को उसके मूल मंच (ओटीटी) की बजाय बिट टोरेंट या अन्य माध्यम (साइट) से डाउनलोड करके देखे जाने से है। द मंडलोरियन सीरिज का दूसरा सीजन दिसम्बर 2020 में डिज़्नी पर रिलीज हुआ था। इससे पहले 2019 में खत्म हुआ



एचबीओ का मशहूर शो गेम ऑफ थ्रोन्स अन्य साइटों से सबसे अधिक डाउनलोड किया गया शो था। टोरेंट फ्रीक केवल बिट टोरेंट से डाउनलोड की गई सीरिज या फिल्मों का आकलन करता है।

## रंगबिरंगे रूबिक क्यूब पर बनेगी फिल्म और गेम शो

**लॉस एंजिलिस।** बेहद लोकप्रिय रंगबिरंगा पजल रूबिक क्यूब अब और भी खास बनने जा रहा है क्योंकि तेज दिमाग की परीक्षा लेने वाले इस खिलौने पर एक फिल्म तथा एक गेम शो बनने जा रहा है। वैरायटी की खबर के मुताबिक अशोक अमृतराज के प्रोडक्शन हाउस हाइड पार्क एंटरटेनमेंट ग्रुप और एंडेवर कंटेट इस सबसे ज्यादा बिकने वाले पजल टॉय पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। ए दोनों संस्थान ग्लासमैन मीडिया के साथ मिलकर रूबिक क्यूब पर आधारित गेम शो बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं। अमृतराज ने कहा कि भारत में रहने के दौरान इस खिलौने के साथ उनका खास जुड़ाव हो गया था। फिल्म के बारे में अभी कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। एंडेवर कंटेंट के सह अध्यक्ष ग्राहम टेलर ने कहा, रूबिक क्यूब परिवारों में एक जाना पहचाना ब्रांड है। हाइड पार्क के साथ मिलकर हम इस पर फिल्म, टेलीविजन एवं गेम शो बनाने के लिए काम कर रहे हैं। रूबिक क्यूब एक थ्री डी कॉम्बिनेशन पजल है जिसका आविष्कार 1974 में हंगरी के रहने वाले वास्तुकला के प्रोफेसर एरनो रूबिक ने किया था। इस विशेष पजल के हर हिस्से में छह रंग होते हैं जिन्हें कुछ इस तरह व्यवस्थित करना होता है कि हर हिस्से में एक ही रंग नजर आए।

## बिग मैजिक लेकर आया है शिक्षा और भक्ति की कहानी अपनी पेशकश कहत हनुमान, जय श्री राम के साथ

**बिग मैजिक** पारिवारिक मनोरंजन के एक संपूर्ण ठिकाने के तौर पर मशहूर है और कई वर्षों से यह चैनल अपने दर्शकों को विविधतापूर्ण और समग्र कंटेन्ट प्रदान कर रहा है। इस चैनल ने दर्शकों के लिये विभिन्न विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं प्रस्तुत किये हैंए फ्रि चाहे यह पौराणिक कथाएं हों या लोकसाहित्यए फैंटेसी की दुनिया हो या रोचक ड्रामाए इसका हर शो सभी उम्र के दर्शकों को टेलीविज़न स्क्रीन से बांधकर रखता है। अपनी कंटेन्ट लाइब्रेरी का विस्तार करते हुएए बिग मैजिक अब असीम श्रद्धा और भक्ति की कहानी कहत हनुमान जय श्री राम लेकर आया हैए जो हर सोमवार से रविवार 8:00 बजे प्रसारित होगा ।

प्राचीन अतीत की कथाओं और लोकसाहित्य पर आधारित कहत हनुमान जय श्री राम एक पौराणिक शो हैए जिसमें भगवान हनुमान के दिलचस्प किस्से और उनके जन्म का कारण बताया गया है। दर्शको को भगवान हनुमानए जिन्हें मारूति भी कहा जाता हैए उनका अपनी माँ अंजनि के साथ अटूट रिश्ता भी देखने को मिलेगा । यह शो मारूति के एक शरारती बच्चा होने से लेकर भगवान राम के परम भक्त बनने तक की यात्रा बयां करता हैए और भविष्य में रावण के विरूद्ध युद्ध में श्री राम के प्रति अपनी भक्ति और कर्त्तव्य का उद्धरण पेश करते हैं। इस शो में एकाग्र द्विवेदी भगवान हनुमान बने हैं, स्नेहा वाघ माँ अंजनि हैं और जितेन लालवानी राजा केसरी की भूमिका निभा रहे हैं। प्रत्येक एपिसोड में इंफोटेनमेन्ट के प्रमुख तत्वों का संयोजन किया गया है। यह एपिसोड न केवल नैतिक सबक देते हैंए बल्कि दैनिक जीवन का परिप्रेक्ष्य भी प्रदान करते हैं। यह अपने दर्शकों को ऐसी सीख और ज्ञान देता हैए जो उनके जीवन को बेहतर बना सकता है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 5 जनवरी 2021



गैंगेस्टर्स के किराएदारों की समस्याएं

# प्रापर्टी सीज की कार्रवाई में अधिकृत दुकानें भी हो गईं बंद



सीतापुर-हिस्ट्रीशीटर मुजीब अहमद की आलीशान कोठी



सीतापुर-कैंची पुल के पास बनी दुकानें हुईं सीज

**संवाददाता। सीतापुर**

● बैंक, टेलर्स और कोचिंग समेत अन्य प्रतिष्ठान भी आए अभियान की जद में

**करे कोई,** भरे कोई, जी हां हम बात कर रहे हैं, गैंगेस्टर अहमद ब्रदर्स की प्रापर्टीज के अधिकृत दुकानदारों की, प्रशासन ने जब सीज और जब्ती की कार्रवाई का चाबुक चलाया तो उसकी मार इन दुकानदारों पर भी पड़ी है। बटसगंज स्थित अहमद ब्रदर्स की प्रापर्टीज में एक बैंक और मशहूर टेलर्स तथा कोचिंग सेंटर को भी सीज कर दिया गया है। जिनका कोई भी पुरसाहाल नहीं है। आई इंडिया की टीम ने जब इनका हाल जाना, तो उनका दर्द सामने आ गया। बताते चलें कि माफिया डॉन अतीक अहमद से संबंध रखने के आरोप में पुलिस ने अहमद ब्रदर्स मुजीब, छन्नू, हसीन की 24 संपत्तियों को सीज कर 75 करोड़ की प्रापर्टी जब्त की है। जिनकी जद में उनकी प्रापर्टी के कई किराएदार आ गए हैं। यह किरायेदार कई सालों से लीग एग्रीमेंट से अपनी दुकानें चलाते आ रहे थे। इस कार्रवाई से इनका व्यापार फिलहाल चौपट होकर रख गया है।

## ...जब दुकानदार की आंखों से निकल पड़े आंसू



दुकान सीज होने के बाद रोते अकबर टेलर के मालिक

**साहब,** इन आंसुओं पर तरस खाइए और इनकी दुकान में रखा लाखों का सामान इन्हें वापस दिलाइए, फफक फफक कर रहे रो रहे मशहूर अकबर टेलर्स के संचालक अखलाक हुसैन हैं। चालीस लाख रुपये कर्ज लेकर दस साल के एग्रीमेंट पर गैंगेस्टर अहमद ब्रदर्स की बिल्डिंग में अकबर टेलर्स के नाम नई दुकान खोली थी, प्रशासन ने गैंगेस्टर अहमद ब्रदर्स के विरूद्ध 24 संपत्तियों पर दो जनवरी को सीज और जप्ती की कार्रवाई जब की तो उसमें इनकी दुकान भी सीज कर दी गई और लाखों का कपड़ा व सिले हुए कुर्ता पैजामा, सदरी सब कुछ बंद हो गए। जिसे वापस पाने के लिए यह प्रशासन से रहम की गुहार लगा रहे हैं। ऐसे इकतौले अखलाक हुसैन ही नहीं, बल्कि बिल्डिंग के अन्य किरायेदारों में इंडियन बैंक, लखनऊ कोचिंग कैंपस व अन्य दुकानें भी शामिल हैं। सभी का सारा सामान सीज की कार्रवाई के बाद बंद कर दिया गया है। बैंक कर्मी हो या कोचिंग संचालक अथवा छात्र या फिर उपभोक्ता इधर से उधर भटक रहे हैं और दुकानदार कह रहे हैं कि उनका तो जायज एग्रीमेंट था, उनकी क्या गलती थी, अगर उन्हें एक मौका दे देते तो वो अपना सामान कम से कम निकाल लेते। आई इंडिया ने ऐसे दुकानदारों की जब परेशानियां जानी, तो उनके आंसू निकल आए।

● अकबर टेलर्स के संचालक अखलाक हुसैन कुछ बोले, कि उससे पहले फफक फफक कर रोने लगे और कहने लगे कि चालीस लाख का लोन है। अब कैसे चुकता करेंगे और लाखों रुपये का कपड़ा दुकान के अंदर सीज होकर रह गया है। करीब पचास साल से अकबर टेलर्स का नाम सीतापुर में ही नहीं, सूबे में जाना जाता है। वह कुर्ता, पैजामा और सदरी की सिलाई के लिए मशहूर हैं। जब सीज की कार्रवाई हुई तो उन्हें भी पूरी जानकारी नहीं दी गई, लिहाजा, लाखों का कपड़ा और सिले सिलाए कुर्ता, पैजामा और सदरी बंद हो गए।

हुसैन, संचालक अकबर टेलर्स।

● दो कुर्ता और पैजामा सिलने के लिए जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने अकबर टेलर्स के यहां डाले थे, सोमवार को जब वहां लेने पहुंचे, तो दुकान बंद मिली, ऐसे न जाने कितने ग्राहक भटकने को मजबूर हैं।

● सीज की कार्रवाई की जद में इंडियन बैंक भी आ गई। जिससे कि बैंक के उपभोक्ता अपना ही रुपया पाने के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हैं।

जयराम, उपभोक्ता, इंडियन बैंक।

● अहमद ब्रदर्स की इसी बिल्डिंग में चार साल से लखनऊ कैंपस कोचिंग भी संचालित होता था, लेकिन सीज की कार्रवाई में वह भी आ गया। उनके सारे फर्नीचर उसी में कैद होकर रह गए।

एसपी सिंह, संचालक लखनऊ कैंपस कोचिंग।

● कानून के जानकारों का कहना है कि अगर किरायेदार वैध हैं तो सिविल सूट के जरिए वो अपना सामान प्राप्त कर सकते हैं।

आशीष सिंह, अधिवक्ता।

खुद की सरकार में

# धरने पर बैठे सत्ताई विधायक ने अफसरों पर जड़े गंभीर आरोप

● धान खरीद योजना में भ्रष्टाचार, काश्तकारों से हो रही अवैध वसूली

**संवाददाता। लहरपुर सीतापुर**

**सीतापुर में** धान खरीद में भ्रष्टाचार को परत-दर-परत भाजपा के ही विधायक उजागर करते आ रहे हैं। कभी सेवता विधायक ज्ञान तिवारी तो कभी हरगांव से विधायक सुरेश राही। एक माह पहले हरगांव से विधायक सुरेश राही धान खरीद में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लहरपुर एसडीएम पर मढ़ कर जिस लालपुर मंडी परिसर में धरने पर बैठ गए थे, और जिले के अधिकारियों के मान मनौवल और दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन के कई घंटे के बाद धरने से उठे थे। लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हो सकी। इससे खफा सोमवार को एक बार फिर हरगांव विधायक सुरेश राही उसी मंडी परिसर में अफसरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। अभी तक उनके निशाने पर उपजिलाधिकारी लहरपुर राम दरशराम थे, लेकिन अब जिले के अधिकारियों पर भी उन्हें संरक्षण देने का आरोप जड़ दिया है। सूबे में खुद की सरकार है। बावजूद इसके सीतापुर में सत्ताई माननीयों की अफसर न तो सुन रहे हैं और न ही सरकारी क्रय केंद्रों पर काश्तकारों की धान फसल तौली जा रही है। धान तौलाने को काश्तकार कई-कई रोज तक क्रय केंद्रों पर धान लदी ट्रॉली लिए खड़े रहते हैं। काश्तकारों के उत्पीड़न और शोषण से खफा हरगांव से भाजपा विधायक सुरेश राही अपने समर्थकों और काश्तकारों के संग सोमवार को लालपुर मंडी परिसर में पहुंचे और एक बार फिर धरने पर बैठ गए हैं। धरने पर विधायक ने घ्प्रशासनिक अफसरों पर गंभीर आरोप भी जड़े। काश्तकारों से अवैध वसूली कर इसका अफसरों में बंदरबांट किया जा रहा है। इससे पहले भी राही मंडी परिसर में धरना दे चुके हैं। उधर, जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार और डिप्टी आरएमओ अरविंद कुमार दुबे ने मामले की जांच शुरू कर दी है। काश्तकारों से धान खरीदने के लिए शासन ने सरकारी धान क्रय केंद्र खोले हैं। चयनित क्रय केंद्रों पर धान खरीद के लिए सरकारी एजेंसियों को जिम्मेदारी मिली है। लालपुर मंडी परिसर में भी सरकारी क्रय केंद्र खोला गया, लेकिन यहां केंद्र पर काश्तकारों के धान की फसल तौली नहीं जा रही है। जबकि धान लदी ट्रॉलियों को क्रय केंद्र पर तौलाने को कई कई रोज तक सर्द मौसम में खड़े रहते हैं, फिर भी उनका धान तौला नहीं जा रहा है। कोई न कोई बहाना बनाकर काश्तकारों को टरकाया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि धान तौलाई के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। इससे आजिज काश्तकारों ने विधायक को अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर विधायक ने अफसरों से बात की मगर किसी ने उन्हें तबज्जो नहीं दी। इससे नाराज विधायक राही समर्थकों के संग लालपुर मंडी पहुंचे और जिला और तहसील के अफसरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए हैं। इसी मंडी परिसर में गत साल दो नवंबर को भी धरने पर बैठ चुके हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि धान खरीद में अवैध वसूली कर काश्तकारों का उत्पीड़न एवं शोषण किया जा रहा है।



लहरपुर-धरने पर बैठे विधायक सुरेश राही

**जांच कर होगी कार्रवाईः** हरगांव विधायक के धरने पर बैठने की जानकारी पाकर सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, डिप्टी आरएमओ अरविंद कुमार दुबे पहुंचे और वार्ता कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में किसानों के बयान भी लिए।

## नैमिष को अलग नगर पंचायत बनाने के लिए
## विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

**नैमिषारण्य सीतापुर।** मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने नगर पालिका मिश्रिख नैमिष नगर पालिका को अलग अलग नगर पंचायत बनाने को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को पत्र लिखा। विधायक के अनुसार, मूल नगर पालिका कार्यालय नैमिष से बारह किलोमीटर दूरी पर है, जिसके चलते नागरिकों को सामान्य कार्यों के लिए भी बार बार दौड़ना पड़ता है। उनके पत्र में नैमिष के निकटवर्ती गांवों हड़हा पुरवा, ठाकुरनगर तिराहा, मजरा गंज मुरादाबाद तक, नारदानंद आश्रम, राजघाट गोमती किनारे से अयोध्या धाम, काशी कुंड से भैरमपुर, नई आबादी, ग्राम बकैनिया होते हुए पहला आश्रम से गुरुद्वारा तक सीमा मिलाकर नगर पंचायत नैमिषारण्य का दर्जा देने का सुझाव दिया गया है । इसके अलावा मिश्रिख क्षेत्र को नगर पंचायत या क्षेत्र विस्तार कर नगर पालिका बनाये सकता है ।

## वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने
## चिकित्साधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

● एनआईसी में डीएम और विधायक रहे मौजूद

**सीतापुर।** आयुष विभाग में नवचयनित चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं आयुष टेलीमेडिसिन योजनान्तर्गत योग वेलनेस सेंटर का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। कलेक्ट्रेट स्थित एन.आई.सी. कक्ष में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, विधायक बिसवां महेन्द्र सिंह यादव एवं विधायक लहरपुर सुनील वर्मा ने डा. यशवन्त जुनेजा, डा. अजय कुमार, डा. गौरवेन्द्र प्रताप सिंह, डा. गौरव वैश्य, डा. प्रीति पाण्डेय, डा. सोनम यादव, डा. वैष्णो गुप्ता, डा. अपर्णा सिंह व डा. रूपल शुक्ला को नियुक्ति पत्र दिए। इसके अलावा योग वेलनेस सेंटर नीमसार, योग वेलनेस सेंटर नगर सीतापुर, योग वेलनेस सेंटर बिसवां एवं योग वेलनेस सेंटर ऑट के संचालकों को प्रमाण-पत्र वितरित किये।

## सीएम के सम्भावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

**सीतापुर।** महोली में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन एलर्ट मोड़ में आ गया है। महोली के साथ ही सिधौली में तैयारियां भी षुरू हो गयी है। श्री गांधी विद्यालय डिग्री मैदान की सफाई शुरू हो गई है। ईओ सर्वेश शुक्ल ने सोमवार को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया है।

## महोली में अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी

● तहसीलदार महोली की बुद्धि शुद्धि को किया हवन, डालीं आहुतियां

**महोली सीतापुर।** सोमवार को भी हरीकरन लाल दीक्षित की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन महोली के समस्त अधिवक्ताओं ने पुरानी तहसील से नवीन तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकालकर नवीन तहसील के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर महोली तहसीलदार की बुद्धि शुद्धि हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया इस दौरान समस्त अधिवक्ताओं द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की मांगों को पुरा ना किए जाने तक अनवरत धरना प्रदर्शन चलता रहेगा इसी क्रम में तहसील बार एसोसिएशन मिश्रिख के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा द्वारा दूरभाष द्वारा वार्तालाप के माध्यम से सहयोग किए जाने का पूर्ण आश्वासन देकर कहा गया कि हम सब अधिवक्ता महोली बार एसोसिएशन के द्वारा किए जा रहे संघर्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं तथा परिसर के अंदर ही अधिवक्ताओं के बैठने की सलाह को सही कहा इस दौरान बार एसोसिएशन महासचिव अभय मिश्रा ,पूर्व महासचिव नीरज मिश्रा ,पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित ,पूर्व अध्यक्ष कमलेश्वर मिश्रा ,पूर्व अध्यक्ष राज कृष्ण शुक्ला ,विनोद त्रिवेदी, जयराम यादव ,यदुवीर मिश्रा, नितेश सिंह ,अंकित पांडे, यदुनाथ प्रसाद ,अनिल मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता बंधु मौजूद रहे।

## कोतवाली सिधौली इलाके का मामला
## एक और किशोरी दुष्कर्म की शिकार

● नये साल के चौथे दिन ही दर्ज हुआ दुष्कर्म का मुकदमा

● पिता ने थाने में तहरीर देकर लगाया आरोप, पुलिस की हिरासत में आरोपी

**सिधौली सीतापुर।** सीतापुर में दुष्कर्म की वारदातों की शुरुआत करते हुए एक दरिंदे ने नये साल के चौथे दिन ही नाबालिग किशोरी को अपनी हवस का शिकार बना डाला। वर्ष का पहला मामला कोतवाली सिधौली इलाके के एक गांव में सामने आया है। जहां आरोपी ने तड़के सुबह शौच गई नाबालिग किशोरी संग दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। सोमवार को एक पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर यह आरोप लगाया। पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को उसके गांव से पकड़ कर हिरासत में ले लिया है। लेकिन इस बीच जिम्मेदारों की मुद्दों को छिपाने और मीडिया को गुमराह करने की करतूतें भी सामने आ गयी। जब इस बाबत खबर चलाने के लिए पीड़िता के परिजनों की बाइट लेने मीडिया कर्मी पहुंचे तो कोतवाल राम प्रकाश ने इसे गैरकानूनी बताते हुए उन्हें मना कर दिया। अब इसे बात को उच्चाधिकारियों के सामने जाने का खौफ कहें या आधुनिक पुलिसिया मानसिकता की नजीर जो दुष्कर्मियों को पकड़ने के बजाय मीडिया का मुंह ही बन्द कराने पर आमादा है। मामले में कोतवाल राम प्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है, पूछताछ की जा रही है। जब पुलिस कार्रवाई कर रही है तो बाइट लेने का कोई मतलब नहीं बनता।

# विधायक ने बांटे दिव्यांगों को कंबल



मछरेहटा-सोमवार को ब्लाक कार्यालय पर विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कंबल वितरित किए। इस मौके पर मनोज रावत, अंजनी शुक्ल, विजय भार्गव, कल्लू पण्डित, काजू यादव, अजय शुक्ला, बबलू सिंह, दिलीप मिश्रा आदि तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ मिश्रित तहसील तहसीलदार, चन्द्रकान्त त्रिपाठी, विदेह सिंह, नायब तहसीलदार, एडीओ समाज कल्याण अभिताम वर्मा, एडीओ एजी सुकाली राम गौतम, लेखपाल, राजेश कुमार वर्मा, सन्दीप यादव, रुचि मौर्या, आदि लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# भारत परिषद की जिला कार्यकारणी हुई गठित

● पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**संवाददाता। सीतापुर**



सीतापुर-कार्यकारिणी गठन के बाद मौजूद पदाधिकारी

**भारत परिषद** के जिला कार्यालय नई बस्ती स्थित चौरसिया भवन में मनोनयन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वीके सिंह व मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी उपस्थित रहे। जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य व संचालन महासचिव आकाश राय ने किया। समारोह का शुभारंभ अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार आर्य व महासचिव आकाश राय द्वारा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष में डॉ याकूब खान, उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, डॉ0 शान्ति स्वरूप रस्तोगी, राम कुमार कटियार को मनोनीत किया गया, जबकि कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश कश्यप, संगठन मंत्री तथा कार्यालय प्रभारी सीमा बाजपाई व मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपाई को बनाया गया और नगर अध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री बने। समारोह के समापन में जिलाध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य व महासचिव आकाश राय ने मंडल अध्यक्ष व रास्टीय उपाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह व् माल्यापर्ण करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमाशंकर शुक्ला, श्याम सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, शरीफ वरूण आर्या, पूजा आर्या आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तेंदुए के पगचिन्ह दिखने के बाद दहशत में ग्रामीण

● नैमिषारण्य तीर्थ में गोमती राज घाट पर देखा गया तेंदुआ वनविभाग भेड़िए के बता रहा निशान

**संवाददाता। सीतापुर**

**वही रविवार** की बीती रात को औरंगाबाद क्षेत्र के बीबीपुर-परसपुर गांव के खेतो में ग्रामीणों ने तेंदुवा देखा जिससे आसपास के गांवों दहशत का माहौल बना हुआ था जिसके बाद बीती रात 8:30बजे गोमती राज घाट पर डुयूटी पर लगे हेमराज, दिनेश कुमार पीआरडी जवानों ने घाट पर तेंदुवा देखा जिसकी सूचना स्थानीय चौकी इंचार्ज को दी सूचना के बाद ,पुलिस और फारेस्ट की टीम मौके पर पहुँची जहाँ पग चिन्ह पाये गये जिससे नैमिषारण्य तीर्थ में भी दहशत का माहौल बना हुआ हैं वही शनिवार की रात भी अरबगंज निवासी लालाराम ने अपने खेत में गेंहू फसल की रखवाली के लिए खेत पर रुकते है, करीब बीती शाम को बीबीपुर गांव की तरफसे गेहूं के खेत होकर भैरमपुर की तरफ जाते हुए तेंदुवा देखा था लालाराम ने तुरंत गांव में खबर की , शोर-शराबा करते हुए ग्रामीण लाठी-डंडो के साथ मौके पर पहुंचे। गांव वालों की सूचना के बाद मौके पर फारेस्ट की टीम पहुँची थी और लोगो को सावधान रहने के लिए कहां था। इन गांव में दहशत- बीबीपुर, परसपुर, औरंगाबाद, भैरमपुर, शेखपुर, नैमिषारण्य, भैसासुर, गयाबर, कनवाखेड़ा, तेलियानी, रहीमाबाद, शाहपुर, घैला, ततरोई, पनाहनगर, हथिया, रामशाला, सिढ़ोली, पनरभू, रामपुर, खेंवटा, बड़ेरा, लधौरा, मानपुर, बेलहरी, नहवैया, मीरापुर आदि, रेंजर लाईक अहमद ने बताया राजघाट गोमती नदी पर जो पग चिन्ह पाये गये हैं व भेड़िये के हैं।

# प्रमुख सचिव ने किया जिला व महिला अस्पताल का निरीक्षण

● भवन के आंकलन को शीघ्र आएगी तकनीकी टीम

● महिला अस्पताल की सीएमएस और चिकित्सक की तारीफ

**संवाददाता। सीतापुर**

**जिला महिला** अस्पताल के भवन का अब जल्द ही कायाकल्प होगा। दशकों पुराने भवन की सूरत बदलने के लिए शासन स्तर से एक तकनीकी टीम भेजी जाएगी। यह टीम यहां पूरे भवन का सर्वेक्षण कर जरूरतों के हिसाब से प्रोजेक्ट तैयार करेगी। इसके अलावा चिकित्सीय सहूलियतों को बेहतर बनाने का भी अस्पताल में काम होगा। जिससे कि मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सोमवार को सीतापुर दौरे पर आए प्रदेश शासन के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने ये संकेत दिए।



सीतापुर-जिला अस्पताल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव

जिला महिला अस्पताल के मुआयने में उन्होंने विभागीय कार्यों की बेहतर रिपोर्ट देखकर सीएमएस समेत चिकित्सक की तारीफ भी की। सोमवार की दोपहर को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के प्रमुख सचिव आलोक कुमार सबसे पहले जिला महिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने सीएमएस कक्ष में बैठक कर बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा में डिलीवरी समेत मरीजों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में जाना और रिपोर्ट पर संतोष जताया। अस्पताल की व्यवस्थाओं को देख प्रमुख सचिव ने सीएमएस सुषमा कर्णवाल और चिकित्सक एसके वर्मा की तारीफ भी की। बाद में प्रमुख सचिव ने जिला अस्पताल में जाकर पांच जनवरी से शुरू होने वाले कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन प्लान के कार्यों का जायजा लिया। बाद में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कोरोना वैक्सीनेशन कार्यों पर पैनी निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण में उनके साथ प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह, सीएमएस डॉ. सुषमा कर्णवाल, जिला अस्पताल के सीएमएस एके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# बाघ जंगल से निकल पहुंच गया आबादी तक

- कुत्तों के भौकने पर निकले लोगों ने देखा बाघ
- पदचिह्न देकर वनकर्मियों ने किया सतर्क

संवाददाता। सिंगाही-खीरी

**सिंगाही** इलाके नौबना फार्म में बाघ जंगल से निकलकर फार्म में बने एक घर के पास तक पहुंच गया। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क देखे। मौके का निरीक्षण करने के बाद वन दरोगा ने बताया कि पगमार्क तेंदुए के हैं।

रविवार को थाना क्षेत्र के सिंगाही के निंबुआ फार्म के रहने वाले कुलदीप सिंह के घर करीब सायं सात बजे के आस-पास कुत्ते एकदम भौंकने लगे। इस जब घर लोगों ने बाहर निकल कर देखा तो एक बाघ उनके घर से थोड़ी ही दूर पर खड़ा है। इसके बाद घर के सभी लोग सतर्क हो गए और शोर मचाने लगे। इसके बाद वह बाघ जंगल की ओर वापस लौटने लगा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना बीट वन दरोगा मुशीर अहमद को भी दी। इस रात के समय दो वाचरो ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क देखे और वन दरोगा को इसकी इत्तिला कर दी। सुबह वन विभाग टीम मौके पहुंची और पगमार्क का अवलोकन किया। जिसके बाद वन दरोगा मुशीर अहमद ने बताया कि पैरों के निशान तेंदुए के हैं जो कि शिकार की घात में जंगल से बाहर आया था। उसके वापस जंगल जाने के पगमार्क मिले हैं। इसको जंगल के पास के सभी ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।

## युवा ग्रुप ने बांटे जरूरतमंदों को कंबल

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**मोहम्मदी विकास** खंड के रवींद्र नगर मियांपुर में आरएएनएसी युवा ग्रुप ने बेसहारा बुजुर्गो और महिलाओं को बढ़ती ठंड में कम्बल वितरित किए। इस ग्रुप के माध्यम से कोरोना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वहीं मंदिर की साफ-सफाई के साथ लाइट की भी व्यवस्था कराई गई। इस युवा टीम को सभी का सहयोग मिल रहा है।

# खीरी के किसान ने पेश कर दी अनोखी मिशाल

- वर्टिकल सिंगल बड तकनीकी अपनाकर बढ़ाई आय
- गन्ने के साथ अपनाई सह फसल

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**खीरी के** प्रगतिशील किसान दलजिंदर सिंह ने वर्टिकल सिंगल बड की तकनीक से न केवल रिकॉर्ड गन्ना उत्पादन किया। बल्कि सहफसली खेती कर अपनी आय को भी दूना किया।किसान दलजिंदर बताते हैं कि इस तकनीक के माध्यम से शीड रेट को कम होने के साथ ही लेबर कॉस्टिंग व सिंचाई में काफी बचत होती है।इस तकनीक को अपनाकर बीज की बचत करने के साथ ही सिंचाई हेतु करीब 75 प्रतिशत कम पानी का उपयोग किया। वहीं 50 प्रतिशत लेबर की भी बचत हुई। यह तकनीकी इंटर क्रॉपिंग के लिए बहुत ही बेहतर है। खेत की मेड़ पर गन्ने की बीज की बुवाई की और बचे हुए खेत में इंटरक्राप पुसल की बुवाई का अच्छा परिणाम प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि पहले वह सिर्फ गन्ने का उत्पादन करते थे और फिर इस विधि को अपनाकर सहफसली खेती करते हुए अपनी इनपुट कास्ट को न केवल आधा किया बल्कि अपनी आय को दोगुना किया। उसने बताया कि सहफसली खेती से वह उत्पादन लागत निकालते हुए मुख्य फसल को लाभ के रूप में प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी फसल को देखने हेतु आसपास के किसान के साथ ही जिला गन्ना मुख्य फसल को लाभ के रूप में प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी फसल को देखने हेतु आसपास के किसान के साथ ही जिला गन्ना अधिकारी बृजेश कुमार पटेल व मुख्य रूप से जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह भी आ चुके हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता को धमका रहे आरोपी के परिजन

**मोहम्मदी-खीरी।** थाना पसगवां के एक ग्राम की युवती के साथ जबरन दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजने के उपरांत बौखला, आरोपित के परिवार वाले युवती के भाई को मुकदमा वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। पीड़िता के भाई ने भयभीत होकर उपजिलाधिकारी सहित अन्य कई उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना पसगवां के ग्राम निवासी मोहम्मद हाशिम ने उपजिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा है कि 30 दिसंबर को उसकी चचेरी बहन छोटे भाई बहनों व पड़ोसियों के साथ गांव के पूर्व खेत पर बथुआ बीनने गई थी। आरोप है कि तभी पहले से घात लगाए बैठे अतुल अग्निहोत्री ने उसे दबोच लिया और जबरन उसे गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म कर डाला। पीड़िता के परिजनों ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज करवायाए जिस पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। आरोपित के परिजन पीडिता के चचेरे भाई को मुकदमा वापस लेने के लिए धमकी दे रहे हैं और ऐसा न करने पर की हत्या कर झूठे मुकदमे में फंसाने को धमका रहे हैं।

## किसानों को बर्गला रहे विपक्षी: संतोष



**मैंगलगंज-खीरी।** भाजपा मैंगलगंज मंडल की बैठक सिद्धेश्वरी देवी मंदिर परिसर में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने किसान बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ लोग किसानों को बर्गलाने का काम कर रहे हैं जबकि मोदी सरकार किसानों के हित में चिंतन किया करती है। किसान की उपज का उचित मूल्य मिले। किसान की आय कैसे बढ़े। इन बिलों से किसानों का सिर्फ लाभ ही होगा। हानि का प्रश्न ही नहीं। विरोध वो लोग करते हैं जिनको किसानों ने पूर्ण रूप से नकार दिया है। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा, पंचायत चुनाव की चर्चा, सेक्टर बैठकों की योजना बनी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु ने की। बैठक में मण्डल प्रभारी रामजी रस्तोगी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक शुक्ला वेदु, मण्डल उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, महामंत्री जगन्नाथ राठौर, राममोहन गुप्ता, मंत्री भारत सक्सेना, मीडिया प्रभारी अंकित तिवारी, अरविंद मिश्रा गुड्डन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितिन मिश्रा, प्रशांत तिवारी व रवि अवस्थी सेक्टर संयोजक हेमन्त दीक्षित सहित सभी सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 22 आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों की हुई तैनाती

- प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बांटे नियुक्ति पत्र
- सीएम ने किया खीरी के तीन योग वैलनेस सेंटर का किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सोमवार** को जनपद खीरी को उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयुष विभाग के नव चयनित 22 आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों की सौगात मिली। जिसमें 09 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं 13 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी शामिल है। वही जिले के तीन नए योग वेलनेस सेंटर की शुभारंभ हुआ।



एनआईसी में खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी व डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. डीके द्विवेदी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. सरोज वर्मा की मौजूदगी में सभी नवचयनित आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिकित्सा अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। उन्होंने सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी से शासकीय दायित्वों के निर्वहन के उपरांत जिज्ञासा के साथ शोध पर कार्य किये जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

आयुर्वेद के क्षेत्र में बीमारी का अच्छा एवं बेहतर समाधान है। योग एंड वैलनेस सेंटर हेल्थ टूरिज्म का अच्छा एवं बेहतर माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि आयुष मिशन भारत की परंपरागत चिकित्सा विद्या को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्षों से ऋतु परिवर्तन के साथ ही काढ़े का उपयोग किया जाता रहा है। सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी उत्तम आरोग्य कर्ता के रूप में कार्य करते हुए कार्य क्षेत्र में अपनी दक्षता का लोहा मनवाए।

# रसूल परिवार की देश सेवा अनुकरणीय: डॉ. रामकुमार

- सै. फजल रसूल बसपा में शामिल

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

**नगर के** प्रतिष्ठित रसूल परिवार के युवा सदस्य सै0 फ़ज़ल रसूल ने सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया। जिससे पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

रसूल परिवार के परम्परागत आवास उमरहरा कोठी पर आयोजित एक समारोह में लखनऊ के मुख्य सेक्टर प्रभारी डा रामकुमार कुरील एवं जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी की उपस्थिति में सै0 फ़ज़ल रसूल ने बसपा में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केवल बसपा ही एकमात्र पार्टी है जो समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर चलती है ओर सभी के विकास की बात करती है। पार्टी प्रमुख सुश्री मायावती का दृष्टिकोण अत्यन्त व्यापक है और प्रदेश में उनके नेतृत्व में अगली सरकार आने की पूर्ण संभावना है इसी अवसर पर डा रामकुमार कुरील ने कहा कि रसूल परिवार का इस देश की राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान है। बेगम कुदेसिया एजाज रसूल भारतीय संविधान समिति की सदस्या रहने के साथ साथ सांसद, विधायक, मंत्री आदि पदों पर रहकर उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ी जबकि उनके पति और सै फ़ज़ल रसूल के बाबा नगर पालिका परिषद संडीला के आजीवन चेयरमैन रहे और उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर स्नेह सदैव प्राप्त रहा। यह परिवार सदैव लोगो के सुख दुख में सहभागी रहा है और राजनीति को सेवा का माध्यम समझता रहा है। इसी अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने अपने विचार रखे।



बसपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए सै0 फ़ज़ल रसूल

## लापता छात्र का शव संदिग्ध अवस्था में मिला

**बरेली।** नवाबगंज के मुहल्ला आदर्श नगर मे रविवार सुबह स्कूल के पीछे जंगल मे लापता छात्र का शव मिला। लोगो ने देखा तो घटना की जानकारी स्वजनो को दी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने छात्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि मामले मे पुलिस को शव पर कोई चोट का निशान नही मिला है। मामले मे पुलिस शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। आदर्श नगर निवासी पप्पू किसानी करता है। उसका बेटा हिमांशु कस्बे के ही एक स्कूल मे इंटर का छात्र था। शनिवार की शाम को वह घर से निकला था। देर रात जब वह वापस नही लौटा तो स्वजनो ने तलाश शुरू की लेकिन हिमांशु का पता नही चल सका। सुबह से ही स्वजन उसे तलाश रहे थे। दोपहर मे कुछ लोग मुहल्ले के ही एक स्कूल के पीछे गए तो हिमांशु का शव पड़ा मिला। परिजन शव देखकर बिलख पड़े। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो शव के पास एक शराब की बोतल और इंजेक्शन पड़ा मिला। पुलिस घटना की तफ्तीश मे जुटी है।

# कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर जिला अस्पताल में हुआ मंथन

संवाददाता। बरेली

**कोरोना वैक्सीनेशन** का माइक्रो प्लान तैयार हो गया है । वैक्सीनेशन की तैयारियां कितनी पूरी हुई है । इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग मंगलवार को माकड्रिल करने जा रहा है । जिसको लेकर आज जिला अस्पताल में एक बैठक हुई । जिसमें स्वास्थ्य विभाग कर्मियों को वैक्सीनेशन के बारे में बताया गया । इसके लिए शहर और देहात समेत छह वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं । सीएमओ के निर्देश पर इन सेंटरों में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। वैक्सीनेशन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । वैक्सीनेशन की तैयारियां परखने और खामियों को दूर करने के लिए मंगलवार को एक मॉक ड्रील होने जा रही है । जिसको लेकर आज जिला अस्पताल में एक बैठक हुई । शहर में महिला जिला अस्पताल , खुशलोक हॉस्पिटल , बांस मंडी स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और देहात में राममूर्ति मेडिकल कॉलेज, रोहेलखंड मेडिकल कॉलेज और रामनगर सीएचसी में वैक्सीनेशन की मॉक होगी । वैक्सीनेशन के लिए पहले चरण में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को सेंटर बनाया जा रहा है। इसके लिए सभी सेंटर पर कम से कम तीन कमरे होने चाहिए । पहला कमरा वेटिंग रूम रहेगा , जहाँ स्वास्थ्यकर्मियों को बैठाया जाएगा और अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। दूसरा कमरा वैक्सीनेशन का होगा, यहां कोविड 19 की वैक्सीन लगाई जाएगी। तीसरा रिस्पांस रूम होगा , जिसमे वैक्सीनेशन के बाद स्वास्थ्यकर्मी को रोका जाएगा । वहां डाक्टरों की एक टीम भी तैनात रहेगी, जो स्वास्थ्यकर्मी के सेहत की जांच करेगी और आपात स्थिति में मदद करेगी, डॉक्टर आर एन गिरी, डॉक्टर अशोक कुमार, ने सीएच सी पीएच सी और स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सको और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

# डीएम ने किया धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने विपणन शाखा द्वारा संचालित राजकीय धान क्रय केन्द्र मण्डी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया, के दौरान पाया कि तीन कांटों के माध्यम से किसानों के धान की तौल की जा रही थी। केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि कम से कम प्रतिदिन 350 कुन्तल धान की तौल की जाती है। निरीक्षण के दौरान ग्राम बैरमपुर के किसान सुरेश पुत्र सूर्यबली के धान की तौल की जा रही थी। जिसकी खसरा, खतौनी से मिलान किया गया तो सही पाया गया। क्रय केन्द्र में अब तक कुल 28317 कुन्तल धान की खरीद 494 किसानों से किया गया है और 22624 कुन्तल धान मिल को भेजा गया हैं एवं 23 लाट (6670 कुन्तल) सीएमआर भेजा गया है। 19 लाट (5390 कुन्तल) की बिलिंग कर दी गयी है। केन्द्र में धान क्रय केन्द्र का लक्ष्य चालीस हजार है। स्टोंर में बोरो की पर्याप्त उपलब्धता रही। उन्होंने डिप्टी आरएमओं को निर्देश दिया कि केन्द्र में किसानों के तौल किये गये धान को दो दिन के अन्दर मिलों में भेजवाना सुनिश्चित करें। केन्द्र प्रभारी सुरेश भारती को निर्देश दिये कि केन्द्र में धान के ढेर लगें हैं जिन्हें मजदूरों की संख्या बढ़ा कर तौल कराकर बोरों में भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निरीक्षण पंजीका, धान खरीद, टोकेन रजिस्टर, धान स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। इस अवसर खाद्य विपणन अधिकारी, केन्द्र प्रभारी, किसान आदि उपस्थित रहे।

# मासूमों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास

- जिलाधिकारी की विशेष पहल गोदनामा
- 39 अधिकारियों ने 100 टीवी के बच्चों को गोद लिया

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी इंद्रविक्रम** सिंह ने क्षय रोग (ट्यूबरक्लोसिस) से पीड़ित बच्चों को गोद लेने के लिए गोदनामा नाम से एक विशेष पहल की शुरूआत की जिसे तहत क्षय रोग से पीड़ित बच्चो के इलाज व उनकी देखभाल के लिए अधिकारी अभिभावक की भूमिका भी निभाएगे जिलाधिकारी की इस अनोखी पहल का स्वागत करते हुए मीटिंग में मौजूद 39 अधिकारीयों ने 100 बच्चों को गोद लिया । जिलाधिकारी की इस पहल से प्रभवित होकर समाजसेवी संगठन भी टीबी के रोगी बच्चों की मदद के लिए सामने आए।



**करीब 800 मरीजों की सूची बनाई गई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष मुहीम टीवी हारेगा देश जीतेगा व 2025 तक ज्ठ मुक्त भारत बनाने का टास्क अधिकारीयों को संजीदा होकर क्षय रोग के रोगियों की देखभाल करने पर विवश कर रहा है इसी क्रम में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने टीवी के रोगियों (बच्चों ) के लिए विशेष पहल गोदनामा शुरूकर अधिकारीयों को इन बच्चों के अभिभावक की भूमिका तक पहुंचाया । सोमवार को विकास भवन में इस बाबत बैठक हुई। जिसमें 60 अधिकारी मौजूद थे। सभी ने जिलाधिकारी की इस पहल का समर्थन किया था। इसके अलावा 39 अधिकारियों ने 100 ज्ठ ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया है। जिला प्रशासन ने ज्ठ ग्रसित मरीजों की सूची को दो भागों में बनाया है। जिसमें 0 से 18 साल और 18 से 25 साल तक के मरीज हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक 303 और 480 मरीजों की सूची तैयार की जा चुकी है। साथ ही अधिकारी खुद शहरी क्षेत्रों, ग्रामीण क्षेत्रों, मलिन बस्तियों और स्कूलों में जाकर इस बीमारी से ग्रसित बच्चों की तलाश करेंगे।

**खान-पान व इलाज की जरुरत पूरा करेंगे अफ्सर:** जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि, क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेने की पहल शुरू की गई है जिसके तहत आज 100 बच्चों को गोद दिया गया है। मकसद ये है कि, इन बच्चों का अच्छा इलाज हो सके। कुछ मरीज ऐसे है जिनको खान पान की जानकारी नहीं है, कुछ बच्चे ऐसे है, जिनके पास पैसा नहीं है। इस कारण उनका इलाज नहीं हो पाता है। अधिकारी ऐसे गोद लेने वाले बच्चों को इलाज और खान पान के प्रति जागरूक करेंगे। जरूरत के मुताबिक उनकी आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। खास ये है कि, किसी अधिकारी पर बच्चों को गोद लेने के लिए दबाव नहीं है।

# क्विक न्यूज

## पत्रकार एकता संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पत्रकार एकता संघ के जिलाध्यक्ष एसके शुक्ला ने मुख्यमंत्री को संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह को सौंपा है। उन्होंने कानपुर के एक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ आशु यादव की अपहरण के बाद गला रेत कर निर्मम हत्या करने पर आक्रोष जताया। संघ ने मांग की है जिन लोगों ने पत्रकार की हत्या की है उनकी तत्काल गिरफ्तारी की जाए। आये दिन कलमकारों पर अत्याचार किया जाता है। पत्रकारों पर फर्जी मुकदमें, अभद्रता व हत्या के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा का कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता कहां सुरक्षित होगी। जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों के बच्चों को निःशुल्क उच्च शिक्षा दिए जाने, किसी भी पत्रकार पर फर्जी मुकदमा न लिखे जाने, दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने व जांच में दोष सिद्ध होने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट अर्पित श्रीवास्तव, श्याम सिंह, पंकज शुक्ला, जिला सहसचिव सफीउद्दीन अंसारी, मंजीत कुमार वर्मा व विशाल सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## डोडा के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार



**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र की चौकी फत्तेपुर प्रभारी प्रेमचंद ने सोमवार की सुबह सात बजे गस्त के दौरान दस साल से फरार चल रहे शातिर अपराधी चेतराम उर्फ चीता उर्फ कालिया उर्फ भंटे को जगदीशपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। चेतराम शातिर किस्म का अपराधी है। नीमगांव थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है चेतराम देश और नाम बदलने में माहिर है। इसके चलते इसकी पहचान करना बहुत ही मुश्किल था। तलाशी के दौरान चेतराम के पास ग्यारह सौ ग्राम डोडा चूर्ण बरामद हुआ। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अग्रिम कार्रवाई हुई तो न्यायालय में भेज दिया। इंस्पेक्टर मैगलगंज चंद्रकांत सिंह ने बताया कि अपराधियों पर किसी प्रकार की कोई रियायत नहीं की जाएगी। आम जनमानस को सुरक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन हम कर रहे हैं।

## मौरंग से भरी ट्राली पलटी, मजदूर की मौत

**संडीला (हरदोई)।** मौरंग लादकर आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे उस पर बैठे मजदूर की मौत हो गयी जबकि चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्राम मोहम्मदपुर के विजय ट्रेडर्स की दुकान से ट्रैक्टर ट्राली पर मौरंग लादकर पुलई पुत्र मिहीलाल आ रहा था तथा उस पर ग्राम बाकीनगर निवासी मजदूर नासिर उर्फतम्बोली उर्फगनी बैठा था जब यह ट्रैक्टर ट्राली ग्राम जसवंतनगर के पास पहुंची तो अचानक सड़क पर गायों का झुण्ड आ गया। गायों को बचाने के प्रयास में चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्राली सड़क के नीचे पलट गयी। दोनों ही लोग इस ट्राली के नीचे दब गये। ग्रामीणों ने काफी प्रयास करके दोनों को निकाला लेकिन तब तक अठाइस वर्षीय नसीम उर्फतम्बोली की मौत हो गयी थी जबकि पुलई जीवित था। गंभीर हालत में उसे पहले सीएचसी लाया गया जहां से उसे ट्रामां सेंटर भेज दिया गया।

## अज्ञात युवक ने तोड़ा दम

**फतेहपुर।** विगत एक पखवारा पूर्व अचेतावस्था में 40 वर्षीय एक अज्ञात युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था। जहां जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते-करते रविवार की देर शाम उसने दम तोड़ दिया। उधर सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मार्च्युरी हाउस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

## संदिग्ध हालत में विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** धाता कस्बा के मुहल्ला लेड़हापर में रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 22 वर्षीय एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं पुलिस ने शव को विच्छेदन के लिए भेजने के बाद मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना मंझनपुर गांव सोहनपुर निवासी हरिपाल ने अपनी पुत्री आरती देवी की शादी एक वर्ष पूर्व लेड़हापर निवासी राजकरन के साथ ही की थी। बताते हैं कि रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए कस्बे के ही निजी अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता हरिपाल ने आरोप लगाया कि दहेज की खातिर उसकी पुत्री को मारने पीटने के बाद जहर खिलाकर मौत के घाट उतार दिया है। इस प्रकरण में पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। जबकि सास व देवर की तलाश में जुटी है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया के समीप रविवार की शाम पिकअप की चपेट में आ जाने से लगभग 33 वर्षीय एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के बैरी गांव निवासी दुर्गा प्रसाद का पुत्र वीरन कल शाम मोटरसाइकिल से खखरेरू कस्बा बाजार गया था। वापस लौटते समय जैसे ही वह चकिया गांव के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बडेरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 24 वर्षीय एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के शिवबरी गांव निवासी संतोष कुमार का पुत्र शरद कुमार सिंह रविवार की शाम मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## ट्रेन से काटकर युवक की मौत ,शरीर दो भागों में बटा

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक ट्रेन आते ही पटरी पर लेट गया। ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। कमर से उसका शरीर दो भागों में बंट गया। कमर के नीचे का हिस्सा पटरी के पास पड़ा रहा, कमरे के ऊपर का धड़ उछल कर नाले में जा गिरा। शरीर के दो भाग होने के बाद भी युवक तीन घंटे तक जीवित के उपरांत मौत हो गई हर्षवर्धन के शरीर के दो टुकड़े करती हुई ट्रेन गुजर गई। इस बीच लोगों ने हर्ष को पटरी पर लेटते देख लिया था, इसलिए तत्काल ही लोगों ने शोर मचा दिया। गांव से हर्ष के परिजन भी आ गए। मां का रो रो कर हाल बेहाल हो गया। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाई। इस दौरान हर्ष बोल रहा था। उसने बस इतना ही कहा कि जो भी कुछ हुआ, उसमें किसी की कोई गलती नहीं है। इसके बाद हर्ष को लेकर एंबुलेंस उसके परिजन मेडिकल कालेज गए। उसके कमर के नीचे का हिस्सा भी मेडिकल कालेज ले जाया गया। मेडिकल कालेज में डाक्टरों की पूरी एक टीम हर्षवर्धन को बचाने की कोशिश में लगी हुई है।

## आवेदन पत्र आनलाइन करने की तिथि 21 जनवरी

**शाहजहांपुर ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमन कुमार ने बताया है कि वित्तीय वर्ष/षैक्षिक सत्र 2020-21 में पूर्वदषम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटबेस तैयार करने, सत्यापन, लाक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण हेतु संषोधित समय-सारिणी जारी हुई है, जिसमें प्रमुख सचिव समाज कल्याण उत्तर प्रदेष शासन के पत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 एवं निदेषक समाज कल्याण उत्तर प्रदेष लखनऊ के पत्र दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 को पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है, कि पूर्वदषम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 के छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र की आनलाइन करने की तिथि 21 जनवरी 2021 तक बढ़ा दी गयी है।

## महिलाएं आएं आगे, तभी सफल होगा मिशन शक्ति

**शाहजहांपुर।** प्रदेश में महिलाओं, बेटियों को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को डीपीओ के दिशा निर्देशन पर सेहरामऊ दक्षिणी के प्राथमिक विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर एक गोष्ठी आयोजित की गई।जिसमे मुख्य अतिथि महिला कल्याण विभाग की जिला समन्वयक अमृता दीक्षित ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि आज सरकार महिलाओं,बेटियों को लेकर तमाम योजनाएं संचालित कर रही है।उसमें से एक है मिशन शक्ति अभियान जिसका मुख्य मकसद है कि बेटियों, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार रूके।उनको उनका अधिकार मिले।समाज व परिवार की महिलाओं को लेकर सोच बदले।लेकिन आज भी शहर से लेकर गांव गांव तक मिशन शक्ति का प्रचार प्रसार किया जा रहा क्योंकि अभी भी लोग जागरूक कम है।इसके लिए जरूरत है महिलाएं,रोटी बर्तन से भी ऊपर उठकर कुछ करे।सोच बदले क्योंकि महिलाए को लेकर हर जगह उनके अधिकार सुरक्षित है।जरूरत है वह खुद में जागरुक हो।वही बाल संरक्षण समिति की बैठक पूनम के द्वारा की गई जिन्होंने बाल संरक्षण को लेकर आमजन को जागरूक किया।

# मिशन मोड में काम करें नए चिकित्साधिकारी: सीएम

**● राज्यमंत्री, विधायक, डीएम ने आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र**



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश में नवनियुक्त 1065 आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण, पदस्थापना व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होने प्रदेश के पहले उ0प्र0 आयुष टेलीमेडिसीन का शुभारंभ व 142 योग वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन भी किया। उन्होने कहा नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी पूरी ईमानदारी व मेहनत से कार्य करें व शोध पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि उ0प्र0 में योग व वेलनेस सेन्टर टूरिज्म डेसटीनेशन बनेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों में से चन्दौली, गोरखपुर, मथुरा व महोबा के चिकित्सा अधिकारियों से संवाद किया। उन्होने सबसे उनकी योग्यता व उन्होने क्या क्या कोर्स किये है इसकी जानकारी ली तथा सभी को बधाई देते हुये कहा कि वह सभी पूरी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करे तथा कार्यों को मिशन मोड में लेकर करें। शोध पर भी ध्यान दें। मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से एनआईसी कानपुर देहात में कार्यक्रम से जुडे मा0 राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, मा0 विधायकगणों में अकबरपुर रनियां प्रतिभा शुक्ला, निर्मला संखवार, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने 5 आयुर्वेद एवं 6 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति सौपें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय ऋषि परंपरा में पीपल व बरगद को देवतुल्य माना गया है। उन्होने कहा कि आयुर्वेद काढे को प्राचीन समय से ही उपयोगी माना गया है। उन्होने कहा कि कोई घर ऐसा नहीं जहां हल्दी, हींग व अदरक का उपयोग न होता हो। उन्होने कहा कि भारतवर्ष में यह प्राचीन काल से ही उपयोग में लाये जा रहे है। उन्होने कहा कि पूर्व में हमे इनका उपयोग करने पर पिछडा हुआ माना जाता था लेकिन आज पूरे विष्व ने इसकी उपयोगिता देखी है व इसकी मांग पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होने कहा कि कोरोना काल खंड में भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति के उपयोग को दुनिया ने माना है और आयुर्वेद की मांग हर स्तर पर हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होने अपने प्रधानमंत्री काल में आयुष मंत्रालय का गठन किया तथा देश को प्रथम आयुष विश्वविद्यालय दिया जो कि दिल्ली में स्थापित है। उन्होने कहा कि देश का पहला सर्जन आयुर्वेद से ही था। आयुर्वेद परंपरागत चिकित्सा पद्धति रही है तथा आयुर्वेद काढ़े का उपयोग आयुर्वेद की पद्धति में हजारो सालो से उपयोग में किया जा रहा है। उन्होने कहा कि दादी के नुस्खों में भी इसका इस्तेमाल होता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी में अपार संभावनाएं है। उन्होने कहा कि होम्योपैथिक विद्या भी प्लांट पर आधारित है। उन्होने नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि केन्द्र व राज्य ने उन पर भरोसा किया है। उन्होने कहा कि वह कार्यों को मिशन मोड में लेकर करें।

**सर्वजीत हत्याकांड**

## माह भर बाद भी एक कदम नहीं चली पुलिस की जाँच

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**● दो दिसंबर को गोली मारकर की गई थी हत्या**

**बीते** दो दिसंबर की रात युवक के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद उसका शव इटावा-बरेली हाई-वे पर पड़ा मिला था। घटना को धीरे-धीरे एक महीने का समय बीत गया लेकिन अभी भी पुलिस मृतक की हत्या का राजफास नही कर पायी है। एक महीने बाद भी पुलिस की जाँच एक कदम बभी नही चली।थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम महमदपुर गढिया निवासी सर्वजीत सिंह पुत्र गोरखराम का शव कोतवाली फ्तेहगढ़ के नेकपुर पुल के निकट इटावा-बरेली हाई पर पड़ा मिला था। परिजनों नें अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिस दिन सर्वजीत का शव मिला उसी दिन पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें भी जिले का चार्ज लिया था। वह खुद घटना स्थल पर गये थे।

घटना के खुलासे को स्वाट टीम, सर्विलांस और कोतवाली फ्तेहगढ़ पुलिस को लगाया गया था। लेकिन पुलिस एक महीने में जाँच के नाम पर एक कदम भी नही चल पायी है। उधर परिजनों में यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर सर्वजीत की हत्या किसने और क्यों की। पुलिस नें उसके गाँव के आस-पास से दर्जन भर लोगों को उठाया भी लेकिन फ्रि भी हत्या का खुलासा नही हुआ। पुलिस की जाँच बेनतीजा निकली। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप नें बताया कि जाँच की जा रही है। पुलिस टीमें लगी है। जल्द खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

## पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**संवाददाता।** फर्रूखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह एवं विधायक भोजपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम द्वारा बताया गया कि वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री जन धन योजना अन्तर्गत 53402 खाते खोले गए है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020 में 740 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत किया गया है। विगत वर्ष के सापेक्ष 2020 में कम ऋण स्वीकृत किया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में अधिक से अधिक लॉन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत एनपीए खातों की तहसीलवार सूची बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि एनपीए खातों की वसूली कराई जा सके। अटल पेंशन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में 13157 किसानों के नए किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए है। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि शासनादेश के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के बाद 15 दिन के अन्दर किसान क्रेडिट कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। केसीसी कार्ड के लिए किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। बैंकर्स को सीडी अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृत के पश्चात ऋण वितरण में कतई विलम्ब न किया जाए। जीएम डीआईसी को एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम,वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू,सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएमओ ने नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**नवाबगंज फर्रूखाबाद।** नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में डिप्टी सीएमओ डॉ दलबीर सिंह ने अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया। ऑपरेशन थिएटर , लेबर रूम का निरीक्षण किया। मंगलवार को होने वाले कोरोना वायरस वैक्सीन के डेमो के बारे में जानकारी ली अस्पताल में छह कमरे अतिरिक्त अस्पताल में कोरोना वायरस वैक्सीन डेमो के लिए कमरों को साफ कराने को कहा। अधीक्षक सुमित शाक्य को फ्टकार लगाते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा आशा बहुओं को बुलाकर मीटिंग की और उन्हें क्षेत्र में जाकर लोगों को कोरोनावायरस की जानकारी देने और सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में पाठ पढ़ाया।

## भाजपा के जिला महामंत्री बने कद्दावर नेता रामजी

**● विनम्र व म्रदुभाषी व्यवहार के चलते अग्रिम पंक्ति के नेता को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

**●राममॅदिर आन्दोलन से पहले ही भाजपा की पहचान रहे रामजी को अहम दायित्व**

**●रूरा सहित पूरे जनपद में भाजपा की आन, बान, शान व पहचान के लिये समर्पित भाजपा नेता को समर्पण, लगन व निष्ठा का मिला ईनाम**



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**भाजपा** के कद्दावर नेता तथा पूर्व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष व कई बार जिला कोषाध्यक्ष रहे रामजी गुप्ता को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। महामंत्री मनोनीत किये जाने पर भाजपाईयों ने हर्ष व्यक्त किया है। रामजी गुप्ता भाजपा के वरिष्ठतम नेता है। उनकी वरिष्ठता व भारतीय जनता पार्टी सॅगठन के लिये किये गये काम के अनुसार हलॉकि महामंत्री का पद बौना है। राम जन्मभूमि ऑदोलन के समय से ही भाजपा की रीति व नीति को आत्मसात करने वाले इस वरिष्ठ नेता ने कई बार जिला कोषाध्यक्ष पद व जिला पॅचायत उपाध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाओं से आम जनता को अपनी पार्टी की ओर मोडा है। उनकी वरिष्ठता को देखते हुये पार्टी के जिला व क्षेत्रीय प्रमुख से कम पद उनकी गरिमा को कम करता प्रतीत होता है। उनसे कई कनिष्ठ नेता जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके है परन्तु विनम्र व म्रदुभाषी स्वभाव के भाजपा नेता ने पार्टी के आदेश को शिरोधार्य कर जनता की सेवा निष्ठा व सर्मपण के साथ नये दायित्व को आत्मसात किया है। विगत विधानसभा चुनाव में उन्होंने सिकन्दरा विस क्षेत्र से टिकट की जोरदार दावेदारी की थी उनकी प्रत्याशिता भी तय मानी जा रही थी परन्तु आखिरी वक्त जातीय समीकरण में उनके स्थान पर पिछडे वर्ग के नेता को सीट आवॅटित कर दी गयी। महामंत्री घोषित किये जाने पर जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान, श्याम सिंह सिसौदिया, राजेश तिवारी, राहुल देव अग्निहोत्री, मदन पाण्डेय, पूर्व महामंत्री विनोद सक्सेना एडवोकेट, क्षेत्रीय मंत्री कल्पना सक्सेना, रामबाबू शुक्ला, गिरजेश द्विवेदी, अमित शर्मा, लाभम गुप्ता, विपिन गुप्ता पूर्व सभासद, सौरभ कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अखिलेश गुप्ता लल्ला, अजय गुप्ता बिन्दू, राजन शुक्ला पूर्व प्रधान डगराहा, अर्पित द्विवेदी, निशान्त सिंह गौर, अभिषेक दीक्षित बउआ, उमेश मिश्रा, कमलेश पाण्डेय पूर्व कोषाध्यक्ष, रजोल शुक्ला पूर्व उपाध्यक्ष, राकेश शुक्ला सभासद, अनुराग यादव सॅजय सभासद, सॅजीव गुप्ता लल्ला सभासद, नरेश शुक्ला, आलोक मिश्रा, श्रीमती राधा पाण्डेय, आरयस त्रिपाठी प्रधानाचार्य, डा0 अशोक मिश्रा सहित भारी सॅख्या में लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुये रामजी गुप्ता को बधाई व शुभकामनायें दी है।

## भाजपा की कार्यकारिणी में नये चेहरों को तरजीह

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने अपने दूसरे वर्ष के कार्यकाल की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के पुत्र संदीप शाक्य की छुट्टी कर दी गयी है। वहीं सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी के समर्थक अन्नू दुबे व शैलेंद्र सिंह राठौर को कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गयी है। पुराने लोगों में हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता व शिवांग रस्तोगी को पुन: कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

नवीन कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे, वीरेंद्र कठेरिया, ममता सक्सेना, नंदराम शाक्य, जय गंगवार, अतुल दीक्षित, अश्नील दिवाकर, प्रदीप सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला महामंत्री फ्तेहचद्र वर्मा, हिमांशु गुप्ता, डी.एस. राठौर, सुनील रावत को बनाया गया है। जिला मंत्री की जिम्मेदारी नवनीत पाल, अभिषेक त्रिवेदी, अमरदीप दीक्षित, धर्मेंद्र राजपूत, गुरुचरण आजाद, सर्वेश कुशवाहा, अभिषेक बाथम, गोपाल राठौर को जिम्मेदारी दी गयी है। संजीव गुप्ता पुन: कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। शिवांग रस्तोगी को दूसरी बार जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कार्यालय मंत्री का दायित्व अवनीश चतुर्वेदी को दिया गया है। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बताया जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम करते थे उन्हें भी नवीन कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। नये कार्यकर्ताओं को मनोबल न टूटे इसलिए उन्हें जिम्मेदारी दी गयी है। पूर्व पदाधिकारी कई बार कार्यकारिणी में रह चुके हैं। इसलिए नये चेहरे शामिल किये गये हैं।

## देश सेवा के साथ सर्वोच्च बलिदान देने को हमेशा रहें तैयार: ब्रिगेडियर

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**सिख** लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंटल सेंटर में सोमवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान 287 रिक्रूट राष्ट्र रक्षा के दौरान प्राणों तक की परवाह नहीं करने की शपथ लेकर सेना में शामिल हो गए। इसमें कश्मीर के मूल निवासी जवानों के साथ ही 163 प्रादेशिक सेना के भी 36 रिक्रूट शामिल हैं। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने कहा कि देश की सेवा संग सर्वोच्च बलिदान देने को हमेशा तैयार रहें। फ्तेहगढ़ स्थित छावनी के चटर्जी परेड ग्राउंड पर सुबह से ही सैन्य वर्दी में सजे और उत्साह से लबरेज रिक्रूट नजर आए। करीब नौ माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद सोमवार को उनके सैनिक जीवन की शुरुआत हुई। ठीक नौ बजे सेंटर कमांडेंट ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने परेड ग्राउंड पर कतारबद्ध खड़े रिक्रूट्स की बटालियन का खुली जीप में सवार होकर निरीक्षण किया। इसके बाद एडज्यूटेंट मेजर सुनील आत्री व धर्मगुरु ने देश सेवा के लिए प्राणों तक की आहुति देने से पीछे न हटने की शपथ दिला कर सेना में शामिल किया। कार्यवाहक डिप्टी कमांडेंट और ट्रेनिग बटालियन कमांडर कर्नल इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने 287 नव सैनिकों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए बधाई दी। युद्ध और शांति के बीच सीमा व देश के भीतर अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए कोरोना की चुनौतियों का भी सावधानी से सामना करने की सलाह दी। देश की सेवा और सुरक्षा के साथ ही अखंडता बनाए रखने को सर्वोच्च बलिदान के लिए तैयार रहने की भी अपील की।

## 8 आयुर्वेदिक व 13 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों की सौगात

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को अपरान्ह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष विभाग के नवचयनित आयुर्वेदिकए होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

उक्त कार्यक्रम के क्रम में एनआईसी फर्रूखाबाद मे सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर, विधायक भोजपुर एवं जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा नव नियुक्त आयुर्वेदिक होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों द्वारा विभागीय दायित्वों के साथण्साथ वरिष्ठ अधिकारियोंए शासन के निर्देशों का भी कड़ाई से अनुपालन किया जाए। जनसामान्य को शासन की मंशानुरूप स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

## ईओ से हो गई सांसद के निजी सचिव की भिड़ंत

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**घर** का सीवर टैंक साफ न हो पाने से नाराज सांसद के निजी सचिव सोमवार को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी से उनके कार्यालय में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। पालिका कर्मियों ने टैंक की दूरी सड़क से अधिक होने के कारण काम करने में असमर्थता जता दी है। सांसद के निजी सचिव अनूप मिश्रा मोहल्ला घेर शामू खां में अपने एक रिश्तेदार के मकान में रह रहे हैं। मकान का सीवर टैंक चोक हो गया है। उन्होंने पालिका की मशीन से सीवर टैंक साफ कराने के लिए कहा। कर्मचारियों के कहने पर 1200 रुपये फीस भी दे दी, लेकिन मशीन घर तक नहीं पहुंच पाई। टैंक खाली न होने से नाराज अनूप मिश्रा सुबह अधिशासी अधिकारी के कार्यालय पहुंच गए। वहां नोकझोंक होने लगी। कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी एकत्र हो गए। अनूप मिश्रा ने बताया कि उन्होंने फीस जमा कर दी थी, इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी व पालिका कर्मियों ने उनसे कहा कि वह प्राइवेट कर्मियों को बुलाकर टैंक साफ करा लें, उसमें चार हजार रुपये खर्च होंगे। उन्होंने इस संबंध में पालिकाध्यक्ष के पति व सिटी मजिस्ट्रेट को भी अवगत करा दिया है। अधिशासी अधिकारी रविद्र कुमार ने बताया कि वाहन घर तक नहीं पहुंच सकता। जिस जगह वाहन पहुंच रहा है, वहां से टैंक की दूरी करीब 60 फीट है। जबकि 20 फीट दूरी तक ही मशीन टैंक साफ कर सकती है। इसी वजह से उन्होंने पाइप नहीं मंगाया। अनूप मिश्रा गुस्से में बात कर रहे थे। उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह आरोप लगाने लगे कि पालिका कर्मी प्राइवेट सीवर टैंक साफ करने वालों से मिले हुए हैं।

## डीएम ने विलासपुर बांगर में लगायी चौपाल, बांटी खतौनी, कम्बल-स्वेटर



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उत्तर** प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने सिकन्दरा तहसील क्षेत्र के विलासपुर बांगर में ग्रामीणों संग चौपाल लगायी। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की विद्युत, पेंशन, राशन, आवास, शौचालय, पानी आदि से सम्बन्धित शिकायतों को सुना तथा सभी अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का निस्तारण भी कराया। वहीं जिलाधिकारी ने वरासत अभियान 15 दिसम्बर 2020 से 15 फरवरी 2021 तक चलाये जा रहे अभियान के तहत बताया कि राजस्व परिषद द्वारा मृतकों के उत्तराधिकारियों का नाम भूमिधर के खतौनियों में दर्ज कराये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें राजस्व टीम गांव गांव जाकर मृतक खातेदारों को चिन्हित कर उनके परिवारों का नाम दर्ज कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल, स्टाल आदि के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देकर हर गरीब पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया जाये। चौपाल में जिलाधिकारी ने वरासत अभियान के तहत 22 लोगों को नि:शुल्क खतौनी वितरित की गयी तथा 13 मृतक खातेदारों को चिन्हित किया गया। वहीं सर्दी से बचाव हेतु 80 गरीब पात्र ग्रामीणों को कम्बल वितरित किये तथा 6 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, एसडीएम, सिकन्दरा आरसी यादव, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी आदि अधिकारीगण कर्मचारी, ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

## हर रविवार सभी पीएचसी में लगेगा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**सरकारी** अस्पतालों में अभी तक रविवार को ओपीडी बंद रहती है। इससे मरीजों व उनके तीमारदारों को संयुक्त चिकित्सालय या जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में दौड़ लगानी पड़ती है। शासन ने मरीजों की इस समस्या का समाधान खोज निकाला है। अब प्रत्येक रविवार को शहर व देहात के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। खास बात यह कि इसमें एलोपैथ, आयुर्वेद व होम्योपैथ के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। जिसका आदेश जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें जारी कर दिया। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर ही मरीजों को पूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए शासन हर जतन कर रहा है। नई योजना लागू की जा रही है ताकि लोगों को खासकर ग्रामीणों का इलाज आसानी से हो सके। रविवार को अवकाश के दिन सरकारी अस्पतालों में सेवा नहीं मिलने की शिकायत रहती है। इसके मद्देनजर शासन ने प्रत्येक रविवार को शहरी व ग्रामीण अंचलों के पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित कराने का निर्णय लिया है। सुबह 10 से दोपहर के दो बजे तक इसका आयोजन होगा। जिलाधिकारी अपनी देख-रेख में मेला का आयोजन कराएंगे। जिसका उन्होंने सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया को नोडल अधिकारी बनाया है। स्वास्थ्य मेला में ओपीडी के अलावा नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा, परामर्श एवं इलाज, बच्चों में निमोनिया, डायरिया की रोकथाम के उपायों की जानकारी और इलाज आदि सेवाएं दी जाएंगी।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें जिले की सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती की है। प्रत्येक रविवार को वह पीएचसी पर पंहुच कर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की आख्या सीडीओ को देंगे। सीडीओ के द्वारा आख्या डीएम के पास जायेगी।

## दिन भर दुबके रहे सूर्यदेव, शाम को बारिश से गलन भरी सर्दी



**संवाददाता।** घाटमपुर

**बीते** तीन दिनों से सर्दी के प्रकोप के बाद आसमान पर बदली छायी रहने से सूर्यदेव के दर्शन नही हुए, वहीं शांम को हुई बूंदा-बांदी से शीत लहर का प्रकोप पूरे सबब पर दिखा, रबिवार की रात गलन भरी सर्दी के और सोमवार को दिन भर वर्फीली हवा के चलते लोग घरों में दुबके रहे और कस्बे की प्रमुख सड़कों और बाजारों में सन्नाटा नजर आया। वहीं रोज की तरह आज भी बड़ी संख्या में गरीब महिलाये कंबल के लिये तहसील पंहुची। यदपि मौसम बिभाग ने पहले ही शीत लहर और बारिश की भविष्यवाणी की थी और उसका असर भी दिखा,नगरीय क्षेत्र की तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी शीत लहर की वजह से लोग शांम होते ही बिस्तर में दुबकने को बिवश हुए। उधर शीत लहर के चलते सरकारी और निजी अस्पतालों में जुकाम, खॉसी, निमोनियाँ और चर्म रोगों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ना शुरु हो गयी है।,

### पत्नी मायके से न आयी तो फांसी लगा कर दे दी अपनी जान

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव परास के मजरा भैरमपुर में एक टैम्पों चालक ने धर के अन्दर फांसी लगा कर जान दे दी। गाव निवासी बिनोद ( 40 ) पुत्र छेदालाल बिक्रम टैम्पों चालक था, परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते माह उसकी पत्नी मायके चली गयी थी कई बार खबर भेजने के बाद वो मायके से नही आयी जिसके चलते बिनोद परेशान रहने लगा और इसी के चलते बीती रात उसने घर के अन्दर छत की धन्नी के सहारे फांसी लगा ली। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

# योजना संचालन में सूबे में हमीरपुर को 19वां व मंडल में पहला स्थान

**डेढ़ दर्जन लापरवाह अफसरों ने जिले को ला दिया डी श्रेणी में, 33 योजनाओं में शासन ने दिए पांच में शून्य अंक, डीएम नाराज सात को अफसरों के कसे जायेंगे पेंच**

**हमीरपुर।** जिले के डेढ़ दर्जन लापरवाह अफसरों के कारण जिले को डी श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है,कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग से जिले को सूबे में 19 वां रैंक प्राप्त हुआ है, हालांकि मंडल में जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुये सात जनवरी को समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों के पेंच कसेंगे।

पिछले माह तक शासन से निर्धारित सभी योजनाएं ठीक से संचालित हो रही थी मगर इधर कुछ विभागों ने योजना संचालन में लापरवाही बरतने लगे जिससे जिला प्रदेश में 19वें स्थान पर पहुच गया है। जब कि पूरी उम्मीद थी कि जिला कम से कम पहले पायदान पर आ जायेगा। शासन ने योजना क्रियान्वयन में पांच अंक का पूर्णांक रखा था जिसमे जिले को 23 विभाग योजनाओं में ए ग्रेड मिला है वही सात विभागों को बी ग्रेड तथा एक विभाग को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है 33 कार्यक्रम ऐसे है जिनकी वजह से जिला सूबे में 19वे स्थान पर पहुच गया है इनमें डेढ़ दर्जन विभागों के नाम खुलकर सामने आये है हालांकि इसके लिये बजट का न होना बताया जाता है। जिसमे कृषि, उद्यान, प्रोबेशन,दुग्ध, सहकारिता, बाल विकास, पंचायत, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कौशल विभाग, समाज कल्याण, भू जल संरक्षण समेत करीब 18 विभाग है जिन्होने योजनाओं पर कोई काम नही किया है जिससे जिले की रैंकिंग नीचे आ गयी है। इन विभागों को पांच अंको में शून्य अंक प्राप्त हुए है, बताया जाता है कि प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में महोबा को सूबे में 63वां स्थान, बांदा को 54वां स्थान, चित्रकूट को 60वां स्थान, हमीरपुर को 19 वां स्थान प्राप्त हुआ है, चित्रकूटधाम मंडल में हमीरपुर जिले को पहली रैंकिंग प्राप्त हुई है

प्रशासनिक अमले में खुशी की लहर देखी जा रही है। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई, राष्ट्रीय औद्योगिक मिशन, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, भू जल संरक्षण, आयुष्मान भारत, नहर, ग्राम पंचायत भवन निर्माण, वसूली, किसान सम्मान निधि योजना डाटा सुधार, परिवार नियोजन कार्यक्रम, एनआरएलएम आदि मामलो में जिला काफी पीछे है इधर एनआरएलएम को तो पांच मे शासन ने दो नंबर दिये है इस समय तो शासन ने इस विभाग को करोडो रुपये बजट का आवंटन किया है मगर महिला समूह सक्रिय नही हो पा रहे है। न ही समूह में सभी महिलाएं काम कर रही है। जिससे प्रगति काफी पीछे बतायी जाती है। नहरो में पानी न आने से किसानों की सिंचाई नहीहो पा रही है जब कि विभाग में बजट भी है मगर कोई काम नही हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग में कोरोना काल में भी बजट का अभाव नही रहा है मगर इसके बाद भी परिवारनियोजन कार्यक्रम फ्लाप होता गया है।

# पेपर नहीं दे पाई छात्रा तो फंदा लगाकर दे दी जान

संवाददाता। बांदा

**कोरोना संकट काल** के बाद स्कूल संचालकों द्वारा फीस को लेकर बरती जा रही सख्ती 12वीं की छात्रा पर भारी पड़ी। फीस जमा नहीं होने से उसे परीक्षा में बैठने में नहीं दिया गया और दो पेपर देने के बाद निकाल दिया गया। कई दिनों से उदास रहने वाली छात्रा ने मां की साड़ी का फंदा बनाया और फांसी लगा ली। भाई ने कमरे में फांसी पर लटका शव देखा तो चीख.पुकार मच गई। घटना बबेरू कोतवाली क्षेत्र के नेता नगर मोहल्ले की है। कॉलेज के प्रबंधक का कहना है कि परीक्षा दे रही थी दो दिनों से स्कूल नहीं आई थी।

अतर्रा रोड स्थित नेता नगर मोहल्ला निवासी अनंत कुमार की 16 वर्षीय पुत्री संजना कस्बे के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा थी। भाई देवनारायण ने बताया कि रात में क्वायल जलाने के लिए माचिस लेने बहन के कमरे में गया तो फंदे पर लटका शव देखा। चीख सुन स्वजन पहुंच गए और चीख.पुकार मच गई। मां की साड़ी का फंदा बनाकर हुक से संजना ने फांसी लगा ली थी। सुबह कोतवाल भाष्कर मिश्रा पहुंचे और कागजी कार्रवाई की।

मां ज्ञानवती ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे वह बेटी को दूध देने गई थीं तब वह पढ़ रही थी। पिता के मुताबिक दो पेपर देने के बाद फीस जमा नहीं होने से उसे कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया। स्कूल से भगाने के बाद वह उदास रहती थी। उसने अर्ध वार्षिक परीक्षा के दो पेपर दिए थे। फीस जमा नहीं हो पाने की वजह से साल बर्बाद होते देख बेटी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। छात्रा परीक्षा दे रही थी। दो दिनों से कॉलेज नहीं आई थी। जानकारी करने पर पता चला था कि वह बीमार है। फीस जमा नहीं होने पर उसे कॉलेज से भगाया नहीं गया था।

*विशेश्वर प्रसाद पांडेय प्रबंधक।*

स्वजन ने फीस जमा नहीं करने की वजह से फांसी लगाना बताया है। हर बिदु पर जांच की जा रही है।

*भाष्कर मिश्रा कोतवाल।*

## विवक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित दो लोग हुए घायल जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। क्षेत्र के गांव खीर डेरा निवासी जय सिंह बाइक द्वारा दो भतीजियों को साथ लेकर मौदहा बाजार जरूरत का सामान खरीदने आया हुआ था वह सामान खरीददारी कर अपने गांव वापस जा रहा था तभी इछौली तालाब के पास आरा मशीन के सामने ई रिक्शा से आमने सामने बाइक की टक्कर हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया ,एंबुलेंस आधे घंटे तक उपलब्ध नहीं हो सकी पीड़ित तड़प रहे थे तभी राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां पर हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विनीत पुत्र रामप्रकाश सिलौली ग्राम निवासी बाइक द्वारा मौदहा से अपने गांव सिलौली जा रहा था तभी गांव पहुंचने के पहले बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गया जिससे राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान हालत में सुधार बताया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**बांदा।** टायल्स दुकान से काम करके बाइक पर घर जा रहा मजदूर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। स्वजन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम एचवारा निवासी रज्जू यादव का 24 वर्षीय पुत्र मुन्ना कस्बे की टायल्स दुकान में मजदूरी करता था। दुकान से रात में वह बाइक पर अपने घर जा रहा था। रास्ते में हीबरबाबा पुरवा के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे सड़क में तड़पता देखकर स्वजन को मामले की जानकारी दी। इससे आनन.फानन स्वजन उसे जिला अस्पताल ले गए थे। भाई जयपाल व पड़ोसी बृजेश ने बताया कि हादसे के समय वह अकेले था। थाना निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि स्वजन के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### तेज रफ्तार ऑटो पलटा, छह घायल, दो गंभीर

**बांदा।** बांदा से कस्बा की ओर आ रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। छह सवारियां घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार शाम बांदा से कस्बे आ रहा तेज रफ्तार ऑटो रिसौरा व पनगरा के बीच अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे 35 वर्षीय संगीता पत्नी राजेश 75 वर्षीय मैयादीन निवासी लोधिनपुरवा बरकोला 27 वर्षीय सलमान निवासी नानपड़रिया सरबई मध्य प्रदेश 60 वर्षीय नत्थू निवासी पनगरा घायल हो गए। दो अन्य लोगों की मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मैयादीन व सलमान की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

### मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर

**मौदहा।** क्षेत्र में निजी खेत की मिट्टी होने का हवाला देकर प्रशासन की निगाहों में धूल झोंक रहे हैं और जबरदस्त कीमत पर खेत से मिट्टी निकालकर बेंची जा रही है। मौदहा विकासखंड के चमरखन्ना गांव निवासी परसुराम सिंह अपने खेतों से मिट्टी निकालकर गहबरा चौकी स्थित एक स्वीट हाउस की दुकान में बेंच रहे हैं।और खेतों में जबरदस्त तरीके से खनन कर खेत को बरबाद किया जा रहा है।जब इस संबंध में उपजिलाधिकारी अजीत परेश को अवगत कराया गया तो उन्होंने बताया कि बिना परमीशन खेत से मिट्टी निकाल कर बेंचना अपराध की श्रेणी में आता है और स्वयं के उपयोग हेतु मिट्टी निकाली जा सकती है। फिलहाल उपर्युक्त मामले में जानकारी कर संबंधितों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी।

### तमंचे लेकर नृत्यांगना के साथ किया डांस

**सरीला (हमीरपुर)।** सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एक युवक का हाथों में तीन तमंचे लेकर नृत्यांगना के साथ डांस करता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।कुछ लोगों द्वारा पुलिस के आला अफसरों को वीडियो ट्वीट किया गया है। यह वीडियो जरिया थाना क्षेत्र के किसी गांव का बताया गया है। थानाध्यक्ष जरिया अनिरुद्ध कुमार का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। इसके बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी। हाल ही में थाना क्षेत्र के किसी गांव में ऐसा सांस्कृतिक कार्यक्रम होने की जानकारी नहीं मिल रही है।

### मौसम के करवट बदलते ही किसानों के चेहरे खिले

**जालौन (उरई)।** मौसम में बदलाव के साथ बदली व हल्की फुल्की बूंदा बांदी से एक ओर जहां किसानों के चेहरे खिले। तो दूसरी ओर मौसम में ठंडक भी बढ़ी। लोग अपने घरों में दुबककर आग में तापने का आनंद लेते नजर आए। सोमवार की सुबह से मौसम ने अचानक से करवट ले ली। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हुए नजर आए। जिसके चलते दिन भर धूप के दर्शन नहीं हुए। इसके साथ ही ठंडी हवाओं के साथ हल्की फुल्की बूंदा बंदी भी हुई। इस बूंदा बांदी से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान राजीव माहेश्वरी, विजय शर्मा छिरिया सलेमपुर, छोटे भिटारा, श्यामू लौना आदि ने बताया कि खेतों में यह पानी अमृत के समान है। अभी तक धूप निकलने से फसल पर बुरा असर पड़ रहा था। लोग खेतों में सिंचाई के लिए परेशान थे। नहरें आने के बाद भी अवरोधक लगाए जाने से टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। जिसके चलते जिन किसानों के पास धन है वह तो नलकूप आदि से किराए परी पानी लगवा रहे थे। वहीं गरीब किसानों के खेत सूखे पड़े थे। जिससे फसल खराब हो रही थी। ऐसे में पानी के बरसने से खेतों की फसल को काफी फायदा पहुंचेगा। इससे पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। सर्दी बढ़ने से लोग दिन भर अपने अपने घरों में दुबके नजर आए। लोगों ने रूम हीटर अथवा आग जलाकर शरीर को गर्मी पहुंचाई।

### एसबीआई में स्टाफ की कमी से उपभोक्ता घंटों लाइन में रहते खड़े

**जालौन (उरई)।** भारतीय स्टेट बैंक में स्टॉफकी कमी से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं को जमा और निकासी में घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। इसके बाद भी कभी कभी काम नहीं हो पाता है। उपभोक्ताओं ने बैंक के उच्चाधिकारियों से बैंक में स्टॉफपूरा कराए जाने की मांग की है। स्टॉफकी कमी के बारे में नगर के व्यापारी कई बार बैंक के उच्चाधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। परंतु अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में जाने से उपभोक्ता कतराने लगे हैं। क्योंकि बैंक में जाने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी काम से बैंक जाने पर घंटों लाईन में खड़ा रहना पड़ता है। इसके बाद भी जरूरी नहीं है कि उपभोक्ता का काम हो ही जाए। इस सबका कारण यह है कि बैंक में इस समय स्टॉफकी काफी कमी है। बैंक के लेन देन के सात काउंटरों पर मात्र 3 कर्मचारी ही बैठे नजर आते हैं। 4 काउंटर खाली ही रहते हैं। ग्राहकों की संख्या अधिक होने के चलते काउंटरों पर दिन भर लाइन लगी नजर आती है। जिससे उनका काम नहीं हो पाता है। इस संबंध में बैंक आने वाले उपभोक्ता धर्मेंद्र दीवौलिया, प्रेमदास गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अतुल कुमार, मनोज शिवहरे, महेंद्र शिवहरे आदि ने बताया कि अब तो स्टेट बैंक आने से भी डर लगने लगा है। क्योंकि बैंक में कोई छोटे मोटे काम के लिए भी जाने पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। कैश काउंटर पर दिन भर लंबी लाईन लगी रहती है। कभी कभार तो बिना जमा निकासी किए ही लौटना पड़ता है।

# धर्मार्थ चिकित्सा शिविर लगा कर मरीजो का किया उपचार

संवाददाता। हमीरपुर

**बुन्देलखंड** इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक स्टडी सेंटर द्वारा सरीला क्षेत्र के धौहल गांव में निशुल्क धर्माथ शिविर डॉक्टर आर बी प्रजापति द्वारा लगाया गया जिसमें सोरायसिस अकोता जोड़ों का दर्द व पेट की बीमारी से संबंधित मरीज देखे गए। इस क्रम में हमीरपुर पटकाना में स्थित डॉ मानसी व डॉक्टर सुनीता के द्वारा कई मरीजो का इलाज किया गया। अधिकारिता दिवस के अवसर पर डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि अभी हमें गांव गांव में भी निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानी है। एवं इस पैथी को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करना है । डॉक्टर नरेंद्र निगम बुंदेलखंड प्रभारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आज हम अधिकारिता दिवस मना कर पूरे प्रदेश में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी 11 जनवरी तक लगातार संपन्न कराएंगे। वह 11 जनवरी को डॉक्टर काउंट सीजन मैटी का जन्म दिन भी लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए मनायेगे।डॉ मानसी ने छात्र छात्राओं से आवाहन किया कि वे अपनी चिकित्सा पद्धति को आगे बढ़ा कर जनता की सेवा सेवा करें इसी क्रम में कार्यक्रम में अमरावती महाराष्ट्र से आए रूलर रिलेशन के प्रभारी विजय राम नाथ शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से यहां लोग चिकित्सा में विश्वास करा कर जिस प्रकार चिकित्सा ले रहे हैं और उसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।यह बहुत ही सराहनीय काम है।

# धर्मनगरी में 11 मार्च को होगा पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव का शुभारंभ

**चित्रकूट।** आदितीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आगामी 11 से 15 मार्च तक 48वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव का आयोजन होगा। इस महोत्सव में देश भर के सैकडों ख्यातिलब्ध कलाकार शिरकत कर आयोजन को भव्यता प्रदान करेगें। सोमवार को रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रामायण मेला देश के विशिष्ट सांस्कृतिक समारोह के रूप में जाना जाता है। जिसकी परिकल्पना महान समाजवादी चिंतक डा राममनोहर लोहिया ने की थी। उनकी परिकल्पना को वर्ष 1973 में प्रथम रामायण मेला आयोजित कर समाजसेवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के गोपालकृष्ण करवरिया, आचार्य बाबूलाल गर्ग, गोपाल कृष्ण करवरिया ने मूर्तरूप दिया था। अब



जानकारी देते अध्यक्ष।

तक आयोजित हुए रामायण मेला महोत्सवों में देश के प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित केन्द्रीय मंत्री तथा अलग-अलग प्रांतों के महापुरुष प्रतिभाग कर चुके हैं।

रामायण मेला परिसर में सम्पन्न हुई आयोजन समिति की बैठक में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के अलावा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण गोपाल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, जागेश्वर यादव, श्याम गुप्ता, लालू दुबे, संत मदन गोपाल दास, संत बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज आदि संत-महंतों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य रूप से मेले में क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अवसर देने पर जोर रहा। उद्घाटन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित करना, स्वर्ण जयंती के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ करने आदि पर चर्चा की गई। संचालन डा करुणाशंकर द्विवेदी एवं आभार कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया ने व्यक्त किया। संपन्न हुई बैठक में राजाबाबू पाण्डेय, शिवमंगल शास्त्री, शैलेन्द्र करवरिया आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सम्भागीय उप निदेशक ने किया माधौगढ़ गल्ला मंडी का निरीक्षण

**माधौगढ़ ( जालौन )।** सम्भागीय उप निदेशक सीपी तिवारी ने कृषि उत्पादन मंडी समिति माधौगढ़ का निरीक्षण किया निरिक्षण के दौरान निम्न बिन्दुओं को बारीकी के देखा मुख्य रुप से उन्होंने मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी को चौक किया जिसमें उन्होंने देखा कि सीसीटीवी कैमरे सभी संचालित है कि नही बैकअप रिकर्ड हो रहा है या नही जिसमें उन्होंने बैकअप रिकर्ड के जरिये अवलेखों का मिलान किया तो कुछ अन्तर आया जिसमें किसान कुछ गाढ़ियां खाली ले गये थे फिलाल में कर चोरी का कोई मामला प्रकाश नहीं आया। कर चोरी की रोकथाम के लिये ही मंडी परिसर में सीसीटीबी कैमरों को लगवाया गया है इसी के साथ उन्होंने जन सुविधाओं के लिए सुलभ शौचालय को देखा जिसमें पहले की अपेक्षा इस बार बहतर साफसफाई पायी गयी व सफाई के लिए एक सफाई कर्मचारी भी नियुक्त किया गया इसी दौरान व्यापारियों ने आवंटन दुकानों पर व्यापार न कर सिग्मी किराये पर अन्य व्यापारियों को दिए हुए है उनका दुकान आवंटन लाइसेंस निरस्त कर दुकानों का कब्जा प्राप्त कर दुकान आवंटन की नीलामी की कार्यवाही की जाये। इसी के साथ उप निदेशक ने व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए मंडी समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान श्याम स्वरूप तिवारी, महेन्द्र कुमार, हरीशरण, पवन कुरेले, रामबहादुर सिंह, राघुराज सिंह, अरविन्द दीक्षित, हरीबाबू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए 15 तक चलेगा अभियान

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जिन लाभार्थी परिवारों के एक भी सदस्य का गोल्डन कार्ड नहीं बना है, उन परिवारों के कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को 15 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है । अभियान में अब तक 7306 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। सीएमओ डा. विनोद कुमार यादव ने बताया कि अभियान अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर चलाया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि जीरो गोल्डन कार्ड वाले परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव द्वारा दिए गए थे। 31 दिसंबर के बाद उसे अब 15 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। 15 दिसंबर 2020 से 3 जनवरी 2021 तक 7306 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के नोडल अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि अभियान में सभी आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, एएनएम व आंगनबाड़ी अपने क्षेत्रों के सभी लाभार्थी परिवारों में से प्रत्येक परिवार के किसी एक सदस्य का गोल्डन कार्ड गांव में ही लगने वाले कैम्प पर जाकर बनवा रही हैं। बीसीपीएम, बीपीएम, सीएचओ, ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्साधिकारी के इस काम में सहयोग कर रहे हैं। इसके साथ जन सुविधा केंद्रों पर गोल्डन कार्ड बनवाए जा सकते हैं। जनसुविधा केंद्र पर गोल्डन कार्ड बनवाने पर लाभार्थी को प्रति गोल्डन कार्ड 30 रुपए का शुल्क देय है। परिवार के सभी सदस्यों का अलग - अलग गोल्डन कार्ड बनेगा। जिस तरह मतदान के समय सभी मतदाताओं का अपना एक मतदाता पहचान पत्र होता है, ठीक उसी तरह देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में योजनांतर्गत उपचार के लिए सभी लाभार्थियों का एक अलग गोल्डनकार्ड अनिवार्य है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत समाज के गरीब व वंचित तबकों के लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपए की सीमा तक निशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। इसका लाभ जिले के साथ प्रदेश व देश के किसी भी पंजीकृत राजकीय व निजी चिकित्सालय में लिया जा सकता है।जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. आरपी जैसवाल ने बताया कि इस अभियान के दौरान बनाये गए गोल्डन कार्ड के लिए संबंधित आशा को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

# सिंचाई कर रहे किसान की ठंड लगने से हुई मौत

**बांदा।** लुढ़कता पारा अन्नदाताओं पर भारी पड़ रहा है। फसल की सिचाई करते समय किसान की तबीयत बिगड़ गई। स्वजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर देख कानपुर रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से ले जाते समय बिदकी के पास जिदगी की डोर टूट गई। घटना खरेई गांव की है। एसडीएम ने लेखपाल को भेज जांच रिपोर्ट मांगी है। तहसील क्षेत्र के खरेई गांव निवासी गैदू का 45 वर्षीय पुत्र बच्चू निषाद रविवार को खेत में पानी लगाने गया था। देर रात लौटा तो तबीयत खराब थी। स्वजन ने बताया कि सर्दी लगने से हालत बिगड़ती देख एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। ट्रामा सेंटर में भी कोई सुधार नहीं होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से ले जा रहे थे तभी फतेहपुर जिले के बिदकी के पास दम तोड़ दिया। चौकी इंचार्ज दिनेश सिंह पहुंचे और कागजी कार्रवाई की। स्वजन ने पुलिस को बताया कि वह खप्टिहा हार में पानी लगाने गए थे। पानी लगाने के दौरान ही सर्दी से हालत बिगड़ गई।

बच्चू की मौत से तीन बेटियों 16 वर्षीय सपना 14 वर्षीय बेटे कल्लू 12 साल की संध्या और छह वर्षीय काजल के सिर से पिता का साया उठ गया। शव पहुंचते ही पत्नी राजा बेटी पछाड़ खाकर गिर गई। पंचायत मित्र नवल कुमार ने बताया कि किसान छह भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वही परिवार का भरणपोषण करता था।

# सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर: नरेंद्र



संवाददाता। कदौरा (जालौन)

**मिशन शक्ति** के तहत थानों कोतवाली में पक्के व पारदर्शी बनाये जा रहे महिला हेल्प डेस्क कार्यालय का सोमवार को कालपी विधायक व क्षेत्राधिकारी ने सयुंक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। सोमवार को थाना परिसर में बने महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन करते हुए कालपी विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए काफी गंभीर है। इसलिए मिशन शक्ति अभियान के तहत जहां महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है वही थानों व कोतवाली में महिला सुरक्षा के लिए अलग से कार्यालय का निर्माण करा कर उनके उत्पीड़न की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला हेल्प डेस्क में महिलाएं निसंकोच अपनी बात कह सकती है। डेस्क प्रभारी उनकी समस्या का समाधान करेंगी। क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को ध्यान में रखते हुए महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। महिलाएं व छात्राओं के उत्पीड़न से संबंधित समस्यों के समाधान किया जायेगा और महिला डेस्क में आई शिकायतों के निराकरण प्रमुखता से किया जायेगा इतना ही नही बल्कि कोई भी महिला अगर डेस्क में शिकायत दर्ज करती है तो उनकी समस्या को महिला सिपाही गंभीरता से सुन कर तत्काल निराकरण करेंगे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि शासन की इस पहल का जल्द ही सार्थक परिणाम देखने को मिलेगा।

# कोरोना टीकाकरण तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा


कोरोना टीकाकरण को लेकर निरीक्षण करते अधिकारी।

**जालौन ( उरई )।** कोरोना टीकाकरण को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सीएससी में बनाये जा रहे टीकाकरण केंद्र को लेकर एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर सम्भावित स्थान को देखा तथा अधीक्षक से बातचीत की।

सोमवार की सुबह एसडीएम गुलाब सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनने वाले कोराना टीकाकरण केंद्र को लेकर को अस्पताल का निरीक्षण किया। टीकाकरण केंद्र के लिए आवश्यक 3 कमरों बाले स्थान को देखा। चिकित्सालय में अस्थायी कोरोना टेस्टिंग सेंटर को देखा तथा उस स्थान को स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार उचित पाया। एसडीएम ने अधीक्षक डा. मुकेश राजपूत से टीकाकरण के ट्राइल कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात रहने वाले 5 स्वास्थ्य कर्मचारियों, 2 होमगार्ड के जवानों, 2 पुलिस के जवानों के साथ रजिस्ट्रेशन की जांच समेत पूरी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की तथा टीकाकरण के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर लेने के निर्देश दिए। अधीक्षक ने एसडीएम को पूरी को सफल संचालन कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सीओ विजय आनंद, एसएसआई आनंद कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बांदा में बिगड़ रहा पर्यावरण का बैलेंस

आलोक निगम। बांदा

**बुंदेलखंड** के बाँदा में पर्यावरण का बैलेंस विगड़ रहा है कई दर्जन बालू की खदाने जलधारा को रोक कर नदीके पानी में भारी भरकम एक एक खदान में 11.11 पोकलैंड लगाकर जलकुम्भी जलीय जीवजन्त नस्ट किये जा रहे है ?न जीटी सर्वोच्य न्यायालय की ट्रब्यूनल के आदेशो को दरकिनार करते हुये एआज बालू पट्टाधारक अपने अनुबंध स्टाम्प पेपर में लिख कर जिला खनिजाधिकारी को देता है की हम सूर्यास्त के बाद खनन नहीं करूँगा लेकिन अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत यहाँ भी फिट बैठ रही है यहाँ पर सूर्यस्थ के बाद ही शुरू होता है खनन यह पूरी रात्रि चलता है खनन अब यह अपने आप में अबैध खनन हो गया विना परमीशन के नदियों में दर्जनों कच्चे पुल के निर्माण कर रखे है बालू व्यवसाइयों द्वारा दर्जनों जगह नदी की मुख्य जलधारा रोक रखी है बेंदाघाट जो यमुना नदी में स्थित है




4खण्ड है यहां पर तो दिन में दर्जनों पोकलैंड सीधे नदी में 40 .40 फिट पानी नीचे जा कर नदी के नीचे से बालू निकालते हैं इसमें आधा पानी भी बालू के साथ ट्रक में लोड किया जाता है जिससे नदियों का पानी भी कम होता जा रहा है ओवरलोड इस कदर चल रहा है की वह दिन दूर नहीं कि सारी प्रदेशों की सड़कें धान लगाने योग्य हो जाएंगे फिर लोग सड़कों में धान की खेती करेंगे और चलेंगे कहां भगवान जाने सफर कहां होगा ऊपर वाला जाने क्योंकि इन सब का कहना है कि यह आदेश








ऊपर वाले का ही है यदि ऊपर वाले का आदेश नहीं होता तो 70 रन एक एक ट्रक में बालू लोड नहीं होती 70 टन भालू उस खदान से निकलती कैसे हैं जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार खनिज अधिनियम उत्तर प्रदेश परिवहन सड़क ने एक आदेश दिशा निर्देश जारी किया है जिस खदान से ट्रक बालू लोड होकर निकलेगा उस खदान के रवाना निकलने के पहले कांटा होगा कांटा सीसी फुटेज में कैद होगा और ऑनलाइन उसकी पर्ची निकलेगी लेकिन जय भी आदेश मिथ्या साबित हुआ फिर यह हुआ टोल टैक्स में इनको पकड़ा जाएगा और लाखों का जुर्माना किया जाएगा ट्रक और बालू जप्त करने जैसी कार्रवाई भी की जाएगी लेकिन वह भी नाकाम साबित हुआ अब इस समय बुंदेलखंड के बांदा में अवैध खनन वेद खदानों से जारी है सड़कें लोड ट्रक में एक 1 फीट दब चुकी है चाहे आप जिस रास्ते पर देखिए आप चाहे किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट राजमार्ग को देख ले सभी में लोड ट्रक वाली साइट एक 1 फीट नीचे दबी हुई है क्योंकि यह अंदर की बात है

यह तो बिल्कुल सत्य है इस वेद खदानों से अवैध खनन और अवैध परिवहन ओवरलोडिंग ने पूरे प्रदेश की सड़कों की दुर्दशा कर रखी है चाहे कानपुर मार्ग ले लीजिए चाहे बहराइच मार्ग ले लीजिए चाहे चित्रकूट मार्ग ले लीजिए चाहे झांसी मार्ग ले लीजिए चाहे लखनऊ मार्ग ले लीजिए चाहे रायबरेली बनारस आजमगढ़ गोरखपुर मार्ग ले लीजिए सभी सड़कें दबी हुई है ऊपर से आदेश कुछ होता है लेकिन नीचे वाले वही करते हैं जो सत्ता पक्ष के सफेदपोश लोग कहते हैं।

# कुठौंद थाने में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया सांसद ने

**कुठौंद ( जालौन )।** जालौन गरौठा भोगनीपुर के सांसद भानु प्रताप वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह तत्पर हैं। नारी सुरक्षा को लेकर सरकार हर थाना स्तर पर महिला आरक्षियों की तैनाती की गई है जो पीड़ित महिलाओं की समस्या रजिस्टर्ड कर उन्हें गंभीरता से सुना जायेगा। एसडीएम जालौन ने कहा महिला सशक्तिकरण के बहुत सरकार हर स्तर पर कार्य कर रही है महिलाओं की अच्छी भागीदारी के लिए उन्होंने कहा कि एक समय था जब महिला थाने में जाने से घबराती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि उनकी समस्या महिला पुलिस कर्मी ही सुनेंगी जिससे वह सारे घटनाक्रम के बारे में जानकारी देने में संकोच नहीं करेंगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी जालौन विजय आनंद थाना प्रभारी अरुण कुमार तिवारी महिला कांस्टेबल शांति, अर्चना, विनीता पाल, संघ नेता विजय चंद्र, आशीष चतुर्वेदी, अमित नीखरा एवं क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया।

# कोरोना से बचाव के लिए पहुंच गई वैक्सीन की खेप

संवाददाता। सुलतानपुर

**कोरोना** संक्रमण को रोकने के लिए सेंटरों पर होने वाले पहले चरण के टीकाकरण के लिए अयोध्या मंडल से ढाई लाख सीरिज जिले में पहुंच चुकी है। इन्हें आवश्यकतानुसार सभी सीएचसी पर पहुचांया जा रहा है। इस सीरिज के रखरखाव की जिम्मेदारी सीएचसी प्रभारियों को सौंपी गई है। साथ ही इसको अभी अन्य कार्यों में प्रयोग में न लाने का भी निर्देश दिया गया है। संक्रमण रोकने के लिए लगाई जाने वाली कोरोना वैक्सीन के रखरखाव, टीकाकरण आदि की तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। पहले चरण में सरकारी व निजी अस्पतालों में कार्यरत कुल 13 सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाना है, इसकी जिम्मेदारी 279 स्वास्थ्य कर्मियों को सौंपी गई है। सभी सीएचसी व जिला महिला-पुरुष अस्पताल में 40 से 110 लीटर की क्षमता के दो-दो आइएलआर व दो-दो डीप फ्रीजर भी लगा दिए गए हैं। सीएमओ कार्यालय में वैक्सीन संग्रह के लिए तीन आइएलआर भी स्थापित किए गए हैं। सेंटरों पर किए जाने वाले टीकाकरण को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण को वेटिंग रूम का नाम दिया गया है, जहां टीका लगवाने के लिए आने वाले लोगों को क्रमवार बैठाया जाएगा। दूसरे चरण के तहत बने वैक्सीनेशन रूम में लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद ऑब्जर्वेशन रूम में टीका लगने के बाद लोगों में होने वाली प्रतिक्रिया पर नजर रखी जाएगी।



### क्या कहते हैं सीएमओ

**सीएमओ** ने बताया कि सभी जिले वासियों को टीका लगाया जाना है। इसके तहत पहले चरण के लिए अयोध्या मंडल से सभी सीएचसी को 20-20 हजार के हिसाब से कुल छह लाख सीरिज भेजी जानी हैं। कादीपुर व करौंदीकला सीएचसी पर 20-20 हजार सीरिज पहुंच गई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सर्जन डॉ. अजय कुमार सिंह व चीफ फार्मासिस्ट बीडी आर्या द्वारा कोरोना वैक्सीन सीरिज को सुरक्षित रखवा दिया गया। बीडी आर्या ने बताया कि एक एमएल की इंसुलिन सीरिज का प्रयोग कोरोना वैक्सीनेशन में किया जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालयों की होगी जांच

संवाददाता। सुलतानपुर

**स्वच्छ** भारत मिशन के तहत वर्ष 2014 से अब तक बने शौचालयों की जांच कराई जाएगी। पंचायत राज महकमे ने इन इज्जतघरों की हकीकत को परखने का निर्णय लिया। जांच के दौरान खामियां पाई गईं तो जिम्मेदार बख्से नहीं जाएंगे। अफसर कहते हैं कि शासकीय धन के दुरुपयोग की पुष्टि हुई तो उसकी वसूली भी की जाएगी। स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट है। एसबीएम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख 19 हजार 434 शौचालय पहले चरण में, द्वितीय चरण में वर्ष 19-20 में छूटे हुए 76 हजार 828 इज्जतघरों का निर्माण कराया गया। इसके बाद 35 हजार 617 और शौचालय बनवाए गए जो किन्हीं कारण से नहीं बन सके थे। इस तरह ग्रामीण क्षेत्र में कुल 3 लाख 31 हजार 879 इज्जतघरों का निर्माण हुआ। जिस पर 32 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय की गई है। बावजूद इसके लाभार्थी आज भी संतुष्ट नहीं हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर सीडीओ व पंचायत राज विभाग तक रोजाना शौचालयों के न बनने, लाभार्थियों के खाते से धनराशि निकाल लिए जाने या घटिया निर्माण कराए जाने के मामले आ रहे हैं। इन सबके मद्देनजर विभाग ने शौचालयों की जांच कराने की योजना बनाई है। कंप्यूटर के जरिए हर ग्राम पंचायतों की सूची तैयार की जा रही है। इस सूची के आधार पर तीन प्रारूपों पर जांच की जाएगी। पहले प्रारूप में वे शौचालय लिए जाएंगे, जो निर्मित हो चुके हैं। दूसरे में ऐसे शौचालय होंगे, जिनके घटिया निर्माण की शिकायत है। तीसरा प्रारूम उन शौचालयों के लिए है जो अभी तक बन ही नहीं सके हैं या अधूरे पड़े हैं। जांच का पहला चरण लाटरी प्रक्रिया पर आधारित होगा। हर विकास खंड से दो-दो गांव इस प्रक्रिया के जरिए चुने जाएंगे। चयनित ग्राम पंचायतों में बीस से अधिक सदस्यों की टीम पहुंचेगी।

# कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता। गोंडा

**कोरोना** वैक्सीन के ड्राई रन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने जिला महिला अस्पताल तथा एससीपीएम हास्पिटल का निरीक्षण किया तथा सीएमओ को सभी तैयारियां मानक अनुरूप दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। बताते चलें कि कोविड-19 वैक्सीन का ड्राई रन किया जाएगा जिसके लिए जिले में नगर क्षेत्र में तीन अस्पताल क्रमशः जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल तथा एससीपीएम हास्पिटल को चयनित किया गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरगूपुर, इटियाथोक तथा तरबगंज को चयनित किया गया जहां पर कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वेटिंग एरिया, वैक्सीनेशन एरिया तथा आब्जर्वेसन एरिया में मानक अनुरूप व्यवस्थाएं दुरूस्त करा ली जाएं जिससे किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पावे। उन्होंने ड्राई रन एरिया में अच्छी तरह से सैनीटाइजेशन का काम कराने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल में विभिन्न वार्डों, एसएनसीयू, केएमसी लान्ज, लेबर रूम, जनरल वार्ड, पोस्ट एवं प्री डिलीवरी वार्ड, मेडिकल स्टोर, वेटिंग एरिया आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0पी0 मिश्रा को निर्देश दिए कि तीमारदारों के ठहरने के लिए बनाए गए वेटिंग एरिया की जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगवाएं तथा रैन बसेरे में सभी आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित रहें।



# डीएम ने अस्पताल का किया निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** मार्कण्डेय शाही ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण प्रारम्भ कर दिया है। इसीक्रम में सोमवार को जिलाधिकारी औचक निरीक्षण के लिए सुबह पौने दस बजे जिला अस्पताल पहुंच गए। वहां पर उन्होंने सबसे पहले कोविड हास्पिटल का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। नरीक्षण के दौरान मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस में गन्दगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रमुख अधीक्षक को निर्देश दिए कि तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय तथा कबाड़ आदि को हटवाएं। कोविड अस्पताल के पास ही खुले में बह रहे पानी को देख डीएम ने प्रमुख अधीक्षक से जवाब पूछा कि गन्दा पानी खुले में क्यों बह रहा है। उन्होंने तत्काल ड्रेनेज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी सीधे जिला अस्पताल के इमरजेन्सी वार्ड पहुंचे। वहां पर उन्होंने आवश्यक दवाओं की सूची व उनकी उपलब्धता का डिस्प्ले बोर्ड न मिलने पर प्रमुख अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे तत्काल जिला अस्पताल में आवश्यक दवाओं व उनकी उपलब्धता का बोर्ड लगवाएं तथा यह सुनिश्चित कराएं कि मरीजों को बाहर से दवाइयां न लेनी पड़ें। इमरजेन्सी वार्ड में डीएम ने मरीज भर्ती रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके बाद डीएम ने वार्डों में पहुंचकर मरीजों से उनका हाल चाल पूछा। डीएम ने प्रमुख अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए कि वार्डों में रोजाना मरीजों की चादरें बदली जायं तथा अस्पताल में कहीं भी गन्दगी न मिले तथा वार्ड साफ-सुथरे हों। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कर्मचारियों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित हो। रैन बसेरे में अलाव का प्रबन्ध रहे तथा सुलभ शौचालय में गन्दगी न रहे, यह भी सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि आक्सीजन की पाइप लाइन को तत्काल ठीक कराएं तथा मरीजों के बेड टिकट पर हर हाल में एन्ट्री अपडेट रखी जाय जिससे सम्बन्धित मरीज के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्जिकल वार्ड में मनकापुर मछली बाजार की मरीज विमला देवी से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।



# कहीं विद्यालय में लटकता मिला ताला तो कहीं शिक्षक रहे नदारद



संवाददाता। शिवगढ़

**शिवगढ़** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था रामभरोसे है। सोमवार को कहीं विद्यालय में लटकता रहा ताला तो कहीं अध्यापक रहे नदारद। विडम्बना है कि सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है। आलम यह है कि कभी बीआरसी के नाम पर तो कभी बैंक के नाम पर विद्यालय से शिक्षक गायब रहते हैं। देर से आना जल्दी आना अधिकांश शिक्षकों की आदत सी बन गई है। ऐसे में कैसे पढ़ पाएगा इंडिया, कैसे आगे बढ़ पाएगा इंडिया। गौरतलब हो कि सोमवार अपरान्ह 2 बजकर 5 मिनट पर प्राथमिक विद्यालय बदावर में प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, सहायक अध्यापक ममता ग्रोवर विद्यालय में मौजूद नही मिली। शिक्षामित्र सूर्यभान ने बताया कि प्रधानाध्यापक उमेश कुमार बीआरसी गए हैं, सहायक अध्यापक ममता ग्रोवर आकस्मिक अवकाश पर है। समय 2 बजकर 20 मिनट पर कम्पोजिट विद्यालय कसना में इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्रवण गौतम ,सहायक अध्यापक सादिका बानो, सत्यभामा देवी, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, राम कैलाश भारती,अनुदेशक शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक शिक्षक विद्यालय में नही मिले। विद्यालय में सिर्फशिक्षामित्र रेनू , निर्मला मौर्य, अनुर्देशक मनोरमा मौजूद मिली। वहीं समय 2 बजकर 40 पर इंग्लिश मीडियम से संचालित प्राथमिक विद्यालय सीवन में ताला लटकता मिला। विद्यालय के समीप रहने वाले घनश्याम ने बताया कि एक घण्टा पहले विद्यालय बन्द हो गया था।

# मिड डे मील के राशन में मिले कीड़े

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**महराजगंज** विकासखंड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुरावा में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक छोटेलाल द्वारा बच्चों को वितरित किए जा रहे मिड डे मील के राशन में कीड़े मीले जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और जानकारी उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा को दी तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने नायब तहसीलदार को तुरंत मौके पर भेजकर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार को देख एकत्रित सैकड़ों ग्रामीणों ने गेहूं में कीड़े दिखाएं तो नायब तहसीलदार के होश फाख्ता हो गए और इंचार्ज प्रधानाध्यापक छोटेलाल द्वारा की जा रही कारगुजारी का ग्रामीणों ने काला चिट्ठा खोल कर रख दिया और हकीकत से रूबरू करवाया बताते चलें कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुरावां में तैनात प्रधानाध्यापक छोटेलाल हमेशा सुर्खियों में रहते है चाहे वो विद्यालय की रखरखाव का मामला हो या फिर मिड डे मील के राशन घोटाले की बात हो वहीं ग्रामीण अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू व प्रवीण शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि जमुरावां गांव में स्थित दो कमपोजिट स्कूलों में इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने रिपेयरिंग के नाम पर ?300000 लाख निकाल कर डकार गए वहीं रसोईघर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है वहीं नौनिहाल बच्चों को पीने वाले पानी इंडिया मार्का हैंडपंप विगत कई माह से खराब पड़ा है ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत से यह तो स्पष्ट ही हो जाता है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक अपनी खाओ कमाओ नीति के आगे प्रदेश की योगी सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है और नौनिहाल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा है मामले में उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया था नायब तहसीलदार को जांच के लिए भेजा गया है जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषी के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी वही मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर दोषी पाए जाने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी



# चोरी की बाइक और तमंचे के साथ धराया

**डलमऊ रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार व डलमऊ के क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन को बखूबी अमली जामा पहनाते हुए डलमऊ कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र सिंह व कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सघन तलाशी के दौरान सोमवार को डलमऊ कोल्ड स्टोर तिराहे के निकट अपनी टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सकठू कोरी पुत्र शिवप्रसाद निवासी पूरे धोकल सिंह मजरे रसूलपुर कोतवाली डलमऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त को चोरी की गयी के साथ गिरफ्तार किया गया उक्त व्यक्ति की जामा तलाशी के बाद कब्जे से एक आदत तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित दो चोरी की साइकिल भी बरामद कर अवैध शस्त्र व कारतूस मोटरसाइकिल के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना डलमऊ अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# पंद्रह आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को सौपे गयेनियुक्ति पत्र

संवाददाता। श्रावस्ती

**जनपद** श्रावस्ती को लोक सेवा आयोग द्वारा आयुष विभाग के नव चयनित 15 आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों की सौगात मिली। जिसमें 02 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं 13 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी शामिल है।जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र एनआईसी के माध्यम से लखनऊ में आयोजित नवनियुक्त आयुर्वेदिक होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों का नियुक्ति पत्र एवं पदस्थापना के संवाद कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। एनआईसी में श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेयए जिला अधिकारी टी के शिबु मुख्य विकास अधिकारी ईशान्त प्रताप सिंह अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ राम चन्द्र जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह की मौजूदगी में सभी नवचयनित आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नव चयनित चिकित्सा अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। उन्होंने सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी से शासकीय दायित्वों के निर्वहन के उपरांत जिज्ञासा के साथ शोध पर कार्य किये जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। आयुर्वेद के क्षेत्र में बीमारी का अच्छा एवं बेहतर समाधान है। उन्होंने कहा कि आयुष मिशन भारत की परंपरागत चिकित्सा विद्या को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्षों से ऋतु परिवर्तन के साथ ही काढ़े का उपयोग किया जाता रहा है। सभी नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी उत्तम आरोग्य कर्ता के रूप में कार्य करते हुए कार्य क्षेत्र में अपनी दक्षता का लोहा मनवाए।



# किसानों की आय दोगुना करने को लेकर है मिशन

**श्रावस्ती।** शासन द्वारा जारी निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ईशान्त प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए षकों की कृषको की आय दोगुना करने के लिए प्रदेश में कृषि व कृषि आधारित अन्य गतिविधियों जिसमें पशुपालन बागवानी मत्स्य उद्यान एवम किसान की आय दुगुना करने का एक अभियान किसान कल्याण मिशन के रूप में चलाया जायेगा। यह अभियान 6 जनवरी 2021 से प्रारंभ होगा। जिसके तहत विकासखंड पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अभियान के तीन मुख्य भाग होंगे तथा रोस्टर के अनुसार निर्धारित तिथियों में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 6 जनवरी 2021 को विकासखंड इकौना में 13 जनवरी 2021 को विकास खण्ड गिलौला व हरिहरपुर रानी एवं 20 जनवरी 2021 को विकास खण्ड जमुनहा तथा सिरसिया में किसान कल्याण मिशन के रूप में अभियान चलाया जाएगा।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए चलाया गया व्यापक जागरुकता अभियान



संवाददाता। श्रावस्ती

**पुलिस** महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के अनुसार जनपद में 26 दिसम्बर 2020 से भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम मे 3 जनवरी 2021 को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे के निर्देशन में प्रभारी ए0एच0टी0यू0 निरीक्षक प्रदीप कुमार एन जी ओ चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु गिलौला के चौराहों बस अड्डों बाजार व ग्राम लालपुर पहलादा थाना गिलौला मे चौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन बालक लक्ष्मन नगर में भिक्षाटन करते मिले जिन्हे विधिक प्रक्रिया अनुसार चाइल्डलाइन के सहयोग से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## क्विक न्यूज

### अनाज और गृहस्थी जलकर राख

**शिवगढ़ ( रायबरेली )** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत दरियावगंज में रामदास, रामसागर पुत्र गण बुद्धू के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें आनाज एवं गृहस्थी जलने के साथ ही एक मवेशी की जिंदा जलकर मौत हो गई। छप्पर में लगी आग से गांव में अफरा तफरी मच गई चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते अग्नि ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। किंतु जब तक आग पर काबू पाया जाता आनाज एवं गृहस्थी जलने के साथ ही एक मवेशी की आग में जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

### ऊंचाहार निकाय के विस्तार को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ऊंचाहार,रायबरेली।** नगर पंचायत ऊंचाहार के विस्तार के लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अभिलाष चन्द्र कौशल ने एक ज्ञापन नगर विकास राज्य मंत्री को सौंपा है । प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री महेश चन्द्र गुप्ता सोमवार को रायबरेली एक कार्यक्रम में आए थे । कार्यक्रम के दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अभिलाष चन्द्र कौशल ने उनसे मुलाकात की और ऊंचाहार नगर निकाय के सीमा विस्तार पर चर्चा की । उन्होंने मंत्री को बताया कि एनटीपीसी आवासीय परिसर समेत कई गांव नगर के साथ जुड़े है । लेकिन उनको देहात क्षेत्र की ग्राम पंचायत में रखा गया है । जिसके कारण इन गांवों और मुहल्ले का नगर से जुड़े होने के बावजूद विकास नहीं हो पाता है । यही नहीं इन गांवों की बदतर दशा नगर की सुंदरता को धूमिल कर रही है । इस दौरान भाजपा नेता ने मंत्री को इससे संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा है । जिसमे नगर सीमा के विस्तार के लिए शासन स्तर से कार्रवाई की मांग की गई है।

### राजेन्द्र शुक्ला ऊंचाहार के नए एसडीएम

**ऊंचाहार,रायबरेली।** अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेन्द्र शुक्ला अब ऊंचाहार के नए एसडीएम होंगे । इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है । ज्ञात हो कि ऊंचाहार के एसडीएम रहे केशव नाथ गुप्ता का हाल ही में बांदा जनपद के नगर मजिस्ट्रेट के पद पर स्थानांतरण हो गया था । सोमवार को जिलाधिकारी ने उनको कार्यमुक्त करने का आदेश जारी करते हुए जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट का काम देख रहे राजेन्द्र शुक्ला को ऊंचाहार का नया एसडीएम नियुक्त किया है।

### तीन माह से पेंशन न मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश

**लालगंज,रायबरेली।** तीन माह से पेंशन न मिलने से परेशान नगर पंचायत के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। अवधेश वाजपेयी,बसंत सिंह, सुखदेव सिंह, श्रीनाथ सिंह, वैद्यनाथ तिवारी, बिंदा प्रसाद गुप्त, निरंजन देव अवस्थी आदि 15 कर्मचारियों के नाम लिखे शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि दीवापली पर मुख्यमंत्री ने समस्त भुगतान करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी नगर पंचायत कार्यालय लालगंज द्वारा पेंशन नही दी गई। तीन माह से पेंशन बकाया होने के चलते पेंशनर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अधिक उम्र होने के चलते अधिकतर पेंशनर बीमार रहते हैं। समय से पेंशन न मिलने के चलते दवाएं खरीदने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।दूसरों से उधार रूपये लेकर उपचार कराना उनकी मजबूरी बनी हुई है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी समेत मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पेंशन दिलवाए जाने की गुहार लगाई है।

### अजय बने मंडल उपाध्यक्ष

**लालगंज,रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाअध्यक्ष अजय सिंह को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए श्रीसिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से उन्हें लखनऊ मंडल का उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।चांदा गांव निवासी श्रीसिंह के मंडल उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अजय प्रताप सिंह, मो.परवेज, अवनीश पांडेय, चंद्रशेखर शरण सिंह, नवनीत त्रिवेदी आदि ने बधाई दी है।

### सीएचसी से स्वास्थ्य कर्मी की स्कूटी चोरी

**ऊंचाहार,रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला डॉक्टर की जूपिटर स्कूटी अज्ञात चोर चुरा ले गए। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। ऊंचाहार सीएचसी में सुमकन मौर्या महिला स्टाफनर्स के पद पर तैनात हैं। प्रतिदिन की भांति सोमवार की सुबह भी डॉक्टर ने अपनी स्कूटी टीकाकरण रूम के पास खड़ी करके ड्यूटी करने चली गई। कुछ समय बाद वापस लौट कर आने पर देखा कि स्कूटी मौके से गायब है। महिला डॉक्टर ने डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने मौके की जांच की। उसके बाद महिला डॉक्टर ने कोतवाली पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला डॉक्टर ने स्कूटी गायब होने की सूचना दी है जांच कराई जा रही है।

### घर से लापता युवक का मिला शव

**सुलतानपुर।** घर से गायब युवक का शव मोतिगरपुर-दोस्तपुर मार्ग के किनारे अमरूद के पेड़ में रस्सी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कटरा बाजार (खनुहट) निवासी सुरेंद्र गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता बिना किसी को बताए घर से निकल गया। परिवारजन ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं लग सका। रात नौ बजे के करीब वह गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से उसे लटका देखा गया। परिवारीजन निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक कस्बे में लाई-चने का ठेला लगाता था। थानाध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधान ने आपदा को बदल डाला अवसर में

**सुलतानपुर।** कोरोना काल मे प्रवासी मजदूरों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ था तो मजदूरों जो घर वापस आ गए थे उनको मनरेगा में अधिक से अधिक काम देकर उनके भरण पोषण का उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कार्यक्रम बनाया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत गारवपुर लम्भुआ सुल्तानपुर के मात्र कागजी प्रधान व असली प्रधान संदीप कुमार सिंह पुत्र बब्बन सिंह आपदा को अपने अवसर में बदल दिया। बिना मजदूरों से कोई काम कराए और जो कराया भी वह भी मशीनों से फिर मजदूरों के खाते में मजदूरी भेज दिया। यही नही मजदूरो के खाते से 500 रुपया देकर पूरा रुपया अपने बैंक ऑफबरोदा के महारानी पच्छिम (चांदा) के एकाउंट नंबर 44880100008188 में ट्रांसफर करवा लिया।

### ड्यूटी से नदारद कर्मचारियों से जवाब-तलब

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा आज पूर्वान्ह में कार्यालय जिला पंचायत सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उदय शंकर सिंह उपस्थित पाये गये। डीएम ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। डीएम में निरीक्षण में पाया कि कार्यालय जिला पंचायत में कुल 19 अधिकारीध्कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें से मौके पर 06 अनुपस्थित पाये गये, जिसमें से एक कर्मचारी हनुमान प्रसाद पक्षाघात से पीड़ित हैं, जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पाये गये 05 कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लिये जाने का निर्देश सम्बन्धित को दिया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि कार्यालय में समस्त अधिकारीध्कर्मचारी समय से उपस्थित हों। उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई एवं कोरोना से बचाव हेतु कोविड-19 हेल्प डेस्क आदि की समुचित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

### कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** कांग्रेस उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आमिर पठान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के मंदसौर में 29 दिसंबर को मस्जिद में तोड़ फोड़ किये जाने को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

# पैसे का कमाल और गजब है गोलमाल

**बीज का अनुदान पाने को हजारों किसानों ने कराया फर्जी पंजीकरण-मोबाइल से पंजीकरण कराने की सुविधा देना भारी पड़ा आधार लिंक न होने से हुआ फर्जीवाड़ा एक ही परिवार में कई लोगों ने कराया पंजीकरण, सत्यापन में हो रहा है खुलासा 25750 किसानों का नाम हुआ डिलीट कार्रवाई के डर से अब वापस कर रहे किसान सम्मान निधि का पैसा**

**उप निदेशक कृषि डा. संजय कुमार त्रिपाठी और जिला कृषि अधिकारी डा. संजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 4.18 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि का प्रथम किश्त उनके खाते में भेजा जा चुका है। नाम और आधार नंबर नंबर सही न होने के कारण 37379 किसानों की किश्त रोकी गई हैं**

संवाददाता। बस्ती

**जिले** में बीज का अनुदान पाने के लिए हजारों किसानों ने फर्जी पंजीकरण करा लिया। नियम के तहत अगर किसी किसान को पहले साल अनुदान मिला है, तो उसे दूसरे साल अनुदान नहीं मिलेगा। खुद के मोबाइल से पंजीकरण कराने की सरकार की योजना को किसानों ने खूब चूना लगाया। एक-एक किसानों ने परिवार के कई लोगों को किसान बताकर फर्जी पंजीकरण करा लिया। इस तरह के लगभग 25750 फर्जी किसानों का नाम विभाग ने डाटा से डिलीट करने के लिए मार्क किया है। डिलीट करने की जिम्मेदारी मुख्यालय की है। 3636 फर्जी किसानों के नामों को किसान पोर्टल दिल्ली से रिजेक्ट किया जा चुका है। इन फर्जी किसानों का नाम आधार कार्ड को लिंक करने और सत्यापन के दौरान हो रहा है। इनमें हजारों ऐसे किसान है, जो किसान सम्मान निधि के दो से तीन किश्त का लाभ ले चुके हैं। लाभ लेने वालों में अधिवक्ता और टीचर अधिक शामिल है। अब इन लोगों ने कार्रवाई के डर से धन वापस करने की पेशकश की जार ही है। कितने फर्जी किसानों ने किसान सम्मान निधि का लाभ उठाया इसकी जांच पड़ताल चल रही है।

जिले के चार लाख 80 पंजीकरण किसानों में असली और नकली कितने है, इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे है। सरकार की सारी योजनाएं इसीलिए असफल हो रही है। जिस तरह से हजारों किसानों ने सिर्फबीज का अनुदान पाने के लिए फर्जी पंजीकरण कराया, उससे उनकी नीयत पर प्रष्नचिन्ह लग गया है। अब इसका खामियाजा विभाग भुगत रहा है, विभाग के अधिकारियों की सारी उर्जा असली और नकली किसानों के पहचानने में चली जारही है। अब तक 25750 ऐसे किसान सामने आए हैं, जिन्होंने बीज का अनुदानपाने के लिए फर्जी पंजीकरण कराया, हालांकि विभाग की ओर से इन लोगों के नामों कों डिलीट करने के लिए मार्क करने का काम कर दिया, अब डिलीशन की जिम्मेदारी मुख्यालय की है। उप निदेशक कृषि डा. संजय कुमार त्रिपाठी और जिला कृषि अधिकारी डा. संजेष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 4.18 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि का प्रथम किश्त उनके खाते में जा चुका है। नाम और आधार नंबर नंबर सही न होने के कारण 37379 किसानों की किश्त रोकी गई हैं।

**सीएससी पर जाकर किसान नाम और आधार नंबर ठीक कराएं:** दोनों अधिकारियों ने बताया कि अगर किसान को किसान सम्मान निधि का लाभ लेना है, तो पहले उन्हें किसी भी कामन सर्विस सेंटर पर जाकर नाम और आधार नंबर को ठीक करा लें। या फिर क्षेत्रीय कर्मचारी से संपर्क कर पीएम किसान डेटा को ठीक करा सकते है। जिले में इस तरह के 37379 किसान है, जिन्हे अपने डेटा को ठीक कराना है।

**पहली बार सभी ब्लॉकों में किसान संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन:** किसानों के आय को दोगुना करने के लिए सरकार ने प्रत्येक ब्लॉकों में किसान संगोष्ठी और प्रदर्षनी का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक और किसानों से सीधा संवाद होगा। प्रदर्षनी में सभी विभागों के स्टाल लगेंगे। छह जनवरी को सदर, गौर, हर्रैया, कुदरहा एवं रुधौली में, 13 को बहादुरपुर, सल्टौआ, परसुरामपुर, कप्तानगंज एवं साउंघाट में कार्यक्रम होगा।

## शोषण को लेकर ठेकेदारों ने की आवाज बुलंद, धरने की दी चेतावनी

**बस्ती।** पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसो. की बैठक जिलाध्यक्ष अमर सिंह उर्फजय नरायण सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। अधिकारियों के द्वारा किए जारहे आर्थिक षोषण के खिलाफठेकेदारों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि अधिकारी मनमाने तरीके से फाइनेंसियल बिड खोलने के बाद अनुबंध नहीं करते। निविदा प्रक्रिया में मनमानी रोकने की आवश्यकता बताई। कहा गया कि अगर उनके सात बिंदुओं का समाधान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई,उनमें तारकोल को तौल कर देने कार्य स्थल पर पहुंचाने, निविदा आमंत्रित करने से पहले टीएस कराने, निविदा तिथि पूर्व की भांति माह में दो दिन करने, निविदा को निर्धारित समय के भीतर भीतर खोलने और अनुबंध गठित करने सहित अन्य मांग षामिल है। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, जयंती सिंह, प्रेमसागर, चंद्रेशसिंह, राकेष पांडेय, रिंकू पाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## सांसद और विधायक ने किया कान्हा गौशाला,पशु आश्रय स्थल का शिलान्यास



**बस्ती।** रूधौली नगर पंचायत के अन्तर्गत वार्ड न. 14 शास्त्री नगर में आमी नदी के पास कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना स्थल का शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि सांसद हरीष द्विवेदी ने कहा कि पशुओं का भी धरती पर समान अधिकार है। गोवंश और पशुओं की रक्षा के लिए सरकारी सहयोग के साथ ही जन मानस को भी अपनी रचनात्मक भूमिका निभानी होगी। रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि क्षेत्रीय नागरिक आमी नदी के पास कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय स्थल बनाए जाने की मांग कर रहे थे। इसके बन जाने से किसानों को आवारा पशुओं से मुक्ति मिलेगी और फसलों की सुरक्षा हो सकेगी। बताया कि शिलान्यास के साथ ही निर्माण कार्य आरम्भ हो गया है। प्रयास होगा कि अति शीघ्र इसका लोकार्पण हो।

## कायस्थ सेवा ट्रस्ट पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**बस्ती।** कायस्थ सेवा ट्रस्ट पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण चित्रगुप्त मंदिर धर्मशाला रोड स्थित सभागार में हुआ। संरक्षक सुरेन्द्र मोहन वर्मा, सत्येन्द्रनाथ मतवाला ने कहा कि ट्रस्ट के पदाधिकारी मानव सेवा में अपना योगदान दें। जब समाज का स्वरूप बेहतर होगा तो अनेक समस्याओं का स्वतः निदान हो जाएगा।जिलाध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि संयोजक राजेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, अखिल श्रीवास्तव, महामंत्री राहुल श्रीवास्तव, जिला मंत्री अरूण श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अभिनव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अखिलेन्द्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पार्थ श्रीवास्तव को वरिष्ठ जनों ने शपथ दिलाया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग, कृष्णचन्द्र श्रीवास्तव, संत कुमार नन्दन, डा. सौरभ सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव व अन्य ने पदाधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि युवा पीढी समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए। संस्थापक अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य साझा प्रयास से सुखद समाज की स्थापना करना है।

## इनरव्हील मिड डाउन मेले में उमड़ी भीड़



**बस्ती।** इनरव्हील क्लब बस्ती मिड डाउन की ओर से फेट 2021 का आयोजन किया गया। मेले में स्वनिर्मित सामाग्री के लगे स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहे। बच्चों ने डांस का आनन्द उठाया, मौजमस्ती की। ओम सेंटर द्वारा हेल्थ चेकअप काउंटर, लाइफ न्यूट्रीशन काउंटर, एक्यूप्रेशर काउंटर, भारतीय जीवन बीमा निगम काउंटर, बुमन हेल्पलाइन काउंटर, बेकर्स काउंटर, पिज्जा काउंटर, स्वीट, कॉस्मेटिक काउंटर, माइंड जिम काउंटर, कैटर्स, वुडन हैंडीक्राफ्ट, बुटीक, गारमेंट्स, मेहंदी, चोकोहब किड्स, रिहैब प्लस डे केयर सेंटर, वर्ल्ड फैशन वैली, गिफ्ट सेंटर, कुल्हड़ चाय, कुर्तियों के स्टाल, बुटीक आइटम, लजीज व्यंजन, महिला स्वयंसेवी समूह के अचार, डिटर्जेंट, प्रेरणा काढ़ा, हाउजी गेम, मिक्की माउस झूले, टैम्पून झूले आकर्षण का केन्द्र रहा। क्लब की महिलाओं ने मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लकी ड्रा एवं महिलाओं द्वारा खेला गया हाउजी गेम रहा। वुमेन पावर लाइन काउंटर लगाया गया।एसआई निधि यादव की टीम ने महिलाओं को जागरूक किया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी गिरीश सिंह ने इनरव्हील क्लब और रोटरी क्लब बस्ती मिडटाउन द्वारा किए जाने वाले समाजिक कार्यों और कार्यक्रम की सराहना की। अध्यक्ष डॉ निधि गुप्ता ने बताया कि मेले में महिला सशक्तिकरण की थीम रखी गई थी, जिसके तहत स्व उद्यमी महिलाओं को बढ़ावा दिया गया।

## 24 चिकित्साधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**बस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में नव चयनित 24 चिकित्साधिकारियों को सांसद हरीश द्विवेदी, डीएम आषुतोष निरंजन, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। इनमें 11 आयुर्वेदिक एवं यूनानी तथा 13 होम्योपैथिक डाक्टर है। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान डा0 आरएन यादव, डा0 आरपी त्रिपाठी, डा. वीके श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि राजेश शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, विमल पाण्डेय व अन्य मौजूद रहे।

## आज कोविड-19 टीकाकरण का रिहर्सल

**बस्ती।** कोविड-19 टीकाकरण का ड्राईरन (रिहर्सल) मंगलवार को जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, मरवटिया, कप्तानगंज, सॉउघाट में होगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने कलेक्टेऊट सभागार में तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कोविड-19 प्रोटोकाल, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए माकड्रील पूर्ण कराने के लिए निर्देषित किया। इसका उद्देश्य टीकाकरण की तैयारियों को मुकम्मल करना है। मार्कडिल में एएनएम, आशा,आगनबाड़ी को आना होगा। टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण कक्ष, आब्जर्वेशन रूम, वेटिंग रूम सक्रिय किया जाएगा। टीकाकरण केन्द्र पर टीका लगाने वाली टीम, डाक्टर, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस तैनात होंगे। सारी व्यवस्था पूरी करके प्रातः 9 बजे से टीकाकरण का रिहर्सल शुरू किया जाएगा।

## यादव महासभा मझवां की बैठक सम्पन्न

**मिर्जापुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा विन्ध्याचल मंडल के विकास खण्ड मझवां विधानसभा अध्यक्ष रिपू यादव के आवास पर बजहां में समाजिक एकता बैठक आहूत किया गया । बैठक में तमाम बिन्दुओं पर समाजिक चर्चा की गई विशेष रूप से समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर बल दिया गया बच्चों को प्रोत्साहन कर शिक्षा पर अग्रसर करने पर भी विचार किया गया।

### नोयडा के 'श्मशान घाट' की तरह यहां भी हो सकता है हादसा

# दरक गईं करोड़ों की लागत से बने मूड़घाट घाट की छतें और दीवारें

**अमहट घाट के पास बने श्मशान घाट की दीवारों में पड़ गई हैं दरारें**

**21 अन्य श्मशान घाटों की स्थित दयनीय, कोई यहां खड़ा नहीं होना चाहता प्रशासन से श्मशान घाटों की गुणवत्ता की जांच कराने की उठी मांग**

संवाददाता। बस्ती

**नोयडा** के मुरादनगर के श्मशान घाट के हादसे के बाद बस्ती के श्मशान घाटों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। इस हादसे में लगभग दो दर्जन की जाने जा चुकी हैं। जांच कराने की मागें हो रही है। कहा जा रहा है कि जिस तरह श्मशान घाट के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी कर कमीशनबाजी की गई, उसकी अगर जांच नहीं हुई तो बस्ती में भी नोयडा जैसी घटना घटित हो सकती है। जिले में करोड़ों रुपये की लागत से लगभग दो दर्जन श्मशान घाट बनाएग। ये सभी श्मशान घाट कमीशनबाजी की भेंट चढ़ चुकी है। इसका खुलासा जांच में भी हो चुका है। लगभग ढ़ाई करोड़ की लागत से बना मूड़घाट स्थित षमषान के गुणवत्ता ही यह हालत है, कि इसकी छतें झुक गई है, दीवारों में दरारे पड़ गई हैं। यहां पर कोई खड़ा नहीं रहना चाहता, वाहन तक पार्क करना नहीं चाहता। कमोवेश यही स्थित अमहट नदी के तट पर बने करोड़ों के श्मशान घाट की भी है। इस श्मशान घाट के गुणवत्ता के साथ इसके औचित्य पर सवाल उठने लगे है। यही हालत दस करोड़ से अधिक की लागत से बने 21 श्मशान घाटों की भी है। इन श्मशान घाटों की गुणवत्ता इतना खराब है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, मारे डर के लोग इन षमषान घाटों पर जाने से कतराते है। वर्तमान समय में भ्रष्टाचार को नैतिक मान्यता मिल गई है। जनप्रतिनिधियों और ठेकेदारों में ही नहीं बल्कि पूरे समाज का क्षरण हुआ है। समाजसेवी एवं दिव्यांग विषेषज्ञ अमरेशचंद्रा का कहना है कि पैसा और परमेश्वर एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। जनप्रतिनिधि, नौकरशाह, लूट षाह और टेक्नोक्रेट सबका स्तर गिर गया है। पैसे के लिए कुछ भी करेगा यह सिद्वांत लागू हो गया है। प्रदेश स्तर के शिक्षक नेता विजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि नौकरषाही, लोकशाही और ठेकेदार के संयुक्त अभियान में अपराजित गठजोड़ पैदा कर दिया है। जिसका ज्वलंत उदाहरण नोयडा के मुरादनगर का है। कहा कि जब मंत्री ठेकेदार और अधिकारियों के यहां भोजन और चायपीने जाएगें और जनप्रतिनिधि ब्लॉक पर जाएंगे, तो यही हाल होगा।

### हरिहरपुर में पीएम आवास (शहरी योजना) का सर्वश्रेष्ठ योगदान

# पीएम ने अध्यक्ष की पीठ थपथपाई

**मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से दिया प्रशस्ति पत्र, जिलाधिकारी ने अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू शाही को दी बधाई**



**संतकबीरनगर।** विकास कार्यो के लिए संवेदनशील रहने वाले नगर पंचायत हरिहरपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप शाही (पप्पू शाही) ने हमेशा हरिहरपुर में बेहतर कार्य किया है। जिसका नतीजा रहा कि देश में जब पीएम आवास शहरी योजना की समीक्षा की गई तो प्रदेश में लखनऊ के मलिहाबाद व जनपद संतकबीरनगर के हरिहरपुर सबसे अव्वल रहा। नूतन वर्ष के उपलक्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल मीटिग के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्षो से वार्ता कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र कन्नौजिया एवं प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप शाही को बधाई दिया। यह कार्यक्रम एनआईसी बस्ती में सम्पन्न हुआ। जनपद के हरिहरपुर नगर पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार कन्नौजिया, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं पी0ओ0 डूडा प्रमेन्द्र सिंह को वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं एवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री आवास एवं शहरी मामले हरदीप सिंह पुरी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत पूरे भारत मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर पंचायतों का चयन हुआ है। इसमे जनपद का हरिहरपुर नगर पंचायत शामिल है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत पूरे भारत मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगर पंचायतों का चयन हुआ है। इसमे जनपद का हरिहरपुर नगर पंचायत शामिल है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल नें कहा कि जनपद के हरिहरपुर नगर पंचायत का उत्कृष्ट कार्य के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना गौरव की बात है। इसके लिये उन्होंने चेयरमैन एवं पी.ओ. डूडा को बधाई दिया।

# बिन पढ़ले लिखले सब पास होत हौ

संवाददाता। सोनभद्र



**यादगार रहा मधुरिमा साहित्य गोष्ठी का 58वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन**

**काव्य** साहित्य के इन्द्रधनुषी छटाओं के मध्य मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के मेजबानी में 58 वाँ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हिन्दी साहित्य की शिखर संस्था के निदेशक पं. अजय शेखर के संरक्षण व वरिष्ठ साहित्यकार पं. पारस नाथ मिश्र के अध्यक्षता में देश के जाने माने कवि शायर व गीतकारों के शानदार प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। संचालन कवि कमलेश मिश्र राजहंस ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे तथा विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी व नगर पालिका परिषद रावर्ट्सगंज के अध्यक्ष वीरेन्द्र जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में देश के सुविख्यात गीतकार जगदीश पंथी द्वारा वाणी वंदना असरन सरन देवइया हे मइया मोरी की भक्तिमय प्रस्तुति से शुभारम्भ किया गया।

कवि दिलीप सिंह दीपक ने है अंधेरा इस क्षणिक जीवन मे क्या है तेरा क्या है मेरा सुनाया वहीं हास्य के कवि जयराम सोनी ने चिकनी चुपड़ी बात सुनउली आग लगउली पानी मे सुनाकर श्रोताओं को जमकर हंसाया तो रेनुसागर से चलकर आये अभय कुमार मिश्र ने हिन्दी की महत्ता को अपने छंद से अलंकृत करते हुए चन्दन धूप कपूर की गंध सी प्यार लुटाती हमारी ये हिन्दी सुनाकर माहौल को नया रंग दिया।कवि प्रभात सिंह चन्देल ने राष्ट्रीय सद्भावना और देशभक्ति से ओत प्रोत रचना जहां बहती हो अमन की गंगा खुशियों की सौगात लिए उस हिन्दुस्तान में मैंने मेरा भारत महान पढा सुनाकर तालियां बटोरी तो वहीं दिवाकर द्विवेदी मेघ विजयगढ़ी ने एक ही उदाहरण देने में बीत जाए उमर सारी सुनाया तो वहीं अभिनव आकाश मिश्र ने किसानों पर अपनी समसामयिक रचना किसान कब फार्च्यूनर गाड़ी लाएगा सुनाकर व्यवस्था पर चोट किया।वाराणसी से चलकर आये धर्म प्रकाश मिश्र ने नेता को प्रणाम अभिनेता को प्रणाम देश को बेचने वाले राजनेता को प्रणाम सुनाकर ऊंचाई प्रदान की और श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया।

नवोदित कवियित्री जय श्री राय ने जिसके दिल का टुकड़ा गोलियों से रंग जाता है सुनाया तो वही व्यंग के कवि शुशील राही ने वेद के ऋचाओं की पवित्रता मिले तुम्हे तो गजलकार अशोक तिवारी ने मसले भूख के कुछ दूर हो जाने दो सुनाकर ब्यवस्था पर तीक्ष्ण प्रहार किया। मिल्लत की बात करते हुए कवि प्रदुम्न त्रिपाठी ने सबकी आंखों का मर रहा पानी, बचाओ इसको उतर रहा पानी की प्रस्तुति से श्रोताओं को बदलते परिवेश से रूबरू कराया तो नजर मोहम्मद नजर ने नजर कोरोना की ये दवाई मिला है कितना मस्ताना मन्दिर मस्जिद बन्द रहेगी खुला रहेगा मयखाना सुनाया तो महिला शसक्तीकरण की बात करते हुए कौशल्या देवी ने मैं नारी हूं अबला नही लड़ सकती हूं तूफान से सुनाकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# कोरोना टीके का ट्रायल आज

**जिले के छह केन्द्रों पर रिहर्सल की तैयारी, हर केन्द्रों से 25 लोगों की सूची पोर्टल पर अपलोड**

संवाददाता। मिर्जापुर

**जिले** में कोरोना टीकाकरण की शुरूआत कब से होगी, इस तिथि पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। लेकिन मंगलवार को जिले कोरोना टीके का ट्रायल किया जा रहा है। नगरी व ग्रामीण इलाकों में इसके लिए विभाग ने छह स्वास्थ्य केन्द्रों को चिन्हित किया है। जहां कुल 150 लोगों को बुलाया गया है। इसमें हर केन्द्र पर 25-25 स्वास्थ्य कर्मियों की जो सूची विभाग ने तैयार किया हैए उसे पोर्टल पर भी अपलोड किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में बैठक के दौरान बताया कि जिन केन्द्रों पर कोरोना टीका का रिहर्सल किया जाना है उन केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण सम्बन्धी बारीकियों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होने बताया कि मकर संक्राति तक टीकाकरण के शुरूआत होने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद स्वास्थ्य विभाग पहले से अधिक सक्रियता के साथ काम कर रहा है।

## सोनभद्र में भी आज से होगा पूर्वाभ्यास

**सोनभद्र।** जनपद में कोविड-19 कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान का पूर्वाभ्यास 5 जनवरी 2021 को होगा । इसके लिए बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है । सोमवार को जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रभारी अधीक्षकों समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्वाभ्यास की ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा टीकाकरण केंद्रों की निगरानी के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई । जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि टीकाकरण पूर्वाभ्यास मंगलवार से जिले में होगा। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 6 केंद्र बनाए गए हैं इन केंद्रों पर प्रथम चरण का टीकाकरण लगाया जाएगा।

## संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिए जानी जाती है डीएवीः राजकुमार



बीजपुर ( **सोनभद्र** )। स्वामी दयानन्द सरस्वती के दिखाए मार्ग पर चलने वाली डीएवी संस्था में हवन का विशेष महत्व है। इस परपम्परा को कायम रखते हुए डीएवी रिहंद नगर में नववर्ष 2021 के उपलक्ष्य में सोमवार को हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक टीएसए के पपनेजा ने मुख्य यजमान की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के शुरुआती दौर में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि श्री पपनेजा को पुष्प गुच्छ देकर एवं शिक्षकों तथा छात्रों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।

## पंचायत की सभी सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रहा अपना दल एसःडॉ. जमुना

संवाददाता। मीरजापुर

अपना दल ( **एस** ) के प्रदेश अध्यक्ष प्रयागराज के सोरांव से विधायक डॉ. जमुना प्रसाद सरोज ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूती से पंचायत चुनाव लड़ेगी। इसके लिये प्रत्याशियों के चयन का काम शुरू है। पार्टी सभी सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। डॉण् सरोज सोमवार को जिले के दौरे पर आए थे। उन्होंने सांसद के जनसम्पर्क कार्यालय में जिले भर से आये कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा पंचायत चुनाव के लिए टिप्स दिए। प्रदेश अध्यक्ष सोनभद्र जिले से आते समय पटेहरा, लालगंज, जिगनौडी आदि का दौरा करते हुए मिर्जापुर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। सरोज ने सोनभद्र सांसद श्री पकौड़ी लाल कोल एवं छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल के आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमाशंकर पटेल जी से लालगंज में मुलाकात की। जिला सचिव रमाशंकर सरोज, रामवृक्ष, मनोज सरोज के यहां भी जाकर हालचाल लिया। मिर्जापुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान श्री सरोज ने कहा कि जिला एविधानसभा व बूथ स्तर पर टीम तैयार कर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है। सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ना हम सब की प्राथमिकता है। इस मौके पर युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक राहुल प्रकाश कोल, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ पटेल,रमाकान्त पटेल, प्रदेश सचिव शिक्षक मंच घनश्याम पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल सिंह, डाक्टर एसपी पटेल, लाल बहादुर सिंह, रवि शंकर पटेल, दिलीप पटेल, उदय पटेल, कीर्ति केशरी, तुलसी दास पाल, अखिलेश बिंद, गुलाब बहादुर, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जवाहर सिंह, जमालपुर ब्लॉक सासंद प्रतिनिधि अमूल्य पटेलए वरुण पटेल, गोपाल शरण उपाध्याय, पवनेश पटेल, अवधेश पटेल, राजदीप, सुजीत, आनंद, दुर्गेश, राजकुमार, राधेश्याम, सुखराज, परमेश्वर, रतन, विजय शंकर केशरवानी, गोपाल दास शर्मा, इन्द्रेश, अवधेश पाल, अजित, धनंजय, अनिल सिंह पगड़ी, हेमंत बिंद, मनोज बिंद, रामशंकर सरोज, मनोज सरोज, ज्ञान चंद कन्नैजिया आदि मौजद रहे।

## 12571 किसानों से 66425 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई-एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



**अपर** जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि जनपद के धान खरीद का लक्ष्य 50000 मी.टन है। जिसके सापेक्ष कुल 66425 मी.टन की खरीद 12571 कृषकों से की जा चुकी है। जनपद में कुल 71 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गये हैं आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उप्र जवाहर भवन लखनऊ द्वारा गत 10 दिसम्बर 2020 को धान क्रय की समीक्षा में कृषकों के अवशेष भुगतान तत्काल कराने एवं पंजीकृत समितियों के क्रय केन्द्र बंद कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने बताया कि जनपद के कुल पंजीकृत सहकारी समिति के 12 केन्द्र उ. सहस लि. मुस्तफाबाद ककरहवा, उसहस लि. बसडीला, उसहस लि. अगया, कृउ एवं वि सहस लि. निबाहोरिल, उ.हस लि. पौली, उसहस लि. बसवारीगांव, उसहस लि. बेलौली, उसहसलि. बनकटा, उसहस लि. नन्दौर सेखई, उसहस लि. दरूआजमी, कृउ एवं वि सहस लि. फेरूसा, सएफप्रो. कलि खरवनियाकला, नुजफा प्रो. कलि सुकरौली, कृएफ प्रो. कलि सड़हरा एवं शिहा प्रो. क लि अछती है। उन्होने बताया कि समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में धान खरीद का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है तथा धान की आवक काफी कम है। अत: कृषकों के बकाया भुगतान एवं सीएमआर के त्वरित सम्प्रदान के दृष्टिगत उपरोक्त 17 केन्द्रो को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। अब जनपद में कुल 54 क्रय केन्द्र सक्रिया रहेंगें।

## अभियान को लेकर विकास अधिकारियों ने की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर



**किसान** कल्याण मिशन अभियान के अंतर्गत छह जनवरी को जनपद के विकास भवन परिसर, केवीके बगही पौली परिसर, मेंहदावल विकास खण्ड परिसर, 13 जनवरी को बघौली विकास खण्ड परिसर, नाथनगर विकास खण्ड परिसर, सांथा विकास खण्ड परिसर, 21 जनवरी को सेमरियांवा विकास खण्ड परिसर, हैसर बाजार विकास खण्ड परिसर तथा बेलहर कला विकास खण्ड परिसर में किसान गोष्ठी, प्रदर्शनी तथा किसानों के आय दोगुना करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की व्यापक जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने विकास भवन सभागार में तैयारी बैठक में समस्त सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकरियों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की गयी। सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि कृषि एवं उससे जुड़े विभागीय अधिकारियों को को कृषि कल्याण की संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान करने, योजनाओं के स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, कृषि यंत्र, एवं पुरस्कार वितरण कराये जाये। उन्होंने कहा कि कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, नलकूप, नोएडा, लघु सिंचाई, विद्युत, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मंडी समिति, गन्ना आदि विभाग सभी ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित प्रमुख उत्पादों तथा कृषि तकनीकों का डेमोंसट्रेशन किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों का चयन करते हुए विभिन्न सुविधाएं मेले में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन शक्ति का संचालन किया जा रहा है।

## कृषि यंत्रो के लिए टोकन धनराशि करें जमा

**देवरिया।** उप निदेशक कृषि डा ऐके मिश्र ने बताया है कि जिन कृषक बन्धुओं के द्वारा सबमिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्र कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना हेतु तथा अन्य कृषि यंत्रों के लिये कृषि विभाग के विभागीय बेबसाइट पर टोकन जनरेट कराया गया है वे कल 5 जनवरी को अपने कृषि यंत्रों हेतु टोकन धनराशि अवश्य ही जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में टोकन जमा करने की वैधता समाप्त होने पर कृषक बन्धु स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## दो महिलाओं में मारपीट पुलिस ने करवाया सुलह

**मुगलसराय,चन्दौली।** स्थानीय कोतवाली थाना अंतर्गत दिन सोमवार को रस्तोगी गली के बगल में स्थित एक दुकान के सामने दो महिलाओं में किसी बात को लेकर तू तू मैं मैं हो गई मामला तूल पकड़ते ही दोनों महिलाओं में मारपीट होने लगी वहीं मौके पर काफी लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई किसी तरह आसपास के क्षेत्रीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा.बुझाकर मामले को शांत करवाया। जिस की जानकारी पुलिस को होते ही कूड़ा बाजार चौकी प्रभारी अशोक तिवारी ने दोनों पक्षों को समझा.बुझाकर सुलह करवा दिया।

## पूर्व प्रधान को याद किया

**मड़ियाहूं, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के रामपुर नद्दी गांव के पूर्व प्रधान हंसराज भारती का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी होने पर लोगों का तांता लग गया। इसी क्रम में पूर्वांचल राज्य गठन मोर्चा के संयोजक राजकुमार ओझा की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोकसभा में राजकुमार गौतम, रामाश्रय गौतम, रजनीश मिश्रा, मनीष सिंह, आजाद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पशु बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली।** अलीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरटीओ कार्यालय के पास से एक पिकअप वाहन पर लादकर वध हेतु ले जा रहे दो पशुओं को बरामद किया वहीं पुलिस ने मौके से तीन पशु तस्करों को भी गिरफ्तार किया पकड़े गए तस्करों में संतोष कुमार,सुभाष यादव व कमलेश यादव जनपद चंदौली निवासी बताए जाते हैं जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। पुलिस ने तस्करों के पास से दो पशु,एक पिकअप वाहन व एक मोटरसाइकिल बरामद की।

## लाची देवी की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरित

**जौनपुर।** समाजसेवी अच्छे लाल चौरसिया की धर्मपत्नी लाची देवी की पुण्यतिथि पर जरूरतमन्दों के लिये कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन उनके नाती सौरभ चौरसियाए स्वतन्त्र चौरसियाए शशांक चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उपरोक्त लोगों ने रात्रि में भ्रमण करके इस समय पड़ रही ठंड में सड़कों के किनारे सो रहे लोगों को कम्बल वितरित किया।

### 49 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# देवरिया को मिली सौगात

### उप मुख्यमंत्री ने भागवत भगत के नाम से इंटर कालेज बनाये जाने का दिया आश्वासन'

### सलेमपुर से तुरतीपार तक की सडक के फोरलेन बनाये जाने कीए की घोषणा



संवाददाता। देवरिया

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य आज जनपद में बंगरा बाजार में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भागवत भगत खजडीवाल के जयंती अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सिरकत करते हुए 49 कार्य परियोजनायें लागत 120.56 करोड़ की लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। वही सलेमपुर नवलपुर कुन्डौली भागलपुर से तुरतीपार तक फोरलेन किये जाने 19.51 किलोमीटर के चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य लागत 261.93 करोड़ से कराये जाने की घोषणा की। उन्होने भागवत भगत के नाम से इंटर कालेज भी स्थापित किये जाने को कहा। उन्होने इसके अलावे सांसद एवं विधायक गण द्वारा अन्य प्रस्तुत प्रस्ताव पर भी विचार किये जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी अच्छे कार्य होगें उसे हर संभव कराया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि भागवत भगत खजडी के माध्यम से लोगों को आजादी के लिये जागरुक किया व आजादी के लिये संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। आज इस अवसर पर सौगात की बरसात हुई। विकास के मामले मे सलेमपुरए देवरिया प्रदेश पीछे नही रहेगा। तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यो से विकास हो रहा है। गरीबों, कमजोर वर्गो की भलाई का कार्य हो रहा है। देश की सीमाये भी सुरक्षित है। कोरोना के संकट में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत किसी को भी भुखे नही रहने दिया गया। खधानमंत्री किसान सम्मान निधि से एक लाख करोड रुपये बटन दबाकर के सीधे किसानो के खाते में भेजा गया। उन्होने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास है, जिसका जो हक है। उन तक इमानदारी के साथ पहुँचाने का कार्य कर रहे है। कोरोना काल में महिलाओं के प्रधानमंत्री जन धन खाते में पैसे भेजे गये। उज्वला गैस के नि:शुल्क गैस दिये गये। उन्होने कहा कि प्रतिभाशाली परीक्षाओं में टाप करने वाले बच्चोए शहीदोए अन्तर्राष्ट्रीय खिताब जितने वाले खिलाडियों एवं सुरक्षा में लगे पुलिस के शहीद कर्मियों के नाम से उनके सम्मान में सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह सब परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होने कहा कि आगे भी अच्छे कार्य जो भी हो सकेगेंए वह किया जायेगा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भागवत भगत महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके गीत गेहूँ की रोटियां, रहरियां की दलिया आजादी के लिये प्रेरित करने व लोगो को जागरुक करने में काफी अहम भूमिका निभाई।

## खरोह में उपमुख्यमंत्री की अगवानी को उमड़ा जनसैलाब

**देवरिया।** डिप्टी सीएम केशव मौर्य के देवरिया आगमन पर कार्यकर्ताओं ने करो चौराहे से लेकर बगरा बाजार तक ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने क्रोस चौराहा एबैतालपुर एपुरवा चौराहा एजिला पंचायत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजय शाही के नेतृत्व में जनपदीय सीमा खरोह व सदर विधायक के आवास पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का भव्य स्वागत हुआ। खरोह पर स्वागत करने वालों में नेतृत्व सदर विधायक डॉ. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, बरहज विधायक सुरेश तिवारी, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजय शाही, कृष्णानाथ राय, सी पी सिंहए रजनीश उपाध्याय, मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी, मंडल प्रभारी रमेश सिंह, भूपेन्द्र सिंह,प्रधान संघ जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, किसान मोर्चा संजय तिवारी, रामदास मिश्रा, ओमप्रकाश मौर्याए अंगद मणि त्रिपाठी, दिवाकर मिश्रा, राजू मणि डब्बू प्रतिनिधि, राजेन्द्र विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई किसान कल्याण मिशन की अहम बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सोमवार को किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत समस्त विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है इसी संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश में कृषि व कृषि आधारित अन्य गतिविधियों जिनमें पशुपालन, बागवानी, गन्ना आदि तथा कृषि उद्योग को विकसित कर किसानों की आय दोगुना किया जायेगा। यह अभियान 6 जनवरी से आरंभ होगा जिसके अंतर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खंड पर कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी, गोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, वन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग अपनी अपनी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के स्वीकृत पत्र,प्रमाण पत्र, पुरस्कार आदि का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर आयोजित कृषि मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता गोष्ठी के साथ-साथ योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन करते हुए लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कृषि मेला एवं प्रदर्शनी गोष्ठी में कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गए सुरक्षात्मक निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। मेला परिसर में आने वाले सभी व्यक्ति मास्क पहनेंगे एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे। किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत होने वाली गोष्ठी, प्रदर्शनी एवं मेला प्रत्येक विकासखंड में 6 जनवरी से आरंभ होकर अगले 3 सप्ताह में सम्पन्न होगी।

## खेल मनुष्य के संपूर्ण विकास के लिए जरूरी : जीएच कादिर



**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** खेल हमारे जीवन में शारीरिकए मानसिकए और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। साथ ही यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। यदि हम प्रतिदिन खेल खेलते हैं तो वह हमारे मानसिक कौशल को विकसित करता है और हमारे मनोवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार लाता है। क्रिकेट खेल से हमें प्रेरणाए साहसए अनुशासन और एकाग्रता मिलती है। सोमवार यह कथन डुमरियागंज क्षेत्र के ग्राम हल्लौर स्थित मीरा बाबा चैलेंजिंग क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ क्रिकेटर व साहित्यकार जीएच कादिर ने खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा । उन्होंने कहा कि हमारे देश में विभिन्न प्रकार की खेलों को खिलाड़ी खेलते हैं जिसमें क्रिकेट गांव से लेकर शहर तक काफी लोकप्रिय है इसको खेलने वाले के साथ दर्शकों को भी देखने में काफी आनंद मिलता है। खेल एक शारीरिक क्रिया है जो विशेष तरीके और शैली से की जाती है और सभी के उसी के अनुसार खेलों के नाम भी होते हैं। पहला मुकाबला सहारा क्लब जबजौवा व बेवा मुस्तफा के मध्य खेला गया।

# देवरिया में 28 आयुर्वेद और होम्योपैथ अधिकारियों को दिए गए नियुक्ति पत्र




संवाददाता। देवरिया

मुख्यमंत्री द्वारा वेलनेस सेन्टर उद्घाटन एवं नवनियुक्त आयुर्वेद एवं होमियोपैथिक अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण के वर्चुअल कार्यक्रम उपरान्त कलेक्ट्रेट एनआईसी में मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा जनपद के नवनियुक्त आयुर्वेद,होमियोपैथ के 28 चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा वेलनेस सेन्टर के उद्घाटन में जनपद के 4 वेलनेस सेन्टर भी सम्मिलित है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने नव नियुक्त चिकित्साधिकारियों को अपने कार्य दायित्वों को निष्ठापूर्वक किये जाने इलाज आदि कार्य को जनसेवा भाव से किये जाने की अपेक्षा की। साथ ही इन्हे शुभकामना व बधाई भी दिये। इस अवसर पर जिला आयुवेदिक अधिकारी दिनेश चैरसियाए ज्ञान चन्द्र मौर्याए दुर्गेश सिंहए होमियोपैथिक अधिकारी अदि सम्मिलित रहे। आज जिन्हे नियुक्ति पत्र दिया गया उनमें 12 आयुर्वेदिक के तथा 16 होमियोपैथ के चिकित्साधिकारी सम्मिलित है।

### 13 होम्योपैथिक व 4 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा आयुष विभाग में नियुक्ति पत्र वितरण आयुष टेलीमेडिसिन योजना व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, पिपरा पांण्डेय व राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कटकी में योग वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया। एनआईसी सिद्धार्थनगर में विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवालए जिलाधिकारी दीपक मीणा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अशोक कुमार तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सूर्य प्रकाश मणि त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से जनपद सिद्धार्थनगर में नवनियुक्त 13 होम्योपैथिक तथा 04 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।



## संस्थापक का जीवन समाज व शिक्षा के लिये अनुकरणीयः लालजीत

### जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया संस्थापक दिवस

संवाददाता। सिद्दीकपुर, जौनपुर

**जयकरन** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदपुर गड़उर में आयोजित संस्थापक दिवस पर बतौर अतिथि विद्यालय प्रबंधक लालजीत चौहान ने कहा कि संस्थापक जयकरन सिंह का जीवन शिक्षा व समाज के लिए अनुकरणीय है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उनके जीवन से सीख लेनी चहिये। उन्होंने कहा कि संस्थापक जी ने लगभग 40 वर्ष पूर्व सिवान में शिक्षा की अलख जगाकर हजारों छात्र.छात्राओं के लिए अनुकरणीय बन गए थे। उनकी शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच के चलते ग्रामीणांचल के इस स्कूल से पढ़े हजारों छात्र.छात्रा देश के उच्च स्थान पर पदस्त हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने करते हुए कहा कि स्वण् जयकरन अपने पूरे जीवनकाल में सिर्फ शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों में काम किया है जो इंसान के जीवन के लिए बहुत ही जरूरी होता है। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र यादव, हरेंद्र सिंहए नायब लाल, विजय कुमार,विनय कुमार, मधु कुमारी,अनीता काजल, विजयलक्ष्मी, गीता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र यादव ने किया।

## एमसीएफ में साइक्लोथोन रन प्रतियोगिता का आयोजन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दिनांक 03ण01ण2021 को श्साइक्लोथोन रनश् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमसीएफ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया इस अवसर पर एमसीएफ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव साथ रही। श्साइक्लोथोन रनश् प्रतियोगिता में एमसीएफके लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में बॉटा गया था जिसमें बालक एवं बालिका के दो ग्रुप 06 से 10 आयुवर्ग एवं 11 से 14 आयुवर्ग के बच्चे शामिल थे तथा महिलाओं के दो ग्रुप बनाये गये जिसमें 14 से 20 आयुवर्ग एवं 20 से ऊपर आयुवर्ग की महिलायें शामिल थी। पुरूष वर्ग का एक ग्रुप बनाया गया जिसमे 14 से ऊपर आयुवर्ग के पुरूषों को शामिल किया गया था। सभी ग्रुपों में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव एवं एमसीएफ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर एमसीएफके पीसीएमएम एवं खेल.कूद संघ के प्रेसिडेंट श्री पीण् एनण् पाण्डेयए सचिव श्री एसण् के कटियारए मुख्य विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मऊ की बेटी डॉ. एरम ने छात्रवृत्ति की धनराशि से गरीबों को बांटे कम्बल



संवाददाता। मऊ

जुनून होना चाहिए हर काम के लिएए मंजिल के लिए और अंजाम के लिएए शोहरतें मिलती रहेगी खुद ब खुद तुम्हे, बस बढ़ते रहो तुम देश के अभिमान के लिए। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है कि बीएचयू से एमबीबीएसए एमडी की पढ़ाई के दौरान 19 गोल्ड मेडल हासिल करने वाली मऊ के प्रतिष्ठित व्यवसायी शफीक डायमंड की बेटी डॉ एरम ने। वर्तमान समय में डॉ एरम किसी पहचान की मोहताज नहीं है। शुरू में पढ़ने में मेद्यावी रही डाण् एरम पढ़ने के साथ पढ़ाई के दौरान मिले छात्रवृत्ति की रकम से कुछ ऐसा कर गई जिसे सदियों सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता है। डाण् एरम ने अपने पढ़ाई के अगले चरण डीएम एंड्रोकोलोजी एम्स जोधपुर मे दाखिला लेने के बाद छात्रवृत्ति में मिली रकम से जरूरत मंदो के बीच 04 सौ रजाईयां बनवाकर अपने पिता शफीक डायमण्ड व उनके शुभचिंतकों के साथ बांटकर एक ऐसा इतिहास रचा है जो सदियों सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता है। डाण् एरम ने बीएचयू में अपने एमडी की पढ़ाई के दौरान मिली छात्रवृत्ति की रकम को गरीबों के बीच वितरित करने की इस तरह के सोच और कार्य के आगे हर कोई नतमस्तक है। इस दौरान डाण् एरम ने बताया कि छात्रवृत्ति के रकम को गरीबों के बीच बांटने का उनका निर्णय उन्हें काफी सुकून दे रहा है। यह प्रेरणा उन्हें अपने पिता शफीक डायमंड से मिली है। हर मनुष्य और हर व्यक्ति को अपने कार्यों के अलावा भी कुछ ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे समाज में वह नजीर बने तथा लोगों उनसे प्रेरणा लें।

## साथियों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले शिक्षक नेता धर्मेन्द्र यादव

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ;नवीनद्ध के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने जिलाधिकारी से मुलाकात करके नव वर्ष की बधाई देते हुये शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग किया। श्री यादव के अनुसार 1 अप्रैल 2005 से नियुक्त शिक्षक कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस के तहत की जा रही अद्यतन तक की कटौती का कोई अता.पता नहीं है। शिक्षक कर्मचारियों का चयनध्प्रोन्नति वेतनमान समयबद्ध नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों का वेतन समयबद्ध नहीं मिल पा रहा है। शिक्षक कर्मचारियों के माह दिसम्बर का वेतन अभी तक नहीं मिला है जिसे शीघ्र कराया जाय।

## जेसीआई जौनपुर ने सैकड़ों जरूरतमन्दों में बांटा कम्बल

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर ने गौरव सेठ की अध्यक्षता और वरिष्ठ उपनिरीक्षक गोविन्ददेव मिश्रा के निर्देशानुसार कोतवाली परिसर में कम्बल वितरण का आयोजन किया जहां सैकड़ों जरुरतमंदों और होमगार्डों को कम्बल दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र दुबे ने जेसीआई द्वारा इस कार्य की सराहना करते हुये कहा कि जरुरतमंदों में कम्बल वितरण का यह कार्य बहुत ही पुनीत है। इस भीषण ठण्ड में इससे लोगों को बहुत राहत मिलेगा।

# विशेष टीम के माध्यम से दावा आपत्ति की होगी जांच

**सकलडीहा,चन्दौली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर सरगर्मी तेज है। सकलडीहा उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार के निर्देश पर 3 जनवरी तक प्राप्त दावा आपत्ति की जांच के लिये तीन सदस्यी गठित टीम हर गांव में 5 जनवरी से 9 जनवरी तक गांवों में पहुंचकर दावा आपत्ति का निस्तारण करेगे। सबसे ज्यादा तहसील क्षेत्र के 13 गांव की मतदाता सूची की जांच कराया जायेगा। 27 दिसम्बर को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 28 दिसम्बर से 3 जनवरी तक मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत पर दावा आपत्ति लिया गया। तीन जनवरी तक कुल 3 हजार दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुआ है। तहसील क्षेत्र के कैथीए नईकोटए बर्थरा खुर्दए प्रभुपुरए जिगनाए मिर्जापुरए रोनपुर टांडाकलाए रईयाए महुआरी खासए सोनवरसाए ईटवाए श्रीकांतएहृदयपुरए अमादपुर आदि गांव में एक पर्यवेक्षक क्षेत्रीय लेखपाल व शिक्षक तीन तीन सदस्यी टीम गांव में पहुंचकर जांच करेंगी। निर्वाचन कार्यालय प्रभारी केहर सिंह और सहायक कार्यालय प्रभारी चन्द्रभूषण ने बताया कि शिकायतों का निस्तारण के लिये जांच टीम पहुंचकर दावा आपत्ति की जांच कर मामले का निस्तारण करेगी।

# शाहगंज से अगवा किए गए बालक की हत्या को लेकर सपा आक्रोशित

### भाजपा सरकार में रामराज्य केवल अपराधियों के लिये हैः लाल बहादुर

संवाददाता। जौनपुर

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव व शाहगंज के विधायक शैलेंद्र यादव ललई गत दिवस शाहगंज के अयोध्या मार्ग पर स्थित गौशाला के समीप लगभग 7 वर्षीय बालक अविषेक यादव का अपराधियों द्वारा अपहरण कर हत्या किये जाने की सूचना पर उनके घर पहुंचकर पिता दीपचंद यादव से मिले। घटना की जानकारी लेते हुये विधायक ललई यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम हो जाता रहा है। इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। सरकार से मांग है कि इस प्रकार की घटना को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाय और एक महीने के अंदर अपराधियों को सजा मिल जाय। इससे समाज में फिर ऐसी घटना करने से लोग डरें। वहीं जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि आज जिस तरह की घटना भाजपा सरकार में घट रही हैए उससे लगता है कि सरकार पंगु हो गयी है। शासन.प्रसासन के रवैया से नये.नये अपराधी पैदा हो रहे हैं। इससे यही प्रतीक हो रहा कि अपराधियों के लिए रामराज्य साबित हो रही है। भाजपा सरकार आज ऐसी घटना से तो अब अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर भेजने से खौफ खा रहा है। सरकार से मांग है कि मृतक के परिवार को 20 लाख रूपये की आर्थिक मदद की जानी चाहिए। इस अवसर पर राहुल त्रिपाठी, विशाल यादव, राहुल यादव, जेपी यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब क्षितिज ने वृद्धों को कराया भोजन

**जौनपुर।** लायंस क्लब क्षितिज द्वारा दिलीप सिंह की अध्यक्षता में राधा गुप्ता की पुण्यतिथि पर प्रेमराजपुर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा इस तरह के सेवाभाव से बुजुर्गों को खाना खिलाने से वे प्रसन्न दिखे। संस्थापकध्अध्यक्ष शशांक सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा समय.समय पर इस तरह के सेवा कार्य होते रहते हैं। असहायों व वृद्धजनों को भोजन कराने से ज्यादा अच्छा मानवता कि सेवा का और कोई कार्य हो ही नहीं सकता। संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि इसी तरह के और भी सेवा कार्य समय.समय पर यहाँ पर होते रहेंगे और वृद्धाश्रम के वृद्धजनों की समस्याओं को सुनते हुये उसे दूर करने का पूरा भरोसा भी दिलाया। सर्वेश गुप्ता ने कहा कि वृद्धजनों को भोजन कराना पूण्य का कार्य होता है। आलोक सेठ ने कहा कि हमें अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाँठ, माता पिता की पुण्यतिथि या इस तरह के कार्यक्रम वृद्धाश्रम, अनाथालय या विकलांगों के साथ उनके बीच में करना चाहिए। इस अवसर पर सर्वेश जायसवाल, विष्णु सहाय, चंद्रशेखर जायसवाल, संजय बैंकर मौजूद रहे।

# किसानों को गुमराह कर रहे है विपक्षी दलः सुशील

**सकलडीहा,चन्दौली।** मोदी और योगी की लोकप्रियता से विपक्षी दलों में बेचैनी है। यही कारण है कि किसान बिल पर किसानों को गुमराह कर रहे है। उक्त विचार सुशील सिंह विधायक सैयदराजा क्षेत्र के मनियारपुर के बभनपुरा और रैपुरा में किसान गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा। इस दौरान किसान बिल से लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। अंत में विपक्षी दलो के नेताओं के खिलाफ सियासत करने पर जमकर भड़ास निकाला। विधायक सुशील सिंह ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार किसानो की आय को



बेहतर बनाने को लेकर कवायद में जुटी है। कोरोना महामारी के संकट काल में देश की आर्थिक स्थिती को बनाये रखा। यही नही मोदी योगी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम मंदिर का निर्माणए जम्मू कश्मीर में धारा 370ए सीएए जैसी महत्वपूर्ण निर्णय लेकर राष्ट्रहित में कार्य किया। विपक्षी दल के लोग कभी किसान बिल पर किसानों को गुमराह करते है। तो कभी वैक्सीन के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे है। विपक्षी दलों के नौटंकी को देश की जनता समझ गयी है। अब इनका गलने वाला नही है। किसानों का हर हाल में सुरक्षा और धान की खरीद किया जायेगा। 28 फरवरी तक किसानों की धान खरीदारी होगी। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर किसान सीधे सर्म्पक कर सकते है। अंत में तीन सौ करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा करने की बात कही। इस मौके पर अजीत पाठक, रोहित तिवारी,शैलेन्द्र पांडेय, रमाशंकर खरवार,शैलेष मिश्रा, पप्पूए मोनू पांडेय, रोहित पांडेय,अतुल मिश्रा, मोनू सिंह, संजय यादव सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेंटअल हनीफ में छात्र सम्मानित

**पड़ाव,चन्दौली ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के मैनेजर सहाबुद्दीन खान ने बच्चों को संबोधित किया ।प्रबंधक हाजी वसीम अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से सेंट्रल हिंदू स्कूल वाराणसी एवं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रवेश परीक्षा को अच्छे अंको से उत्तीर्ण किया है एइन विद्यार्थियों ने विद्यालय के गौरव के साथ.साथ अपने अभिभावक एवं क्षेत्र का भी नाम रोशन कियाए इन छात्रों ने सिद्ध किया है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निर्धनता बाधा नहीं बनती है बशर्ते आगे बढ़ने के लिए इंसान को परिश्रमए लगन और उत्साह से परिपूर्ण होना चाहिए । अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के मैनेजर सहाबुद्दीन खान ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह सफलता की सीढ़ियों का पहला कदम है बच्चों को अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए अपने शिक्षा को जारी रखना चाहिए तथा उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुछ नियमों को भी बताया ।

# ड्राई रन को लेकर तैयारियां जोरों पर

संवाददाता। अमेठी

**एक** तरफ जहां कोविड वैक्सीन को लेकर राजनीतिक पार्टियो में घमासान मचा हुआ है, तो वहीं देशवासियो के लिए खुशखबरी लेकर आई कोविड वैक्सीन के ड्राई रन को लेकर पूरे जिले मे तैयारियां शुरू हो गई। केंद्रीयमंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में डीएम की अगुवाई में आठ लाख कोविड वैक्सीन के भंडारण को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 15 जगहों पर कोल्ड चैन बनाई गई और 1352 वैक्सीनेटर भी चिन्हित कर लिए गए हैं।

कोविड 19 से बचाव के लिए लोगों को वैक्सीन लगाई जानी है। वैक्सीन के भंडारण से लेकर टीकाकरण तक की प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए डीएम अरुण कुमार की अगुवाई में पूरी प्लानिंग की गई है। योजना के अनुसार जिले में सबसे पहले वैक्सीन सीएमओ कार्यालय में बने डी वैक्सीनेशन स्टोर पर आएग इसके बाद इसे 15 कोल्ड चेन पर भेजा जाएगा।

इनमें से 13 कोल्ड चेन जिले की 13 सीएचसी पर जबकि दो कोल्ड चेन जगदीशपुर बाजार में बनाए गए हैं। वहां पर फंक्शनल डी फ्रीजर व फंक्शनल आईएलआर की व्यवस्था कराई गई है। इनमें वैक्सीन रखी जाएगी। फंक्शनल डी फ्रीजर का तापमान -15 डिग्री सेल्सियस से -35 डिग्री सेल्सियस होता है। जिले में फंक्शनल डी फ्रीजर की संख्या 35 जबकि फंक्शन आईएलआर की संख्या 45 है।

इनमें से 20 बड़े व 23 छोटे फंक्शनल आईएलआर शामिल हैं। एक बड़े आईएलआर में 3000 सीसी जबकि छोटे में 900 सीसी वैक्सीन रखी जा सकेगी। एक सीसी में 20 वैक्सीन की व्यवस्था है। इस प्रकार जिले में 80700 सीसी बैक्सीन रखने की व्यवस्था बना ली गई है।एक सीसी वैक्सीन में 10 लोगों को टीका लगाए जाने की व्यवस्था होगी। जिले में 80700 सीसी वैक्सीन आनी है जिससे आठ लाख से अधिक लोगों के लिए आसानी से टीका लगाने की व्यवस्था हो सकेगी। लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए नर्सिंग कॉलेज पैरामेडिकल कॉलेज अन्य स्रोतों से 1352 वैक्सीनेटर चिन्हित किए गए हैं। इनका पूरा डाटा एक निश्चित प्रोफार्मा पर अपलोड कर लिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर इनको बुलाया जाएगा। कोरोना वैक्सीन के ड्राईरन को लेकर जिले में 1352 वैक्सीनेटर चिन्हित किये है जो जिले में छह स्थानों पर 300 स्वास्थ्यकर्मियों पर वैक्सीन का ड्राईरन करेंगे।कोविड वैक्सीन के ड्राईरन को लेकर सीएमओ ने कहा कि कोविड-19 की वैक्सीन को रखने को लेकर शासन के निर्देश के अनुसार तैयारियां पूरी कर ली गई है। वैक्सीन आने के बाद से लगवाने की प्रक्रिया शुरू होगी।सबसे पहले इसे स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा। सीएमओ आशुतोष दुबे ने कहा बिगुल बज चुका है कोरोना का अंत समय आ चुका है अमेठी स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन की तरफ से एक बैठक की जा चुकी है कल अमेठी में छह जगह पर ड्राई रन किया जाएगा। शासन के निर्देशों के क्रम में हमने जो है तीन ग्रामीण और तीन है शहरी क्षेत्रों को चुना है।

## कोरोना वैक्सीन के प्रबंधन पर गहन मंथन,सतर्कता के निर्देश



**लालगंज** (प्रतापगढ़)। कोरोना वैक्सीन के प्रबंधन को लेकर सोमवार को सीएचसी सभागार मे मंथन किया गया। बैठक मे कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित रखे जाने के लिए कैमरे लगवा दिये गये है। इसके अलावा प्रथम चरण मे स्वास्थ्यकर्मियों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन के लिए चिन्हित किये जाने की कार्ययोजना पर मंत्रणा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी मुनौवर खान ने अभियान को लेकर सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिये। ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने अभियान मे स्वच्छता के प्रबंधन के बाबत जानकारियां दी। वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों की अभियान मे भूमिका की कार्ययोजना प्रस्तुत की। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने वैक्सीन की सदुपयोगिता को लेकर लोगों को जागृत किये जाने पर जोर दिया। संचालन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी ने किया। प्रारम्भ मे एसपी चौबे ने अभियान को लेकर प्रशिक्षण के बाबत बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बीपीएम बृजेश पाण्डेय, बीसीपीएम अहमदउल्ला आदि रहे।

## डीएम ने ईवीएम गोदाम का किया गहन निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम, वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू, सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थेए जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# एडीएम ने धान खरीद केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### खतौनियों के सत्यापन के निर्देश दिए

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )



**जिले** के एडीएम ने सोमवार को धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। क्रय केंद्र पर किसानों द्वारा बेचे गये धान में लगाई गई खतौनी का भी एडीएम ने गहन परीक्षण किया। एडीएम शत्रोहन वैश्य अचानक खानापटटी स्थित धान क्रय केंद्र पर आ धमके। एडीएम के पहुंचने पर डिप्टी आरएमओ अजीत प्रताप सिंह व तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव भी निरीक्षण मे मौजूद रहे। एडीएम ने क्रय केंद्र पर अब तक हुई खरीददारी का ब्यौरा तलब किया। किसानों के द्वारा क्रय के समय लगाई गई। खतौनी का भी अपर जिलाधिकारी ने परीक्षण किया। सघन जांच के लिए एडीएम खतौनियां जिला मुख्यालय ले गये। इससे क्रय केंद्र पर हडकंप मच गया। एडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी को खरीद के बाबत किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतनें पर कठोर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। वहीं क्रय केंद्र पर धान की खरीद मे किसानो को सुविधाजनक प्रबन्धों को भी सुनिश्चित कराए जाने को कहा। डिप्टी आरएमओ अजीत प्रताप ने एडीएम को क्रय केंद्रों पर हुई खरीद का विवरण प्रस्तुत किया। एडीएम ने तहसीलदार को भी तहसील के अन्तर्गत आने वाले क्रय केन्द्रो मे जमा खतौनियों के परीक्षण के आदेश दिये।

## 36 लाख रुपये से दक्खिन गांव में बनेगा मिनी स्टेडियम

शुकुलबाजार ( **अमेठी** )। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद प्रतिभा निखारने के लिए युवा कल्याण विभाग दक्खिन गांव में मिनी स्टेडियम बनाएगा। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री सुरेश पासी ने दक्खिन गांव में बीडीओ राजीव गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उदय नारायण मिश्र सहित स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ स्टेडियम की जमीन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। स्टेडियम के निर्माण पर 36 लाख रुपये खर्च होंगे।इस स्टेडियम के बनने के बाद आस पास के गांवों के बच्चों को खेलने के लिए अच्छा मैदान मिल सकेगा मिनी स्टेडियम के भूमि पूजन और शिलान्यास के बाद क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री सुरेश पासी ने कहा कि गांवों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए संसाधनों की कमी आड़े न आए इसलिए स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर में खेलकूद में कैरियर बनाने की असीम संभावनाएं हैं।

# सड़क हादसों में गईं पांच जानें

### साइकिल सवार पिता और आठ माह की पुत्री की मौत , महिला गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। बाराबंकी

**सोमवार** का दिन सड़क हादसों के नाम रहा। एक के बाद एक हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की जाने चली गयी, जिसमें कही पिता-पुत्री की तो कही पत्नी का सुहाग छिन गया। वहीं सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां वह जीवन और मौत से जूझ रही है। सड़क हादसा का पहला वाकिया बड्डूपुर थाना क्षेत्र का है फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उजियामउ निवासी गुफरान अपनी मां शाजिरा (40 वर्ष)को बाइक से दवा लेने गया था। रविवार की रात वह बाइक से अपनी मां के साथ घर को जा रहा था। कुर्सी महमूदामार्ग पर बाबाकुटी के पास सामने से आ रही टाटा मैजिक ने ठोकर मार दी। बाइक में ठोकर लगने से मैजिक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकरा गई। जिससे मैजिक चालक लल्लन (35) पुत्र छेदा निवासी पोखन्नी थाना कुर्सी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक और बढ़ी दुर्घटना तब हुई जब अनियन्त्रित ट्रक्टर चालक ने एक साइकिल सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। शहरीगांव के निकट हुई इस घटना में साइकिल सवार पिता व आठ माह की पुत्री की मौत हो गयी तथा पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गयी जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक उमर अली (25 वर्ष) निवासी औरंगाबाद थाना बडडूपुर से अपनी पत्नी रेशमा और आठ माह की बच्ची सबा के साथ साइकिल से घर जा रहे थे। वही तीसरी घटना मसौली थाना क्षेत्र में घटित हुई, जब भोर हॉइवे पर स्थित ज्योली मोड़ के निकट बॉइक एव कार की आपस में टक्कर में 35 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गयी।

मसौली प्रतिनिधि ने बताया किजहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मुनिमाबाद निवासी 35 वर्षीय वृक्षराज पुत्र रामकिशोर नगर कोतवाली क्षेत्र के फ्त्ताबाद से घर वापस आ रहा था कि टोल प्लाजा पार कर जैसे ही ज्योली मोड़ पहुंचा वैसे ही पीछे से आ रही कार नम्बर यूपी 32 एल क्यू 4008 ने टक्कर मार दी। गम्भीर रूप से घायल व्रक्षराज को मसौली पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

# आसमान में दिन भर छाई रही बदली, ठंड से ठिठुरा जनमानस

संवाददाता। बाराबंकी

**सोमवार** को कड़ाके की ठंड रही पूरा दिन आसमान पर बदली छाई रही जिससे सूर्य भगवान के दर्शन भी नही हो सके। जरुरतमंद लोग ही घर से निकले जिससे सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं सोमवार का तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। विदित हो कि इधर कई दिनों से दिन में तेज धूप निकलने से लोग जाड़े का एहसास नही कर रहे थे। सुबह शाम ही ठंड का महसूस कर रहे थे लेकिन पिछले दो दिनों से लगातार बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आयी है। जिससे सुबह शाम तो ठंड पड़ ही रही है दिन में भी लोग ठिठुरने पर विवश है। सोमवार को भी आसमान में बदली छाई रही जिससे पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन नही हो सके इस दौरान जरुरतमंद ही लोग घरों से बाहर निकले जिसके चलते न केवल कामकाज प्रभावित हुआ बल्कि सड़को व बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। और मनुष्य से लेकर पशु पक्षी तक बेहाल दिखे किन्तु इसके बावजूद कही पर अलाव नही जले जिसका सीधा असर दैनिक मजदूरों पर देखा गया ठंड के बावजूद लोग काम करने के लिये बाहर निकले और ठिठुरते हुए शाम को वापस घर लौटे। वही मौसम वेधशाला के अनुसार सोमवार का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी आसमान में बदली छाई रहेगी।

# नवनियुक्त होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटे

### प्रतापगढ़ में 14 होम्योपैथिक व 15 आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी मिले

संवाददाता। प्रतापगढ़



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में नवनियुक्त होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण एवं हेल्थ वेलनेस सेन्टर व आयुष टेली मेडिसिन सेवा का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जनपद प्रतापगढ़ में होम्योपैथिक के नवचयनित 14 चिकित्साधिकारियों एवं आयुर्वेदिक के 15 चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण विधायकगण एवं प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायकों ने नवचयनित चिकित्साधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अपने तैनाती स्थल पर रहकर पूरे मनोयोग से आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा से होने वाले लाभ के सम्बन्ध में लोगों को अवगत कराएं एवं गरीब, असहाय को उत्तम ईलाज के माध्यम से स्वस्थ्य रखेगें। एनआईसी के सभागार होम्योपैथिक के जिन 14 चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया उनमें डा. रविशंकर पाण्डेय, डा. अमरेन्द्र शुक्ला, डा. प्रवेश सिंह, डा. नरेन्द्र कुमार पाल, डा. कृष्ण प्रताप पाल, डा. अन्विता सिंह, डा. आकांक्षा त्रिपाठी, डा. निशा मौर्या, डा. चेतना सिंह, डा. आलोक कुमार सिंह, डा. अखिलेश सिंह, डा. राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, डा. सुमन सिंह, डा. अफ्रोज तथा आयुर्वेदिक के जिन 15 चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया, उनमें डा. अवनीश पाण्डेय, डा. कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. आशीष कुमार त्रिपाठी, डा. नारायण आनन्द दूबे, डा. सालिनी श्रीवास्तव, डा. प्रवीण कुमार सिंह, डा. राजेश कुमार यादव, डा. सोनिया वर्मा, डा. अवध किशोर मिश्र, डा. संदीप कुमार राजन, डा. विजय कुमार वैश्य, डा. विजय कुमार, डा. आकांक्षा पाण्डेय, डा. निशान्त कुमार मिश्र तथा डा. देवराज सिंह के नाम सम्मिलित है।

## भाजपा सभी वर्गो की सच्ची हितैषी: हीरा

**सिरौलीगौसपुर**। कोरोना वैक्सीन को लेकर अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान पर उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि यह बयान राष्ट्र के वैज्ञानिकों एवं डॉक्टरों का अपमान है।

यह बात राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष हीरा ठाकुर ने बदोसराय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही । उन्होंने कहा कि हमारे देश के डॉक्टरों एवं वैज्ञानिकों ने बड़ी ही मेहनत तथा परिश्रम से इस वैक्सीन को तैयार किया है और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कह रहे हैं कि यह भाजपा की वैक्सीन है इसे मैं नहीं लगाऊंगा।

यह बयान निंदनीय है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सभी वर्गों की सच्ची हितैषी है और सबका साथ सबका विकास को लेकर वह काम कर रही है। भाजपा द्वारा देश और प्रदेश में लागू की गई योजनाओं में वर्गवाद जातिवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा गायब करने के मामले ने पकड़ा तूल

### अधिवक्ता मंच ने विरोध में सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

संवाददाता। बाराबंकी



**पुलिस** द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा गायब कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है बाबा साहब के अनुयायियों ने सोमवार को ज्ञापन देकर जिला व पुलिस प्रशासन से दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

मांग पूरी नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम इब्राहिमाबाद थाना कोठी जनपद बाराबंकी में गाटा सं0 3666 रक्बा 0.111 हेडा. अम्बेडकर पार्क की सुरक्षित भूमि है जिस पर गांववासियों ने भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित किया था। गांव के माफ़िया किस्म के व्यक्ति गया प्रसाद, जितेन्द्र कुमार के इशारे पर थाना कोठी की पुलिस दो दिन पूर्व रात में जेसीबी मशीन से बाबा साहब की प्रतिमा को उखाड़कर ले गए। डा. अम्बेडकर अनुयायियों द्वारा विरोध करने पर कोठी की पुलिस 14 निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया, लेकिन गया प्रसाद, जितेन्द्र कुमार एवं अन्य के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। थाना कोठी की पुलिस की इस असंवैधानिक व गैरकानूनी कार्रवाई से गांव व क्षेत्र जवार एवं डा. अम्बेडकर के अनुयायिओं में रोष व्याप्त है। सोमवार को डा. राष्ट्रीय अधिवक्ता मंच के जिला आयोजक आरपी गौतम एडवोकेट की अगुवाई में चार सूत्रीय ज्ञापन अधिवक्ताओं एवं ग्रामवासियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व अपर पुलिस अधीक्षक को देकर दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज किये जाने आदि की मांग की है।

# अधिवक्ता के घर डकैती पर भड़के वकील, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**जिले** के अधिवक्ता के घर डकैती की घटना को लेकर सोमवार को यहां भी साथियों का दिनभर पारा चढ़ा दिखा। वकीलों ने घटना के खुलासे तथा अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश की अगुवाई मे वकील एसडीएम कोर्ट के सामने जमा हुए। वकीलों ने जिला मुख्यालय के अधिवक्ता तथा रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के घर दो जनवरी की रात हुई डकैती की घटना को लेकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके चलते लगभग घण्टे भर तहसील मे प्रशासनिक व न्यायिक कामकाज बाधित हो उठा दिखा। नाराज वकीलों ने घटना के खुलासे व अपराधियो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिसर से निकलकर नेशनल हाइवे से विरोध मार्च निकाला। कोतवाली गेट के सामने भी वकीलो ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की। इसके बाद तहसील परिसर मे पहुंचे वकीलों ने डीएम को संबोधित नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा को मांग पत्र सौपा। विरोध की सभा को संबोधित करते हुए ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिले मे कानून और व्यवस्था की स्थिति दिनोदिन भयावह होती जा रही है। अधिवक्ता की सुरक्षा तथा घटना का खुलासा न हुआ तो वकील जिले भर मे आंदोलन छेड़ेगें।

**तहसील प्रशासन ने दिव्यांगों का बाँटे कम्बल:**फ्तेहपुर बाराबंकी। कडाके की ठंड में गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरण का कार्यक्रम निरंतर तहसीलप्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को क्षेत्र के 50 दिव्यांगों लोगों को तहसीलदार राहुल सिंह द्वारा कंबलों का वितरण किया गया।

# प्रापर्टी डीलरकर रहे हैं सरकारी जमीन पर प्लाटिंग, प्रशासन मौन

संवाददाता। बाराबंकी



**तहसील** प्रशासन की अनदेखी के चलते क्षेत्र में प्रापर्टी डीलरों की पौ बारह है। प्रापर्टी डीलर खुलेआम सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। किन्तु तहसील प्रशासन मौन है। ताजा उदाहरण कोठीडीह का है, जहां प्रापर्टी डीलर रेट नदी के किनारे ग्रीन बेल्ट की जमीन को भी नही बक्श रहे हैं। गांव के किनारे से निकली रेट नदी अब अपना अस्तित्व बचाने के लिये संघर्ष कर रही है।

जल्द ही तहसील प्रशासन ने यदि ध्यान नही दिया तो उसका नामोनिशान मिट सकता है। जानकारी के अनुसार ग्रीन बेल्ट की जिस जमीन पर प्रापर्टी डीलर कब्जा कर रहे है, उसकी जानकारी राजस्वकर्मी को भी हैं लेकिन ना जाने क्यों वे जान कर भी अनजान बने है। ऐसे मे जहां गांव में आक्रोश व्याप्त है वही लोग जल निकासी को लेकर भी आशंकित है। ऐसा तब है जब न्यायालय ने भी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर किसी प्रकार के निर्माण कराने की अनुमति नही दी है बावजूद बेखौफप्रापर्टी डीलर अदालत के आदेश का अनुपालन नही कर रहे है। जिससे ग्रीन बेल्ट की जमीन पर कब्जेदारी चरम पर है जिसे जांच के दौरान कभी भी देखा जा सकता है लेकिन जिम्मेदार इन प्रापर्टी डीलरों के विरुद्ध कारवाई करना तो दूर वहां झांकने तक नही जाते हैं। जिससे प्रापर्टी डीलरों के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में जब प्रापर्टी डीलर गणेश शंकर से ग्रीन बेल्ट की जमीन पर प्लाटिंग के सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होने बताया कि उक्त जमीन उन्होनें किसान से ली है लेकिन जब बताया गया कि यह तो ग्रीन बेल्ट में आती है तो उन्होने कहा कि यह राजस्वकमिर्यो का काम है।

## डीएम ने बीमा का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, आम आदमी बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में अब तक 226 दावें प्राप्त हुए हैं , जिसमें से 157 स्वीकृत, 29 अस्वीकृत, 22 स्थगितए 18 वापस किए गए हैं तथा 52 दावों में भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, शेष 105 दावों के भुगतान के लिए बजट की मांग की गई है। आम आदमी बीमा योजना अंतर्गत 168 दावे प्राप्त हुए हैं जिसमें 128 दावों में भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, आठ दावें निरस्त किए गए हैं तथा 32 दावें लंबित हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना अंतर्गत अब तक 13 दावें प्राप्त हुए हैं।

# भारत विकास परिषद ने वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया

संवाददाता। ललितपुर

**भारत** विकास परिषद की दोनों शाखाओं के तत्वाधान में स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में संस्था ने अपना 18वां स्थापना दिवस उल्लास पूर्वक मनाया। संस्कार व सेवा के कार्यक्रमों को समर्पित आज के कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गायन के साथ एवं धार्मिक कार्यक्रम संगीतमय श्री राम कथा के साथ प्रारंभ हुआ भजन एवं आरती के दौरान सभी जनों ने आनंद लिया। आश्रम में सभी वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण संस्था के चिकित्सक सदस्यों ने किया व जरूरतमंदों को कंबल वितरण एवं सभी जनों को हाथ एवं पैर के गर्म मोजे दिए गए । तथा सभी वृद्धजनों को भोजन कराया गया देर शाम तक चले इस कार्यक्रम का सभी ने भरपूर आनंद लिया वक्ताओं ने कहा कि वास्तव में सच्ची सेवा यही है जिन्होंने हमें पैदा किया हमें बड़ा किया आज वह आश्रित हो गयें है उनकी सेवा करना हम लोगों का नैतिक कर्तव्य है।इस दौरान आगामी सत्र के लिए भी नवीन कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें मुख्य शाखा के लिए क्रमश: अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर आनंद मोहन दुबे विवेक मड़वैया नीरज समैया एवं विवेकानंद शाखा के लिए दीपक सिंघई बैंक डॉ शशांक कड़की दीपक नामदेव मनीष पटवारी को चयनित किया गया जिनका कार्यकाल शेष कार्यकारिणी का गठन कर भारतीय परंपरा अनुसार नव संवत्सर के प्रारंभ होगा। इस दौरान डॉ संजीव कड़की मनीष समैया, विपिन रोड़ा, मनोज कामरेड, सुबोध गोस्वामी, जेके दुबे, रविंद्र जैन, रब्बू, नरेंद्र मोदी, डॉ प्रबल सक्सेना, डॉ आलोक जैन, पवन जैन, मुरारी सोनी, सुनील जैन, दिवाकर शर्मा, संदीप समैया, हेमंत जैन, राजेश बल्ली, डॉ अजय जैन, डॉअवनी कड़की आदि मौजूद रहे।